फाल्गुन शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 16 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -219, पृष्ठ -18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

रूस में राष्ट्रपति चुनाव शुरू, पुतिन के सामने 3 प्रत्याशी 18

'पटना शुक्ला' से महिलाएं होंगी प्रेरित : रवीना 17

लोकसभा चुनाव तिथियों की आज घोषणा करेगा निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

- कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम भी होंगे घोषित
- आयोग ने दोपहर तीन बजे बुलाई है प्रेस कान्फ्रेंस

निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा कल यानी शनिवार को करेगा। निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि लोकसभा चुनाव और कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए शनिवार को दोपहर तीन बजे एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है और नई लोकसभा का गठन उससे पहले होना है।

आंध्र प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा में विधानसभाओं का कार्यकाल जून में अलग-अलग तारीखों पर खत्म हो रहा है। पिछली बार लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा 10 मार्च को की गई थी और 11 अप्रैल से सात चरणों में मतदान हुआ था। मतगणना 23 मई को हुई थी। निर्वाचन आयोग ने 2014 में भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए संवाददाता सम्मेलन बुलाए जाने की सूचना एक दिन पहले दी थी। संवाददाता सम्मेलन के लिए पत्रकारों को एक दिन पहले शाम को निमंत्रण भेजा गया था। आगामी चुनावों में 12 लाख से अधिक मतदान केंद्रों पर करीब 97 करोड़ लोग मतदान करने के पात्र हैं। पिछले संसदीय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 303 सीटें जीती थी जबकि कांग्रेस को 52 सीट मिली थीं। वह लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद हासिल करने के लिए पर्याप्त संख्या बल नहीं जुटा पाई थी।

लोकसभा चुनाव की अधिसूचना से पहले राज्यपाल ने दी स्वीकृति

12 लाख पेंशनरों की चार प्रतिशत बढ़ी महंगाई राहत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वित्त विभाग ने जारी किया जनवरी से 50 फीसदी डीए का आदेश
- एक जनवरी से पेंशन में बढ़कर मिलेगी महंगाई राहत : सचिव

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से ठीक पहले राज्यपाल ने राज्य के 12 लाख से अधिक पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों के महंगाई राहत में चार प्रतिशत बढ़ोत्तरी की स्वीकृति दे दी है। इससे महंगाई राहत बढ़कर अब 50 प्रतिशत हो गई है। वित्त विभाग ने शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए एक जनवरी 2024 से ही पेंशन में बढ़ी हुई महंगाई राहत को जोड़कर देने का आदेश जारी किया है।

राज्य कर्मियों के महंगाई भत्ता में चार प्रतिशत वृद्धि के बाद तय था कि पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों के महंगाई राहत में भी चार प्रतिशत बढ़ोत्तरी जल्द ही होगी। वित्त विभाग के विशेष सचिव नीलरतन कुमार ने शुक्रवार को जारी शासनादेश में कहा है कि राज्यपाल ने महंगाई राहत की दर में वृद्धि का यह लाभ एक जनवरी 2024 से देने की स्वीकति दी है। यह आदेश शिक्षा/प्राविधिक शिक्षा विभाग के तहत राज्य निधि से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के ऐसे पेंशनर जिन्हें शासकीय पेंशनरों के समान पेंशन/पारिवारिक पेंशन मिलती है, उन पर भी लागू होगा।

लेकिन, यह आदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीशों, स्थानीय निकायों व सार्वजनिक उपक्रमों के सेवकों पर लागू नहीं होगा। इनके लिए संबंधित विभाग अलग से आदेश जारी करेंगे। अखिल भारतीय सेवाओं के पेंशनरों, पारिवारिक पेंशनरों के संबंध में भी अलग से आदेश जारी किए जाएंगे।

महंगाई राहत देने की घोषणा का स्वागत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सचिवालय पेंशनर्स एसोसिएशन के सचिव व संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक एनपी त्रिपाठी व सह संयोजक ओंकार नाथ तिवारी ने पेंशनर्स के लिए मंहगाई राहत में चार प्रतिशत बढ़ोत्तरी के आदेश का स्वागत किया है। नेताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए सभी पेंशनरों को बधाई दी।

चुनाव आयोग को दिए आंकड़ों में बॉण्ड नंबर क्यों नहीं : सुप्रीम कोर्ट

शीर्ष अदालत ने एसबीआई से जवाब तलब किया, 18 मार्च तक दिया समय

नई दिल्ली, एजेंसी

- चुनावी बॉण्ड की पूरी जानकारी नहीं देने पर कोर्ट ने जताई नाराजगी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त चुनावी बॉण्ड की विशिष्ट अक्षरांकीय संख्या (यूनीक अल्फा-न्यूमेरिक नंबर) का खुलासा करने के लिए कर्तव्यबद्ध है और उसे ऐसा करना होगा। इसके साथ ही न्यायालय ने ऐसा नहीं करने के लिए बैंक से जवाब मांगा। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली संविधान पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत ने चुनावी बॉण्ड मामले पर अपने फैसले में खरीदार, राशि और खरीद की तारीख सहित बॉण्ड के सभी विवरण का खुलासा करने का निर्देश दिया था। इस पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने गुरुवार को उन संस्थाओं की पूरी सूची जारी की जिन्होंने राजनीतिक चंदा देने के लिए चुनावी बॉण्ड खरीदे थे। आयोग द्वारा अपनी वेबसाइट पर ये आंकड़े सार्वजनिक किए जाने के एक दिन बाद प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि एसबीआई को सभी जानकारियां मुहैया करानी हैं। पीठ ने बैंक को नोटिस जारी किया और मामले में आगे की सुनवाई के लिए 18 मार्च की तिथि तय की।

सीजेआई ने बैंक के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि एसबीआई की ओर से कौन पेश हो रहा है? क्योंकि हमारे फैसले में हमने विशेष रूप से खरीददार, राशि और खरीद की तारीख सहित बॉण्ड के सभी विवरणों का खुलासा करने का निर्देश दिया था। उन्होंने बॉण्ड संख्या का खुलासा नहीं किया। इसका खुलासा एसबीआई को करना होगा। विशिष्ट अक्षरांकीय संख्या का उन लोगों से मिलान किया जाएगा जिन्होंने उन दलों के चुनावी बॉण्ड खरीदे हैं जिन्हें उन्होंने चंदा दिया था। सीजेआई ने कहा कि उन्होंने (एसबीआई) बॉण्ड संख्या का खुलासा नहीं किया। इसका खुलासा एसबीआई को करना होगा। उन्होंने कहा कि लेकिन सच कहें, तो उन्होंने जितनी जानकारी उपलब्ध कराई है उसे लेकर हम नाराजगी जता सकते हैं क्योंकि वे (बॉण्ड संख्या का खुलासा करने के लिए) कर्तव्यबद्ध थे।

आंकड़ों की डिजिटल कॉपी आयोग को देने के निर्देश

न्यायालय, निर्वाचन आयोग की उस अर्जी पर सुनवाई कर रहा था जिसमें चुनावी बॉण्ड मामले में न्यायालय के 11 मार्च के आदेश के एक हिस्से में संशोधन का अनुरोध किया गया है। न्यायालय ने अपने पंजीयक (न्यायिक) को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि निर्वाचन आयोग द्वारा सीलबंद कवर में सौंपे गए आंकड़ों को स्कैन किया जाए और उन्हें डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराया जाए। आयोग के वकील ने कहा कि उन्होंने 11 मार्च के आदेश में मामूली संशोधन के लिए अर्जी दायर की है जिसमें यह निर्देश दिया गया है कि निर्वाचन आयोग अदालत को सौंपे गए आंकड़ों को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करेगा। उन्होंने कहा कि आयोग ने उन आंकड़ों की कोई प्रति अपने पास नहीं रखी है जिन्हें अदालत को सौंपा गया है क्योंकि इसे सीलबंद कवर में दिया गया था। पीठ ने कहा कि यह निर्देश जारी करते समय, न्यायालय ने माना था कि इस अदालत की रजिस्ट्री को उपलब्ध कराए गए आंकड़ों की एक प्रति ईसी के पास भी होगी। आयोग ने अनुरोध किया कि इन दस्तावेजों को उसे वापस किया जाए ताकि वह निर्देशों का पालन कर सके और इन्हें अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर सके।

ट्रांसपोर्ट कर्मियों की मिलीभगत से लीक हुआ सिपाही भर्ती का पेपर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीजीपी प्रशांत कुमार ने प्रेसवार्ता में पूरे घटनाक्रम और कार्रवाई की दी जानकारी
- मामले में 3 और गिरफ्तारी 396 पहुंची मामले से जुड़ी गिरफ्तारियों की संख्या

अमृत विचार : डीजीपी प्रशांत कुमार ने यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में अब तक हुई कार्रवाई को लेकर शुक्रवार को पत्रकार वार्ता की। डीजीपी ने बताया सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने में ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारियों की भूमिका रही है। इसमें डॉक्टर और पूर्व में कई परीक्षाओं के पेपर लीक करने वाले गिरोह के सदस्य शामिल हैं। पेपर लीक मामले में तीन और आरोपी अभिषेक शुक्ला, रोहित कुमार, शिवम गिरी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

डीजीपी का दावा है कि परीक्षा की दूसरी पाली का पेपर लीक किया गया था। इसकी पुष्टि होने पर परीक्षा निरस्त कर दी गई थी। प्रदेश के विभिन्न जिलों में 178 एफआईआर दर्ज की गईं हैं। एसटीएफ ने मामले से जुड़े 396 लोगों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी ने बताया ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारियों ने पेपर लीक किया था, जिसमें दो कोड के पेपर लीक किए गए थे। मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा और रवि अत्री ने पेपर के बॉक्स खोलने के लिए बिहार के एक्सपर्ट शुभम मंडल को बुलाया था। मंडल पेशे से डॉक्टर है। बाक्स खुलने के बाद कोड नंबर दो के पेपर की फोटो खींचकर आउट किया गया था।

यूपी में पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र किसने लीक किया था। इसको लेकर 178 मामले प्रदेश के अलग-अलग थानों में दर्ज किए गए थे। शुक्रवार को तीन प्रमुख लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिनकी पहचान अभिषेक कुमार शुक्ला निवासी प्रयागराज, शिवम गिरी निवासी थाना जिगना, मिर्जापुर और रोहित कुमार पांडे निवासी, थाना कोइरौना, जिला भदोही के रूप में हुई है।

अहमदाबाद की ट्रांसपोर्ट कंपनी से निकाले थे पेपर

डीजीपी ने बताया सभी आरोपी अहमदाबाद की ट्रांसपोर्ट कंपनी टीसीएस एक्सप्रेस में मिले थे। कंपनी के ट्रेनिंग एग्जीक्यूटिव अभिषेक शुक्ला ने बताया वर्ष 2021 में प्रयागराज के अंकित मिश्रा से मिला, जो नोएडा के रवि अत्रि का दोस्त था। उसी ने अत्री से मिलवाया था। कंपनी में ही शिवम गिरी और रोहित पांडे मिले थे। रवि यत्री को मालूम था कि यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर ट्रांसपोर्ट कंपनी टीसीआई में ही छपने के बाद पहुंचेंगे। उसने पहले से ही रोहित, शिवम व अभिषेक को लगा दिया था। उसने 20 लाख रुपये खर्च किए थे।

यूपीटीईटी का पेपर भी कराया था लीक

डीजीपी ने बताया मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा पेपर लीक कराने में एक्सपर्ट है। वर्ष 2021 में यूपीटीईटी का पेपर लीक करने में भी इसकी भूमिका रही थी। तब एसटीएफ ने उसे जेल भेजा था। संविदा स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा मध्य प्रदेश का भी पेपर लीक करने में राजीव की भूमिका थी। वर्ष 2015 की एमबीबीएस परीक्षा का पेपर लीक करने में भी इन आरोपियों की भूमिका रही है।

एक नजर

सीएए संबंधी याचिकाओं पर 19 मार्च को सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट नागरिकता संशोधन कानून, 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं का निस्तारण होने तक केंद्र को नागरिकता संशोधन नियमावली, 2024 के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए शुक्रवार को सहमत हो गया। न्यायालय इस मामले पर 19 मार्च को सुनवाई करेगा।

प्रताप सिंह को बेसिक शिक्षा निदेशक का प्रभार

लखनऊ। प्रताप सिंह बघेल को बेसिक शिक्षा निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। वह राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान के निदेशक के साथ-साथ यह जिम्मेदारी भी संभालेंगे। जबकि अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) सुरेंद्र तिवारी को बेसिक शिक्षा सचिव पद का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। बेसिक शिक्षा के विशेष सचिव अवधेश कुमार तिवारी की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। अभी तक माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव के पास ही बेसिक शिक्षा निदेशक का भी कार्यभार था। वहीं, बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव का अतिरिक्त कार्यभार बघेल से वापस ले लिया गया है।

येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो कानून के तहत मामला दर्ज

बेंगलुरु। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा पर 17 वर्षीय एक लड़की की मां की शिकायत पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया है कि येदियुरप्पा (81) ने दो फरवरी को एक बैठक के दौरान उसकी बेटी का यौन शोषण किया था। सदाशिवनगर पुलिस के अनुसार येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो कानून की धारा आठ और आईपीसी की धारा 354 ए के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। येदियुरप्पा ने अपने ऊपर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों से इनकार किया और आरोप लगाया कि इसके पीछे राजनीतिक मकसद हो सकता है। दावा किया कि उन्होंने शुरू में पुलिस आयुक्त से संपर्क करके संकट में फंसी महिला की मदद की थी, लेकिन बाद में वह उनके खिलाफ हो गई।

- कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोपों से किया इनकार

रामपुर तिराहा कांड में पीएसी के दो पूर्व आरक्षी दोषसिद्ध

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

- 30 वर्ष पुराने मामले में विशेष सीबीआई अदालत ने दिया फैसला
- महिलाओं से दुष्कर्म के मामले में 18 मार्च को सुनाई जाएगी सजा

विशेष सीबीआई अदालत ने शुक्रवार को करीब 30 वर्ष पूर्व उत्तराखंड को अलग राज्य बनाए जाने की मांग कर रही महिला आंदोलनकारियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में पीएसी (प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी) के दो पूर्व सिपाहियों (आरक्षी) को दोषी करार दिया है और सजा सुनाने के विषय पर 18 मार्च तक अपना आदेश सुरक्षित रखा है।

अभियोजन अधिकारी (सीबीआई) धारा सिंह ने बताया कि रामपुर तिराहा पुलिस गोलीबारी मामले में विशेष सीबीआई न्यायाधीश शक्ति सिंह ने दो पूर्व पीएसी कांस्टेबल मिलाप सिंह और वीरेंद्र प्रताप को सामूहिक दुष्कर्म समेत आईपीसी की कई धाराओं के तहत दोषी ठहराया है। जिन पर 1994 में पृथक उत्तराखंड की मांग करने वाली महिला कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक बलात्कार के मामले में सुनवाई चल रही थी। अदालत ने सजा के विषय पर 18 मार्च तक अपना आदेश सुरक्षित रखा है।

ईडी ने बीआरएस नेता के. कविता को किया गिरफ्तार

हैदराबाद/नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले से जुड़े धन शोधन मामले में शुक्रवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की बेटी कविता (46) को पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जा रहा है। इससे पहले दिन में ईडी अधिकारियों ने हैदराबाद में कविता के परिसरों पर छापेमारी की और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

जयाप्रदा को सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत

विधि संवाददाता, नई दिल्ली

- ईएसआईसी केस में मिली छह माह की सजा निलंबित

फिल्म अभिनेत्री व रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा को तमिलनाडु के ईएसआईसी (एम्प्लॉयमेंट स्टेट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन) केस में बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उनकी सजा को निलंबित कर दिया है। शीर्ष कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि उक्त मामले में सत्र न्यायाधीश के समक्ष जयाप्रदा की विचाराधीन अपील के निस्तारण तक उक्त सजा निलंबित रहेगी। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु के एक ट्रायल कोर्ट ने इस मामले में पूर्व सांसद को छह माह की सजा सुनाई थी। पूर्व सांसद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सोनिया माथुर व अधिवक्ता नचिकेता वाजपेयी तथा दिव्यांगना मलिक वाजपेयी ने दलील दी कि ट्रायल कोर्ट द्वारा जयाप्रदा को दोषसिद्ध करने के फैसले में कई खामियां हैं। मांग की गई कि अपील सत्र अदालत में विचाराधीन है लिहाजा अपील के विचाराधीन रहते, सजा को निलंबित कर दिया जाए। यह भी कहा गया कि ईएसआईसी द्वारा मांगी गई धनराशि को जयाप्रदा द्वारा जमा करा दिया गया है, बावजूद इसके ट्रायल कोर्ट ने उन्हें दोषसिद्ध करार दे दिया।

सपा की तीसरी सूची जारी, भदोही सीट तृणमूल कांग्रेस के लिए छोड़ी

- बिजनौर, नगीना, मेरठ, अलीगढ़, हाथरस व लालगंज से सपा प्रत्याशी घोषित

लखनऊ। भदोही सीट ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लिए छोड़ते हुए समाजवादी पार्टी ने शुक्रवार को 6 प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी कर दी। इसमें बिजनौर से यशवीर सिंह, नगीना से मनोज कुमार, मेरठ से भानुप्रताप सिंह एडवोकेट, अलीगढ़ से बिजेंद्र सिंह, हाथरस से जसवीर बाल्मिक और आजमगढ़ जिले की लालगंज सीट से दरोगा सरोज को चुनाव में उतारा है। समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस से समझौते में मिली 63 सीटों में 36 पर प्रत्याशी उतार दिए हैं। इससे पहले सपा तीस सीटों पर प्रत्याशियों का एलान कर चुकी है। सपा और कांग्रेस उप्र में मिलकर चुनाव लड़ रही है। प्रदेश की कुल 80 सीटों में कांग्रेस को सपा ने 17 सीटें दी हैं, जबकि 63 सीटें अपने पास रखी हैं। टीएमसी ने भदोही से ललितेशपति त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस से पूर्व विधायक ललितेश दिग्गज नेता रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री कमलापति त्रिपाठी के परिवार से हैं।

निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- याचिकाओं पर 21 मार्च को सुनवाई करेगी अदालत

सुप्रीम कोर्ट ने 2023 के उस कानून के तहत नए निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्तियों पर रोक लगाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया जिसमें भारत के प्रधान न्यायाधीश को चयन समिति से बाहर रखा गया है। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि निर्वाचन आयुक्तों के चयन के लिए एक बैठक पहले से प्रस्तावित थी। इस पर न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने याचिकाकर्ताओं से इस तथ्य का उल्लेख करते हुए एक अलग याचिका दायर करने को कहा। पीठ ने 2023 के कानून के तहत की गई नियुक्तियों पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि सामान्यतः और आम तौर पर, हम किसी कानून पर अंतरिम आदेश के जरिए रोक नहीं लगाते हैं। पीठ ने 2023 के कानून के तहत दो निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई 21 मार्च को करना निर्धारित किया। याचिकाकर्ता जया ठाकुर की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने कहा कि जब कोई फैसला पारित किया जाता है तो उसका उल्लंघन नहीं हो सकता।

ज्ञानेश कुमार, सुखबीर संधू ने संभाला कार्यभार

ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग में चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभाल लिया। केरल कैडर के ज्ञानेश कुमार और उत्तराखंड कैडर के डॉ. संधू भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1988 बैच के अधिकारी हैं। आयोग की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने निर्वाचन सदन में नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों का स्वागत किया। नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों के लिए आगामी 12 सप्ताह अति व्यस्त और चुनौतीपूर्ण होने वाले हैं।

तैयारी — इटावा के भदावरी फार्म में पशुपालन विभाग करेगा संरक्षण और प्रजनन

बीहड़ में विलुप्तप्राय जमुनापारी बकरियों का बढ़ेगा कुनबा

- अप्रैल से होगा पालन, कम कीमत पर पशु पालकों को करेंगे बिक्री

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के बीहड़ क्षेत्रों में विलुप्तप्राय हो रहीं सबसे ज्यादा पाली जाने वाली जमुना पारी बकरियों का कुनबा पशु पालन विभाग इटावा से बढ़ाएगा। जो यहां के भदावरी फार्म में जर्जर व बंद बकरी संरक्षण केंद्र को अप्रैल में वृहद बनाकर जमुना पारी बकरियों का बड़ी संख्या में पालन करेगा। विभाग संरक्षण के लिए इस प्रजाति की बकरियां इटावा की सबसे बड़ी चकर नगर मंडी, आगरा, औरैया, जालौन, झांसी, भिंड आदि यमुना व चंबल नदी से लगे जिलों की बाजारों से खरीदेगा और प्रजनन कर पशु पालकों को योजना के तहत कम दाम पर बेचेगा। यह बकरियां जमुनापार के चंबल जैसे बीहड़ क्षेत्र की प्रजाति हैं। ऐसे स्थानों पर ही रहकर यह झाड़ियां, घास, पत्तियां आदि खाती हैं। इनकी संख्या दिन पर दिन कम होती जा रही है।

दूध में औषधीय गुण, बकरी की कीमत 70 हजार तक

जमुनापारी बकरी सबसे ज्यादा इटावा के बीहड़ क्षेत्र के साथ आसपास यमुना व चंबल नदी से घिरे क्षेत्रों में होती हैं। इन बकरियों की बिक्री का यहां का चकर नगर मुख्य बाजार है। इन्हें सबसे अच्छी डेयरी के रूप में जाना जाता है। यह बकरी दो लीटर तक दूध देती है। दूध में मिनरल, साल्ट की मात्रा अधिक होती है। औषधीय गुण होने के साथ डेंगू समेत अन्य बीमारी में लाभकारी होता है। दूध महंगा बिकता है और बकरियों की कीमत भी 60 से 70 हजार रुपये तक है। यह जीवन काल में 13 से 15 बच्चे देती हैं। अन्य नस्लों की तुलना में इनकी लंबाई अधिक होती है। जो दो पैरों पर खड़े होकर झाड़ियों की पत्तियां खाती हैं। वजन भी 50-60 किलो तक होता है।

बीहड़ क्षेत्र की मुख्य प्रजाति जमुना पारी बकरियां धीरे-धीरे विलुप्त हो रहीं हैं। इटावा के बकरी संरक्षण केंद्र का विस्तार कर संरक्षण करेंगे और प्रजनन के माध्यम से प्रजाति बढ़ाएंगे। पशु पालकों को योजना के तहत बकरी बिक्री करेंगे। इससे उनकी आय भी बढ़ेगी। - **डॉ. अरविंद कुमार वर्मा**, अपर निदेशक, लघु पशु।

मथुरा बकरी संरक्षण केंद्र की देखरेख में होगा पालन

जमुनापारी बकरियों का संरक्षण करने की योजना उप्र पशु पालन विभाग की है। जो 200 बकरियों का संरक्षण कर शुरुआत करेगा। जबकि संचालन व देखरेख केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मथुरा करेगा। इस योजना में इटावा को इसलिए चुना गया क्योंकि जमुनापारी बकरियों का पालन, खरीद-बिक्री का केंद्र है। अन्य जिलों के बीहड़ क्षेत्र भी आसपास हैं और अनुसंधान संस्थान भी दूर नहीं है।

एक नजर

अधिवक्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

अयोध्या। अभद्रता और धमकी दिए जाने के मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने अधिवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव निवासी खोजनपुर की शिकायत पर स्नजय पासवान और एक मोबाईल धारक के खिलाफ गाली-गलौच और धमकी की धारा रिपोर्ट दर्ज की है। अधिवक्ता का आरोप है कि पहले उनको दशरथ महल से फोनकर मुकदमे की पैरवी के लिए दिए गए 20 हजार वापस करने अथवा अंजाम भुगतने की धमकी दी गई और फिर संजय पासवान नामक व्यक्ति ने तख़्त पर पहुंच रकम मांगी और अभद्रता की।

आज से हटने लगेंगी शहर में लगी होर्डिंगे

अयोध्या। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जल्द जारी होने की उम्मीद है। जिला प्रशासन ने निर्वाचन संबंधी तैयारी शुरू कर दी है। जिला प्रशासन ने इसके लिए शनिवार को 12 बजे दिन तक का समय दिया है। इसके बाद प्रशासन के स्तर पर होर्डिंगे हटवाने की कार्रवाई शुरू हो सकती है। चर्चा है कि शनिवार को ही लोकसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है। इसी के मद्देनजर कार्रवाई शुरू की जा रही है।

एयरो सिटी को लेकर किसानों ने घेरा प्राधिकरण का कार्यालय

सैकड़ों की संख्या में शुक्रवार दोपहर पहुंचे किसान, दी चेतावनी

पूराबाजार, अयोध्या

अमृत विचार : एयरो सिटी योजना को लेकर विवाद तूल पकड़ता जा रहा है। दो दिन पहले कमिश्नर और जिलाधिकारी के कार्यालय में प्रदर्शन करने के बाद शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में किसान और ग्रामीण अयोध्या विकास प्राधिकरण के कार्यालय आ धमके। आक्रोशित किसानों ने कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन और घेराव करते हुए नारेबाजी की।

हालांकि किसानों के तेवर देख सचिव सत्येंद्र सिंह ने अपने कक्ष में बुलवा कर बातचीत की। इसके बाद भी प्रभावित होने वाले किसान नहीं माने। कहा जब तक योजना में स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं होगा एक इंच भी भूमि नहीं देगें। किसानों का आरोप है कि प्राधिकरण द्वारा गुपचुप ढंग से एयरो सिटी को लेकर पांच मार्च को शुरू कर दिया गया और सर्वे के नाम पर झूठा आश्वासन दिया जा रहा है। किसानों का कहना है कि तहसील से सूचना भी जारी करा दी गई कि कुशमाहा, ददेरा, अटरावां, बैसिंह और सरेठी भी कोई जमीन की खरीद फरोख्त न हो जबकि कोई सार्वजनिक गजट नहीं कराया गया। मातृभूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष सूर्यभान वर्मा एडवोकेट ने बताया कि सचिव को ज्ञापन दिया गया। उन्होंने बताया कि सचिव ने कहा कि अभी तो मात्र हम सर्वे करेंगे। किसानों की सहमत करके ही कोई कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन में रक्षा राम यादव प्रधान सरेठी, अशोक कुमार गुप्ता एडवोकेट, ललन प्रसाद पासवान प्रधान प्रतिनिधि ददेरा, उदल यादव प्रधान प्रतिनिधि रामदत्तपुर अटरावां, गोपी जायसवाल, अंकित मौर्य, राजसरन, घनश्याम, शिवपूजन, अमित, रामकुमार, दयानंद पप्पू, राम कुबेर समेत बड़ी संख्या में किसान व ग्रामीण मौजूद रहे।



विकास प्राधिकरण कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते प्रभावित किसान।

सचिव ने दिया आश्वासन

कोयले की रैक लगने पर भड़के ग्रामीण

पूराबाजार, अयोध्या

अमृत विचार : बिल्वहरिघाट रेलवे साइड पर कोयला की रैक लगाए जाने से आसपास के गांवों के ग्रामीण भड़क गए हैं। शुक्रवार को यहां स्टेशन की साइडिंग पर पहुंच सैकड़ों ग्रामीणों ने घेराव किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने रविवार से कोयला की रैक न उतरने की चेतावनी दी है।

ग्रामीणों का कहना है कि यहां कोयला उतारे जाने से भयंकर धूल उड़ती है। इससे लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। कल से घरों में भोजन तक नहीं बन पा रहा है। कोयले की इतनी धूल उड़ रही है कि छतों पर बिस्तर पर मोटी धूल की परत जम गई है। चेतावनी दी कि यदि जल्द ही रैक लगाना बंद नहीं किया गया, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। स्थानीय गांव चरेरा, नारा, कांदीपुर, बिल्हारघाट आदि गांव के किसानों ने कहा रिहाइशी इलाके में कोयला रैक की साइडिंग कदापि नहीं होनी चाहिए। ग्रामीणों ने नाराज होकर काफी देर तक धरना देते हुए हंगामा किया। जिसकी सूचना स्टेशन मास्टर आर एस यादव ने आरपीएफ को दिया। सूचना पर अयोध्या आरपीएफ के इंस्पेक्टर यशवंत सिंह व कोयला व्यवसाई उमेश चांदनी ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों व किसानों वार्ता कर विवाद को निपटाया। किसानों व ग्रामीणों की वार्ता में कोयला व्यवसाई ने कहा कि इस रैक को उतरने दीजिए इसके बाद दूसरी रैक नहीं मंगवाऊंगा। जिसको लेकर किसानों व ग्रामीणों ने सहमति जताते हुए कोयले की रैक को उतरने दिया। प्रदर्शन करने वालों में चरेरा ग्राम सभा के प्रधान प्रदीप कुमार, सुनील सिंह , श्रीनाथ, रामराज सिंह, रवींद्र वर्मा, मुकेश, गुड्डू, मीना, शिव कुमारी, कलावती, राम अवतार, पुनवासी सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

रेलवे स्टेशन की साइडिंग पर शुक्रवार को पहुंचे आसपास के गांवों के लोग। अमृत विचार

- बिल्वहरिघाट रेलवे स्टेशन का मामला कल से रैक रोकने की दी चेतावनी
- साइडिंग घेरी, किया हंगामा

> कोयले की रैक उतरने को लेकर ग्रामीण आक्रोशित थे। मौके पर पहुंच समझा कर शांत करा दिया गया। व्यापारी ने आश्वासन भी दिया है। कोई अप्रिय स्थिति नहीं हुई। -यशवंत सिंह, इंस्पेक्टर आरपीएफ

चुनाव आयोग के निर्देश पर कार्रवाई तेज

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: अमृत विचारः लोकसभा चुनाव की अधिसूचना लागू होने के पूर्व पुलिस महकमे ने आयोग के निर्देश के अनुपालन की कवायद तेज कर दी है। एसएसपी राजकरन नय्यर ने गुरुवार देर रात देवकाली चौकी पर नए प्रभारी की तैनाती की है। अन्य 22 उपनिरीक्षकों, आरक्षी व मुख्य आरक्षी की तैनाती स्थल में फेरबदल किया है।

नगर कोतवाली के देवकाली चौकी का प्रभार देख रहे उपनिरीक्षक सुनील सिंह यादव समेत पूर्व में तबादला हुए अन्य को भी नई तैनाती के लिए रिलीव कर दिया गया। खाली हुई देवकाली चौकी पर उपनिरीक्षक रवींद्र को तैनाती दी गई है,लेकिन कुछ देर बाद ही उनको कैंट थाने भेज दिया गया और विजेंद्र नाथ मिश्रा को चौकी की कमान थमा दी गई। चौकी चौक में उपनिरीक्षक धर्मेंद्र मिश्र, रिकाबगंज में कमल साहनी और सिविल लाइन में सुरेश गुप्ता ने कार्यभार हासिल किया है। रिकाबगंज के प्रभारी रामप्रकाश सिंह और चौक प्रभारी विवेक को दर्शन सेल भेजा गया है। वहीं एक विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित अवधि पूरी करने वाले नगर कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक राम किशन रावत को थाना पूराकलंदर व सुरेश चंद्र को थाना बाबा बाजार, कोतवाली के ही हवाई पट्टी पर तैनात अनूप कुमार शुक्ला को पटरंगा,राम बहाल सिंह को तारून व रामनरेश यादव को बाबा बाजार तथा राकेश कुमार को गोसाईगंज भेजा गया है।

उपनिरीक्षक संजय कुमार का एयरपोर्ट सुरक्षा ड्यूटी से थाना तारून हुआ तबादला निरस्त किया गया है। जबकि पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक राम प्रकाश मिश्रा को पूरा कलंदर, सुरेंद्र प्रताप यादव को कुमारगंज, कन्हैया लाल को खंडासा, मुनीश्वर बक्श वह श्रीपति मौर्य को हैदरगंज, शिव सिंह, दिनेश कुमार सिंह व बबलू जायसवाल को मवई, रणधीर सिंह को यूपी 112, वीरेंद्र कुमार पाल को पटरंगा, अशोक कुमार पाठक हुआ रामबाबू को बाबा बाजार, प्रशांत वर्मा को कोतवाली बीकापुर तथा अशोक कुमार मौर्य को महराजगंज थाने पर तैनात किया गया है। इसके साथ ही जिले के थाना और कोतवाली में तैनात मुख्य आरक्षी और आरक्षियों का तबादला तथा रिलीविंग की गई है। पूर्व में जारी तबादला आदेश के अनुपालन में चौकी प्रभारियों ने अपना कार्यभार सौंपा है तथा नए चौकी प्रभारियों ने कार्यभार ग्रहण किया है। गुरुवार की देर रात एक एक कर्मियों और अधिकारियों का ब्यौरा खंगाला जाता रहा और प्रभारी अधिकारी मुतमईन होते रहे कि चुनाव आयोग की हिदायत का पूर्णतः अनुपालन हुआ की नहीं ।

- देवकाली चौकी पर भी नए प्रभारी, 23 उपनिरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल

हमारा जनता से गठबंधन, बाकी का दलों से : विश्वनाथ पाल

मुख्य अतिथि व लोकसभा प्रभारी का माल्यार्पण कर स्वागत करते कार्यकर्ता।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : बसपा दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यक एवं न्याय प्रिय ब्राह्मण, क्षत्रिय की चहेती पार्टी है। हमारा गठबंधन जनता से है और बाकी का दलों से। ये बातें शुक्रवार को बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहीं। उन्होंने सपा पर भर्तियों को खत्म करने और भाजपा पर निजीकरण का आरोप लगाया। वो मकबरा स्थित जिला कार्यालय पर पार्टी संस्थापक कांशीराम की 90 वीं जयंती समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अंबेडकरनगर निवासी कारोबारी और ब्राह्मण चेहरे सच्चिदानंद को लोकसभा प्रभारी घोषित किया है। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने संस्थापक के चित्र पर पुष्पार्चन और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश महासचिव व पूर्व विधान परिषद सदस्य डॉ. ओपी तिवारी ने कहा कि राम का नाम राजनीति व वोट बैंक के लिये इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। लोकसभा प्रभारी सचिदानंद पाण्डेय सचिन ने सर्व समाज व युवाओं के सहयोग से विजय की बात कही। कार्यक्रम को जिला प्रभारी रामगोपाल कोरी, प्रदीप भारती, केके रावत, सुनील पाठक, रामसागर वर्मा ने सम्बोधित किया।

- कांशीराम की 90 वीं जयंती पर बोले बसपा प्रदेश अध्यक्ष

भरतनाट्यम में मंचित हुई हनुमान चालीसा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामकथा पार्क रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उल्लास का स्थल बनकर श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना है। गुरुवार शाम बनारस से कथक कलाकारों ने अर्जुन झा के निर्देशन में गाइए गणपति जगवंदन से गणेश स्तुति करके श्रीगणेश किया।

इसके बाद विष्णु स्त्रोत्र के प्रसंगों के आधार पर रामजन्म पर बधाई गाकर रामलला के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। विश्वनाथ शर्मा, अभय कुमार, रंजना, सुरभि, अंशिका, लक्ष्मी, सोनी, अभय गौर और सपना ने सह कलाकार के रूप में साथ दिया। पंजाब से आए नरोत्तम सिंह ने अपने दल के साथ मंच पर पारंपरिक लोक नृत्य के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिंदुआ लोक नृत्य ने रिश्तों की मीठी नोंक झोंक और मनुहार को प्रस्तुत किया। अगली प्रस्तुति स्पर्श फाउंडेशन सिंगरौली सोनभद्र से आयी रत्ना दत्ता के कलाकारों ने भरतनाट्यम शैली में जानकी रमन्ना पर नृत्य प्रस्तुत किया। श्रध्दा, जय, शरद, समर्थ, शैला, आत्रेई और संदीप्ता ने सह कलाकारो के रूप में नृत्य किया। संस्कार भारती जबलपुर ने पारंपरिक रामलीला शैली में कमलेश यादव के नेतृत्व में श्रीराम विवाह प्रसंग से आरम्भ किया। राम सिया के रूप माधुर्य को पुष्प वाटिका और जनक दरबार में धनुष भंग के पश्चात लक्ष्मण परशुराम संवाद किया। संचालन प्रस्तुतियों के अनुरूप करके देश दीपक मिश्र ने दर्शको को बांधे रखा।

रामकथा पार्क में भरत नाट्यम से राम प्रसंग पर प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

- विष्णु स्त्रोत और गणपति आराधना से महका रामकथा पार्क

अयोध्या में अब रेगिस्तान का जहाज

क्रूज और वाटर बोट के बाद अब रामनगरी में रेगिस्तान का जहाज भी पहुंच गया है। राजस्थानी लोक कला के तहत सजे इन रेगिस्तानी जहाज पर श्रद्धालु इसकी सवारी का भी आनंद उठा रहे हैं। संत कबीर घाट के निकट मैदान पर बड़ी संख्या में लोग ऊंट की सवारी का लुत्फ ले रहे हैं। इन्हें कुछ राजस्थानी यहां लेकर आएं हैं। ● प्रशांत शेखर

दुआ को उठे हाथ, गुनाहों से की तौबा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: पवित्र माह रमजान के पहले जुमे पर शुक्रवार को यहां मस्जिदों में रोजेदार उमड़ पड़े। मगफरत के इस पाक महीनें में रोजेदारों ने अल्लाह से गुनाहों की तौबा करते हुए बख़्शीश की दुआ की। इस दौरान खुतबों में इमाम ने मुल्क में अमन-चैन का पैगाम देते हुए रमजान में गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के लिए संदेश दिया।

रमजान का पहला जुमा सीएए लागू होने के बाद पड़ा इसलिए सुरक्षा बल भी मुस्तैद रहे। सुबह से ही संवेदनशील और अति संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की रोड गश्त तेज रही। हालांकि देर शाम तक कहीं से भी किसी तरह विरोध आदि की सूचना नहीं थी। शुक्रवार जामा मस्जिद टाटशाह में ग्यारह बजे से ही रोजेदार जुटना शुरू हो गए। रमजान का पहला जुमा होने के चलते खासी भीड़ रही। यहां रोजेदारों ने जुमे की नमाज से पहले माहे रमज़ान के अन्य अरकान अदा किए उसके बाद जुमे की नमाज पढ़ी। यहां नायब सदर अब्दुल मुकीत ने जुमे की नमाज अदा कराई। उन्होंने रोजेदारों को माह रमजान को लेकर कहा कि नमाज और कुरान की तिलावत से कतई गाफिल न हो। इसके अलावा इमामबाड़ा स्थित जामा मस्जिद में भी बड़ी संख्या में रोजेदार जुमे की नमाज में उमड़े। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में लोगों ने पहले जुमे की नमाज अदा करते हुए बारगाहे इलाही में दुआएं की। वहीं सीएए के मद्देनजर सभी क्षेत्रों में कड़ी चौकसी रही।

जामा मस्जिद टाटशाह में रमजान के पहले जुमे पर दुआ मांगते रोजेदार।

- रमजान के पहले जुमे पर मस्जिदों में उमड़े रोजेदार, खुतबों में अमन-चैन की अपील

अल्लाह के सिवा किसी से न मांगो : मौलाना अब्बास

अयोध्या कार्यालय। अंजुमन गुंचे मज़लूमिया के तत्वावधान में कदीम दर्से रमजान का आयोजन किया गया। गुरुवार रात आयोजित कार्यक्रम में रमजान की फजीलत को लेकर रोजेदारों को जानकारी दी गई। मौलाना मो. अब्बास मोनिस ने अल्लाह के अलावा किसी से ना मांगो इस उनवान पर दर्स दिया। दर्स में मौलाना के सवाल का सही जवाब देने वाले मेम्बर साक़िब अब्बास को इनाम से नवाज़ा गया। यह दर्स जनाब डॉ मज़हर हुसैन की वाल्दा मरहूमा को बराए ईसाले सवाब रहा। दर्स में शिरकत करने आये मोमनीन का अंजुमन के सदर अहमद ज़मीर सैफी, सेक्रेट्री एजाज़ हैदर, कन्वीनर मोहम्मद हसनैन व को-कन्वीनर ज़मीर हुसैन सैफ ने शुक्रिया अदा किया।

सार-संक्षेप

कचहरी के आधुनिकीकरण के लिए सौंपा ज्ञापन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : कचहरी के आधुनिकीकरण के लिए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पारसनाथ पांडेय व कोषाध्यक्ष मुन्ना सिंह ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी नितीश कुमार को सौंपा है। ज्ञापन में नेताद्वय ने कचहरी परिसर के सर्वांगीण विकास की मांग की है। कहा कि पूरा प्रदेश जनपद में प्रभु श्रीराम की मूर्ति स्थापना से उत्साहित है। प्रदेश की उन्नति भाजपा शासन काल में हो रही है। उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह काम है। अधिवक्ता संघ के पास पर्याप्त जमीन उपलब्ध है लेकिन सीएम के मार्गदर्शन के बिना समुचित विकास हो पाना संभव नहीं है। सुरक्षा व सुविधा के दृष्टिकोण से भी कचहरी का आधुनिकीकरण किया जाना जरूरी है।

जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष।

शिक्षा ग्रहण करने में बच्चे न बरतें लापरवाही : सुरेंद्र

रिजल्ट मिलने के बाद खुशी का इजहार करते बच्चे।

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : ब्लॉक क्षेत्र के पंडित विजय राम सरस्वती शिक्षा कुंज कादीपुर में शुक्रवार को रिजल्ट वितरण व अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रबंधक व अतिथियों ने अच्छे अंक प्राप्त करने 166 बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया। प्रबंधक व वित्तविहीन प्रबंधक संघ के जिला महासचिव सुरेंद्र उपाध्याय ने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने में बच्चों को लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। समाजसेवी राजेश चौबे ने कहा कि शिक्षक पूरे सामर्थ्य के साथ बच्चों को शिक्षित करें। जिससे कि वे अनुशासन व संस्कारयुक्त बनकर स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकें। उन्होंने इसके लिए अभिभावकों से सभी सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में अभिभावक अरुण, हरिप्रसाद, बजरंगी प्रसाद, बृज किशोर, श्रीराम मिश्रा, शुक्रिया मौर्य आदि मौजूद रहे।

पूर्व प्रधान के निधन पर शोक

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : विकास खंड रुदौली के ग्रामसभा खैरी के पूर्व प्रधान मो. अहमद का हृदयाघात से निधन हो गया। अंतिम संस्कार पैतृक कब्रिस्तान में किया गया। उनके निधन पर पूर्व विधायक अब्बास अली ज़ैदी उर्फ रुश्दी मियां, सपा प्रदेश सचिव मो. अली, जिपं सदस्य असगर अली, शाह मसूद हयात ग़ज़ाली, राजित राम रावत, ग्राम प्रधान शिवशरन, जंगबहादुर यादव आदि ने शोक व्यक्त किया है।

12 करोड़ बढ़ गई हलकारा पुरवा रेलवे ओवरब्रिज की लागत

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : वैश्विक पर्यटन नगरी की ओर अग्रसर रामनगरी में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आगमन में सुचारु यातायात के लिए प्रदेश सरकार ने छह माह पूर्व हलकारा का पुरवा स्थित रेलवे उपरिगामी सेतु के निर्माण को हरी झंडी दी थी। अयोध्या और दर्शननगर रेलवे स्टेशन के बीच हलकारा स्थित रेलवे के समपार संख्या 108 ए पर टू लेन उपरिगामी सेतु के निर्माण के लिए 52 करोड़ 30 लाख 40 हजार रुपये की परियोजना को प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति 9 सितंबर मिली थी। साथ ही व्यय समिति से अनुमादित लागत में से 1307 .60 लाख रूपये अवमुक्त किया था। निर्माण के प्रारंभिक चरण में ही इस दो लेन उपरिगामी सेतु की लागत 12 करोड़ से ज्यादा बढ़ गई है। कार्ययोजना तैयार होने के बाद लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता सेतु की ओर से लागत वृद्धि का हवाला देते पुनरीक्षित लागत को स्वीकृत किये जाने के लिए 22 दिसंबर 2023 को पत्र भेजा था। विभाग के प्रमुख अभियंता विकास को गुरुवार को भेजे गए पत्र में उपसचिव राजकुमार का कहना है कि परियोजना के लिए राज्यपाल ने पुनरीक्षित लागत 64 करोड़ 53 लाख 99 हजार की वित्तीय व प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

लोकसभा चुनाव स्वास्थ्य कर्मी घर पहुंच कर करेंगे पड़ताल, झूठी सूचना पर होगी कार्रवाई

अब नहीं चलेगा साहब, पत्नी बीमार है ड्यूटी काट दीजिए

कमर अब्बास, अयोध्या

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में इस बार ड्यूटी से बहानेबाजी मंहगी पड़ सकती है। आयोग ने कर्मचारियों खास कर शिक्षकों की इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए नकेल कसनी शुरू कर दी गई है। लोकसभा चुनाव में ड्यूटी कटाने के नाम पर तरह-तरह का तर्क दिए जाने की अबकी विस्तृत जांच की जाएगी।

चुनाव आयोग की ओर से इसे लेकर पहले ही निर्देश दिए जा चुके हैं। नई व्यवस्था के तहत यदि कोई पत्नी की बीमारी, गर्भवती होने, माता-पिता की बीमारी, खुद का स्वास्थ्य खराब होने आदि अन्य कारणों को लेकर ड्यूटी न लगाने के लिए आवेदन करता है तो उसकी पूरी जांच की जाएगी। निर्देश दिए गए हैं कि चुनाव ड्यूटी को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में गठित होने वाले मेडिकल बोर्ड के समक्ष संबधित आवेदक तो उपस्थित होगा ही साथ ही विभाग की टीम घर पहुंच कर पड़ताल भी करेगी। जांच में सत्यता पाए जाने पर ही ड्यूटी काटी जायेगी और यदि सूचना भ्रामक मिली तो कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं सभी विभागाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि चुनाव ड्यूटी के लिए कर्मचारियों की सही सूची एनआईसी और प्रभारी कार्मिक को उपलब्ध कराई जाए। सूची में पहले से ही ऐसे कार्मिकों को दिया जाए जो विगत लोकसभा और विधानसभा चुनाव में लगातार ड्यूटी करते आ रहे हैं और बेहतर कर्तव्य का पालन किया है।

- बहानेबाजी पर लगाम लगाने की तैयारी शुरू
- स्वास्थ विभाग की टीम घर पहुंच कर करेगी जांच पड़ताल

ड्यूटी पर तैनात होने वाले अफसरों को देना होगा घोषणा पत्र

लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में तैनात किये जाने वाले अफसरों को एक घोषणा पत्र नामांकन की आखिरी तारीख से दो दिन पहले तक संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी को देना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी इस घोषणा पत्र को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को भेजेंगे। इस घोषणा में चुनाव ड्यूटी में लगने वाले अफसरों को यह कहना होगा कि वह चुनाव में खड़े किसी उम्मीदवार के नजदीकी रिश्तेदार नहीं हैं। न ही प्रमुख राजनीतिक दलों से राज्य या जिला स्तर पर उनकी कोई सम्बद्धता है। उन्हें यह भी घोषित करना होगा कि उनके ऊपर कोई आपराधिक मुकदमा नहीं चल रहा है।

> मेडिकल बोर्ड की संस्तुति के बाद ही चुनाव ड्यूटी से पृथक किया जाएगा। आयोग की नियमावली के अनुसार ही ड्यूटी लगाई जाएगी। इसे लेकर प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है और पूरी स्कूटनी की जाएगी। - ऋषिराज, सीडीओ /प्रभारी कार्मिक

लखनऊ, गोरखपुर, मऊ व प्रयागराज ने जीता मैच

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार: प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र हॉकी संघ के समन्वय तथा क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के तत्वावधान में डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में चल रही प्रदेशीय आमंत्रण सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगता में शुक्रवार को अयोध्या लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, मऊ मंडल व स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर ने लीग मुकाबले जीते।

पहले मुकाबले में लखनऊ मंडल ने मेरठ को 2-1 से हराया। इसमें लखनऊ की मधु ने दो व मेरठ की पलक ने एक गोल किया। दूसरे मैच में गोरखपुर मंडल टीम ने अंशु के दो गोल की बदौलत वाराणसी मंडल पर 2-0 से जीत दर्ज की। तीसरे मैच में प्रयागराज ने आगरा को 2-0 से पराजित किया। प्रयागराज की निशिता ने तीन व अवनी ने एक गोल किया। चौथे मैच में मऊ मंडल ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में गोरखपुर मंडल को 1-0 से हराया। मऊ की अर्चना एकमात्र गोल करने में कामयाब रहीं। स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर ने अयोध्या मंडल पर 4-0 से आसान जीत दर्ज की। अनु, रविया रितु व आकांक्षा ने एक-एक गोल किया। इस अवसर पर आरएसओ चंचल मिश्रा, उपक्रीड़ा अधिकारी मो. इरफान, शकील अहमद, विवेक कुमार, सीडी सिंह व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

आयुध अधिनियम में गिरफ्तार

अयोध्या, अमृत विचार : अयोध्या कोतवाली पुलिस ने सिरसिंडा निवासी अभिषेक सिंह को तमंचा-कारतूस के कुढ़ा केशवपुर काली मंदिर के पास से पकड़ा है और आयुध अधिनियम की रिपोर्ट दर्ज करवा चालान किया है। चौकी प्रभारी दर्शनगर आशीष चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि बूथ नंबर चार के पास बाइक सवार अभिषेक को रोकने की कोशिश की तो वह भागने लगा। पीछाकर उसको पकड़ लिया गया।

आवश्यकता है

अंग्रेजी माध्यम स्कूल के लिये अयोध्या शहर से एल के जी से इंटर तक के लिए सभी विषयों के योग्य एवं अनुभवी शिक्षक / शिक्षिकाओं की ।

गायत्री पब्लिक स्कूल
रेवतीगंज, ब्लॉक हैरिंग्टनगंज, अयोध्या
8090420051, 9415387756
Email:
rsshuklagps@rediffmail.com
gpsayodhya@gmail.com

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

रोजा

शिया
सहरी : 04 .48 बजे
इफ्तार : 06 .25 बजे

सुन्नी
सहरी : 04 .42 बजे
इफ्तार : 0 6 .11 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

एक नजर

800 बच्चों ने दी 12 वीं साइकोलॉजी की परीक्षा

अयोध्या कार्यालय । अमृत विचार : सीबीएसई 12 वीं की साइकोलॉजी विषय परीक्षा में जिले के लगभग 800 विद्यार्थी शामिल हुए। सीबीएसई के जिला कोऑर्डिनेटर अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि छात्र-छात्राओं की कम संख्या होने के कारण 10 केन्द्रों पर ही परीक्षा हुई। 12 वीं की एग्रीकल्चर व मार्केटिंग की विषय की परीक्षा शनिवार को होगी।

20 हजार कर्मचारियों का डाटा फीड

मतदान व मतगणना में लगेंगे 11 हजार कर्मचारी, अधिसूचना के पहले तैयारी पूरी करने की रणनीति

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की अधिसूचना के पहले जिला प्रशासन चुनावी तैयारी को पूरी करने में जुटा है। मंडल के लगभग 20 हजार कर्मचारियों की ऑनलाइन फीडिंग की जा चुकी है। मतदान और मतगणना के लिए लगभग 11 हजार कर्मचारियों की जरूरत होगी।

मतदान कार्मिक प्रभारी व सीडीओ ऋषिराज के स्तर से इसकी समीक्षा की जा रही है। मजिस्ट्रेटों के साथ ही कार्मिकों की व्यवस्था की जा रही है। आयोग से चुनाव की घोषणा के बाद इनकी तैनाती का काम शुरू हो जाएगा।

193 जोन व सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात : लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने 193 मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है। इन्हें जोन व सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाकर तैनात किया गया है। अभी इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया है, लेकिन इनकी बैठक करके मूलभूत जानकारियां दे दी गई हैं। मतदान केंद्र और बूथों की व्यवस्था के बारे में बता दिया गया है। थोड़े बहुत परिवर्तन के बाद इनकी तैनाती कर दी जाएगी। अब तक की सूचना के मुताबिक जिले में चुनाव के लिए 25 जोन और लगभग 193 सेक्टर बनाए गए हैं। 250 में से 193 मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। शेष को आरक्षित रखा गया है। जल्द ही इनको दूसरा प्रशिक्षण दिए जाने की तैयारी है।

कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

तैयारी

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन में तत्काल करें कार्रवाई

▸▸ डीएम ने दिए निर्देश, नोडल अफसरों के साथ की बैठक

अयोध्या अमृत विचार : चुनाव से सम्बंधित सभी कर्मचारी और अधिकारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराएंगे। सभी पार्टियों/प्रत्याशियों के साथ समान व्यवहार करें। गाइडलाइन का गहन अध्ययन कर लें। भ्रम की स्थिति न रहे। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तत्काल प्रभावी कार्रवाई करें।

ये निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने शुक्रवार को दिए। वो कलेक्ट्रेट सभागार में जिले स्तर पर गठित विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के नोडल अफसरों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में आदर्श आचार संहिता के पालन, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, निर्वाचन जब्ती प्रबंधन प्रणाली पर चर्चा की गई। बैठक में एसएसपी राजकरन नैय्यर, सीडीओ ऋषिराज, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम अनिरुद्ध सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह, डीएफओ प्रणव जैन, एडीएम सिटी सलिल कुमार पटेल, एसपी ग्रामीण, मुख्य कोषाधिकारी ममता सिंह सहित अन्य अफसर थे।

जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ हाईकोर्ट से जमानती वारंट जारी

अयोध्या, कार्यालय

▸▸ सीजीएम को दिया तामील कराने का आदेश

अमृत विचार : जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ से जमानती वारंट का आदेश हुआ है। वारंट का तामीला सीजीएम को करवाने का आदेश भी हुआ है। यह आदेश न्यायमूर्ति श्रीप्रकाश सिंह की पीठ से अदालत के आदेश का अनुपालन न करने पर शुक्रवार को हुआ।

याचिकाकर्ता विजय कुमार यादव ने बताया कि वह जिला विद्यालय निरीक्षक के यहां लिपिक के पद पर कार्यरत थे। 12 जुलाई 2021 को उन्हें यहां से जवाहरलाल नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज खजुरहट भेज दिया गया। इस विद्यालय की अध्यक्ष जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह है। विद्यालय में उनको ज्वॉइन नहीं करवाया। इस पर उन्होंने अगस्त 2021 में हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में याचिका दायर की। जिसमें 14 सितंबर 2021 को आदेश हुआ कि नियुक्त पद के सापेक्ष कार्यरत रखते हुए नियमित भुगतान किया जाए। इस आदेश का अनुपालन रोली सिंह ने नहीं किया और न ही हाईकोर्ट में प्रति शपथ पत्र दाखिल किया। इस पर विजय कुमार ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की। जिस पर सुनवाई के दौरान रोली सिंह के अधिवक्ता अंकित सिंह ने हाईकोर्ट को बताया कि उन्होंने अपने मुवक्किल को हाईकोर्ट के आदेश के बारे में बताया था लेकिन उसने इसका अनुपालन नहीं किया। इस पर हाईकोर्ट ने जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ जमानती वारंट जारी करते हुए इसका तामीला मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा सुनिश्चित कराए जाने का आदेश किया। आदेश में यह भी लिखा कि यदि रोली सिंह अदालत में उपस्थित हों तो उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। रोली सिंह की उपस्थिति मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हाईकोर्ट में नियत तिथि पर करवाना सुनिश्चित करें।

बाहर की दवा लिखे जाने की शिकायत मिली तो कार्रवाई तय

अयोध्या कार्यालय

▸▸ सीएमओ ने जिला अस्पताल के डॉक्टरों को दी चेतावनी

अमृत विचार: जिला अस्पताल में आये दिन सामने आ रहे बाहर की दवा लिखे जाने और अव्यवस्था को लेकर शुक्रवार को सीएमओ डॉ. संजय जैन ने जिला अस्पताल के चिकित्सकों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि पानी सिर से गुजरता जा रहा है। निर्देश के बावजूद बावजूद आये दिन शिकायतें आ रही हैं। अब अगर किसी की शिकायत मिली तो वह कार्रवाई के लिए शासन और अधिकारियों को पत्र लिखेंगे। संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्रवाई कराई जाएगी।

सीएमओ ने कहा कि शासन की ओर से स्पष्ट हिदायत दी गई है जिला अस्पताल आने वाले किसी भी मरीज को बाहर की दवा न लिखी जाए। आपात स्थिति में अगर लिखना भी पड़े तो भारतीय जान औषधि पर उपलब्ध दवाएं ही लिखीं जाएं, लेकिन इसका चिकित्सकों की ओर से अनुपालन नहीं किया जा रहा है। प्रभारी सीएमएस डॉ. अरुण प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि अस्पताल में सभी प्रकार की दवाओं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। अगर कहीं से कोई कमी आती है तो उनके संज्ञान में लाया जाना चाहिए। दूर-दराज से आस लेकर आने वाले मरीजों का आर्थिक और मानसिक शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

दीवार से टकराई बाइक युवक की मौत

तारुन (अयोध्या), अमृत विचार : रामपुर भगन चौकी क्षेत्र अंतर्गत रामवन गमन मार्ग के बनिया पूरा गांव के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार बाइक दीवार से टकरा गई। गंभीर रूप से घायल युवा चालक की मौत हो गई। ग्राम पंचायत विजेनपुर सजहरा मजरे जहद्दीपुर निवासी दीपक यादव (22) केएम शुगर मिल मसौधा के रौनाही थाना क्षेत्र के बरवा गन्ना तौल केंद्र पर ट्रक चालक था। वो शुक्रवार तड़के बाइक से तौल केंद्र जा रहा था। राम वन गमन मार्ग के बनिया पूरा गांव के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई। गंभीर रूप से घायल दीपक काफी देर तक मौके पर ही पड़ा रहा। सुबह टहलने निकले लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी सत्य प्रकाश यादव ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेज दिया गया हैं।

नहीं बनवा पाए आवास, तीन सचिव से स्पष्टीकरण तलब

अयोध्या कार्यालय

▸▸ मया ब्लॉक में परियोजना निदेशक ने की समीक्षा

अमृत विचार : समय पर प्रधानमंत्री आवास का निर्माण पूरा नहीं करा पाए। समीक्षा में आंकड़े सामने आए तो परियोजना निदेशक ने शुक्रवार को तीन ग्राम सचिवों से स्पष्टीकरण मांग लिया। कहा, काम न पूरा हुआ तो आगे की कार्रवाई होगी।

परियोजना निदेशक आरपी सिंह ने मयाबाजार ब्लॉक में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे आवासों की समीक्षा की। पता चला कि साल 2022-23 के 34 आवास अब तक नहीं बन पाए। ग्राम सचिव अमित कुमार राव, ज्योति रानी, संतोष मौर्य के 34 में से 15 आवास अधूरा मिले। पीडी ने इन तीनों से स्पष्टीकरण तलब किया। साथ ही अन्य को भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक आवास निर्माए पूरा कराएं अन्यथा कार्रवाई होगी। साल 2023-24 के आवासों के साथ ही मुख्यमंत्री आवास योजना के पांच आवासों को भी पूरा कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी को आधार सीडिंग कराने के साथ ही जिन आवासों को पुरुषों के नाम दिया गया है, उनके घर के मुखिया महिला को जोड़ने की समीक्षा की। सेक्टर प्रभारी एडीओ पंचायत, जेई एमएई, एडाओ सहकारिता आदि को इसे भी पूरा कराने का निर्देश दिया। उनके साथ बीडीओ अनुराग सिंह भी मौजूद थे।

सार-संक्षेप

सोहावल ब्लॉक परिसर में परियोजनाओं का लोकार्पण करते विधायक डॉ. अमित सिंह।

विधायक ने किया 22 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

अयोध्या। बीकापुर विधायक डॉ. अमित कुमार सिंह ने शुक्रवार को सोहावल ब्लॉक परिसर में 22 करोड़ की 32 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। यह सभी विधानसभा क्षेत्र में बनाई गई सड़के हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सोहावल अनिल कुमार प्रियदर्शी, सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव, सर्वेश सिंह चौहान, मंजनावा प्रधान धमसादीन, सुरवारी प्रधान सूर्य नारायण गुप्ता आदि थे।

इलाज के दौरान वृद्धा की मौत पर हंगामा

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या धाम के श्रीराम चिकित्सालय में इलाज के दौरान वृद्धा की मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने हंगामा करते हुए आरोप लगाया कि खून कम होने के बावजूद ऑपरेशन कर दिया गया, जिस कारण पीड़िता की मौत हो गई। मसकनवां बस्ती के श्रीनगर गांव के रहने वाले राम ने 12 मार्च को अपनी मां राम राजी को श्री राम अस्पताल में भर्ती कराया था। बताया जाता है कि गिरने से उनके कूल्हा की हड्डी टूट गई थी। राम ने बताया कि डॉक्टर ने केवल एक्स-रे के बाद ही मां के कूल्हे का ऑपरेशन कर दिया। कोई जांच सही तरीके से नहीं कराई। ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों ने बताया कि तत्काल खून की व्यवस्था करें। प्रयास करने पर भी खून की व्यवस्था नहीं हो पायी। इससे मां की मौत हो गई। परिजनों का हंगामा बढ़ता देख अस्पताल प्रशासन ने शव को एम्बुलेंस से घर भिजवाया। इस सम्बंध में चिकित्सल्य के सीएमएस डॉ. वीके वर्मा ने बताया कि वृद्धा की मौत की वजह खून की कमी थी। कोई ऑपरेशन नहीं हुआ था। सिर्फ एक पिन डाली गई थी।

पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 25 तक करें आवेदन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने छात्रहित को देखते हुए पीएचडी सत्र 2023-24 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। अभ्यर्थी आवेदन शुल्क के साथ 25 मार्च तक और इसके बाद विलम्ब शुल्क के साथ 31 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे। इससे पहले आवेदन की तिथि 15 मार्च एवं विलम्ब शुल्क के साथ 23 मार्च निर्धारित थी। पीएचडी प्रवेश समन्वयक प्रो. फर्रुख जमाल ने शुक्रवार को बताया कि परिसर के बायोकेमेस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, भौतिक एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, गणित एवं सांख्यिकी, पर्यावरण विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास, इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विषय में पीएचडी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए है। इसके अलावा अप्लाइड साइंस एवं ह्यूमिनिटी में गणित, भौतिकी, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, भौतिकी, वाणिज्य, प्राचीन इतिहास, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, हिंदी, मध्यकालीन इतिहास, सैन्य विज्ञान, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, संस्कृत, समाजशास्त्र, उर्दू विषय में भी पीएचडी प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए है। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

संविदा कर्मचारियों का घट गया वेतन

अयोध्या, अमृत विचार : रोडवेज के 175 संविदा कर्मचारियों के वेतन का पुनरीक्षण किया गया। इनमें ज्यादातर कर्मचारियों का कम-ज्यादा वेतन बढ़ा। सूत्रों के अनुसार 12 से ज्यादा संविदा कर्मचारी ऐसे रहे जिनका वेतन बढ़ने के बजाए घट गया। इनमें भीम, सुमित वर्मा, पंकज तिवारी, रजनीश मिश्र, शुभम कुमार, अविनाश शुक्ला, संदीप, अंकित, नीलेश सहित कई अन्य संविदा कर्मी शामिल हैं। विभाग के लोगों का कहना है कि यह सभी 11,500 रुपये के वेतन पर काम कर रह थे, लेकिन इस पुनरीक्षण में इन सभी का वेतन 11000 हजार हो गया। अमूमन ऐसा होता नहीं है, लेकिन यहां ऐसा हुआ। रोडवेज के सेवा प्रबंधक नीरज सोनकर ने बताया कि यदि किसी कर्मचारी का वेतन कम हुआ है तो इसे सही कराया जाएगा।

अपर्याप्त नींद से बढ़ रहा स्लीप डिप्राइव्ड सिन्ड्रोम

अयोध्या, अमृत विचार : छह से आठ घंटे की नींद के लिए मस्तिष्क में पर्याप्त मेलाटोनिन मनोरसायन का होना आवश्यक है। इंटरनेट स्क्रीन एक्सपोजर या अन्य मनोकारकों के कारण देर तक जागने से तनाव बढ़ाने वाले मनोरसायन कार्टिसॉल बढ़ जाने से नींद दुष्प्रभावित होती है। इससे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता, पाचन क्रिया,हार्मोन संतुलन व हृदय तंत्र दुष्प्रभावित होता है। मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग, थकान, एकाग्रता की कमी, मूड स्विंग, चिड़चिड़ापन आता है। यह जानकारी मनो परामर्शदाता डॉ. आलोक मनदर्शन ने शुक्रवार को जिला अस्पताल में हुई एक कार्यशाला में दी। उन्होंने बताया कि सोने के निर्धारित समय से 30 मिनट पूर्व ही अपना मोबाइल या अन्य स्क्रीन एक्सपोजर से बचें। सोने से पहले अगले दिन की विषय-वस्तु व अन्य सोच विचार से मन को आसक्त न होने दें। आत्म-सन्तुष्टि व आत्म-विश्वास भरे मनोभाव से कुछ मनोरंजक गतिविधियों को करें। कार्यशाला में मनोविशेषज्ञ डॉ. बृज कुमार भी मौजूद रहे।

6 करोड़ की लागत से विकसित 33 पार्कों का लोकार्पण

अयोध्या कार्यालय

▸▸ सांसद ने कहा-सरकार मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने को प्रतिबद्ध

अमृत विचार : नगर निगम की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना में छह करोड़ से ज्यादा के लागत से निर्मित 33 पार्कों का शुक्रवार को लोकार्पण हुआ। अवधपुरी कॉलोनी में आयोजित समारोह में सांसद व महापौर ने संयुक्त रूप से पार्कों को जनता को समर्पित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अयोध्या विश्व की सर्वोत्तम धार्मिक एवं अध्यात्मिक नगरी के रूप मे विकसित हो रही है। प्रदेश सरकार आम जनमानस को भी मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिसको लेकर 610.67 लाख की लागत से 33 पार्कों का सौंदर्यीकरण कराया गया है। विकास की कई अन्य परियोजनाओं पर काम चल रहा है,जो शीघ्र मूर्त रूप लेंगी।

परियोजना का बटन दबाकर शिलान्यास करते सांसद लल्लू सिंह व महापौर।

महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में अयोध्या धाम को उसकी गरिमा के अनुरूप विकसित किये जाने की कार्यवाही गतिमान है। नगर निगम की कोशिश है कि लोगों को स्वास्थ्य एवं आसपास शुद्ध वातावरण एवं मूलभूत सुविधाएं हासिल हों। जिसके लिए विभिन्न वार्डों में पार्कों का सौन्दर्यीकरण कराया गया है। अवशेष पार्कों का भी जल्द सौन्दर्यीकरण पूर्ण कराया जायेगा। साथ ही महापौर ने अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान की महानगर के किसी चौराहे को चित्रगुप्त चौक और एक पार्क को सजाने-संवारने की मांग पर अमानीगंज अवधपुरी कॉलोनी स्थित पार्क का नामकरण चित्रगुप्त पार्क किये जाने और चित्रगुप्त चौक की मांग पूरा कराने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय,सुमित कुमार, मुख्य अभियन्ता राजवीर सिंह, अधिशासी अभियन्ता मोद नारायण झा, पार्षद सौरभ सिंह सूर्यवंशी,जय नारायण सिंह,संतोष सिंह, अनुज दास, सूर्या तिवारी, बृजेन्द्र सिंह, अभय श्रीवास्तव, विशाल पाल, नौशाद अहमद, चन्दन सिंह समेत निगम के अधिकारी-कर्मचारी व आमजन मौजूद रहे।

एलएलबी परीक्षा 18 से, 12 केन्द्रों पर होगी

अयोध्या कार्यालय

▸▸ 37 लॉ कालेजों के 6500 परीक्षार्थी होंगे शामिल

अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की एलएलबी त्रि-वर्षीय व पंचवर्षीय प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 18 मार्च से शुरू होकर 28 मार्च तक चलेगी। नकल विहिन परीक्षा कराने के लिए सात जनपदों में कुल 12 केन्द्र बनाये गए हैं। इन केंद्रों पर 37 लॉ कालेजों की एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा होगी। इस परीक्षा में 6500 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के हवाले से मीडिया प्रभारी डॉ विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि 18 मार्च से एलएलबी त्रि-वर्षीय व पंचवर्षीय प्रथम सेमेस्टर परीक्षा शुरू होगी। यह परीक्षा अयोध्या, सुल्तानपुर, अमेठी, गोण्डा, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर व बहराइच जिलों में 28 मार्च तक चलेगी। इन केंद्रों पर अपराह्न दो बजे से सांय पांच बजे तक परीक्षा कराई जायेगी। इस परीक्षा में 6500 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पारदर्शितापूर्ण परीक्षा कराने के लिए सचलदल एवं सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा कराई जायेगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए केन्द्राध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए है।

राममंदिर तेज हुआ निर्माण कार्य, प्रथम तल निर्माण पूरा होने की आई अंतिम तिथि, प्राण-प्रतिष्ठा के बाद 45 दिनों में आया 50 करोड़ रुपये का दान

दिसंबर 2024 तक स्थापित हो जाएगा राम दरबार

विवेक सक्सेना, अयोध्या

अमृत विचार : भव्य राममंदिर में रामलला के गर्भगृह में विराजने के बाद अब मंदिर में राम दरबार को जल्द स्थांपित करने के लिए प्रथम तल का भी निर्माण तेजी से चल रहा है। ट्रस्ट ने राम दरबार की स्थापना के लिए दिसंबर 2024 की तिथि निर्धारित कर दी है। इस तिथि का निर्धारण होने के बाद श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच निर्माण कार्य की भी गति बढ़ाई गई है।

भव्य राममंदिर का उद्घाटन और श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद 22 जनवरी से देशभर से रोज करीब दो लाख भक्त रामलला के दर्शन-पूजन के लिए आ रहे हैं। मंदिर के दान की गणना टीम के अनुसार 45 दिनों में रामभक्तों ने करीब 50 करोड़ रुपये का दान दिया है। निर्माण कंपनी के कर्मचारियों के अनुसार, मंदिर के शिखर और गुंबदों के निर्माण को छोड़कर बचे प्रथम और दूसरे तल का निर्माण पूरा किया जाएगा। प्रथम तल का निर्माण दिसंबर 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

दर्शन व निर्माण कार्य एक साथ

मंदिर के भूतल में दर्शन का कार्यक्रम चलते रहने के साथ ही निर्माण कार्य भी चल रहा है। परकोटा और इसमें बनने वाले देवी- देवताओं के मंदिर के निर्माण का भी लक्ष्यं तय किया गया है। ट्रस्टं सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि परकोटा का निर्माण के चारों तरफ करीब 800 मीटर लंबाई में हो रहा है। इसकी चौड़ाई 14 फुट है। इसके निर्माण में पिंक स्टोन का प्रयोग किया जा रहा है। यह बड़ा कार्य है, जिसमें करीब डेढ साल का समय लग सकता है।

तय टाइम लाइन पर चल रहे काम

ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि निर्माण एजेंसी एलएंडटी कंपनी के इंजीनियरों का दावा है कि सारे काम तय टाइमलाइन के मुताबिक ही चल रहे हैं। प्रथम तल पर जहां गुंबदों और शिखर का निर्माण होना है। उस क्षेत्र को कवर कर ढक दिया गया है। जब मंदिर का दूसरा तल बनेगा तो साथ में पांच गुंबदों और शिखर का भी निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण के साथ रोज लाखों की संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर भी मंदिर ट्रस्ट योजनाएं बना कर प्रशासन के सहयोग से लागू कर रहा है। फिलहाल राम दरबार के लिए मूर्तियों को तराशने का काम अभी नहीं शुरू हुआ है। रामलला की प्रतिमा तैयार करने में छह माह का समय लगा है, ऐसे में अनुमान लगाया गया है कि राम दरबार की मूर्तियों का निर्माण भी इतने समय में पूरा हो जाएगा।

राम मंदिर निर्माण की नई तस्वीरें जारी

अयोध्या, अमृत विचार : रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद राम मंदिर के निर्माण कार्य में एक बार फिर तेजी आ गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने शुक्रवार को प्रथम तल पर हो रहे निर्माण कार्य की सोशल मीडिया अकाउंट पर नई तस्वीरें जारी की हैं। तस्वीरों में मजदूर निर्माण कार्य में जुटे नजर आ रहे हैं।

एक नजर

साक्षरता विषय पर व्यक्त किए विचार

टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। मिश्रीलाल आर्य कन्या इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर साक्षरता विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि यूथ आइकॉन एवं राज्य युवा पुरस्कार विजेता प्रवीण गुप्ता ने साक्षरता विषय पर अपने विचारों को साझा किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्या शशिकला, आरती मौर्या, नूतन सिंह, अंजली धुरिया और कार्यक्रम अधिकारी सुशीला देवी और सीमा आदि उपस्थिति रही।

वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

अंबेडकरनगर। अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत थाना कोतवाली टांडा पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उप निरीक्षक शिवदीपक सिंह ने वारंटी अभियुक्त मेराज पुत्र जलील अहमद निवासी चटोरी गली छज्जापुर थाना कोतवाली टांडा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

आग से चार भाईयों की गृहस्थी जलकर राख

टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। अज्ञात कारणों से लगी आग से टांडा क्षेत्र के ग्राम दरियापुर बंजारा में शुक्रवार को अचानक लगी आग से उक्त ग्राम में वंशी लाल, मोहन लाल, सोहन लाल, मुन्नी लाल पुत्र सहतु दलित के सरिया और रिहायशी छप्पर में रखे घरेलू उपयोग के सामान और अनाज आदि जलने लगे। ग्रामीणों ने की मदद से आग पर काबू पाया। घर के सामान बचाने के चक्कर मे बंशी लाल की पत्नी राज कुमारी और मुन्नी लाल की पत्नी सुरजा देवी झुलस गई। क्षेत्रीय लेखपाल देवमणि वर्मा ने घटना स्थल पर पहुंच कर आग से हुए नुक्सान की आंकलन कर रिपोर्ट भेज दी है।

बेसिक के बच्चे देश का भविष्य : डायट प्राचार्य

अयोध्या के सभी ब्लॉक के दो निपुण बच्चों और अभिभावकों को किया गया सम्मानित

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया गया। जिला समन्वयक प्रशिक्षण आदर्श सिंह के संचालन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य जय प्रताप सिंह ने की। उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में बेसिक के बच्चे देश का भविष्य है। इससे पहले खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय तारकेश्वर पाण्डेय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ शुरुआत की। इस मौके पर एसआरजी डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निपुण भारत अभियान का हिस्सा बनने का आवाहन किया।

कार्यक्रम में पुरस्कृत किए गए निपुण छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

नोडल एसआरजी मनीष रस्तोगी ने प्री प्राइमरी के लिए चलायें जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी के साथ सपोर्टिव सुपरविजन के सम्बन्ध में जानकारी दी। एसआरजी अमित कुमार मिश्र ने प्री प्राइमरी के विभिन्न

▸▸ उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षकों और शिक्षक संकुल को भी मिला सम्मान

एप के बारे में बताया। एआरपी रजनी रंजन जायसवाल ने जन समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के लिए चहक एवं माता अभिमुखीकरण कार्यक्रम की चर्चा की। खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय तारकेश्वर पांडेय ने हमारा आंगन हमारे बच्चे की सार्थकता में आंगनबाड़ी एवं नोडल शिक्षक की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। खंड शिक्षा अधिकारी मया राजेश कुमार सिंह ने अभिभावकों से सहयोग की बात कही। प्राथमिक अध्यापकों द्वारा कक्षा 3 तक के बच्चों के लिए बनाए गए टीएलएम का निरीक्षण किया और सभी शिक्षकों को उत्कृष्ट टीएलएम के लिए पुरस्कृत किया गया। डायट प्राचार्य ने प्रत्येक विकासखंड के एक उत्कृष्ट नोडल शिक्षक, नोडल शिक्षक संकुल सहित एक उत्कृष्ट आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सुपरवाइजर को प्रशस्ति पत्र मोमेंटो एवं शाल देकर सम्मानित किया। प्रत्येक विकासखंड के दो निपुण बच्चों और उनके अभिभावकों को बैग स्टेशनरी व सोलर लैंप प्रदान किया। अरविंद, अभिषेक, अर्जुन, राजन कुमार, पारिजा श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयोजित शिविर में मौजूद छात्राएं।

शिविर में पढ़ाया जागरूकता का पाठ

आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। शुक्रवार को सिंगारी देवी स्मारक महाविद्यालय मसेना मिर्जापुर रामनगर परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के प्रथम दिन विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर रमेश चंद्र यादव ने फीता काटकर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सहायक प्रबंधक सुनील यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य होता है। ऐसे में स्वयंसेवियों को अनुशासन और धैर्य के साथ कार्य करनें की आवश्यकता है। कार्यक्रम में अभिषेक सिंह, शिवम, शिक्षा नंदिनी, कुमकुम ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र यादव और डॉ. निशा मौर्य की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य इंद्रमणि मिश्रा, प्रवक्ता लाल बहादुर यादव, अखिलेश यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

डीडीओ का नाजिर घूस लेते गिरफ्तार

▸▸ सचिव को दोबारा ज्वाइन कराने के लिए आरोपी ने 10 हजार रुपए मांगा था घूस

▸▸ कुछ दिन पहले भी दो लेखपालों को किया जा चुका है गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जनपद में अयोध्या की एंटीकरप्शन टीम ने विकास भवन में जिला विकास अधिकारी के नाजिर को 10 हजार रुपए घूस लेते गिरफ्तार किया है। नाजिर पर आरोप है कि उसने सचिव को निलंबन के बाद दोबारा ज्वाइन कराने के लिए 10 हजार रुपए घूस मांगा था।

बता दें कि सचिव का निलंबन हाईकोर्ट के आदेश पर समाप्त हुआ था। जनपद के हंसवर थाना क्षेत्र के हंसवर निवासी ग्राम पंचायत सचिव विनोद कुमार को दोबारा ज्वाइन कराने के लिए डीडीओ के नाजिर वीरेंद्र चैहान ने 10 हजार रुपए घूस की मांग किया। सचिव की शिकायत के बाद एंटी करप्शन की टीम ने नाजिर वीरेंद्र चौहान को जिला न्यायालय के सामने से रंगे हाथ घूस के रुपयों के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद एंटी करप्शन टीम नाजिर को लेकर अकबरपुर कोतवाली पहुंची। जहां पर खिला पढ़ी कर उसे गोरखपुर जेल ले गई। आरोपी विकास भवन में जिला विकास अधिकारी के नाजिर के पद पर तैनात है। वहीं आरोपी नाजिर को जिलाधिकारी और सीडीओ द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जा चुका है। जनपद अभी कुछ दिनों पहले भी एंटीकरप्शन की टीम ने जलालपुर और अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में दो लेखपालों को घूस लेते गिरफ्तार किया था।

एंटी करप्शन टीम की गिरफ्त में आरोपी नाजिर वीरेंद्र चौहान।

ब्लॉक मुख्यालय पर मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। साठ-चालीस के अनुपात में मनरेगा के पक्के कार्यों की स्वीकृति नहीं प्रदान किए जाने से नाराज ग्राम प्रधानों ने ब्लॉक मुख्यालय परिसर में प्रदर्शन करते हुए आवाज बुलंद किया। शुक्रवार को रामनगर ब्लॉक परिसर में प्रधान संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम यादव, जिलाध्यक्ष राजबहादुर यादव के नेतृत्व में ग्राम प्रधान वली मोहम्मद, दिवाकर यादव, प्रमोद मिश्रा, राजपति यादव, सूरज निषाद, गौतम चौहान, दिनेश जायसवाल, सुधाकर श्रेष्ठ समेत कई अन्य ग्राम प्रधानों ने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। ग्राम प्रधानों ने आरोप लगाया कि खंड विकास अधिकारी द्वारा 60-40 के अनुपात में मनरेगा के पक्के कार्यों की स्वीकृति नहीं दी जा रही है। ऐसे में क्रमिक अनशन जारी रहेगा। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी हौसिला प्रसाद ने बताया कि नियमानुसार स्वीकृति दी जा रही है, अन्य आरोप निराधार है।

पं. सुधीर व्यास के भजनों पर झूमे दर्शक

▸▸ सांसद लल्लू सिंह ने दीप जलाकर शुरू किया रामायण कॉन्क्लेव

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार शाम रामकथा पार्क के पार्किंग स्थल पर आयोजित एक दिवसीय रामायण कॉन्क्लेव -2024 का सांसद लल्लू सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

रामायण कॉन्क्लेव में भजन गायक पंडित सुधीर व्यास ने अपने भजन 'ये चमक ये दमक' की प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। उन्होंने सुख पाया-सुख पाया तेरेशरण सुख पाया भजन भी गाया। भातखंडे विश्वविद्यालय लखनऊ के छात्र-छात्राओं की ओर से श्रीराम पर आधारित कथक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति की गई। रामायण कॉन्क्लेव 15 मार्च से 06 मई तक प्रदेश के विभिन्न शहरों में आयोजित किया जाना है। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने कहा कि अयोध्या शोध संस्थान का नाम बदलकर अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान कर दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान का यह पहला रामायण कॉन्क्लेव है। उन्होंने कहा कि जल्द ही एक नया भवन बनेगा। अयोध्या शोध संस्थान को इसी भवन में शिफ्ट किया जाएगा। शोध को बढ़ावा मिलेगा।

दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते सांसद लल्लू सिंह।

मूल्यांकन केंद्र के गेट पर जमा होगा मोबाइल

अयोध्या कार्यालय

▸▸ गाइडलाइन जारी, परीक्षकों को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बाहर जाने की नहीं मिलेगी अनुमति

▸▸ सीसीटीवी की कनेक्टिविटी टूटी तो तय होगी जवाबदेही

अमृत विचार : परीक्षक मूल्यांकन केंद्र के अंदर मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स नहीं ले जा सकेंगे। उन्हें केंद्र के गेट पर ही अपना मोबाइल फोन जमा करना होगा। सुबह 10 से शाम पांच बजे तक मूल्यांकन केंद्र से बाहर जाने की इजाजत नहीं होगी। जलपान और अन्य व्यवस्था का इंतजाम मूल्यांकन केंद्रों के अंदर ही होगा। ये निर्देश शुक्रवार को जारी गाइड लाइन में दिए गए हैं। यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शनिवार से पांच केंद्रों पर शुरू होगा।

जारी गाइडलाइन के अनुसार मूल्यांकन केंद्रों पर अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।केन्द्र के बाहर लोगों को एकत्र नहीं होने दिया जाएगा। वायस रिकॉर्डर व सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होने वाले मूल्यांकन के दौरान राज्य और जिला स्तर से कनेक्टिविटी टूटने पर संबधित प्रभारी की जवाबदेही तय होगी। सभी पांच मूल्यांकन केंद्रों पर 10 पर्यवेक्षकों के साथ जिला स्तर टीम निगरानी करेगी। परीक्षकों को उचित दूरी पर स्थान ग्रहण कराया जाएगा और एक घंटे पहले स्टैटिक मजिस्ट्रेट का रहना अनिवार्य किया गया है। रैंडम तरीके से उत्तर पुस्तिकाओं का आवंटन किया जाएगा।

1,899 परीक्षक जांचेगे 4,09,844 उत्तर पुस्तिकाएं

मूल्यांकन के लिए कुल 1899 परीक्षकों की तैनाती की गई है। सभी केन्द्रों को उत्तर पुस्तिकाओं का आवंटन कर दिया गया है। करीब 4,09,844 उत्तर पुस्तिकाएं 198 मुख्य परीक्षकों की निगरानी में जांची जाएंगी। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, मनोहर लाल इंटर कॉलेज, राजकरण इंटर कॉलेज और आदर्श इंटर कॉलेज मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं।

पुस्तिकाओं का ब्योरा साझा करने पर रोक

गत वर्षों की तरह उत्तर पुस्तिकाओं को लेकर विभिन्न जानकारियां साझा करने पर रोक लगा दी गई है। बोर्ड ने साफ निर्देश दिए हैं कि उत्तर पुस्तिकाओं में अक्सर उत्तीर्ण करने के लिए विभिन्न जानकारी प्रकाश में आती हैं। जिससे बोर्ड की छवि धूमिल होती है तो संबंधित परीक्षक को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी।

> सभी मूल्यांकन केंद्रों पर शनिवार से मूल्यांकन प्रारम्भ होगा। मूल्यांकन पूरी तरह पारदर्शिता के साथ करने के लिए निर्देशित किया गया है।
>
> —डॉ. राजेश कुमार आर्या, जिला विद्यालय निरीक्षक।

कड़ी सुरक्षा के बीच हुई जुमे की नमाज

▸▸ डीएम और एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संवेदनशील स्थलों का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। पवित्र रमजान के पहले शुक्रवार की विशेष नमाज को लेकर प्रशासन मुस्तैद रहा। शुक्रवार को मस्जिदों में बड़ी संख्या में पहुंचने वाले नमाजियों को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चैबंद किया था। जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में जुमा की नमाज अदा करने वाले स्थानों पर पुलिस प्रशासन द्वारा चाकदृचैबंद सुरक्षा व्यवस्था कर नमाज को सकुशल संपन्न कराया गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देशानुसार जनपदीय पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत समस्त थाना क्षेत्रों में निरीक्षण किया गया। समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत मस्जिदों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई थी। समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, चैकी प्रभारी पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमणशील रहते हुए सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं से वार्तालाप कर शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील की गई। साथ ही सोशल मीडिया सेल टीम द्वारा भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट व वीडियो बयान जारी करने, साजिश रचने व माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर लगातार पैनी नजर रखी गई। साथ आमजन से अपील की गयी किसी भी सूचना पर तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचित करें। सीएए संशोधन कानून लागू होने के बाद प्रथम शुक्रवार को संवेदनशील नगरी टांडा में प्रशासन द्वारा भारी सतर्कता बरती गई। सभी मस्जिदों में शुक्रवार की साप्ताहिक नमाज शांति पूर्वक परम्परा गत ढंग से सम्पन्न होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। उपजिलाधिकारी टांडा सचिन यादव, सीओ शुभम कुमार, तहसीलदार शिव नरेश सिंह, नवागत कोतवाल टांडा दीपक सिंह रघुवंशी, थानाध्यक्ष अलीगंज गजेंद्र विक्रम सिंह सहित पुलिस के अधिकारी पूरे समय भ्रमणशील रह कर स्थिति का जायजा लेते रहे।

टांडा में जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों के बाहर मौजूद एसडीएम व साथ में अन्य।

कांशीराम की मनाई गई 90वीं जयंती

संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार। बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम की 90वीं जयंती शुक्रवार को कान्हा मैरिज लान में मनाई गई। विचार गोष्ठी में बसपा नेताओं ने बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर और मान्यवर काशीराम के जीवन संघर्षों पर विस्तार से संवाद किया और बहुजन समाज को हुक्मरान समाज बनाकर कांशीराम के मिशन को पूरा करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि अयोध्या मंडल के मुख्य प्रभारी सर्वेन्द्र अम्बेडकर ने काशीराम के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। गोष्ठी का संचालन जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार ने किया। मो. अकरम ने आबाद था, आबाद है, आबाद रहेगा, इस देश में बाबा का संविधान रहेगा- गीत प्रस्तुत करके कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया।

200 स्वास्थ्य कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण के बाद स्वास्थ्य कर्मी प्रमाण पत्र के साथ। अमृत विचार

अयोध्या, अमृत विचार : नवजात शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत सीएमओ डॉ. संजय जैन की अध्यक्षता में शुक्रवार को महिला स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण हुआ।

डॉ. बीपी सिंह, डॉ. पावन कुमार मौर्य व डॉ शबीना खान ने आठ बैच में 200 एएनएम एवं स्टाफ नर्सों को प्रशिक्षित किया। दो दिवसीय प्रशिक्षण जिला महिला अस्पताल में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के बाद जिला महिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बिभा कुमारी की ओर से प्रमाण पत्र दिया गया। इस प्रशिक्षण में जन्म के पश्चात नवजात शिशु की देखभाल, शिशु में खतरे के लक्षण, नवजात शिशु को पुनर्जीवित करने कि तकनीक, स्तनपान, कंगारू मदर केयर इत्यादि पहलुओं पर प्रतिभागियों को जानकारी दी गई।

सार-संक्षेप

राजनीति के चमकते हुए सितारे थे कांशीराम : पवन

सपा कार्यालय पर कांशीराम को श्रद्धासुमन अर्पित करते पूर्व विधायक व अन्य।

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : सपा महानगर कार्यालय पर शुक्रवार को कांशीराम की जंयती मनाई गई। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि कांशीराम भारतीय राष्ट्रीय राजनीति के परिदृश्य में एक चमकता हुआ सितारा थे।उन्होंने दलित राजनीति में एक विशिष्ट स्थान बनाया। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि कांशीराम ने दलितों के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, पूर्व प्रमुख राम अचल यादव, अंसार अहमद बब्बन, संजय सिंह, जिला अध्यक्ष शिक्षक सभा दान बहादुर सिंह, डा घनश्याम यादव, जगन्नाथ यादव, वीरेंद्र गौतम, अखिलेश चतुर्वेदी, राजेश कोरी मौजूद रहे।

केस स्टडी चुनौतीपूर्ण रोगों से निपटने का माध्यम : कुलपति

मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर सम्मेलन की शुरुआत करते कुलपति। अमृत विचार

कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में शुक्रवार को पशु औषधि विज्ञान का दो दिवसीय क्लीनिकल केस विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजित किया गया। कुलपति डॉ.बिजेंद्र सिंह व अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर इसकी शुरूआत की। इसमें सात राज्यों के 124 परास्नातक एवं शोध छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कुलपति डॉ.बिजेंद्र सिंह ने कहा कि केस स्टडी दुनिया भर के डॉक्टरों के लिए चुनौतीपूर्ण रोगों से निपटने एवं अपने अनुभव को साझा करने का एक माध्यम है। पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पीएस प्रमाणिक ने कहा कि जब नैतिक बाधाएं प्रायोगिक अनुसंधान पर रोक लगाती हैं तो उस परिस्थिति में केस रिपोर्टिंग मूल्यवान साबित हो सकती है। इससे पूर्व डॉ. सोनू जायसवाल व डॉ. डी नियोगी ने अतिथियों को बुके एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। डॉ. जेपी सिंह व डॉ. सत्यव्रत सिंह के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नवीन कुमार सिंह व डॉ. जेपी सिंह ने किया। इस मौके पर विवि के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक एवं सात राज्यों के विश्विवद्यालय से पहुंचे शोध छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

रामोत्सव | रामलला के आंगन में बिखर रही देश भर की संस्कृतियों की छटा

अयोध्या ने रचा राग-रंग का इतिहास

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार : अयोध्या ने राग-रंग का इतिहास रच दिया है। राम लला के आंगन में देश भर की संस्कृतियों की छटा बिखर रही। सरयू के तट से विरासत की रश्मियां फैल रही हैं। गायन-वादन, गीत-संगीत की स्वर लहरियां सरयू की लहरों से टकराकर आनंदित कर रही हैं। अयोध्या में नाद ब्रह्म की प्रतिष्ठा हो रही है। अयोध्या देश का शायद पहला स्थल बन गया, जहां विरासत को सहेजने के लिए 60 दिन से अनवरत श्रृंखला चल रही है। देश के उत्तर-दक्षिण, पूरब-पश्चिम के कई हजार कलाकार अब तक शास्त्रीय और देशज (जनजातिय, आदिवासी, गिरीवासी आदि) प्रस्तुतियां दे चुके हैं।

अयोध्या में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह इतिहास बन गया। श्रद्धालु मगन हैं। नामचीन कलाकार रामलला की नगरी में प्रस्तुति देने पहुंच रहे हैं। अपने को धन्य मान रहे हैं। रामोत्सव में प्रस्तुति देने वालों में हिंदू, सिख, जैन, पारसी, ईसाई, मुस्लिम, सिंधी, बंगाली, पंजाबी, गुजराती, उड़या, तमिल, मराठी, असमी, मिथला, आदिवासी सभी भाषा भाषी शामिल हैं।

पंजाब की लोक कला प्रस्तुत करते पंजाब के कलाकार। अमृत विचार

सुबह शाम सरयू तट पर राम नाम के नाद के साथ गीत-संगीत की स्वर लहरियां गूंजती है। कुछ बंद हुए, कुछ मंचों पर होली तक स्वर, संगीत की आबोहवा बहेगी। मंचों पर संचालन करने वाले देश दीपक और विश्व प्रकाश रूपन कहते हैं कि अयोध्या से देश की विरासत को सहेजने का प्रयास है।

दो महीने, 18 मंच और तरह-तरह की प्रस्तुतियां

राग-रंग के लिए रामनगरी में रामोत्सव में पांच बड़े मंच और 13 छोटे मंच बनाए गए। इनमें भजन संध्या स्थल, राम कथा पार्क, तुलसी उद्यान, राम की पैड़ी, मंदिर परिसर। 14 मार्च को दो महीने पूरे हो गए। इस दौरान विशिष्ट कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देने पहुंचे।

इन्होंने दी प्रस्तुति

तुलसी उद्यान के मंच पर गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी, पद्मश्री अजीता श्रीवास्तव, पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव, पद्मश्री खेमराज, शर्मा बंधू, कन्हैया मितल, ममता जोशी, सुनील जोगी, डॉ. हलधर, चंचल बंजारा, अंजुल शर्मा, बंदा बैरागी, पद्मश्री अनूप जलोटा, पद्मविभूषण पं. हरि प्रसाद चौरसिया, सुधा रंगराजन, कलापिनी कोमकली समेत यहां लगभग 1500 कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। इसी तरह राम की पैड़ी मंच पर विभिन्न विधाओं के 1400 कलाकारों ने प्रस्तुति दी।

विदेशी कलाकारों ने किया रामलीला का मंचन

रामकथा पार्क के मंच पर रामलीला का आयोजन हुआ। मॉरीशस, इंडोनिशया, लाओस, श्रीलंका, सिंगापुर और कंबोडिया के 100 कलाकारों ने मंचन किया। साहित्यिक मंच पर 665 कवि, साहित्यकार और कलाकारों ने प्रस्तुति दी। कवि सम्मेलन, कबीर के राम, गुरनानक के राम, सगुण-निर्गुण राम, काव्य प्रस्तुति, पुस्तक विमोचन,किस्सागोई, कठपुतली जेसे आयोजन हुए। 1400 छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया। रामोत्सव में कनार्टक से मल्लाडी रवि कुमार, महाराष्ट्र से धनश्री भाग्यश्री वाडेकर सिस्टर, दिल्ली से कीर्ति काले, राजस्थान से पद्मश्री अवध किशोर जाड़िया, मध्य प्रदेश से कालू राम बमिनया, बिहार से मंदाकिनी मिश्रा, मुंबई से तृप्ति शाक्य, चंडीगढ़ से ममता जोशी सहित तमाम बड़े कलाकार शामिल रहे। दिल्ली और उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की ओर भी आयोजन किए जा रहे है। महाराष्ट्र, राजस्थान, उतराखंड, छत्तीसगढ़, आसम, बहार, कश्मीर, झारखंड, मणिपुर, तमिलनाडु, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश दिल्ली सहित अन्य प्रातों के कलाकार यहां पहुंचे। 13 छोटे मंचों पर प्रदेश के लगभग 2200 कलाकार विविध विधाओं मे प्रस्तुति दे चुके हैं।

नहीं रहे गोरिया देव मंदिर के अर्चक

संत श्रीसीताराम दास (फाइल फोटो)

बड़ागांव, अमृत विचार : सोहावल तहसील क्षेत्र के बरई खुर्द गांव स्थित गोरिया देव मंदिर के अर्चक रहे संत मानस मनीषी सीताराम दास का गुरुवार शाम निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे।

प्रधान योगेंद्र सिंह फौजी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सर्वेश सिंह चौहान ने बताया कि गोरिया देव मंदिर के पुजारी रहे संत सीताराम दास कई माह से अस्वस्थ्य चल रहे थे। उनके निधन पर भाजपा नेता कुंवर बहादुर सिंह, मुन्नू सिंह, संजय सिंह, रजय सिंह, बब्बू सिंह, भागीरथ सिंह सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

परिक्रमा पथ अंडरपास पर जाम से जूझ रहे लोग

लखनऊ-गोरखपुर हाईवे पर परिक्रमा पथ अंडरपास पर जाम के चलते लगी वाहनों की कतार।

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : परिक्रमा पथ अंडरपास पर लोग जाम से जूझ रहे हैं। दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लगती है। देर तक इंतजार करना पड़ता है। यह स्थिति महीनों से है। वीआईपी मूवमेंट के दौरान यहां पुलिस की व्यवस्था जरूर की जाती है, लेकिन आम दिनों में लोगों का आना-जाना मुश्किल हो जाता है। परिक्रमा पथ पर यह अंडरपास हाईवे पर साईंदाता किटया के पास है। यहां पांच रास्ते खुलते हैं। जनौरा से आने वाला, देवकाली-फतेहगंज मार्ग के दक्षिण कॉलिनयों का मार्ग, दोनों ओर के सर्विस रोड के साथ दूसरी ओर दोनों सर्विस रोड खुलते है। आसपास की बस्ती का आवागमन भी इसी मार्ग से होता है। ट्रकों, छोटे चार पहिया वाहनों के साथ ई-रिक्शा और बाइक वालों का आवागमन होता है। सुबह-शाम स्थिति खराब हो जाती है। चार पहिया वाहनों के दोनों ओर आने-जाने के दौरान अंडरपास के नीचे से निकलना मुश्किल हो जाता है। वाहनों की भीड़ के दौरान जाम लगा तो कितनी देर इंतजार करना पड़े कहा नहीं जा सकता है। जाम में शुक्रवार को फंसे चंद्र भान यादव ने कहा कि यहां तो जाम लगना आम बात हो गई है। उमेश कुमार बोले कि जाम में फंसे लगभग आधा घंटा हो गया। गाड़ियां निकले तो आगे जाएं। देर हो रही है लेकिन करें भी तो क्या? किससे कहें।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

5वां रोजा

शिया
सहरी : 04.45 बजे
इफ्तार : 06.20 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.45 बजे
इफ्तार : 06.12 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

आदर्श आचार संहिता लागू होते ही हटाएं बैनर और पोस्टर : एसडीएम

अपर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी, बीडीओ और ईओ के साथ की बैठक, दिया निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आदर्श आचार संहिता लागू होने पर झंडा, बैनर, पोस्टर, वॉल राइटिंग को हटवाने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत लगाए गए झंडा, बैनर, पोस्टर, वॉल राइटिंग को हटवाया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि विद्युत के खंभों पर लगे बैनर पोस्टर को विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा उतरवाया जाए, जिससे दुर्घटना से बचा जा सके। आदर्श आचार संहिता टीम सरकारी संपत्ति का विरूपण इस प्रयोजन के लिए सरकारी परिसर में कोई भी सरकारी कार्यालय या वह परिसर शामिल होगा, जिसमें कार्यालय भवन स्थित है। सभी दीवार, लेखन, पोस्टर, कागज या किसी अन्य रूप में कटआउट होर्डिंग्स आदि चुनाव की घोषणा के 24 घंटे के भीतर सरकारी संपत्ति पर बैनर आदि हटा दिया जाएगा। सार्वजनिक स्थानों के दुरूपयोग, सम्पत्ति और रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, हवाई अड्डों, पोस्टर किसी अन्य रूप में विरूपण के कागजात, कट आउट होर्डिंग, बैनर झंडे आदि के रूप में सभी अनाधिकृत राजनीतिक विज्ञापन, आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा के 48 घंटे के अन्दर बसें, बिजली, टेलीफोन के खम्भे, नगर निगम, स्थानीय निकायों के भवन आदि पर लगे हुए पोस्टर, झंडे हटा दिए जाएंगे।

कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता।

पहले से की जाए कर्मचारियों की तैनाती

बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया गया कि अपनी-अपनी टीम में आवश्यक संख्या में स्टाफ पहले से तैनात कर लिया जाए। जिससे निर्वाचन की घोषणा होते उक्त पर कार्यवाही की जा सके। चुनाव की घोषणा के 72 घंटो के बाद यदि कोई राजनीतिक दल, उम्मीदवार अनाधिकृत सम्पत्ति विरूपण करता है तो उसे नियमानुसार नोटिस दी जाएगी।

नए कार्यों पर होगा प्रतिबंध

निजी सम्पत्ति पर प्रदर्शित सभी अनधिकृत राजनीतिक विज्ञापन और स्थानीय कानून और अदालत के निर्देशों के अधीन यदि कोई हो आयोग द्वारा चुनाव घोषणा के 72 घंटों के भीतर हटा दिए जाएंगे। किसी भी राजनीतिक दल, उम्मीदवार द्वारा अधिकारिक वाहन के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। चुनाव की घोषणा के 72 घंटों के भीतर विकास, निर्माण सम्बन्धी गतिविधियों, एमसीसी के उल्लंघन पर किसी भी शिकायत को मान्य करने के मामले में उनके कार्यों की सूची जो जमीन पर पहले ही शुरू हो चुके हैं उनके अतिरिक्त नए कार्य शुरू नहीं होंगे।

24 निरीक्षक-उप निरीक्षक के कार्य क्षेत्र में बदलाव

जिला संवाददता, अंबेडकरनगर।

▸▸ कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए एसपी ने कई थानाध्यक्षों को हटाया

अमृत विचार। कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए एसपी डॉ. कौस्तुभ ने 24 निरीक्षक और उपनिरीक्षक के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। वहीं कई थानाध्यक्ष की अपनी कुर्सी से भी हाथ धोना पड़ा है। एसपी ने जिन निरीक्षक व उपनिरीक्षक के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है उनमें प्रभारी निरीक्षक इब्राहिमपुर दीपक सिंह रघुवंशी को प्रभारी निरीक्षक टांडा, प्रभारी निरीक्षक टांडा संतोष कुमार सिंह को प्रभारी निरीक्षक जलालपुर भेजा गया है। वहीं प्रभारी निरीक्षक जलालपुर दर्शन यादव मॉनिटरिंग सेल का प्रभारी बनाया गया है और टांडा कोतवाली में तैनात इंस्पेक्टर संदीप कुमार राय को इब्राहिमपुर थानाध्यक्ष की कुर्सी सौंपी गई है। एसपी के वाचक रहे निरीक्षक जयप्रकाश को एसओजी प्रभारी बनाया गया। जनसुनवाई प्रभारी संतोष को एसपी का वाचक बनाया गया है। सम्मनपुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर संत कुमार सिंह को बसखारी थाना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि बसखारी थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिंह को सम्मनपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस लाइन से इंस्पेक्टर सैफुल्लाह अहमद अपराध व विवेचना थाना भीटी पर नवीन तैनाती दी गई है। निरीक्षक प्रेम नारायण सरोज को क्राइम ब्रांच व राजकुमार को निरीक्षक अपराध व विवेचना थाना टांडा बनाया गया है। महिला थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक वन्दना अग्रहरि को जैतपुर थानाध्यक्ष और मालीपुर थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक प्रियंका पांडेय को महिला थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। उपनिरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी को मालीपुर थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं महरुआ थानाध्यक्ष अभय मौर्या को वीवीआईपी सेल की जिम्मेदार सौंपी गई है। शहजादपुर चैकी प्रभारी विजय कुमार सोनी को महरुआ का थानाध्यक्ष बनाया गया है। जैतपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार को विशेष जांच प्रकोष्ठ का प्रभारी नियुक्त किया गया है। जैतपुर में तैनात एसआई विनीत कुमार सिंह को चैकी प्रभारी रफीगंज कटका की जिम्मेदारी दी गई है। मॉनिटरिंग सेल के राजेन्द्र कुमार शर्मा को डायल 112 का प्रभारी बनाया गया है। वीवीआईपी सेल प्रभारी जितेन्द्र सिंह को शहजादपुर चैकी इंचार्ज की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि थाना मालीपुर में तैनात एसआई आशुतोष शर्मा को मुबारकपुर चैकी प्रभारी बनाया गया है। मुबारकपुर चैकी प्रभारी विनोद यादव को जनसुनवाई सेल में भेजा गया है। पुलिस लाइन से एसआई प्रेम बहादुर सिंह, एसआई अशोक यादव व एसआई मो. इसहाक खान को सम्मनपुर, जलालपुर और अकबरपुर में नवीन तैनाती दी गई है।

45 से ज्यादा गांवों में आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। विद्युत वितरण खंड आलापुर के अन्तर्गत 33/11 केवी दो बिजली उपकेन्द्रों रामनगर और मकोइया पर गुणवत्तापरक और निर्बाध बिजली आपूर्ति किए जाने के दृष्टिगत पुराने हटाकर नए 11 केवी वीसीबी को प्रतिस्थापित किए जाने का कार्य होने के कारण विभिन्न फीडर से संबंधित 45 से अधिक गांवों और बाजारों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशाषी अभियंता एचपी मिश्र ने बताया कि 16 मार्च को रामनगर के अरमा और मसेना मिर्जापुर पोषक से संबंधित शाहपुर औरांव, खतमीपुर, रन्नापुर, नसीबा, हुसेनपुर खुर्द, सेहरामऊ, रामपुर इंडी पिंडी, लाडिलापुर, रामनगर महुवर, महेशपुर मंडप, बसहिया गंगासागर आदि में और 17 मार्च को उपकेंद्र मकोइया के हंसवर और नसीरपुर पोषक से संबंधित सिंहपुर और कटोखर चौराहा, गोहिला, मकरही, मेहंदीघाट, हिसामुद्दीन पुर पिपरा, मूसेपुर, धनुकारा, काजीपुर, चहोड़ा, मकोइया, अरुसा आजमपुर, मोहम्मद पुर मुसलमान, मुबारक पुर, हजियापुर बनियानी में आपूर्ति बाधित रहेगी।

एक नजर

एसपी-एएसपी ने समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ और अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पांडेय व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन सुनवाई के दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबन्धित थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक को तत्काल फोन और वायरलेस के माध्यम से वार्ता कर निर्देशित किया। साथ ही जमीनी विवाद को चिह्नित कर पुलिस टीम को राजस्व टीम के साथ समन्वय बनाकर टीम गठित कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

विवाद सुलझाकर साथ रहने के लिए राजी हुए जोड़े

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। महिला थानाध्यक्ष प्रियंका पांडेय व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिस कर्मी के प्रयास से पति-पत्नी के एक वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसके बाद पति-पत्नी आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हो गए।

मारपीट के मामले में सात लोगों पर मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के खजुरी गांव का है। पीड़ित निजाम ने बताया कि गांव के ही दबंग और सरकस मोहम्मद हनीफ, नूरजहां, साजरीन, सकरीन अयान व मोनू ने बीते 11 मार्च को दोपहर करीब 2:30 बजे धारदार हथियार व लाठी डंडी से घर में घुसकर मां खैरुल निशा, बेटे मेराज, वाजिद, मेरे छोटे भाई की पत्नी कुलसुम आदि को बुरी तरह से पीटते हुए घर से बाहर ले आए और धारदार हथियार से सिर पर वार किया। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं हैं। जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर में भर्ती कराया गया।

बसपा के कार्यों को बदलने का काम कर रहीं हैं पाटियां

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

▸▸ कांशीराम के 90वें जयंती पर कार्यक्रम में पूर्व सांसद ने भाजपा, सपा व कांग्रेस पर बोला हमला

अमृत विचार। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापक कांशीराम के 90वें जयंती पर बसपा कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत कांशीराम के चित्र के सामने बसपा नेताओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया और उनकी उपलब्धियों को गिनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पूर्व सांसद घनश्याम चंद्र खरवार ने कहा कि बहुजन समाज को भारत देश का हुक्मरान बनाना ही कांशीराम का लक्ष्य था। कांशीराम ने संघर्ष करके दलितों, शोषितों पिछड़ों धार्मिक अल्पसंख्यक समाज को राजनीतिक भागीदारी देने के उद्देश्य से बसपा की स्थापना किया और संगठन व सरकार में समाज के सभी वर्गों को उचित भागीदारी देने का कार्य किया है। बसपा के शासनकाल में हुए कार्यों को बदलने का कार्य भाजपा और सपा की सरकारों में हुआ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल प्रभारी बलराम निषाद और संचालन जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सावंत ने कियाए।

कार्यक्रम को मुख्य रूप से मोहम्मद कलाम शाह, जिला प्रभारी अरविंद कुमार गौतम, दयाराम राजभर, डॉ. राजेश सिंह, कमर हयात, सुनील मौर्य, रोहित प्रजापति, गप्पू चौधरी, दयानंद मौर्य, निरपति, अंबेश, सभाजीत, छेदीराम मौर्य, राजबहादुर, आज्ञाराम, गुलाम, केवरिया, मुन्नीलाल, मुनिवर, सुरजीत गौतम, आशीष अंबेडकर, तिलकधारी गौतम, राम शुभावन, भारती, विशाल बौद्ध, आरती गौतम, शैल कुमारी, दबीर अहमद, हुसैन अहमद, अकरम इदरीसी ने संबोधित कर बसपा को मजबूत बनाने का आवाहन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व सांसद घनश्याम चंद्र खरवार व साथ में मौजूद अन्य।

साजिश करने वाले मना रहे हैं कांशीराम की जयंती

अयोध्या मंडल के प्रभारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार विमल ने कहा कि दलित समाज का वोट लेने की साजिश करने वाले राजनीतिक दल भी आज कांशीराम की जयंती मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा और भाजपा व कांग्रेस पार्टी आपस में मिली हुई है और दलितों की सबसे बड़ी राजनीतिक दुश्मन यह दल है।

पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। थाना इब्राहिमपुर पुलिस ने पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना इब्राहिमपुर पुलिस टीम ने पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त इन्द्रजीत पुत्र रामबचन निवासी भिखारीपुर यादवपुर थाना इब्राहिमपुर को मुखबिर की सूचना के आधार पर ऐनवा बाजार के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल रवाना कर दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार राय, निरीक्षक श्रीचन्द्र यादव, कांस्टेबल सोनू यादव, कांस्टेबल रवीन्द्र यादव, महिला कांस्टेबल पूर्णिमा सिंह शामिल रहीं।

आठ हजार भक्तों ने किया रामलला के दर्शन

▸▸ पुष्प वर्षा कर 200 बसों से श्रद्धालुओं को किया गया रवाना

▸▸ सांसद रितेश पांडे को श्रद्धालुओं ने दिया आर्शीवाद

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए जनपद से 200 बसों से करीब आठ हजार श्रद्धालु रवाना हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयम्बक तिवारी, लोकसभा संयोजक अवधेश द्विवेदी, भाजपा लोकसभा प्रत्याशी रितेश पांडे और जिला उपाध्यक्ष विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू ने श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा के साथ जयश्री राम के नारे लगाकर बसों को अयोध्या के लिए रवाना किया।

श्रद्धालुओं ने कहा कि जब से भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई है तभी से हम लोग दर्शन करना चाहते थे, लेकिन सुविधा नहीं होने से दर्शन के लिए नहीं जा पा रहे थे। सांसद रितेश पांडे ने कहा कि भाजपा की सरकार में ही नव्य राममंदिर में श्रद्धालु भव्य दर्शन-पूजन कर पा रहे हैं। श्रद्धलुओं ने अयोध्या में दर्शन-पूजन कर सांसद का आभार जताते हुए उन्हें विजयी होने का आर्शीवाद भी दिया।

श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करते सांसद रितेश पांडे। अमृत विचार

यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन आज से

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

▸▸ 175 उप प्रधान परीक्षक व 1704 परीक्षक जाचेंगे तीन लाख से ज्यादा कांपियां

अमृत विचार। जनपद में यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शनिवार से शुरू होगा। जिसके लिए पांच उपनियंत्रक की तैनाती की गई है। बता दें कि तीन लाख 47 हजार 420 उत्तर पुस्तिकाओं का 175 उप प्रधान परीक्षक व 1704 परीक्षक मूल्यांकन करेंगे।

डीआईओएस कार्यालय के अनुसार जनपद में पांच केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। कुल तीन लाख 47 हजार 420 कॉपियों का मूल्यांकन होना है। जिसमें हाईस्कूल की दो लाख 18 हजार 200 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन दो केंद्रों पर और इंटरमीडिएट की एक लाख 29 हजार 131 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन तीन केंद्रों पर किया जाएगा। अकबरपुर नगर स्थित डॉ. जीके जेतली इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की एक लाख 17 हजार 45 व संतकबीर इंटर कॉलेज सैदापुर में हाईस्कूल की ही एक लाख एक हजार 244 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होगा। इसी प्रकार बीएन इंटर कॉलेज अकबरपुर में इंटरमीडिएट की 38 हजार 622, सरदार पटेल स्मारक इंटर कॉलेज लारपुर में 42 हजार 304 और जनता इंटर कॉलेज फत्तेपुर चड़गांव में 48 हजार 205 उत्तर पुस्तिकाएं का मूल्यांकन किया जाएगा। डॉ. जीके जेतली में डॉ. विनय कुमार को उपनियंत्रक बनाया गया है। जबकि 47 उपप्रधान परीक्षक और 478 परीक्षक लगाए गए हैं।

5 केंद्रों पर होगा मूल्यांकन

डीआईओएस गिरीश कुमार सिंह ने बताया कि 16 मार्च से प्रारंभ होने वाले यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शनिवार से जनपद के पांच केंद्रों पर मूल्यांकन का कार्य शुरू होगा।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं:-
क्रम सं.-1, कार्य का नामः बनारस स्टेशन, वाराणसी सिटी स्टेशन, डीआरएम कार्यालय, अधिकारी क्लब, अधिकारी विश्राम गृह के रेलवे परिसर/कैम्पस के भीतर एक वर्ष के लिये मासिक किराये के आधार पर पूरी तरह से विकसित पॉटेड सजावटी पौधो, विभिन्न प्रजातियों के मौसमी फूलो का लाइव इनडोर और आउटडोर रख-रखाव के साथ आपूर्ति और प्रदर्शन। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2023-244, अनुमानित लागतः ₹ 1,22,90,094/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 2,11,500/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 04-04-2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 12 माह। **क्रम सं.-2,** कार्य का नामः गोरखपुर छावनी-पनियहवा अनुभाग में स्टैण्डराईजेशन एवं ट्राली रिफ्यूज बनाना। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2023-245, अनुमानित लागतः ₹ 40,70,759/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 81,400/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 10-04-2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/ अवधि की तिथिः 06 माह। **क्रम सं.-3,** कार्य का नामः महराजगंज-मसरख खण्ड के बीच एलएसएसडब्लू संख्या 39 पर शेड का प्रावधान। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2023-246, अनुमानित लागतः ₹ 60,42,678/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹ 1,20,900/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 10-04-2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 04 माह।
• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2023-244 दिनांक 04-04-2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2023-245 से एनईआर-बीएसबी-2023-246 दिनांक 10-04-2024 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), वाराणसी
मुजाधि/डब्लू-582
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

जागरुकता अपर जिला जज ने कहा-जमानतदार के अभाव में रिहा नहीं हो पा रहे बंदियों की सूची कराएं उपलब्ध

बंदियों को हक के बारे में किया जागरूक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम सुलीन सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को जिला कारागार में प्ली बारगेनिंग और 436ए के लाभ विषय पर अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमलेश कुमार मौर्य द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन और जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। विधिक साक्षरता शिविर में जिला करागार से कारापाल गिरिजा शंकर यादव, उपकारापाल छोटे लाल सरोज और जिला कारागार के अन्य कर्मचारी और बंदियों ने प्रतिभाग किया।

शिविर को संबोधित करते हुए अपर जिला जज कमलेश कुमार गौर्य ने प्ली बारगेनिंग विषय पर कहा कि भारतीय संसद ने दंड प्रक्रिया संहिता में संशोधन अधिनियम 2/2006 द्वारा एक नया अध्याय 21ए, प्ली बारगेनिंग नामक शीर्षक जोड़कर दांडिक अभियोजन व पीड़ित पक्ष आपसी सामंजस्य से मामले के निपटारे के लिए न्यायालय के अनुमोदन से एक रास्ता निकालते हैं। जिसके तहत अभियुक्त द्वारा अपरत्ध स्वीकृति पर उसे हल्के दंड से दंडित किया जाता है, जो अन्यथा कठोर हो सकता है। प्ली बारगेनिंग समझौते का एक तरीका है। इसके तहत अभियुक्त कम सजा के बदले में अपने द्वारा किए गए अपराध को स्वीकार करके और पीड़ित व्यक्ति को हुए नुकसान और मुकदमें के दौरान हुए खर्चे की क्षतिपूर्ति करके कठोर सजा से बच सकता है। अपर जिला जज ने 436ए के बारे में बताया कि जब किसी व्यक्ति किसी विधि के अधीन किसी अपराध के मृत्यु दंड को छोड़कर इस संहित के अधीन अन्वेषण, जांच या विचारण की अवधि के दौरान कारावास की उस अधिकराम अवधि के, जो उस विधि के अधीन उस अपराध के लिए विनिर्दिष्ट की गई है, के आधे से अधिक के लिए कारागार निरूद्ध रह चुका है। अपर जिला जज ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि जिला कारागार में निरूद्ध ऐसे बन्दी जिनकी जमानत न्यायालय से हो चुकी है लेकिन वह जमानतदार के अभाव में कारागार से रिहा नहीं हो पा रहे हैं तो उसकी सूचना से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंबेडकरनगर को समय-समय पर अवगत कराते रहें।

जिला कारागार का किया निरीक्षण

अपर जिला जज ने जिला कारागार और जेल लीगल एंड क्लीनिक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने बन्दियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी हासिल किया। उन्होंने बन्दियों को लीगल एंड डिफेन्स काउन्सिल के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान किया। सचिव ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि बन्दियों को उनकी रिहाई के अधिकारों के प्रति जागरूक करें व किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर उचित उपचार दिलाना सुनिश्चित करें।

साफ-सफाई का ध्यान रखें जिम्मेदार

अपर जिला जज कमलेश कुमार मौर्य ने बन्दियों के खान-पान का विशेष ध्यान रखने के लिए जेल अधीक्षक को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों और जिला कारागार परिसर में साफ -सफाई का विशेष ध्यान रखें। किसी भी प्रकार की विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए जेल लीगल एंड क्लीनिक में नियुक्त जेल पराविधिक स्वयं सेवक और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सम्पर्क स्थापित कर सहायता प्राप्त की जा सकती है।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० बी० फार्मा, मो0: 9452245400,
के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक नजर

अज्ञात कारणों से लगी आग से गृहस्थी का सामान जला

परसपुर, अमृत विचार : अज्ञात कारणों से लगी आग से गृहस्थी का सामान जल कर राख हो गया। परसपुर थाना क्षेत्र के भौरीगंज रामबली पुरवा निवासी राजेंद्र कुमार पाण्डेय के घर शुक्रवार को दोपहर बाद लगी आग ने देखते ही विकराल रूप धारण कर लिया और गृहस्थी का सामान धूं धूं कर जलने लगा गांव के लोगों के काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों ने हल्का लेखपाल को सूचित कर दिया, परन्तु जांच-पड़ताल के लिए नहीं पहुंचे।

जानलेवा हमले के आरोपी को किया गिरफ्तार

गोंडा, अमृत विचार : जानलेवा हमले के आरोपी को नगर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। राम महेश गिरि पुत्र द्वारिका गिरि निवासी महादेवा केशवपुर थाना नगर में तहरीर दी थी कि प्रधान नरेन्द्र कुमार गिरि की छत पड़ रही थी। आरोपी द्वारा अपने परिजनों के साथ मिलकर बिना किसी कारण के गाली-गुप्ता देते हुए लाठी डंडों से मारने पीटने लगे थे जिससे उनके भाई रमेश गिरि व अन्य गंभीर चोटे आयी है। पुलिस ने आरोपी बृजेश गिरी पुत्र ईश्वरदीन गिरी निवासी महादेवा पोस्ट केशवपुर पहड़वा थाना नगर को गंगापुर गोसाई पुरवा नहर के पास से गिरफ्तार किया। नगर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि जानलेवा हमले के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

चार सगे भाइयों पर सामूहिक दुष्कर्म का केस

नवाबगंज, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया है कि बीते चार जनवरी 2024 की शाम घर से खेत की तरफ शौच के लिए जा रही थी। पहले से मौजूद गांव के राम केश, दीपू, सकराम तथा सुनील ने उसे दबोच लिया और बारी बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी का केस दर्ज कर लिया गया है।

शैक्षिक भ्रमण में दी गई चीनी बनाने की जानकारी

गोंडा, अमृत विचार : बजाज हिन्दुस्थान कुन्दरखी चीनी मिल में ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अन्तर्गत विकास खण्ड पण्डरी कृपाल के छात्र-छात्राओं का शैक्षिक स्तर बढ़ाने व उनमें मानसिक विकास के लिए सर्व शिक्षा अभियान के तहत कुन्दरखी चीनी मिल के मुख्य गेट से प्लान्ट के संयत्रों के कार्य प्रणाली व गन्ने से चीनी निकलने तक की जानकारियां विस्तृत रूप से देकर छात्र-छात्राओं का मानसिक विकास व ज्ञानवर्द्धन किया। कहा गया कि छात्र-छात्राओं का मानसिक विकास होना बेहद अनिवार्य है। उन्हें आगे बढ़ना चाहिए। शैक्षिक भ्रमण की अगुवाई खण्ड शिक्षा अधिकारी पंडरी कृपाल शशांक कुमार सिंह समेत दस शिक्षकों द्वारा की गयी।

खाद्यान्न वितरण शुरू होते ही डाउन हुआ सर्वर

दोपहर बाद मशीनों में आया सर्वर तब जाकर शुरू हो सका वितरण कार्य, कई कार्डधारक निराश लौटे

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: नये इलेक्ट्रॉनिक वेइंग व ई-पॉश मशीन से शुक्रवार को खाद्यान वितरण प्रारंभ हो गया। लेकिन वितरण प्रारंभ होते ही सर्वर डाउन हो गया। घंटों तक कतार में लगने के बाद लाभार्थी कार्ड धारकों को बिना राशन वापस लौटना पड़ा। दोपहर बाद सर्वर मशीन में आया तो राशन कार्ड धारकों को धीरे-धीरे खाद्यान्न देने की शुरुआत की गई।

सरकार की ओर से गरीबों को पूरा खाद्यान्न मिले इसके लिए तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। अब नए इलेक्ट्रॉनिक वेइंग व ई-पास मशीन से इस माह से खाद्यान्न का वितरण हो रहा है।

सर्वर डाउन दिखा रहा मोबाइल।

लेकिन सर्वर की समस्या इस मशीन में भी सामने आई। सुबह जब लाभार्थी खाद्यान्न को लेने कोटेदार की दुकान पर पहुंचे तो अधिकांश दुकानों पर नेटवर्क न होने के बाद सामने आई। कोटेदारों में इसकी सूचना अधिकारियों को दी। पूर्ति विभाग के अफसरों ने तत्काल जिस कंपनी के मशीन कोटेदारों को दी गई है उनको सूचित करने लगे। दोपहर तक मेहनत के बाद नेटवर्क आया लेकिन धीमा चलने के कारण वितरण गति अत्यंत धीमी रही। जिले में वर्तमान समय में 13 93 कोटेदार हैं जिनको प्रत्येक माह 6 लाख से अधिक राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न देना होता है। इस बार शासन ने खाद्यान्न वितरण व्यवस्था को हाईटेक बनाते हुए प्रचलित कांटे की जगह पर इलेक्ट्रॉनिक कांटा कोटेदारों को दिया है। पूरे जिले में शाम तक वितरण की स्थिति ठीक नहीं रही। 1.5 फीसदी ही लाभार्थियों को खाद्यान्न दिया जा सका। अफसर यह मान्य रहे है की मशीन नयी है धीरे-धीरे खाद्यान्न वितरण के गति में तेजी आएगी। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि नये इलेक्ट्रॉनिक कांटे व ई- पास मशीन में सर्वर की समस्या आई थी, दोपहर तक सही हो गई। खाद्यान्न वितरण की गति धीमी है, लेकिन जल्दी वितरण रफ्तार पकड़ लेगा। उन्होंने बताया कि जिस कंपनी की मशीन है उसके प्रतिनिधि क्षेत्र में भ्रमण कर कोटेदारों की समस्या का निदान करने में लगे हैं।

अधिकारियों ने देखी राशन वितरण की हकीकत

खाद्यान्न वितरण के पहले दिन अधिकारियों ने कोटे की दुकान पर पहुंचकर खाद्यान्न वितरण की हकीकत देखी। वितरण के दौरान सामने आया कि नेटवर्क की समस्या मशीन में है। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे व नगर के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शिव प्रकाश तिवारी ने नगर पालिका क्षेत्र के दुकानों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने लाभार्थियों को खाद्यान्न वितरण को लेकर समझाया तथा जागरूक भी किया। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न वितरण में कोई समस्या आती है तो तत्काल सूचित किया जाए। समस्या का निराकरण किया जाएगा। सभी लोग अपने हिस्से का पूरा खाद्यान्न प्राप्त करें। सरकार ने विभाग को हाईटेक बनाने की प्रक्रिया की है। डीएसओ ने नगर क्षेत्र के कोटेदार निरंजन लाल के दुकान का निरीक्षण किया।

दिव्यांग की जमीन पर कब्जा पुलिस नहीं कर रही सुनवाई

करनैलगंज, गोंडा

अमृत विचार: राजस्व व पुलिस विभाग के जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते नेत्र से दिव्यांग व्यक्ति के खाते की भूमि को गांव के ही कुछ लोग जबरन कब्जा कर रहें हैं। भूमि बचाने के लिए वह अधिकारियों का चक्कर लगाकर थक चुका है।

प्रकरण कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम पाल्हापुर से जुड़ा है। यहां के निवासी पुत्तीलाल दोनों नेत्र से दिव्यांग हैं। पीड़ित पुत्तीलाल ने बताया की गांव के ही निवासी कुछ लोगों ने उसके पैतृक आवादी की भूमि को कब्जा कर लिया है। उसके बाद उसके नाम दर्ज कागजात खाते की भूमि को कब्जा करने लगे। जिस पर उसने एसडीएम कोर्ट पर हदबरारी का वाद प्रस्तुत किया। न्यायालय द्वारा पैमाइश करके पत्थर नसब कराने का आदेश पारित किया गया। आरोप है राजस्व कर्मियों ने आरोपियों से मिलीभगत करके बिना पैमाइश व पत्थर नसब कराये ही फर्जी रिपोर्ट लगाकर न्यायालय पर प्रस्तुत कर दिया है। अब वह न्याय के लिए थाना व तहसील का चक्कर लगा रहा है मगर उसकी कोई सुनने को तैयार नहीं है।

एसडीएम विशाल कुमार का कहना कि उन्हें मामले की कोई जानकारी नहीं है। जल्द ही प्रकरण की पूरी जांच-पड़ताल कराकर पीड़ित को न्याय दिलाया जाएगा।

चंदापुर नगरी में रोटावेटर में फंसकर किसान की मौत

खेत की जुताई के दौरान संतुलन बिगड़ने से हुआ हादसा

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: वजीरगंज थाना क्षेत्र के चंदापुर नगरी गांव के रहने वाले एक किसान की शुक्रवार को खेत की जुताई के दौरान रोटावेटर में फंसकर दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। किसान की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा है।

वजीरगंज थाना क्षेत्र के चंदापुर नगरी गांव का रहने वाला हरीश कुमार चौहान(25) पुत्र रमेश कुमार चौहान शुक्रवार को पंड़राही गांव स्थित अपने खेत की जुताई करने गया था। खेत की जुताई करने के दौरान ट्रैक्टर के रोटावेटर में कोई तकनीकी समस्या आ गई,जिससे ट्रैक्टर असंतुलित होकर चलने लगा। हरीश ने ट्रैक्टर चलाते हुए ही रोटावेटर को ठीक करने की कोशिश की। इसके लिए वह ड्राइविंग सीट से उल्टा घूम कर रोटावेटर को सेट करने लगा इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह चल रहे ट्रैक्टर व रोटावेटर के बीच में गिरकर फंस गया। चलते रोटावेटर के बीच में गिरने से हरीश का शरीर कई टुकड़ों में कट गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। आसपास में मौजूद लोगों ने हादसा होते हुए देखा तो दौड़ पड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। लोगों ने चल रहे ट्रैक्टर को बंद किया और घर वालों को सूचना दी। युवक के मौत की सूचना मिलते ही घर में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिजन रोते बिलखते हुए खेत में पहुंच गए। परिजनों के सूचना पर पहुंची वजीरगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि खेत की जुताई के दौरान रोटावेटर ठीक करने के दौरान हादसा हुआ है।

घटना के बाद जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

डिवाइडर से टकराई पिकअप, कई मजदूर घायल

करनैलगंज, अमृत विचार : शुक्रवार की सुबह मौर्य नगर चौराहे के पास एक तेज रफ़्तार पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में पिकअप पर सवार चार मजदूर जख़्मी हो गए जिसमें गंभीर रूप से घायल एक मजदूर को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुंडेरवा के मजरा रघुराजपुरवा निवासी बैजनाथ (40) पुत्र गुनाम, विष्णु(20) पुत्र जगजीवन, संदीप (30), दीनानाथ (35) समेत करीब एक दर्जन मजदूर पिकअप में सवार होकर कहीं मजदूरी के लिए जा रहे थे। इसी बीच गोंडा-लखनऊ मार्ग स्थित मौर्य नगर चौराहे के पास एक बाइक को बचाने के दौरान पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर लगे सीसीटीवी कैमरे के पोल व बोर्ड से टकरा गई। हादसे के बाद अफरा तफरी मच गई आस-पास के लोगों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज में भर्ती कराया। सीएचसी अधीक्षक डॉ अनुज कुमार ने बताया कि गंभीर रूप से घायल बैजनाथ को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।


घायल का इलाज करते डॉक्टर।

कार्यशाला में तनाव दूर करने के बताए उपाय

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली पीजी कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग की ओर से मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि वक्ता नूर मंजिल लखनऊ की वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक चिकित्सक डॉ अंजली गुप्ता एवं विशिष्ठ अतिथि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ की वरिष्ठ प्रोफेसर अवनीश अग्रवाल रहीं। संगीत विभाग के सभी अतिथियों स्वागत किया गया। शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण करके हुआ। मनोविज्ञान विभाग की ओर से परिचय कराया गया। मुख्य अतिथि ने प्रोजेक्टर पर तारे जमीं पर मूवी को दिखाते हुए विभिन्न मानसिक बीमारियों एवं उनके उपचार को बताते हुए मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न तथ्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ठ अतिथि ने मानसिक तनाव एवं उसके प्रकारों को बताते हुए उन्हें कम करने एवं दूर करने के उपायों को विस्तार से बताया। एलबीएपीजी कॉलेज की मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ ममता शर्मा ने भी मानसिक स्वास्थ्य पर विचार प्रकट किये। कार्यशाला में दो सौ से अधिक छात्राओं ने हिस्सा लिया। छात्राओं से प्रश्नावली के माध्यम से मानसिक तनाव पर उनके दृष्टिकोण लिए गये। कार्यशाला को सफल बनाने में मनोविज्ञान विभाग की शिक्षिका डॉ विमला का विशेष योगदान रहा। संचालन आयुषी पाण्डेय एवं नयन श्रीवास्तव ने किया। मुख्य रूप से महाविद्यालय की व्यवस्थापिका डॉ आनंदिता रजत, डॉ तनवी जायसवाल, रंजना बंधू, डॉ हरप्रीत कौर, डॉ अमिता श्रीवास्तव, डॉ मौसमी सिंह, डॉ नीतू सिंह, डॉ आशु त्रिपाठी, गीता श्रीवास्तव, डॉ रश्मि द्विवेदी, सुनीता मिश्रा, सुनीता पाण्डेय, अन्नू उपाध्याय, डॉ डी कुमार, अर्जुन चौबे, सुबेन्द्र वर्मा, अतुल कुमार तिवारी, प्रियंका त्रिपाठी, नेहा जयसवाल, सुषमा सिंह, सविता मिश्रा, निधि मिश्रा, अरविन्द कुमार पाठक आदि उपस्थित रहे।

नारी ज्ञान स्थली कॉलेज में उपस्थित छात्राएं। अमृत विचार

सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

बभनजोत, गोंडा

अमृत विचार: खोड़ारे थाना क्षेत्र के लक्ष्मी नगर ग्रांट निवासी पियारे ने पुलिस को दिए हुए तहरीर में बताया है कि उनके पिता नेब्बुलाल 11 मार्च को दिन में 3 बजे करीब पैदल बनरहा गांव से बगदार चौराहे पर आ रहे थे। एक वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। इसमें इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई।

पियारे लाल ने बताया कि 11 मार्च को बभनान बाजार से घारीघाट की तरफ आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित चार पहिया वाहन स्कॉर्पियो बगदर चौराहे पर पैदल आ रहे उनके पिता नेब्बूलाल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे उनके पिता का दोनों पैर व सीना फैक्चर हो गया। स्कॉर्पियो वहां रोड से बगल बने मकान में जा घुसी। चालक दुर्गा प्रसाद निषाद निवासी ग्राम केशव नगर ग्रांट वाहन चला रहे थे। परिवार को बगैर बताए इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल बस्ती लेकर गए, जहां पर मेडिकल स्टाफ से विवाद करके डिस्चार्ज कराकर जिला अस्पताल बस्ती भर्ती कराया और छोड़कर भाग गए। इलाज के दौरान 14 मार्च को उनके पिता नेब्बूलाल की मौत हो गई। मृतक का पोस्टमार्टम जनपद बस्ती पुलिस द्वारा कराया गया।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि मृतक के बेटे की तहरीर पर गंभीर चोट पहुंचाने व गैर इरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

सार-संक्षेप

हनुमानगढ़ी कोटिया धाम में नौ दिवसीय रामकथा शुरू

कलशयात्रा में शामिल भक्तगण। अमृत विचार

मसकनवा, अमृत विचार : हथियागढ़ स्थित हनुमानगढ़ी कोटिया मंदिर के 15वें वार्षिकोत्सव के मौके पर नौ दिवसीय श्रीरामकथा का आयोजन किया गया है। गाजे-बाजे के साथ कलशयात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि गौरा विधायक प्रभात वर्मा ने वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलशयात्रा गाजे बाजे के साथ मुख्य मंदिर से हाथी घोड़ा व गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में बालिकाओं और महिलाओं ने पीला वस्त्र पहन कर सिर पर कलश धारण किया। कलश यात्रा कोटिया धाम मंदिर से खैराहा पोखरा, हथियागढ़ बाजार, प्रेम नगर चौराहा होते हुए सिंगार घाट के विसुही नदी के तट पर पहुंची।

दीक्षांत समारोह का आयोजन आज

गोंडा, अमृत विचार : सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल पंतनगर में शनिवार को विद्यालय परिसर में बाल वाटिका के छात्र-छात्राओं के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। छात्र प्रस्तुति भी देंगे। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर परमिंदर संधू ने दी है।

कटरा और रामघाट स्टेशन के बीच जांची सुरक्षा

नवाबगंज, अमृत विचार : संरक्षित रेल परिवहन, यात्रियों की सुरक्षा तथा संरक्षा के समुचित प्रबंधन को लेकर रेल संरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर परिमंडल लखनऊ प्रणजीव सक्सेना ने शुक्रवार को अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव कुमार तथा मंडल के शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में कटरा-रामघाट स्टेशनों के मध्य ब्रिज संख्या 18 तथा उक्त रेलखंड पर स्थित स्टेशन भवन, रेलवे ट्रैक, रेलवे यार्ड, सिग्नल, ओएचई, लेवल क्रॉसिंग गेट्स आदि की संरक्षा जांच की।

युवती को भगा ले जाने का लगाया आरोप

गोंडा, अमृत विचार : वजीरगंज थाना के एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि हमीरपुर थाना रानीपुर, बहराइच निवासी युवराज सिंह गांव में रिश्तेदारी में आया था जहां से शादी का झांसा देकर 19 वर्षीय लड़की को घर से बहला फुसलाकर भाग ले गया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

डिवाइडर पर संकेतक लगवाने की मांग

गोंडा, अमृत विचार : नगर कोतवाली अंतर्गत गोंडा बलरामपुर मार्ग स्थित माल गोदाम सुभागपुर क्रॉसिंग पर बनाया गया डिवाइडर में संकेतक नहीं लगा है। जिससे आए दिन दुर्घटना होती रहती है। रेलवे विभाग की लापरवाही का नतीजा है कि आए दिन लोग चोटिल होते रहते हैं। चंदन ,अनुराग, राजा, राम, सतीश लाल जी तिवारी आज लोगों ने डिवाइडर पर संकेतक लगवाने की मांग की है।

एक करोड़ से चमकेगा बकुई मंदिर

बभनजोत, गोंडा

अमृत विचार: पर्यटन विभाग की ओर से जारी की गई एक करोड़ चार लाख रुपए से बकुई में स्थित हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार होगा। शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार ने हवन पूजन कर मंदिर के जीर्णोद्धार का शिलान्यास किया।

विकासखंड बभनजोत के अंतर्गत ग्राम पंचायत जगन्नाथ ग्रांट में बहुप्रतीक्षित मंदिर बकुई कुटी हनुमान मंदिर धाम का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने किया। मंदिर लगभग 104 लाख की लागत से बनाई जाएगी। यह मंदिर लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ है। मंदिर में साल भर लाखों श्रद्धालु पूजा याचना करते हैं। यहां की आबादी को धार्मिक लाभ मिलेगा। शिलान्यास कार्यक्रम के शुभ अवसर पर मुख्य रूप से सहायक अभियंता गंगाराम, सोहरथ वर्मा, विक्रम, संदीप, राज करन वर्मा, अतुल नायक, भल्लू सिंह, संजय सिंह, विश्वनाथ पाठक, अंबिका वर्मा, अतीक अहमद, लालाबाबू, संजय सिंह, परशुराम निषाद, काशी राम शर्मा, साधू यादव सहित भारी संख्या में आम जनमानस मौजूद रहा।

शिलान्यास करते विधायक प्रभात वर्मा व अन्य। अमृत विचार

मतवरिया-छजवा सड़क का शिलान्यास

धानेपुर, गोंडा

अमृत विचार: मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने शुक्रवार को मुजेहना ब्लाक के मतवरिया-छजवा सड़क का फीता काटकर शिलान्यास किया। तीन किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण पर 2.10 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सड़क शिलान्यास करते हुए विधायक विनय द्विवेदी ने कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ लोगों की सेवा करना ही उनकी पहली प्राथमिकता है। विधानसभा क्षेत्र की सभी जर्जर एवं कच्ची सड़कों का कायाकल्प किया जायेगा। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही एकमात्र लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों के लोगों तक पहुंचे इसके लिए वह लगातार प्रयास कर रहे हैं। समाज के अन्तिम पायदान पर खडे हर व्यक्ति का समुचित विकास कर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना ही उनका लक्ष्य है। इस अवसर पर नगर पंचायत प्रतिनिधि मंशाराम वर्मा, सांसद प्रतिनिधि कमलेश पांडेय, पूर्व जिला मंत्री चन्द्र प्रकाश शुक्ला, प्रधान संघ अध्यक्ष विनोद सिंह, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, प्रधान मतवरिया गब्बर जायसवाल, प्रधान सालिकराम, राम जन्म वर्मा, विजय सिंह, अजय वर्मा, रामपाल वर्मा, अरुण त्रिपाठी गुरूदास शर्मा आदि मौजूद रहे।

फीता काटकर सड़क का शिलान्यास करते मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी व अन्य।

एनएसएस शिविर जे देवी महिला महाविद्यालय बभनान में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का उद्घाटन, समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने की दी गई नसीहत

कठिन परिश्रम, अनुशासन और सेवाभाव को आत्मसात करें छात्राएं

बभनान, गोंडा

अमृत विचार: युवा ही राष्ट्र व समाज के उत्थान में अहम भूमिका निभाता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों संकल्प, कठिन परिश्रम, अनुशासन व सेवाभाव को आत्मसात कर छात्राओं की जीवन शैली में नई उर्जा व दिशा मिलती है।

उक्त बातें जे देवी महिला महाविद्यालय बभनान के सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के उद्घाटन अवसर पर आचार्य नरेंद्र देव किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बभनान के प्राचार्य डॉ डीके शुक्ल ने किसान इंटर कॉलेज बभनान मे शिविरार्थी छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। विशिष्ट अतिथि किरन तिवारी ने कहा शिविर में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को शिविर के समय होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में पूरे मन से प्रतिभाग करना चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रा आकृति ने सरस्वती वंदना से की। कार्यक्रम अधिकारी बृजभूषण लाल व राजेश श्रीवास्तव ने अतिथियों का आभार जताया। इस मौके पर हरजीत कौर, डॉ संतोष शुक्ला, मधु त्रिपाठी, सरिता द्विवेदी, डॉ. अजय मिश्र आदि रहे। दूसरी ओर बभनान में भी राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर आयोजित हुआ। उद्घाटन सत्र पर मुख्य अतिथि पर्यावरणविद डॉ. वीके शुक्ल ने कहा भारतीय संस्कृति विश्व संस्कृतियों का मूलाधार है। युवा पीढ़ी को मात्र शिक्षित ही नहीं संस्कारवान होना भी अनिवार्य है। भौतिकवाद के विस्तार के साथ ही युवा पीढ़ी के जीवन में जो खुलापन आया है, उसने सभी सामाजिक बंधन तोड़ दिए। संस्कार, नैतिकता जैसे शब्द युवा पीढ़ी के लिये मजाक के विषय बन गए हैं। समाज में फैली कुरीतियों से लड़कर अच्छे समाज का निर्माण करना चाहिए। इसके पूर्व डॉ शुक्ल द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। महाविद्यालय की छात्रा तनु पांडे द्वारा आए हुए अतिथियों के प्रति स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रमाधिकारी डॉ श्रवण कुमार शुक्ल ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रमाधिकारी डॉ सत्य प्रकाश शुक्ल, डॉ प्रदीप कुमार पांडे, डॉ सुधांशु वर्मा, स्कंद शुक्ल सहित शिविरार्थी छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

एनएसएस शिविर में संकल्प लेते बच्चे। अमृत विचार

शिविर का समापन

करनैलगंज, अमृत विचार : एनएसएस के सात दिवसीय शिविर के समापन पर प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इसके बाद उन्हें संकल्प दिलाया गया। कंपोजिट विद्यालय सकरौरा ग्रामीण परिसर में आयोजित शिविर के सातवें दिन समापन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरबी सिंह ने किया। मुख्य अतिथि बीईओ नूतन जायसवाल ने स्वयंसेवकों का उत्साह बढ़ाया। कचनापुर ग्राम प्रधान राकेश मोहन तिवारी ने समाज में युवाओं की भूमिका पर वक्तव्य दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य ने स्वयंसेवकों को लक्ष्य बनाकर सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। प्रतिभागियों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, होली नृत्य, देशभक्ति नृत्य व प्रभु श्रीराम पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। संचालन रविंद्र प्रताप सिंह ने किया। छात्र-छात्राओं को प्राचार्य एवं बीईओ ने स्मृति चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया।

परवान चढ़ी सारस और ग्रामीणों की दोस्ती

ग्रामीणों के साथ ही करता है भोजन, कहने पर करता है डांस, दूरदराज से देखने आ रहे लोग

सारस को दाना खिलाते डिवलीडीह गांव के कल्लू।

अकबर अली, बभनजोत, गोंडा

अमृत विचार: अमेठी जिले के मंडका गांव के रहने वाले आरिफ की राजकीय पक्षी सारस से दोस्ती की कहानी तो आपको याद ही होगी कि किस तरह घायल सारस का इलाज करने वाले आरिफ से सारस की दोस्ती परवान चढ़ी थी। ठीक इसी तरह का वाकया जिले के बभनजोत ब्लाक के ग्राम पंचायत मन्नीजोत के मजरा डिवलीडीह में सामने आया है। यहां भी एक सारस पक्षी लोगों के उत्सुकता का केंद्र बना है। यह पक्षी गांव के लोगों के बीच ही रहता है उन्हीं के साथ खाना खाता है और गांव में ही सोता भी है। यही नहीं ग्रामीणों से उसकी दोस्ती ऐसी है कि वह उनके बुलाने पर आवाज भी लगाता है और उनकी डिमांड पर डांस भी करता है।

हालांकि दुर्घटना में अपना एक पंख खोने के बाद अब वह उड़ नहीं सकता। यह सारस पक्षी करीब डेढ़ साल से गांव वालों के साथ ही रह रहा है। गांव के लोगों के साथ इस सारस पक्षी की दोस्ती यहां के लोगों के लिए कौतूहल का केंद्र बनी है।

सारस को परिवार की सदस्य की तरह मानते हैं ग्रामीण: सारस पक्षी को गांव के लोग अपने पारिवारिक सदस्य की तरह से मानते हैं। गांव के राम सुरेश ने बताया कि यह सारस काफी दिनों से हमारे बीच रह रहा है और हम लोग इसे खूब प्यार करते हैं गांव के सभी लोग इसे खिलाते पिलाते रहते हैं और इसका ध्यान भी रखते हैं। यह अपने मर्जी से गांव में घूमता रहता है। गांव में ही एक दुकान है जब उसे भूख लगती है तो वह दुकान पर चला जाता है।

वहां पर बैठे हुए गांव के लोग उसे बिस्किट, नमकीन आदि दे देते हैं और वह खा लेता है खाने के बाद वह बगीचा में चला जाता है। गांव के ही सूरज मिश्रा ने बताया यह सारस पक्षी कहीं जाता नहीं है इंसानों के बीच में रहता है और सभी लोग इसकी खाने-पीने की व्यवस्था करते रहते हैं। इस सारस पक्षी की चर्चा सुनकर दूर दराज से लोग इसे देखने भी आते हैं।

गांव के बाहर तालाब में जख्मी हालत में मिला था

मन्नीजोत गांव के डिवलीडीह के रहने वाले कल्लू ने बताया कि करीब डेढ वर्ष पहले यह सारस पक्षी उन्हे गांव के बाहर स्थ्त तालाब के किनारे जख्मी हालत में पड़ा मिला था। इसके बाद वह सारस को उठाकर घर से आए। उसकी मरहम पट्टी की और उसे खाना खिलाया। कुछ दिन बाद वह ठीक हो गया तो वह उसे वापस तालाब पर छोड़ आए,लेकिन उनके घर पहुंचने से पहले ही सारस उड़कर उनके घर पहुंच गया। कल्लू बताते हैं कि कई बार उन्होने सारस को तालाब पर छोड़ा लेकिन हर बार वह वापस लौट आया। एक बार उसके पंख में चोट लग गयी और उसका एक पंख क्षतिग्रस्त हो गया। तब से वह गांव में ही इंसानों के बीच रहता है। गांव के लोग से उसकी अच्छी खासी दोस्ती हो गई है। पूरा दिन वह लोगों के घरों में टहलता है और खाता पीता है। रात में वह गांव में ही सो जाता है। गांव के लोग भी उसे बहुत प्यार करते हैं। गांव का कोई भी व्यक्ति उसे आवाज देकर बुला लेता है तो वह उनके पास चला जाता है। यही नहीं लोगों के कहने पर यह सारस पक्षी खूब मगन होकर थिरकने भी लगता है।

सार-संक्षेप

यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन आज से

गोंडा, अमृत विचार : यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शनिवार से प्रारंभ हो रहा है। इसके लिए चार स्कूलों को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। इन केंद्रों पर जांचने के लिए 6 .31 लाख उत्तर पुस्तिकाएं पहुंच गई है। मूल्यांकन कार्य में 2441 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाएं खत्म होने के साथ ही विभाग अब उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी में जुटा है। मूल्यांकन का कार्य शनिवार से प्रारंभ हो रहा है। मूल्यांकन के लिए जिले के राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज व स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। इस बार जिले को 6 .31 लाख उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का लक्ष्य मिला है। उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन केंद्रों पर पहुंच गई हैं। 31 मार्च तक मूल्यांकन का कार्य पूरा किया जाना है।

भक्त धर्म की रक्षा करता है तो धर्म उसकी रक्षा करता है

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज क्षेत्र के महंगूपुर गांव में चल रही आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास ने श्रोताओं को श्रीकृष्ण जन्म की कथा का रसपान कराया। कहा कि संसार में धर्म की रक्षा को हरि का अवतरण होता है। कंस के पापाचार को मिटाने के लिए ही भगवान् श्रीकृष्ण का अवतार हुआ था और अत्याचारी कंस का वध कर श्री कृष्ण ने धर्म की रक्षा के लिए किया। कथा व्यास ने कहा कि धर्म से विमुख होकर मनुष्य संसार में स्थापित नहीं हो सकता। हर मनुष्य को धर्म की रक्षा के लिए कार्य करना चाहिए। जो भक्त धर्म की रक्षा करता है। धर्म उसकी रक्षा करता है। कलियुग में धर्म को समाप्त करने के लिए तमाम आसुरी शक्तियां निरंतर कार्यरत हैं। कथा व्यास ने राम जन्म की कथा का भी वर्णन किया। और कथा को विश्राम दिया गया। आरती के पश्चात सभी को हनुमान चालीसा पुस्तक वितरण किया गया। इस मौके पर उपस्थित कथा श्रोता गिरीश चंद्र मिश्र भानु प्रताप पांडेय, अमरनाथ पांडेय, सतीश चंद्र पांडेय, जगदेव पांडेय, अवनीद्र मिश्र, विनोद मिश्र समेत महिला श्रोता मौजूद रहे।

न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

गोंडा, अमृत विचार : ग्राम न्यायालय स्थापना मामले को लेकर शुक्रवार को अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। इस प्रकरण को लेकर पूर्व में अधिवक्ताओं के ऊपर दर्ज कराए गए मुक़दमे को वापस लेने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। बार एसोसिएशन और सिविल बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान मे जुलूस मार्च निकाला गया। यह जुलूस कलेक्ट्रेट परिसर से दीवानी परिसर होते हुए बार एसोसिएशन सभागार पहुंचकर सभा के रूप में तब्दील हो गई। इस संयुक्त आम सभा की अध्यक्षता बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी और सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष संगम लाल द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। संचालन कर रहे महामंत्री चंद्र मणि तिवारी ने आम सभा के एजेंडा को पढ़कर सुनाया। निर्णय लिया गया कि ग्राम न्यायालय मामले में पहले से चल रही हड़ताल शुक्रवार की जगह अब हर शनिवार को आयोजित की जाएगी। बैठक में अधिवक्ता रवि चंद्र त्रिपाठी, बिंदेश्वरी प्रसाद दूबे, केके मिश्रा, रितेश यादव, मनोज सिंह, अजय तिवारी, राम बुझारथ द्विवेदी, भगवती प्रसाद पांडे, गौरी शंकर चतुर्वेदी, धन लाल तिवारी व अन्य मौजूद रहे।

पुल की टूटी रेलिंग ठीक कराने की मांग

गोंडा, अमृत विचार : नहर विभाग के पुल की रेलिंग टूटी हुई है जिससे आने जाने वालों को दुर्घटनाग्रस्त हो जाने का खतरा है। ग्रामीणों ने नहर विभाग से ईट की बनी रेलिंग को सही करने की मांग की है। विकासखंड पंडरी कृपाल अंतर्गत केवलपुर तीर मोहनी पुल से धालोनी बाजार को जाने वाले नहर की पटरी पर बनी सड़क राम छवि पुरवा के पास नहर विभाग द्वारा बनाए गए पुल की ईंट की रेलिंग टूटी हुई है। कई बार समस्याओं से अधिकारियों को अवगत भी कराया जा चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि कई लोग सूखे नहर में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों ने कई बार इसे सही करने की मांग की लेकिन जिम्मेदार उसे पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों में सूर्य नारायण, विनय, अजय, संकटा मिश्रा, अभिषेक आदि ने कहा कि यदि पुल की रेलिंग को सही नहीं कराया गया तो लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

तमाशा बनी प्रदर्शनी, सीडीओ के जाते ही निकल गए बीएसए

बजट खपाने की हड़बड़ी में अव्यवस्था की भेंट चढ़ी प्रदर्शनी

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: परिषदीय स्कूलों में विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आयोजित राष्ट्रीय आविष्कार अभियान की प्रदर्शनी अव्यवस्था की भेंट चढ़ गई। बजट खपाने की हड़बड़ी में अधिकारी बच्चों की हौसला अफजाई करने तक का समय नहीं निकाल सके और महज स्टॉल का निरीक्षण कर चलते बने। बीएसए तो सीडीओ के जाते ही प्रदर्शनी छोड़ लौट गए। उनके जाने के बाद डायट प्राचार्य भी चलते बने।

शहर के एक निजी लॉन में आयोजित प्रदर्शनी में प्रत्येक ब्लॉक से छह बच्चों को बुलाया गया था। बच्चों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए थे जिसमें उनके द्वारा बनाए गए कई मॉडल्स रखे गए। इसी प्रदर्शनी के बीच अफसरों ने बजट खपाने की हड़बड़ी में निपुण स्कूलों के शिक्षकों का सम्मान समारोह भी आयोजित कर दिया। दोनों कार्यक्रमों के घालमेल से प्रदर्शनी अव्यवस्था की भेंट चढ़ गई। मुख्य अतिथि सीडीओ एम अरुन्मौलि ने स्टॉल का निरीक्षण किया। लेकिन उनके जाते ही बीएसए प्रेमचंद यादव व डॉयट प्राचार्य अरुण तिवारी भी प्रदर्शनी छोड़कर चले गए। इस मौके पर बृजेंद्र सिंह, मनीष वर्मा, सुनील आनंद, दयाशंकर प्रजापति, इरफान मोइन, कृष्ण गोपाल दूरबार, अनुजा तिवारी, कुमकुम श्रीवास्तव रहीं।

बच्चों के मॉडल प्रदर्शनी को देखते शिक्षक। अमृत विचार

प्रदर्शनी में स्टॉल पर छात्राओं के साथ झंझरी ब्लॉक की शिक्षिकाएं। अमृत विचार

बेलसर के कौशल कुमार को प्रदर्शनी में मिला पहला स्थान

प्रदर्शनी में मुजेहना के पूर्व मावि बेसहूपुर, वजीरगंज के बाबा मठिया, मनकापुर के पूर्व मावि दलीपपुरवा, रूपईडीह के पूर्व मावि कुरसहा समेत अन्य ब्लॉकों के स्कूलों के 102 बच्चों ने प्रतिभाग किया। मॉडल प्रदर्शनी में बेलसर के कंपोजिट विद्यालय उमरी कोंडरी के छात्र कौशल कुमार को पहला व इसी स्कूल की अंशिका कसौधन को दूसरा स्थान मिला। कटरा बाजार के कंपोजिट विद्यालय पूरे बदल की महिमा को तीसरा स्थान मिला।

सीडीओ ने 91 निपुण स्कूलों के शिक्षकों को किया सम्मानित

निपुण भारत मिशन के तहत जिले के 91 स्कूलों ने निपुण लक्ष्य हासिल करने में सफलता हासिल की है। बभनजोत के सर्वाधिक 52 स्कूल शामिल हैं। शुक्रवार को सीडीओ एम अरुन्मौलि ने स्कूलों के शिक्षकों, संकुल शिक्षकों, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों व संबंधित ब्लाक के एआरपी को सम्मानित किया। इस दौरान जिला समन्वयक प्रशिक्षण हरि गोविंद यादव, जिला समन्वयक एमडीएम गणेश गुप्ता, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा राजेश सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

साफ-सफाई नहीं होने से व्यापारियों में बढ़ा आक्रोश

गोंडा, अमृत विचार: उतरौला रोड स्थित सब्जी एवं फल मंडी परिसर में गंदगी है। सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त नहीं है। परिसर के अंदर जाने वाली सड़के के किनारे कचरे का ढेर लगा हुआ है। जिसमें मवेशी चारा ढूंढते हैं।

व्यापारियों ने कई बार साफ सफाई को लेकर मंडी प्रशासन से गुहार भी लगाई, लेकिन हर बार आश्वासन ही अधिकारियों ने दिया। जिससे व्यापारियों में आक्रोश है, उनका कहना है कि हम लोग साफ सफाई के लिए कई बार अधिकारियों से मिल चुके हैं लेकिन हर बार निराशा हाथ लगी है।

दो साल से भटक रहा पीड़ित पुलिस ने नहीं दर्ज की रिपोर्ट

मनकापुर, अमृत विचार: उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग का आदेश मनकापुर पुलिस के लिए मायने नहीं रखता। एक माह बीत जाने के बाद भी पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर दिये गये आदेश के बाद प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई।

पीड़ित ने आयोग व पुलिस अधीक्षक को पुनः पत्र भेज कर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई है। क्षेत्र के घुनाही गांव के रहने वाले अशोक कुमार पुत्र श्रीराम लौटन ने दिए गए प्रार्थनापत्र में कहा है कि दो वर्ष पूर्व गांव के ही प्रदीप कुमार कश्यप आदि ने प्रार्थी को गाली देते हुए मारा पीटा था, जिसमें मनकापुर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा न दर्ज करते हुए उल्टा पीड़ित के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर लिया। मामले में पीड़ित ने उत्तर प्रदेश अनुसुचित जाति एवं आयोग के समक्ष गुहार लगाई। आयोग ने बीते पांच फरबरी को क्षेत्राधिकारी को तलब कर मामले में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए गए थे। लेकिन आदेश के एक माह बाद भी मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज न होने पर पीड़ित ने पुनः आयोग व पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया है।

अर्धसैनिक, पुलिस बल ने किया रूट मार्च

गोंडा, अमृत विचार: पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने आगामी लोकसभा चुनाव, होली, रमजान माह व भारत सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू होने को लेकर जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के उद्देश्य से अर्धसैनिक बल एवं पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों ,कस्बा में रूट मार्च किया गया। आमजन को स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान करने, आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण व भयमुक्त होकर सुरक्षित वातावरण में त्योहार को मनाने तथा अवांछनीय व आपराधिक किस्म के व्यक्तियों में भय व्याप्त करने हेतु एरिया डोमिनेशन कर आमजन मानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया। लोकसभा चुनाव में लोगों को कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने तथा आमजन को भयमुक्त व निडर होकर मतदान करने की अपील की गई। सभी को चुनावो में बढ-चढकर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी करने वालो पर पुलिस की पैनी नजर है तथा ऐसे लोगों पर पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। चुनाव के दौरान किसी तरह की अफवाह न फैलाये न फैलने दे, अफवाह फैलाने वाले तत्वों पर भी पुलिस द्वारा सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। इसके साथ ही लोगो को बताया गया कि चुनावों के दौरान किसी प्रकार की अराजकता फैलाने वाले लोगो पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगी। रूट मार्च के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर राजेश सिंह व एसएसबी फोर्स व पुलिस बल मौजूद रहे।

नगर में रूट मार्च करते पुलिस अधीक्षक व अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना

My name in my High School marksheet is wrongly mentioned as Viplava Misra instead of Viplove Misra R/o House No. 622, Sector 3, Udyan -1, Eldeco Bangala Bazar, Lucknow

सूचना

सूचित हो कि मैं Mustab Siraa पत्नी नौशाद हुसैन निवासिनी :– रानीमऊ भट्टी, पो0– रानीमऊ भट्टी, अयोध्या की हूँ, मैने अपना नाम Mustab Sira Khatoon से बदलकर Mustab Siraa रख लिया हैं, आज से मुझे Mustab Siraa के नाम से ही जाना व पहचाना जाये ।

सूचना

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड व अन्य प्रपत्रों में मेरा नाम अरुणा देवी अंकित है जबकि बैंक खाते में अरुणा कुमारी है। मेरे नाम अरुणा देवी व अरुणा कुमारी को एक ही माना जाए। **अरुणा देवी/अरुणा कुमारी पत्नी स्वर्गीय रामेश्वर दयाल,निवासी महोबिया टोला,औरैया जिला औरैया।**

आवश्यकता है

महिला फील्ड ऑफिसर, टीम लीडर, फील्ड वर्कर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों में।

अपना बायोडाटा whatsapp करें– मो0– 7081974868

सूचना

सूचित हो कि शीरीन खान पत्नी राकी खान, निवासी– नया मकान नं0–2/9/127, पुराना म0नं0 807, मोहल्ला–हसनु कटरा कैन्ट फैजाबाद/अयोध्या, मेरा सही नाम शीरीन खान SHIRIN KHAN है जबकि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिवश शीरीन खान SHIREEN KHAN अंकित हो गया है। अतः मेरे पासपोर्ट में मेरा सही नाम शीरीन खान SHIRIN KHAN अंकित किया जाय।

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम SHATROHAN था अब मैने बदलकर अपना नाम SHATROHAN KANOJIA रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। SHATROHAN KANOJIA S/O: SHIVLAL DWARIKA KANOJIA, R/O: 120,GODWA DATLI THANA MALIHABAD, LUCKNOW

पांच ग्राम पंचायतें की गई पुरस्कृत

गोंडा, अमृत विचार: पंचायत सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिले की 5 ग्राम पंचायतों को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया है। इस पुरस्कार में पहला स्थान कटरा बाजार की ग्राम पंचायत भगहरिया पूरे मितई को मिला है। पूरे मितई को 35 लाख रुपए की पुरस्कार धनराशि आवंटित की गई है। पुरस्कार की धनराशि से ग्राम पंचायत में विकास के कई कार्य कराए जा सकेंगे। इस धनराशि से कराए जाने वाले विकास कार्यों की सांकेतिक सूची भी सरकार की तरफ से जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार के तहत प्रदेश के सभी जिलों से पांच-पांच ग्राम पंचायत को चयनित किया गया है, इसमें गोंडा जिले की कटरा बाजार ब्लॉक की ग्राम पंचायत भगहरिया पूरे मितई को पहला, वजीरगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत वजीरगंज को दूसरा, बभनजोत ब्लाक के तालागंज ग्रांट को तीसरा, ग्राम पंचायत सागवान को चौथा व मनकापुर के सिसवा को पांचवा स्थान मिला है। चयनित ग्राम पंचायतों को क्रमवार पुरस्कार धनराशि आवंटित की गयी है। भगहरिया पूरे मितई को 35 लाख, वजीरगंज को 30 लाख, तालागंज ग्रांट को 20 लाख, सागवान को 15 लाख व सिसवा को 10 लाख रुपये का पुरस्कार मिला है। पुरस्कार की धनराशि से गांव में कई तरह के विकास कार्य कराये जायेंगे। कार्यों की सांकेतिक सूची पंचायती राज विभाग द्वारा जारी कर दी गयी है।

पुरस्कार मद से कराए जा सकेंगे यह कार्य

पुरस्कार की धनराशि से ग्राम पंचायत में जिन विकास कार्यों को कराया जाना है सरकार ने उसकी सांकेतिक सूची भी ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराई है। ग्रामीणों के सामूहिक कार्यक्रमों की सुविधा के लिए सद्भाव लान का निर्माण कराया जाएगा। ग्रामीण जनों को एक ही स्थान पर सभी सामग्रियों की उपलब्धता व उच्च जीवन स्तर के विकास के लिए ग्रामीण बाजार, कृषि यंत्रों की उपलब्धता के लिए विज्ञान भवन, कॉमन फैसिलिटी सेंटर, ग्राम वाटिका, ओपन जिम, योगशाला, मिनी खेल स्टेडियम, रोजगार प्रशिक्षण केंद्र, अंत्येष्टि स्थल, आरोग्य केंद्र, सार्वजनिक पुस्तकालय, कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, ग्राम पंचायत भंडारण गृह, स्मार्ट क्लासेस फॉर फर्नीचर्स, सोलर शक्ति केंद्र तथा ग्रामीणों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए स्वराज स्थल का निर्माण कराया जाएगा।

हमारी पंचायत पोर्टल पर दर्ज होगा खर्च का ब्योरा

जिन ग्राम पंचायत को पुरस्कार की धनराशि मिली है उनके खर्चों का हिसाब रखने के लिए सरकार की तरफ से "हमारी पंचायत" पोर्टल विकसित किया जा रहा है। इसी पोर्टल पर कराए गए कार्य और खर्च की गई धनराशि का हिसाब देना होगा।

कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते तरबगंज ब्लॉक प्रमुख मनोज पांडेय। अमृत विचार

अध्यापक सभी बच्चों को निपुण बनाएं

तरबगंज, अमृत विचार : शुक्रवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र तरबगंज में हमारा आँगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मनोज कुमार पाण्डेय व विशिष्ट अतिथि कमलेश पाण्डेय अध्यक्ष नगर पंचायत तरबगंज रहे। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रवण तिवारी ने बच्चों को निपुण बनाने के लिए अध्यापकों को प्रेरित किया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा शासन के अनुरूप विद्यालयों में कायाकल्प कार्यक्रम के जरिए परिषदीय विद्यालय के परिवेश को आकर्षक बनाया जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य विनोद पांडेय ने निपुण बच्चों को पुरस्कृत करते हुए बच्चों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ज़िला मंत्री विजय नारायण पांडेय, हरिवंश पांडेय, मनीष पाण्डेय, बलवंत सिंह, अमित सिंह, अरुण सिंह, सुनील शुक्ला तथा समस्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक आंगनबाड़ी कार्यकत्री अभिभावक उपस्थित रहे।

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का आभार पत्र कटरा कुटी धाम पहुंचा

नवाबगंज, अमृत विचार: राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का आभार पत्र कटरा कुटी धाम पहुंचा है। विहिप ने 22 जनवरी को अयोध्या धाम तक संतों के पधारने का आभार जताया है।

कटरा कुटी धाम पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में विगत दोनों आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 22 जनवरी को अयोध्या धाम तक संतों के पधारने का आभार जताया। विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत के सामाजिक समरसता प्रमुख गोविंद शाह ने कारसेवक पुरम से आभार पत्र के साथ-साथ राम लला का भोग प्रसाद, राम लला का चित्र शालिग्राम शिलाखंड से तराशा हुआ राम लला की मूर्ति और 10 ग्राम का चांदी का सिक्का आदि लेकर कटरा कुटी धाम के महाराज चिन्मयानंद से मिलकर सप्रेम भेंट कर प्रदान किया। कटरा कुटी धाम के महंत स्वामी चिन्मयानंद ने विश्व हिंदू परिषद और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के इस आदर्श परिपाटी के लिए पूर्ण प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस दिव्य एवं आदर्श परंपरा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया। समाज को भी इस अत्यंत दिव्य परंपरा का अनुसरण करके अपनी योजना को जीवंत बनाए रखने की प्रेरणा लेनी चाहिए। महाराज जी ने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया।

परिषदीय स्कूलों की परीक्षा टली, अब 20 से होगी

गोंडा, अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षाएं अब 20 मार्च से होंगी। पहले यह परीक्षा 16 मार्च से प्रस्तावित थी। परीक्षा को लेकर स्कूलों में तैयारी भी कर ली गयी थी लेकिन ऐन वक्त पर इसमें बदलाव कर दिया गया। बदले समय सारिणी के मुताबिक अब वार्षिक परीक्षा 20 मार्च से प्रारंभ होकर 27 मार्च तक चलेगी। जिले के 2609 परिषदीय स्कूलों में करीब 3 .60 लाख बच्चे पढाई कर रहे हैं। इनमें करीब 50 हजार बच्चे पहली कक्षा में है जबकि 3 .10 लाख बच्चे दूसरी कक्षा से आठवीं कक्षा में हैं। पहली कक्षा के बच्चों को कक्षा उन्नति दी जानी है। दूसरी से आठवीं तक के बच्चों की वार्षिक परीक्षा होनी है। बेसिक शिक्षा परिषद ने वार्षिक परीक्षा के लिए समय सारिणी जारी की थी। इसके मुताबिक वार्षिक परीक्षाएं 16 मार्च से 21 मार्च के बीच कराये जाने का निर्देश था। इस निर्देश के क्रम में परीक्षा की तैयारी भी पूरी की जा चुकी थी लेकिन ऐन वक्त पर विभाग ने परीक्षा कार्यक्रम बदल दिया। 16 मार्च से शुरू होने वाली परीक्षा को स्थगित करते हुए विभाग ने अब 20 मार्च से वार्षिक परीक्षा कराए जाने का फैसला किया है। इसके लिए संशोधित समय सारिणी जारी कर दी गयी है। नई समय सारिणी के मुताबिक अब कक्षा 2 से 8 तक की परीक्षाएं 20 मार्च से प्रारंभ होकर 27 मार्च तक चलेंगी। परीक्षा के समाप्त होते ही 28 मार्च को उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जायेगा। 29 मार्च को परीक्षाफल तैयार होगा।

बुजुर्ग महिला को देख रुकी जिलाधिकारी, जाना हाल

संवाददाता, बहराइच

बुजुर्ग महिला से हालचाल पूछतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार : मतदान केंद्रों के निरीक्षण के बाद शुक्रवार शाम को जिलाधिकारी गांव के पगडंडियों से वापस जिला मुख्यालय आ रही थी। तभी धरसवा गांव में बुजुर्ग महिला फुलमती पैदल आते दिखाई दी। डीएम ने काफिला रुकवा नीचे उतरकर महिला का हाल जाना। इसके बाद पैदल चलकर हाल जानते हुए घर तक पहुंचाया।

जिलाधिकारी मोनिका रानी शुक्रवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के धरसवा गांव में मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंची थी। निरीक्षण के बाद वह वापस जिला मुख्यालय के लिए रवाना हुई तो रास्ते में एक बुजुर्ग महिला को गांव के पगडंडी पर पैदल चलते देखा। जिलाधिकारी ने वहां रुकवाया इसके बाद नीचे उतरकर बुजुर्ग महिला से कहा अम्मा क्या हाल है पेंशन मिलती है कि नहीं। इस पर बुजुर्ग महिला ने पेंशन न मिलने की बात कही तो डीएम ने ग्राम प्रधान और खंड विकास अधिकारी से जानकारी ली सूची देखी तो सूची में महिला का नाम शामिल था लेकिन बैंक में कमी के चलते उसे पेंशन नहीं मिल रहे थे जिस पर उन्होंने कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद डीएम महिला के साथ ही पैदल उनके घर तक रवाना हुई डीएम को महिला के घर देख ग्रामीण भी हतप्रभ रह गए। सभी डीएम के इस कार्य की सराहना कर रहे हैं।

बेटा तुम्हारी कितनी उम्र

जिलाधिकारी मोनिका रानी पैदल महिला के घर जा रही थी। बुजुर्ग महिला फूलमती के साथ ही एक बालिका भी थी। जिलाधिकारी ने बालिका से पूछा कि बेटा तुम्हारा कितनी उम्र है। इस पर बालिका का जवाब था अम्मा उम्र जानय, इस जवाब से वहां मौजूद लोग असहज दिखे।

गांवों के समग्र विकास को मिलकर करें काम

संवाददाता, बहराइच

गांव की बैठक में मौजूद लोग। अमृत विचार

अमृत विचार: आकांक्षी विकासखंड हुजूरपुर के ग्रामपंचायत सरवा मे खण्ड विकास अधिकारी अनुभा श्रीवास्तव के निर्देशन में ग्राम प्रधान किरन सिंह तथा पंचायत सचिव उग्रसेन सिंह की अध्यक्षता में पिरामल फाउंडेशन द्वारा पंचायत स्तरिय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे आदर्श ग्राम पंचायत बनाने को लेकर बात की गई

पीरामल फाउंडेशन के डीपीएल मोहम्मद युसूफ ने बताया कि गाँव की सामूहिक समस्याएं तथा उनके निवारण हेतु सभी विभागों का समन्वय जरूरी है। ग्राम प्रधान किरन सिंह ने कहा कि गांवों के समग्र विकास व लक्ष्यों की पूर्ति के लिए हम सबको मिलजुल कर काम करना चाहिए। बैठक में ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, पंचायत सदस्य पंचायत सहायक एएनएम सीएचओ, आशा व आंगनवाडी, पीरामल फाउंडेशन की टीम व अन्य लोग भी मौजूद रहे।

चोरी के विरोध में दुकानें बंद कर की नारेबाजी, प्रदर्शन

सराफा की दुकान में दो दिन पूर्व हुई थी 6 लाख की चोरी

हरदी, बहराइच

दुकान बंद कर प्रदर्शन करते व्यापारी। अमृत विचार

अमृत विचार : जिले के एरिया चौराहे पर संचालित सराफा की दुकान में दो दिन पूर्व चोरी हो गई थी। जिसके विरोध में व्यापारियों ने दुकान बंद कर प्रदर्शन किया साथ ही पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। सभी ने थानाध्यक्ष को ज्ञापन देकर चोरी का खुलासा किए जाने की मांग की।

हरदी थाना क्षेत्र के एरिया चौराहा निवासी मनोज कुमार पुत्र कृष्ण कुमार रस्तोगी गांव के ही बृजभान पांडे की मार्केट में सराफा की दुकान का संचालन करते हैं। थाने में तहरीर देकर मनोज कुमार का कहना है कि दो दिन पूर्व अज्ञात चोरों ने उनके दुकान का शटर काट दिया था। इसके बाद कर सर सोने व चांदी के जेवरात उठा ले गए अलमारी को दूरी पर टूटे हुई हालत में मिली। लगभग छह लाख से अधिक की संपत्ति की चोरी हुई। सराफा की दुकान में चोरी के विरोध में व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकान बंद कर दी। इसके बाद सभी ने चोरी के विरोध में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। व्यापारियों का कहना है कि सभी कड़ी मेहनत कर दुकान संचालन करते हैं, लेकिन चोर एक ही दिन में उनकी मेहनत पर पानी फेर देते हैं। पुलिस कैसी सुरक्षा दे रही है, जिससे व्यापारियों को नुकसान हो रहा है। प्रदर्शन के बाद सभी ने थानाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर चोरी का खुलासा किए जाने की मांग की। इस दौरान मनोज कुमार, सर्वेश कुमार, दुर्गेश कुमार, संतोष कुमार, बाल गोविंद पांडे, गोपाल श्रीवास्तव, स्वामीनाथ, अवधेश कुमार पांडे, धर्मराज यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

मोबाइल का पढ़ाई के लिए उपयोग करें छात्राएं

मोबाइल और बैग के साथ मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

बहराइच, अमृत विचार : शहर के बालिका विहान विद्यालय में शुक्रवार को मिलान फाउंडेशन की ओर से गर्ल आइकॉन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मिलान द्वारा चुनी गई 47 लड़कियों को मोबाइल और किट दिया गया एवं उसके साथ डिजिटल साक्षारता के लिए प्रशिक्षण दिया गया। शहर के हुजूरपुर रोड स्थित बालिका विहान आवासीय विद्यालय में शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ। मिलान फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को शिक्षा के लिए जागरूक किया। विद्यालय की वार्डन प्रिया प्रसाद ने बताया कि प्रदेश के 10 जनपद में गर्ल आइकॉन कार्यक्रम संचालित किया किया जा रहा है। कार्यक्रम के अन्तर्गत 14 से 18 वर्ष की ऐसी किशोरियों का चयन किया जाता है, जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय एक लाख या उससे कम हो और जो न केवल अपनी शिक्षा को जारी रखने के लिए प्रतिबंध है बल्कि अपने समुदाय में सामाजिक बदलाव की इच्छा रखती है, संस्था द्वारा ऐसी बालिकाओ को जीवन कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है यह किशोरियां अपने-अपने समुदाय में 20 अन्य किशोरियों का समूह बनाकर उन्हें जागरूक करती हैं और समय-समय पर अपने समूह के साथ, अपने समुदाय में सामजिक जागरूकता कार्यक्रम भी करतीं हैं, इस प्रकार वह न केवल स्वयं सशक्त हो रही हैं अपितु अपने समुदाय के लिए भी एक अद्वितीय उदाहरण बनती हैं। कार्यक्रम में 47 बालिकाओं उनके अभिभावक और मिलान टीम से सदस्य शामिल हुए। इस दौरान निधि मिश्रा समेत छात्राएं समेत और मौजूद रहीं।

पत्रकार बता शैक्षणिक कार्य में बाधा डालने वालों पर केस

रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर रूपईडीहा थाने की पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। यह सभी अपने को पत्रकार बता एक शिक्षिक को परेशान करते थे। जिस पर केस दर्ज हुआ है।रूपईडीहा थाने के कटघर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय मे 27 फरवरी को खन्नापुरवा के सात लोग अपने आप को मीडिया कर्मी बताकर विद्यालय के शैक्षणिक समय में घुसे। आरोप है कि शिक्षिको व रसोईया से बहस कर शैक्षणिक कार्य में बाधा डाली। रंगदारी की नीयत से उलटे सीधे सवाल किए। 28 फरवरी को यह लोग फिर विधालय पहुंचे। इस बार अपने आप को बच्चों का अभिभावक बताया। जबकि इनमे एक का भी बच्चा विद्यालय में नही पढ़ रहा है। बरजोरी दिखा रहे इन लोगों ने शिक्षकों के एतराज पर मारपीट की। सरकारी अभिलेख फाड़ दिए। महिलाओं से छेड़छाड़ की। कटघर के लोग भी दहशत फैला रहे इन लोगों के करीब नही फटके। इसकी शिकायत प्रधान शिक्षिक निखिलेश कुमार ने एबीएसए, बीएसए व चिकनिया पुलिस चौकी प्रभारी से की। चौकी प्रभारी ने शैक्षणिक स्टाफ व ग्रामीणों के बयान दर्ज किए। इसके बावजूद एफआईआर दर्ज नही की। जिस पर इसकी शिकायत जन शिकायत प्रकोष्ठ व एसपी से हुई। एसपी के हस्तक्षेप पर गुरूवार को इस मामले में सिराजुद्दीन सहित सात को नामजद कर केस दर्ज किया गया है। हालांकि पुलिस ने एक भी आरोपी को गिरफ्तार नही किया है। जिसके चलते शैक्षणिक स्टाफ दहशत मे है।

मिहींपुरवा में सफल ऑपरेशन कर कूल्हे का किया प्रत्यारोपण

मोतीपुर, बहराइच

अस्पताल में भर्ती मरीज।

अमृत विचार: क्षेत्र में स्थित अस्पताल में कूल्हे का सफल ऑपरेशन कर मरीज को दौड़ भाग व अधिक पैसों के खर्च होने से बचा लिया है साथ ही मरीज भी पूरी तरह से स्वस्थ और संतुष्ट है।

जनपद के तराई क्षेत्र में तहसील मिहींपुरवा का अधिकांश क्षेत्र जंगल से जुड़ा होने के साथ नेपाल से सटा हुआ है। स्वास्थ्य सुविधाओं की बात की जाए तो मरीजों को लंबी दूरी तय कर जिला मुख्यालय या लखनऊ का रुख करना पड़ता था। जिसमें समय के साथ धन भी ज्यादा खर्च होता है। लेकिन न्यू सनराइज हॉस्पिटल तहसील क्षेत्र के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म साबित हो रहा है। न्यू सनराइज हॉस्पिटल में कई बीमारियों से संबंधित रोगियों का इलाज किया जा रहा है। कई तरह के ऑपरेशन भी स्पेशलिस्ट डॉक्टर की टीम द्वारा किया जाता है। इसी क्रम में पिछले रविवार को नरेश यादव पुत्र बनवारी उम्र 45 वर्ष नेपाल के रामनगर जिला बर्दिया वार्ड नंबर 9 से आए एक मरीज का सफल ऑपरेशन कर कूल्हे का प्रत्यारोपण किया गया। इस संबंध में न्यू सनराइज हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर पंकज वर्मा ने बताया हॉस्पिटल में सभी प्रकार के रोगियों का इलाज किया जाता है। इसके अलावा कई रोगों से संबंधित ऑपरेशन भी स्पेशलिस्ट डॉक्टर की टीम द्वारा किया जाता है। पिछले रविवार को लखनऊ के ऑर्थोपेडिक एमबीबीएस एमएस डॉक्टर एके मिश्रा की टीम द्वारा नेपाल से आए एक मरीज का सफल ऑपरेशन कर कूल्हे का प्रत्यारोपण किया है। ऑपरेशन लगभग तीन घंटे चला। ऑपरेशन के बाद मरीज पूरी तरह स्वस्थ है। इलाज के बाद हमारे संवाददाता ने जब मरीज से बातचीत की तो मरीज ने बताया कि ऑपरेशन के बाद बढ़िया फायदा हो रहा है किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है डॉक्टर की टीम लगातार देख रेख में जुटी हुई है।

घर में घुसकर बंधक बना मारपीट करने में केस दर्ज

बहराइच, अमृत विचार : 10 दिन पूर्व हमलावर खेत में बने घर में सो रहे युवक को खींच ले गए। हाथ-पैर बंधकर बेरहमी से पीटा और दूसरे के खेत में छोड़ कर भाग गए। मामले में 10 दिन बाद केस दर्ज किया गया है। मुर्तिहा कोतवाली के निधिपुरवा नई बस्ती निवासी राहुल पुत्र बनवारी लाल खेत में बने बाबा बाबू लाल के मड़हा में 4 मार्च की रात सो रहा था। करीब 1 बजे गांव के भोला पुत्र प्यारे व उसके दो पुत्रों अनिल और डमरू ने राहुल पर हमला किया और शंकर के खेत में बांधकर छोड़ गए।

देश की एकता और अखंडता पर दिया बल

पयागपुर, बहराइच

अमृत विचार: भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री व भारत रत्न कामराज की जयंती जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्र के निवास बरगदही नेजाभार में मनाई गई। आओ सब मिलकर इंडिया गठबंधन पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनय सिंह की अध्यक्षता में ये आयोजन हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत के कामराज जी के चित्र पर माल्यार्पण करके सामूहिक रूप से शैल्यूट देकर मिशन 2024 को फतह करने का संकल्प लिया गया इस अवसर पर जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र ने कहा कि कामराज जी हमारे प्रेरणास्रोत है, वे कामराजार स्वतंत्रता आंदोलन के सबसे बडे. नेताओं में से एक थे, और तमिलनाडु सहित सम्पूर्ण देश के लोगों द्वारा व्यापक रूप से प्रशंसित थे। दांडी यात्री इंद्र कुमार यादव ने कहा कि कामराज जी महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। विनय सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी व संगठन को पुनः अस्तित्व में लाने के लिए शीर्ष नेतृत्व को कामराज प्लान को लागू करना होगा। उन्होंने देश की एकता व अखंडता पर जोर दिया। संचालन सीएम चौधरी ने किया। रंगनाथ मिश्रा, पंकज सिंह, राव श्याम पाठक, नरेंद्र शास्त्री, छेदी सिंह, लाल गिरि, सरदार राम प्रताप सिंह, लक्ष्मण राव, जगत राम चौहान सहित कई लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। अंत में दो मिनट का मौन रखकर पयागपुर क्षेत्र के सामाजिक व प्रखर व्यक्तित्व गिरीश शुक्ल के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया।

सड़क हादसे में बालिका की मौत, चार घायल

श्रावस्ती, अमृत विचार : कोतवाली भिनगा क्षेत्र में शुक्रवार को सड़क हादसे में एक बालिका की मौत हो गई। 4 लोग घायल हो गए। ग्राम खैरिकलां निवासी बड़कऊ की पत्नी मालती देवी अपनी तीन पुत्रियों माधुरी, डाली व नीलम के साथ गलकटवा में विजय कुमार उर्फ राकेश के घर आई थी। शुक्रवार को विजय कुमार बाइक से सभी को वापस छोड़ने जा रहा था। भिनगा में दीवानी कचहरी के पास विजय ट्रक को ओवरटेक करने लगा। इसी बीच सामने से आ रही कार को वह संतुलन खो बैठा और बाइक पलट गई। बाइक सवार माधुरी ट्रक की ओर गिरी और वह पिछले पहिया के नीचे आ गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घायलो को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जिसमें विजय की हालत गंभीर देख उसे बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक महिमनाथ उपाध्याय ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

फ्लैग मार्च कर लोगों को दिलाया सुरक्षा का भरोसा

फ्लैग मार्च करते पुलिस व बीएसएफ के जवान। अमृत विचार

श्रावस्ती

अमृत विचार: इकौना थाना क्षेत्र में शुक्रवार को पुलिस व बीएसएफ के जवानों ने फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। लोकसभा चुनाव, नागरिकता संशोधन कानून व विभिन्न त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में बार्डर एरिया, हाईवे, ढाबा, होटल व प्रतिष्ठानों आदि की निगरानी बढ़ा दी गई है।

प्रभारी निरीक्षक इकौना राकेश कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस व बीएसएफ ने फ्लैग मार्च किया। थाना इकौना की चौकी सेमगढ़ा क्षेत्र के संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों और इकौना क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय राजापुर, शिवजोत का जवानों ने भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ग्रामीणों को निर्भीक होकर शत- प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक भी किया।

खो-खो, कबड्डी और फुटबॉल में युवाओं ने दिखाया दम

श्रावस्ती, अमृत विचार : जिले के स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो दिवसीय खो खो, फुटबॉल, एथलेटिक्स और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिला युवा कल्याण अधिकारी कृष्ण स्वरूप मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी शिवकुमार यादव ने बताया कि दो दिवसीय जिलास्तरीय सीनियर महिला खो-खो, पुरुष-महिला एथलेटिक्स व पुरुष कबड्डी और फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। सभी खेलों में स्पोर्ट्स स्टेडियम श्रावस्ती, श्री अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज भिनगा, केंद्रीय विद्यालय, एटीएस सिरसिया, जनता इंटर कॉलेज, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हरिहरपुर रानी, राजकीय बालिका विद्यालय भिनगा, यूपीएस पटना और यूपीएस गोठड़ा आदि टीमों ने प्रतिभाग किया। मुख्य निर्णायक की भूमिका जगेसर सैनी खो-खो प्रशिक्षक, जितेंद्र यादव कबड्डी प्रशिक्षक विकास गिरी, अशोक कुमार यादव प्रभारी प्रधान आदि ने किया।

वर्ग पहेली-11

बाएं से दाएं

1.1. तपस्या, वह व्रत या नियम जिनसे शरीर या चित्त को कष्टप्रद दशाओं में रखकर शुद्ध या निर्मल तथा विषयों से निवृत्त किया जाता है 2. कठिन परिश्रम 3. सरदी-गरमी सहने की क्रिया, विद्या अध्ययन 4. योगाभ्यास 5. शरीर या इंद्रियों पर नियंत्रण 6. गरमी, ताप, दाह 7. एक लोक का नाम 8. एक कल्प।

4. वह डाक या चिट्ठियां जो हवाई जहाज़ के द्वारा भेजी जाती हैं, (एयर मेल)।

5.1. आफ़त, विपत्ति, आपत्ति, संकट 2. प्रकोप। (मु.)-ढाना : अत्याचार करना।

7. भारत के दक्षिण में स्थित एक राज्य का नाम।

9. कोई वस्तु रखने के लिए दीवार में बना एक स्थान, आला।

10.1. जो अच्छा न हो 2. ख़राब, बुरा 3. त्याज्य।

ऊपर से नीचे

1. शानो-शौकत दिखाने के लिए किया जाने वाला आयोजन, ठाट-बाट, वैभव और रईसी का दिखावा, आडंबर, बनावट, शान, सजधज, रंगीनी, चटक-मटक।

2.1. किसी राज्य की सामुद्रिक शक्ति और उसका प्राधिकरण 2. सामुद्रिक प्राधिकरण का प्रधान कार्यालय, नौसेना का संचालन करने वाला विभाग 3. उक्त विभाग में अधिकारियों का वर्ग।

3.1. अधिक मात्रा में तेल

6.1. ज़मीन जोतने के लिए प्रयुक्त प्रसिद्ध उपकरण, खेत जोतने का एक साधन 2. भूमि की एक माप 3. (महाभारत) बलराम का शस्त्र।

8.1. शामिल, सम्मिलित 2. भागीदार, साझीदार 3. किसी कार्य में साथ देने वाला।



वर्ग पहेली -10 का हल

	1 शि					2 तो
3 अ	शु	चि		4 स	दो	ष
	मा			तां		ण
	5 र	ण	6 रं	ग		
7 सें			ज		8 चौ	
ध			नी		9 को	ड
	10 वि	ज	य	क	र	

सुडोकू-90

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

6		9	2					5
3					6		2	
		2	4		1			
	7			6				
		5				4		
				2		8	9	
2			5		9			
	8		6					3
					7	2		1

सुडोकू -89 का हल

3	5	4	1	6	7	9	8	2
7	6	2	8	9	4	1	3	5
9	8	1	5	2	3	4	6	7
4	3	7	9	5	1	6	2	8
1	2	5	4	8	6	7	9	3
6	9	8	7	3	2	5	4	1
8	4	9	2	7	5	3	1	6
5	1	6	3	4	8	2	7	9
2	7	3	6	1	9	8	5	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 21.38 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-रोहिणी 16.05 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

मेष — आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपके प्रति सम्मान की भावना रखेंगे। आप वर्तमान स्थिति को लेकर प्रसन्न नहीं रहेंगे। प्रेम संबंधों में कुछ परेशानी हो सकती है। पैरों में दर्द और थकान की शिकायत होने की आशंका है। पैतृक सम्पत्ति के मामले सुलझ सकते हैं।

वृष — आज आपको कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा। नई जॉब ढूंढ रहे हैं, तो आपको अच्छे मौके मिल सकते हैं। जीवनसाथी आपको कुछ उपहार दे सकते हैं। युवा प्रेमी जोड़े आज एकान्त में समय बिताना चाहेंगे। ससुराल पक्ष में कोई प्रोग्राम हो सकता है।

मिथुन — आज आपके लोग ही आपका विरोध कर सकते हैं। ऑफिस में आपका किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। क्रोध के कारण दाम्पत्य संबंधों में कड़वाहट आ सकती है। पुरानी नकारात्मक बातें आपके वर्तमान पर हावी हो सकती है।

कर्क — आज शुभ कार्यों पर आप काफी धन खर्च करेंगे। आपकी मन: स्थिति काफी सकारात्मक रहेगी। सभी काम आराम से समय पर हो जायेंगे। ज्यादा सोच-विचार में अपना समय बर्बाद न करें। कारोबार में वृद्धि हो सकती है। आपका स्वास्थ्य भी काफी अच्छा रहेगा।

सिंह — आज उलझे हुए मामलों को अपने पक्ष में कर लेंगे। महत्वपूर्ण लोगों के साथ गंभीर मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं। आपके व्यक्तित्व से लोग आकर्षित रहेंगे। जॉब में इच्छानुसार स्थानान्तरण हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहने वाला है।

कन्या — आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। छात्रों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं। धैर्यपूर्वक लिए गए निर्णयों से लाभ मिलेगा। अधूरे कार्यों को पूरा करने का दबाव रहेगा। घर के बुजुर्गों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

तुला — आज स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से दूर रहें। सिरदर्द और तनाव के कारण दिन खराब हो सकता है। जीवनसाथी आपसे नाराज हो सकते हैं। इसीलिए आपको अपना व्यवहार नम्र रखना चाहिये। बजट की कमी के कारण आपके काम तय समय पर पूरे नहीं होंगे।

वृश्चिक — आज परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए बहुत अच्छा दिन है। परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। आप नया व्यवसाय शुरू करने के विचार में है। घर में साज-सजावट शुरू करेंगे।

धनु — आज आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। व्यापार में आपको काफी अच्छा लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। मित्रों की सलाह आज आपके काम आयेगी। शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों का मान-सम्मान बढ़ेगा।

मकर — आज विवाहेत्तर संबंधों से बचना चाहिए अन्यथा प्रतिष्ठा में आंच आ सकती है। बच्चों पर अपनी मर्जी और इच्छाओं को न थोपें। जॉब में अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। बॉस आपसे अचानक किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर जानकारी ले सकते हैं।

कुंभ — आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। सहकर्मी आपकी सफलता से ईर्ष्या करेंगे। अधिकारी वर्ग का विश्वास आपके ऊपर बढ़ेगा। परिवार में सुख और शान्ति का वातावरण रहेगा।

मीन — आज दांपत्य जीवन में सामन्जस्य बेहतरीन रहेगा। मीडिया से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिलने के योग बन रहे हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- शक्तिमान — सुबह : 09.17
- बधाई हो बधाई — शाम : 06.55

SONY MAX
- पीके — सुबह : 10.31
- पागल पत्नी — रात : 07.03

SONY PIX
- घोस्टबस्टर्स : आफ्टरलाइफ़ — सुबह : 10.13
- ए मैन कॉल्ड ओटो — शाम : 06.42

ZEE CINEMA
- जिंदगी ना मिलेगी दोबारा — सुबह : 08.00
- रूस्तम — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- लाल सिंह छाबड़ा — सुबह : 09.59
- कुछ कुछ होता है — शाम : 06.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 07.03 बजे

जोक्स ऑफ द डे

लड़का : हर संडे के दिन तुम्हारे चेहरे पर रंग क्यो लगा होता है?

युवती : अरे, मैं हर संडे को होली खेलती हूं।

लड़का क्यो?

युवती : अरे हमारे स्कूल में टीचर ने बताया है, कि संडे मतलब हॉलीडे।

लड़का - मैं तुम्हारे साथ शादी नहीं कर सकता,

घर वाले नहीं मान रहे हैं...!

लड़की - तुम्हारे घर मैं कौन-कौन हैं...?

लड़का - एक पत्नी और दो बच्चे...!

5वां रोजा

शिया
सहरी : 04.42 बजे
इफ्तार : 06.24 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.55 बजे
इफ्तार : 06.13 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

एक करोड़ मूल्य की स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नानपारा, बहराइच, अमृत विचार: कोतवाली की पुलिस ने दो तस्करों को 500 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये है।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी के निर्देशन में नानपारा कोतवाली पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया। प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक नितिन उपाध्याय, एसओजी प्रभारी अनुज त्रिपाठी की टीम ने ककरी चौराहा के निकट से दो लोगों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 500 ग्राम स्मैक और 5000 रुपये नकद बरामद हुए है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि स्मैक और नकदी को सीज कर दिया गया जबकि पकड़े गए तस्कर जावेद पुत्र जुनैद निवासी पुरानी बाजार नानपारा और शकील पुत्र धनु उर्फ मुजीबुर हसन के विरुद्ध केस दर्जकर जेल भेज दिया गया है। सीओ राहुल पांडेय ने बताया कि बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब एक करोड़ रुपये है।

166 पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव

बहराइच, अमृत विचार: पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को जिले के 166 पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। इनमें से 10 पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर करते हुए पुलिस लाइन भेज दिया है।

जिले के विभिन्न थानों में तैनात पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में एसपी वृंदा शुक्ला ने बदलाव किया है। जिसमें हेड कांस्टेबल और सिपाही शामिल हैं। एसपी ने बताया कि कुल 166 महिला और पुरुष सिपाही हैं। जिनको एक थाने से दूसरे थाने में भेजा गया है। वहीं महिला सिपाहियों समेत 10 को लाइन हाजिर करते हुए पुलिस लाइन में आमद दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

स्क्रैप की आड़ में शराब नहीं ले जा सकेंगे तस्कर

- आबकारी विभाग के साथ जीएसटी की टीम भी करेगी निगरानी
- अवैध शराब बिक्री और खपत पर अंकुश लगाने के लिए हुई बैठक

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार: भारत नेपाल सीमा पर स्क्रैप की आंड में शराब की तस्करी नहीं हो पाएगी। इस पर अंकुश के लिए आबकारी विभाग के साथ जीएसटी की टीम भी निगरानी करेगी। सीमा पर पहली बार सरकार की ओर से ऐसी तैयारी की गई है। इसको लेकर अवैध शराब कारोबारों में हड़कंप है।

लोकसभा चुनाव के लिए कभी भी अधिसूचना जारी हो सकती है। इसको लेकर जिले में सभी विभागों के अधिकारी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में लगे हुए हैं। भारत से नेपाल और नेपाल से भारत चुनाव के समय स्क्रैप की आड़ में अवैध शराब की तस्करी जमकर होती है। लेकिन अब इस पर पूरी तरह से अंकुश लग जाएगा। जिला कार्य अधिकारी सुधांशु कुमार सिंह ने बताया कि सरकार की ओर से पहली बार स्क्रैप जांच के लिए जीएसटी की टीम लगाई गई है। उन्होंने बताया कि बड़े वाहनों में लोहे की स्क्रब ले जाने वाले वस्तुओं की जांच जीएसटी की टीम करेंगे। जिसमें आबकारी विभाग भी सहयोग करेगा। ऐसे में यहां से अगर शराब नेपाल या नेपाल से भारत में लाने की सूचना मिली तो तुरंत उनके ऊपर कारवाई की जाएगी। शासन की ओर से युक्त राज्य कर मिनिस्ट्री सने हा पत्र भेज कर आवेश शराब के परिवहन पर अंकुश के लिए टीम का गठन करने का निर्देश दिया है। जिस पर विभाग ने कार्यवाई शुरू कर दी है। अब भारत नेपाल सीमा पर वाहनों में स्क्रैप की जांच आसानी से की का सकेगी।

ये समान रहता है शामिल

जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह ने बताया कि नेपाल से भारत या भारत से नेपाल जो खेप समान की जाती है। उसमें परचून के समान के नाम पर लोग शराब लेकर चले जाते हैं, इसकी इनपुट मिली थी। जिस पर शासन की ओर से जीएसटी और आबकारी की संयुक्त टीम बनाई गई है।

सुधांशु सिंह।

दो दिन चलेगा प्रशिक्षण बैठक

जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह ने बताया कि जीएसटी टीम में सहायक आयुक्त डॉक्टर अमित अग्रवाल और डॉक्टर संतोष उपाध्याय शामिल हैं। इन दोनों के साथ शुक्रवार और शनिवार को बैठक होगी। इसके बाद प्रवर्तन की प्रक्रिया आगे बढ़ जाएगी।

एक नजर

सवा किलो गांजा बरामद

बहराइच : कोतवाली नानपारा की प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि शुक्रवार को उप निरीक्षक दीपक सिंह सिपाही दिवाकर सिंह और रवि प्रताप की टीम तिराहे पर आने जाने वाले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान बलराम पुत्र चेतराम निवासी गल्ला मंडी और राजेश उर्फ प्रमोद कुमार निवासी हकीमपुरवा को गांजा के साथ पकड़ा गया दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

बालिका को कुत्ते ने नोचा

बहराइच : दरगाह थाना क्षेत्र निवासी दो वर्षीय बालिका पायल शुक्रवार शाम को घर के सामने खेल रही थी तभी एक कुत्ता आ गया। कुत्ते ने बालिका को नोच लिया। आसपास के लोगों ने बालिका को छुड़ाकर उसे अस्पताल में भर्ती कराया है, इलाज चल रहा है।

किशोर को बचाया

बहराइच : कोतवाली देहात के खोरिया सफीक गांव निवासी कमलेश पुत्र विश्वनाथ शुक्रवार को गांव के उन लोगों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान कमलेश तालाब में गिर गया। उसे वहां मौजूद लोगों ने बाहर निकाला। इसके बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर शिल्पी कनौजिया ने बताया कि इलाज के बाद हालत में सुधार है।

फोन पर बहस के बाद युवक पर की फायरिंग, लखनऊ रेफर

भाजपा कार्यालय बलरामपुर में कामकाज देखता है रेफर किया गया युवक

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार: शहर के फुटहा कालोनी निवासी एक युवक से रात में कुछ लोगों की फोन पर बहस हुई। इसके बाद युवक पर गोंडा रोड स्थित अस्पताल के निकट फायरिंग कर जमकर पीटा। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

कोतवाली देहात क्षेत्र के फुटहा कालोनी निवासी यश श्रीवास्तव (23) पुत्र राजू श्रीवास्तव से गुरुवार रात को कुछ लोगों से फोन पर बहस हुई। यश के साथी अमित गुप्ता ने बताया कि बहस के दौरान यश दरगाह थाना क्षेत्र के गोंडा मार्ग स्थित समर्पण अस्पताल के निकट रात 10 बजे मौजूद था। बहस के बाद 10 से 15 की संख्या में पहुंचे दबंगो ने यश पर ईट व अन्य हथियार से हमला कर दिया। वही साथ मे मौजूद कुछ दबंगों द्वारा कई राउंड फायरिंग भी की गई। जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। गंभीर हालत में यश को साथी अमित ने जिला अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया। अस्पताल में भर्ती युवत ने बताया कि शिवा शौर्य, सत्यम, आशुतोष, गौरव, रुद्र समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे, जिन्होंने उस पर हमला कर दिया। घटना की जानकारी होने पर दरगाह थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल का हाल जाना। घायल को गंभीर हालत में रात में ही लखनऊ रेफर कर दिया गया। इस मामले में दरगाह थानाध्यक्ष हरेंद्र मिश्रा ने बताया कि युवक का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया। युवक की हालत को गंभीर देखते हुए लखनऊ रेफर किया गया है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा। एक युवक को पकड़ कर पूछताछ की जा रही है जो भी दोषी होगा उनपर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

जिला अस्पताल में घायल का इलाज करते चिकित्सक। अमृत विचार

भाजपा कार्यकर्ता भी देखने पहुंचे अस्पताल

कोतवाली देहात के फुटहा कालोनी निवासी यश भाजपा कार्यालय बलरामपुर में कामकाज देखता है। घायल होने की सूचना मिलने पर काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी रात में जिला अस्पताल पहुंच गए।

नगर पंचायत रिसिया में ई टेंडर में धांधली का आरोप

बहराइच, अमृत विचार : नगर पंचायत रिसिया में ई-टेंडर में धांधली करने और एक सेवानिवृत्त बाबू के अभी भी ऑफिस में आकर सेवाएं देने का आरोप जिला उपाध्यक्ष ने लगाया है। अपना दल के जिला उपाध्यक्ष ने डीएम और मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर जांच की मांग की है। नगर पंचायत रिसिया मे ई-टेंडर के तहत कार्य कराने एव पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ई टेंडर की व्यवस्था की है, जिससे नगर पंचायतो में भ्रष्टाचार न हो सके। लेकिन नगर पंचायत रिसिया में ई-टेंडर में धांधली का आरोप लगा है। सता रूढ पार्टी के साथ कधां से कधां मिलाकर चलने वाली पार्टी अपनादल एस के जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा है कि नगर पंचायत में तैनात अधिकारियो नें मनमाने तरीके से अपनें लोगो को फायदा पहुचाने के लिए सारे नियमो को ताख पर रखकर ई-टेंडर निकालकर अपने लोगो को दे दिया है। जबकि अन्य लोगो से कोई बात चीत नही की गई और ई- टेंडर में भ्रष्टाचार हुआ है। इतना ही नहीं एक बाबू सेवानिवृत्त होने के बाद भी काम के लिए ऑफिस आता है। जमकर घोटाले कर रहा है। जिला उपाध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर शिकायत की है और जांच के बाद कार्यवाई की मांग की है।

सार-संक्षेप

गाजी के आस्ताना पर जायरीन के लिए हुआ रोजा-इफ्तार

रोजा-इफ्तार में शामिल लोग। अमृत विचार

बहराइच, अमृत विचार : शहर में स्थित प्रसिद्ध सूफी बुजुर्ग हजरत सैय्यद सालार मसूद गाजी के आस्ताने पर रमजान उल मुबारक के अवसर पर सुदूर वर्ती अंचलों से आने वाले जायरीन के लिए प्रबंध समिति की ओर से रोजा-इफ्तार का विशेष आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में रोजेदार सम्मलित हुए। यह सिलसिला पूरे एक माह तक दरगाह शरीफ में चलता रहेगा। प्रबंध समिति के अध्यक्ष सैय्यद शमशाद अहमद एडवोकेट के बताया कि रमजान शरीफ के महीने में आने वाले जायरीनों में रोजेदारों की भी बड़ी संख्या होती है। इसी को देखते हुए दरगाह के अंदरूनी किले व बाहरी हिस्से में बनी सभी मसजिदों में जायरीनों के लिए इफ्तार का खास इंतजाम किया गया। प्रभारी मैनेजर हाजी अलीमुलहक़ गिरदावर हाजी अज़मत उल्ला और सज्जाद मियां की देखरेख बड़े पैमाने पर दफ्तर में शानदार इफ्तार बनती है।

मृदा पर प्रभाव की जांच के लिए जंगल पहुंचे वैज्ञानिक

बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार : लखनऊ से आए विज्ञानिक टीम ने बहराइच वन प्रभाग के जंगल का भ्रमण कर स्थिति जांची। साथ ही मृदा संरक्षण की जानकारी हासिल की। सीमावर्ती वन क्षेत्र में शुक्रवार को लखनऊ के बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान के वैज्ञानिकों ने अब्दुल्लागंज रेंज में जलवायु सर्वेक्षण किया। वैज्ञानिक डॉ. अंजली त्रिवेदी ने बनस्पति का सर्वेक्षण किया। जलवायु परिवर्तन का वनस्पतियों और मृदा पर क्या प्रभाव पड़ रहा है, इसका अध्ययन करने को सैंपल इकट्ठे किए। डिप्टी रेंजर शंभू यादव, वन दरोगा सुरेश कुमार भी साथ रहे।

जंगल का भ्रमण करते वैज्ञानिक।

छात्रों का बेहतर अनुश्रवण करें शिक्षक

प्राथमिक विद्यालय में निरीक्षण के दौरान मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य।

रामगांव, बहराइच, अमृत विचार : जिले के विकास खंड तजवापुर के खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार वर्मा ने औचक अनुश्रवण करते हुए विभिन्न कार्य देखे। खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा ने उच्च प्राथमिक विद्यालय, मिर्जापुर, महरी, लाला पुरवा, प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर, नेवादा प्रथम, द्वितीय, व प्राथमिक विद्यालय बौंडी फतेउल्लापुर सहित दर्जनों विद्यालयों का अनुश्रवण कर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में बूथों पर होने वाली सभी सुविधाओं का जायजा लिया। कुछ कमियों पर प्रधानाध्यापकों का ध्यान आकर्षित कराते हुए अति शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान अब्दुल रहमान, हफीजुर्रहमान, सूफिया बेगम, कंचन गुप्ता, रेनू मौर्या, शबा, अल्फिया बानो, सुरेश कुमार, सरिता गुप्ता, राधेश्याम, शाहीन परवीन, शिवांगी शर्मा, अनिल वर्मा, नीलम सिंह सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

11 बजने के बाद भी ऑफिस नहीं आते अवर अभियंता

कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार : तहसील मुख्यालय कैसरगंज में स्थित विद्युत उपखंड कैसरगंज में तैनात अवर अभियंता शशिकांत यादव की कुर्सी 10:30 तक खाली मिली। ऐसे में समस्या लेकर आए लोगों को काफी दिक्कत हुई। ग्रामीणों की शिकायत पर अवर अभियंता कार्यालय का जब संवाददाता ने विद्युत उपकेंद्र कैसरगंज का निरीक्षण किया तो 10:30 बजे तक जीपीएस कमरे में कैद अभियंता की कुर्सी खाली नजर आई। आधे घंटे बाद 11 बजने तक जेई नहीं आए। अगर ऐसे ही लापरवाह अफसर सरकार के लाखों रुपए का वेतन लेकर काम करेंगे, तो कैसे हमारे समाज का हमारे क्षेत्र का विकास हो पाएगा। वहां पर मौजूद कई फरियादियों ने बताया कि हम लोग सुबह 10:00 बजे से पहले ही आकर यहां बैठ गए हैं, लेकिन यहां पर अभी तक कोई नही आया है। इसी तरह हम तमाम उपभोक्ता कई महीनो से बिजली विभाग का चक्कर काट रहे हैं, इस योगीराज में इतने मनमाने तौर पर अगर ऐसे लापरवाह अफसर रहेंगे तो पीड़ित लोगों का काम कैसे होगा।

अवर अभियंता कार्यालय में खाली पड़ी कुर्सी। अमृत विचार

आकाशवाणी पर 17 मार्च को होगा गीत का प्रसारण

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार: पयागपुर विकास क्षेत्र के बड़कागांव निवासी शिक्षक और कवि प्रदीप बहराइची के गीतों का प्रसारण आकाशवाणी लखनऊ से हो रहा है। आकाशवाणी लखनऊ पर 17 मार्च को शाम 5.45 बजे प्रसारित 'मजदूर मंडल' में प्रदीप बहराइची के गीतों का प्रसारण होगा। इससे पूर्व अब तक 11 बार आकाशवाणी लखनऊ व 8 बार दूरदर्शन लखनऊ से प्रदीप की रचनाएं प्रसारित हो चुकी हैं। पड़ोसी देश नेपाल के रेडियो वागेश्वरी एफएम व रेडियो रूबरू एफएम से भी प्रदीप की रचनाएं प्रसारित हो चुकी हैं। नेपाल सहित देश के अनेक प्रमुख पत्र-पत्रिकाओं में प्रदीप की रचनाएं प्रकाशित होती रही हैं। देश के बड़े मंचों पर सम्मानित हो चुके प्रदीप बहराइची की काव्य संग्रह 'आ जाओ मधुमास में' व 'चूमा है चांद को' साहित्य प्रेमियों द्वारा सराही गई है।अभी हाल ही में प्रदीप की कविताओं पर एलबीएस पीजी कालेज गोण्डा में लघुशोध प्रस्तुत किया गया है। प्रदीप बहराइची की इन साहित्यिक गतिविधियों से जनपद वासी गदगद हैं।

बाइक सवार होमगार्ड की सड़क हादसे में मौत

जरवल, बहराइच : जरूर लोड थाने से ड्यूटी कर वापस जा रहे होमगार्ड की शुक्रवार शाम को सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के चिलवा गांव निवासी श्रीधर बाजपेई (57) जरवल रोड थाने में होमगार्ड के पद पर तैनात थे। उनकी ड्यूटी जरवल रोड थाने में लगी हुई थी। शुक्रवार को वह ड्यूटी कर वापस अपने घर बाइक से जा रहे थे। बरौली पड़ाव गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में ठोकर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक होमगार्ड की अभी तीन साल ड्यूटी बची थी। प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर जांच की जाएगी।

भाजपा कार्यालय का विधायक ने किया उद्घाटन

हुजूरपुर, बहराइच

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को देखते हुए कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा पयागपुर में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन विधि विधान पूर्वक पूजन-अर्चन करके विधायक सुभाष त्रिपाठी की उपस्थिति में भाजपा कार्यालय खोला गया।

कार्यालय का स्थान हुजूरपुर में सत्य प्रकाश सिंह सत्या के प्रतिष्ठान पर किया गया। विधायक ने कहा कि भाजपा की नीतियों को जन जन तक पहुंचाए। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से लाभ आम लोगों को दिलाएं। इस अवसर पर दीपक सत्या जिला उपाध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी निशंक त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी, हरेंद्र विक्रम सिंह मंडल अध्यक्ष, महेंद्र पाठक, सत्य प्रकाश सत्या मंडल अध्यक्ष, राजकुमार शुक्ला, ओम प्रकाश यादव, कमलेश सिंह, अशोक शुक्ला, ग्राम प्रधान मनोज सिंह, राहुल सिंह, मनोज मिश्रा, पप्पू त्रिपाठी, पप्पू मिश्रा, ललित सिंह, अतुल सिंह, अजय तिवारी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करते विधायक। अमृत विचार

पेड़ से गिरे किशोर के हाथ में घुसी सरिया

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार: शहर के कल्पीपारा में पेड़ पर चढ़ा किशोर नीचे गिर गया। जिससे पेड़ के नीचे स्थित सरिया उसके दाएं हाथ में घुस कर बाहर निकल गया। किशोर तड़पता रहा। गलैंडर मशीन से किशोर के हाथ का सरिया काटकर उसे मेडिकल कॉलेज लाया गया। यहां आपरेशन के बाद उसके हाथ से सरिया निकाला गया।

दरगाह थाना क्षेत्र के कल्पीपारा निवासी शिवा (15) पुत्र राम गोपाल गुरुवार शाम को पेड़ पर चढ़कर लकड़ी तोड़ रहा था। तभी वह असंतुलित होकर जमीन पर गिर गया। वहां पहले से कुछ सरिया जमीन में लगी हुई थीं। जमीन पर गिरते ही सरिया शिवा के दाएं हाथ में घुसकर आरपार हो गया। किशोर वहीं पर रोने लगा। किशोर की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े। सभी ने ग्लैंडर मशीन से सरिया काटकर हाथ को अलग किया। इसके बाद मेडिकल कॉलेज ले गए। यहां पर इमरजेंसी ओटी में सर्जन डॉक्टर आरके बसंत, डॉक्टर शिव मगन, डॉक्टर शिल्पी कनौजिया, डॉक्टर देवेश, डॉ.मनोज चौधरी की टीम ने सफल ऑपरेशन कर शिवा के हाथ में घुसे सरिया को बाहर निकाला। डॉक्टर शिल्पी कनौजिया ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में बेहतर सुविधा न होती तो शिवा को लखनऊ रेफर करना पड़ता।

जिला अस्पताल में किशोर के हाथ का हुआ ऑपरेशन। अमृत विचार

कोषागार में 25 मार्च तक प्रस्तुत करें देयक

बहराइच : जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपद के समस्त अहरण-वितरण अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अपने देयक निर्धारित प्रकिया के अनुसार बिलम्बतम 25 मार्च तक कोषागार में प्रस्तुत कर दें ताकि प्रस्तुत बिलों की कोषागार कार्यालय द्वारा आवश्यक जांचोपरान्त पारण तथा ई-पेमेण्ट के माध्यम से 31 मार्च तक भुगतान सुनिश्चित कराया जा सके। यदि किसी आहरण वितरण अधिकारी के बजट लैप्स होने की स्थिति उत्पन्न होती है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अहरण, वितरण अधिकारी का होगा। उल्लेखनीय है कि कोषागार में समस्त भुगतान ई-पेमेण्ट के माध्यम से किये जा रहे है। अब कोषागार द्वारा किसी भी भुगतान हेतु चेक जारी नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा आनलाइन बिल प्रस्तुतीकरण एवं ई-कुबेर प्रणाली की व्यवस्था भी वर्तमान में लागू है।

300 टैबलेट नशीली दवा के साथ बाइक सवार गिरफ्तार

मिहीपुरवा, बहराइच

अमृत विचार : भारत-नेपाल सीमा पर रात में पेट्रोलिंग के दौरान एक बाइक सवार को 300 टैबलेट नशीली दवा के साथ पकड़ा गया। उसके विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मोतीपुर के प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह और एसएसबी के जवानों के साथ गुरुवार रात भारत-नेपाल सीमा पर पेट्रोलिंग कर रहे थे। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गश्त के दौरान नेपाल की तरफ से मोतीपुर थाना क्षेत्र के बस्थन्वा गांव में एक बाइक सवार आता दिखा। उसे रोक कर तलाशी ली गई तो बाइक की डिक्की से 300 टैबलेट अल्प्रजोलम बरामद हुई। इसके बारे में जानकारी ली गई तो वह कुछ नहीं बता सका। इस पर प्रतिबंधित दवा रखने के मामले में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। बरामद दवा और बाइक को सीज कर दिया गया है। अभियुक्त की पहचान असलम पुत्र सोहराब खां निवासी अचकवा बलईगांव के रूप में हुई है। टीम में उप निरीक्षक अश्वनी कुमार पांडेय, एसआई नीरज कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र राव, सिपाही अमित यादव, एसएसबी जवान ललित कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

उठाई मांग तीन थानों का बॉर्डर है ईंटहा गांव, आबादी भी है अधिक, जमीन की तलाश में है पुलिस महकमा

पुलिस चौकी का हो निर्माण तो अपराध पर लगे अंकुश

विजय बाजपेई, मटेरा, बहराइच

अमृत विचार : अपराध को नियंत्रण करने के लिए पुलिस सहायता केंद्र या पुलिस चौकी की नितांत आवश्यकता होती है। यदि यह आवश्यकता हो जाए पूरी तो अपराध पूरी तरह नियंत्रण में हो जाएंगे। लेकिन मंजूरी मिलने के बाद भी निर्माण नहीं हो रहा है।

कोतवाली नानपारा अंतर्गत इंटहा गांव आबादी और क्षेत्रफल में काफी बड़ा है। काफी दूर तक बसे इस ग्राम पंचायत का तीन थानों का बॉर्डर है। कोतवाली नानपारा का हल्का नंबर तीन का क्षेत्र काफी बड़ा है जिसमें थाना क्षेत्र का सबसे बड़ा गांव इंटहा है जो कि कोतवाली नानपारा से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी तय करता है।इस क्षेत्र में आए दिन कुछ ना कुछ अपराध भी होते रहते हैं यदि ग्राम पंचायत इंटहा में पुलिस सहायता केंद्र या पुलिस चौकी का निर्माण हो जाए तो अपराध पूरी तरह नियंत्रण में हो जाएंगे। किसी अपराध की सूचना मिलने पर जब तक कोतवाली नानपारा से पुलिस बल मौके पर पहुंचता है तब तक मामला गंभीर हो जाता है जो भी पुलिस बल वहां पहुंचेगा वह 25 किलोमीटर की दूरी तय करके ही पहुंचेगा। ग्राम पंचायत इंटहा थाना खैरीघाट, थाना रामगांव व थाना मटेरा क्षेत्र के बॉर्डर का गांव है। पुलिस चौकी बनने से पुलिस विभाग को भी इतनी दूरी तय नहीं करना पड़ेगा।रात्रि गस्त के दौरान कोतवाली नानपारा से ही आना पड़ता है यदि पुलिस चौकी का निर्माण हो जाएगा तो पूरे क्षेत्र में रात्रि ग्रस्त किया जा सकता है, जिससे अपराधियों के हौसले पूरी तरह दबे रहेंगे। ग्रामीणों की मांग है कि इंटहा में पुलिस चौकी का निर्माण हो। पुलिस विभाग द्वारा प्रस्ताव भेजने और मंजूरी मिलने के बाद भी चौकी का निर्माण अभी तक शुरू नहीं हुआ है। जिससे क्षेत्र के लोगों में मायूसी है।

सुरक्षा के लिए जरूरी

दुर्गेश कुमार शुक्ला।

ग्राम पंचायत काफी बड़ा है आबादी भी अधिक है इसको देखते हुए पुलिस विभाग जल्द से जल्द चौकी या पुलिस सहायता केंद्र का निर्माण करवाये, जिससे सभी को लाभ हो।

पुलिस के आते हो जाती है देर

पारस नाथ।

ग्राम पंचायत इटावा खैरीघाट नानपारा और राम गांव थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर बसा हुआ है। ऐसे में कभी घटना होती है तो पुलिस को आने के लिए 25 किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ता है। इसको देखते हुए पुलिस विभाग को चौकी का निर्माण करवाना चाहिए।

चल रहीं जमीन की तलाश

ग्राम पंचायत इंटहा में चौकी या पुलिस सहायता केंद्र के लिए मंजूरी मिली है। इसके लिए जमीन की तलाश चल रही है। चुनाव के बाद आगे की प्रक्रिया बढ़ेगी। तब निर्माण पर बात जमीन को लेकर हो सकेगी।

वैज्ञानिक सोच विकसित करने को हुआ कार्यक्रम

राष्ट्रीय विज्ञान आविष्कार कार्यक्रम में मौजूद छात्र और मुख्य अतिथि। अमृत विचार

कैसरगंज, बहराइच

अमृत विचार : ब्लॉक संसाधन केंद्र कैसरगंज में राष्ट्रीय विज्ञान अविष्कार का आयोजन मुख्य अतिथि पंकज दीक्षित उपजिलाधिकारी और विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी कैसरगंज सत्य प्रकाश पांडेय के नेतृत्व में हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के अन्दर वैज्ञानिक सोच अभियान के अन्तर्गत विकास खण्ड कैसरगंज के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालय से चयनित 384 बच्चों की परीक्षा का आयोजन ब्लॉक संसाधन केन्द्र कुण्डासर में हुआ। इसमें प्रथम स्तर की बहुविकल्पीय परीक्षा से 150 छात्रों का चयन द्वितीय स्तर की लिखित परीक्षा माध्यम से सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 100 बच्चों का चयन शैक्षिक भ्रमण के लिए किया गया और सर्वश्रेष्ठ 10 बच्चों को ज़िले स्तर पर विज्ञान मॉडल हेतु चयनित किया गया।

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पंच यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम् ॥

जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय, और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए ।

संपादकीय

अमेरिका को सलाह

केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले नागरिकता संशोधन एक्ट (सीएए) को लागू कर सीधे तौर पर वसुधैव कुटुंबकम और शरणागत की रक्षा जैसे विचारों को धरातल पर खड़ा करने का प्रयास किया है। साथ ही भारत ने सीएए पर अमेरिका की टिप्पणी का जवाब देकर कड़ा संदेश दिया है कि किसी भी देश के अंदरूनी मामलों में अनधिकृत हस्तक्षेप से बचा जाना चाहिए। सीएए भारत का आंतरिक मामला है। दरअसल अमेरिका ने भारत में सीएए लागू करने को लेकर अवांछित आपत्ति जताई और अनुचित बयान दिया कि वह इस पर कड़ी नजर रख रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत के संबंध में इतिहास की सीमित समझ रखने वाले हमें ज्ञान ना दें। सीएए राज्यविहीनता के मुद्दे को संबोधित करता है, मानवीय गरिमा प्रदान करता है और मानवाधिकारों का समर्थन करता है। इससे लोगों को नागरिकता दी जाएगी न कि उनकी नागरिकता छीनी जाएगी। भारतीय संविधान सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, ऐसे में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार पर चिंता का कोई आधार नहीं है।

सीएए के अमल में आ जाने के बाद अब बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश करने वाले हिंदुओं, जैन, ईसाइयों, सिखों, बौद्धों और पारसियों को यहां पांच साल तक निवास करने के बाद भारतीय नागरिकता दी जा सकती है। यह उन लोगों को अवैध प्रवासन की कार्यवाही से बचाने के लिए बनाया गया है।

केंद्र सरकार ने जब इस कानून को लाने की तैयारी की थी, तभी से इसका विरोध भी शुरू हो गया था। 2019 में जब सीएए कानून को संसद से हरी झंडी मिली थी तब पूर्वोत्तर समेत कई राज्यों में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। प्रदर्शन करने वालों का कहना था कि सरकार वोट बैंक की राजनीति कर रही है इसलिए इसमें मुस्लिमों को शामिल नहीं किया गया है। भाजपा इसमें अपना राजनैतिक लाभ देख रही है। कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन को देखते हुए उस समय सरकार ने सीएए को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। हालांकि, समय-समय पर इस मुद्दे पर चर्चा होती रही। कहा जा रहा है व्यापक विरोध के चलते ही कानून को लागू करने में देरी हुई। सच्चाई यह भी है कि कुछ राज्य सरकारों ने विधानसभा में नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया है, यह दर्शाता है कि कैसे इस मुद्दे पर राजनीति होती रही। जबकि नागरिकता देने में राज्य सरकारों की कोई जिम्मेदारी नहीं थी।

बेहतर शिक्षा हो चुनावी घोषणा पत्रों का प्रमुख एजेंडा

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

भारत एक मज़बूत लोकतांत्रिक व्यवस्था संपन्न राष्ट्र है। लोकतंत्र या प्रजातंत्र ऐसी शासन प्रणाली होती है जिसमें जनता स्वेच्छा से मतदान करते हुए अपने पसंदीदा जनप्रतिनिधियों का चुनाव करती है।

शिक्षा को किसी भी राष्ट्र की प्रगति का आधार माना गया है। यह समय और समाज के साथ चलने वाली वह प्रक्रिया है जो व्यक्ति की अंतर्निहित शक्तियों का विकास करते हुए उसके ज्ञान, कौशल और दक्षताओं में वृद्धि करती है। शिक्षा एक सभ्य और सुसंस्कृत समाज के निर्माण हेतु अपेक्षित कार्य, व्यवहार और दायित्वों का भी बोध कराती है। इससे व्यक्ति का बहुमुखी विकास होता है और किसी भी राष्ट्र के संवैधानिक स्वरूप के अनुरूप समाज का निर्माण होता है।

भारत एक मज़बूत लोकतांत्रिक व्यवस्था संपन्न राष्ट्र है। लोकतंत्र या प्रजातंत्र ऐसी शासन प्रणाली होती है जिसमें जनता स्वेच्छा से मतदान करते हुए अपने पसंदीदा जनप्रतिनिधियों का चुनाव करती है। इस प्रकार यह जनता के लिए, जनता की तथा जनता द्वारा संचालित शासन व्यवस्था है। स्वाभाविक ही है कि इस व्यवस्था में जनआकांक्षाएं और जनभावनाएं शामिल होती हैं,अतः चुने गए प्रतिनिधियों का यह दायित्व होता है कि वे जनता की इन अपेक्षाओं पर खरा उतरें।

एक न्यायपूर्ण, लोकहितकारी व समावेशी लोकतांत्रिक व्यवस्था में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षा लोकतांत्रिक व्यवस्था में न केवल व्यक्तियों की सार्थक भागीदारी को बढ़ावा देती है बल्कि राष्ट्रहित में उपयुक्त व्यक्ति के चयन का तार्किक आधार भी बनती है। इस प्रकार शिक्षा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागी बन सामाजिक एकता, समता, समानता, सामाजिक न्याय और स्वतंत्रता के सिद्धांतों पर आधारित समाज के निर्माण में योगदान देती है। इस दृष्टि से देखें तो शिक्षा और लोकतंत्र का अन्योन्याश्रित संबंध है। दोनों एक दूसरे बिना आधे-अधूरे और लगभग अर्थहीन हैं। अतः आवश्यक है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शिक्षा को 'प्रमुख एजेंडा' निर्धारित किया जाय। जिस एजेंडा में प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा और उससे जुड़े कला -कौशलों को हासिल कर स्वयं तथा समाज की प्रगति में योगदान देने योग्य बनाने की प्रतिबद्धता शामिल हो।

> देश की बड़ी आबादी दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है जहां विकास की प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी गति से पहुंचती है। तकनीकी दौर में शिक्षा में हो रहा हर नवाचार त्वरित गति से हर शिक्षार्थी तक पहुंचे यह सुनिश्चित हो। हर क्षेत्र, वर्ग, समुदाय की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु समुचित भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की उपलब्धता हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उससे पूर्व की शिक्षा नीतियां समय-समय पर शिक्षा में जिस पूंजीगत निवेश और सुधारों की सिफ़ारिश करती रही हैं उनमें से कितनी अमली जामा पहन चुकी और किन पर काम किया जाना शेष है इसकी सुविचारित योजना होनी चाहिए।

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम(आरटीई)-2009 के अंतर्गत पूर्णकालिक प्रारंभिक शिक्षा को हर बच्चे का मौलिक अधिकार घोषित किया गया है। इसके तहत प्रत्येक बच्चे को प्रारंभिक स्तर पर किसी भी औपचारिक विद्यालय में जो कुछ अनिवार्य मानकों और मानदंडों को पूरा करता हो, गुणवत्तापूर्ण एवं पूर्णकालिक शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। स्वाभाविक ही है कि बुनियादी शिक्षा किसी भी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों में शामिल है जिसे हर स्तर पर बेहतर होना चाहिए। और यह मुद्दा किसी भी चुनाव में, किसी भी पार्टी के चुनावी एजेंडे, विमर्शों और वोट हेतु संपर्क की गतिविधियों में प्रमुखता से होना चाहिए।

विगत तीन दशकों में शिक्षा उन्नयन हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं-परियोजनाओं के चलते शिक्षा में कई स्तरों पर सुधार हुए हैं और यह भौतिक संसाधनों की उपलब्धता, पहुंच के विस्तार, क्षमता वर्धन के रूप में दिखते हैं लेकिन पूर्व और वर्तमान की शिक्षा नीतियों के मार्गदर्शक बिंदुओं के आधार पर अभी शिक्षा के अपेक्षित लक्ष्यों को हासिल किया जाना शेष है। जिसके लिए आवश्यक है कि ये लक्ष्य किसी भी राजनैतिक दल के चुनावी घोषणा पत्र में प्रमुखता से शामिल हों।

कोरोना त्रासदी के दौरान और उसके बाद जीवन यापन के तौर तरीकों व अवसरों में व्यापक बदलाव आए हैं। इस अप्रत्याशित त्रासदी ने वैश्विक स्तर पर जीवन यापन के सुरक्षित और स्थिर समझे जाने वाले तौर-तरीकों पर भी प्रहार किया। स्वाभाविक ही है कि वर्तमान परिस्थितियों में जीवन के लिए शिक्षा हेतु नई संभावनाओं, अवसरों और साधनों-संसाधनों को शामिल करना होगा जो कि सामाजिक और राजनैतिक विमर्श की प्राथमिकता का बिंदु होना चाहिए।

हर क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक, भौगोलिक एवं परिस्थितिगत विविधता के अनुसार शिक्षा से जुड़े मुद्दों में भिन्नता हो सकती है। आवश्यक है कि उस भिन्नता के परिप्रेक्ष्य में ही उस क्षेत्र का शैक्षिक एजेंडा तय हो जिसमें तत्कालीन परिस्थितियों में शिक्षा की बेहतरी का सुस्पष्ट विजन और क्रियान्वयन योजना हो। यह सुधार किसी पैचवर्क की तरह न होकर सतत, सोद्देश्य एवं परिणामी हों।

देश की बड़ी आबादी दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है जहां विकास की प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी गति से पहुंचती है। तकनीकी दौर में शिक्षा में हो रहा हर नवाचार त्वरित गति से हर शिक्षार्थी तक पहुंचे यह सुनिश्चित हो। हर क्षेत्र, वर्ग, समुदाय की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु समुचित भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की उपलब्धता हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उससे पूर्व की शिक्षा नीतियां समय-समय पर शिक्षा में जिस पूंजीगत निवेश और सुधारों की सिफ़ारिश करती रही हैं उनमें से कितनी अमली जामा पहन चुकी और किन पर काम किया जाना शेष है इसकी सुविचारित योजना होनी चाहिए। सरकारी व ग़ैर सरकारी विद्यालयों में शिक्षा को लेकर जो विविध प्रकार की असमानताएं दिखाई देती हैं उनको दूर कर समतामूलक व समावेशी शिक्षा वातावरण निर्माण की प्रतिबद्धता होनी चाहिए। शिक्षा केवल विद्यालयों की स्थापना और शिक्षकों की नियुक्ति भर नहीं है। शिक्षा विभिन्न प्रकार के पूर्वाग्रहों और विषमताओं से मुक्ति भी है। जरूरी है कि राजनीतिक दल अपने चुनावी घोषणा पत्र में स्पष्ट करें कि उनका प्रारंभिक स्तर से उच्च शिक्षा तक वांछित सुधार हेतु विज़न क्या है और विद्यालयों में अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए वे इसका क्रियान्वयन किस प्रकार करेंगे। इसके लिए किन-किन स्तरों पर किस प्रकार के बदलाव करेंगे तथा इसमें समुदाय और परिवेशीय संसाधनों की क्या भूमिका होगी। बेहतर हो कि इसका सुनियोजित खाका हो तथा बदलाव केवल भौतिक संसाधनों तक ही सीमित न हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शिक्षा के जरिए व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास पर प्रमुखता से बल देती है। एजेंडा इस बिंदु पर भी सुविचारित दृष्टिकोण प्रस्तुत करें कि इसके लिए स्थानीय शिल्प, कला, संस्कृति तथा अन्य वैशिष्ट्य का शिक्षा में किस प्रकार समावेश किया जाएगा ताकि समृद्ध विरासत, परंपरागत ज्ञान व कौशल जीवन यापन का मज़बूत आधार बन सके।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान को महापर्व माना गया है। यह वह अवसर है जिसमें हम अपने और समाज की बेहतरी के लिए सुयोग्य उम्मीदवार का चयन करते हैं। बेहतर समाज बेहतर शिक्षा से ही संभव होता है। इसलिए ज़रूरी है कि उसे वोट किया जाय जिसके एजेंडे में सुशिक्षा शीर्ष पर हो। जो शिक्षा की बेहतरी के लिए संकल्पित हो और प्रतिबद्ध भी।

प्रसंगवश

लगातार दरक रहीं पहाड़ियां बड़ी आपदा की आहट

भारत के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में शुमार झील नगरी नैनीताल, जिसे सरोवर नगरी भी कहा जाता है, के बसासत की वर्षगांठ हर साल केक काटकर व चंद सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाई जाती है। पर आजादी के बाद के दशकों में विशेषकर सत्तर व अस्सी के दशक में पूरी तरह से कंक्रीट के जंगल में तब्दील हो चुके और अपने अस्तित्व को बचाने के लिए जूझ रहे इस नगर को सजाने की नहीं बल्कि संवारने और बचाने की जरूरत है।

1841 में अंग्रेज यायावर और शिकारी पीटर बैरन ने जब गरमपानी नामक स्थल से शिकार की तलाश मे पैदल यहां पहुंचकर इस सुंदर जगह को देखा था, तब उसने कल्पना भी नहीं की होगी कि इतनी जल्दी इस नगर के चेहरे पर बुढ़ापे की झुर्रियां नजर आने लगेंगी और लगातार दरकती पहाड़ियों के बीच भू वैज्ञानिक और पर्यावरणविद इसकी उम्र पर भी प्रश्न चिन्ह लगाने लगेंगे। भूस्खलन, अवैध निर्माण, पेड़ों का कटान और झील की गंदगी नैनीताल के सौंदर्य को दीमक की तरह चाटती जा रहे है।

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

अंग्रेजों ने सदियों तक यहां की पहचान कायम रहे, इसके लिए कुछ नियम व कायदे कानून बनाए थे परंतु आजादी के बाद हिंदुस्तानी साहबों और हम भदेस नागरिकों ने मनमाफिक तरीकों से नगर का दोहन करने मे कोई कसर नहीं छोड़ी। नतीजन जहां पहाड़ खोदना मना था वहां नियमों को ताक पर रखकर बड़े बड़े होटल और काटेज, आवासीय व सरकारी भवन बना दिए गए।

नैनीताल की कमजोरी और लगातार टूट रही पहाड़ियां जबर्दस्त दबाव में है और इसीलिए समय-समय पर दरक कर भविष्य की किसी बड़ी आपदा की आहट देती है। गौरतलब है कि नैनीताल जोन चार व पांच के मध्य अति संवेदनशील भूकंपीय क्षेत्र में बसा है। भूकंप का हल्का सा कंपन भी नैनीताल की कमजोर पहाड़ियों को हिला कर रख देता है। नैनीताल मे पहली बार भूस्खलन 1866 में हुआ था, तब जान माल का अधिक नुकसान नहीं हुआ था। लेकिन सन् 1880 में झील के उतर पूर्व की पहाड़ी पर हुए विनाशकारी भूस्खलन को भला कौन भूल सकता है जिसने चंद सेकेंड में नगर का नक्शा ही बदल दिया था। कई लोग भूस्खलन में दब कर मारे गए थे।

इस भूस्खलन में मल्लीताल स्थित प्राचीन नैना देवी मंदिर पूरी तरह से मलबे मे दब कर नष्ट हो गया था और झील का बड़ा हिस्सा पट कर एक बड़े मैदान में तब्दील हो गया, जिसे आज हम फ्लैट के रुप में देखते हैं। सोचो अगर वो भूस्खलन न हुआ होता तो आज नैनी झील कितनी बड़ी होती। तब बसासत बहुत कम थी, सोचो फिर कभी ऐसा भूस्खलन हुआ या कोई बड़ा भूकंप आ जाए तो नगर में किस कदर जान माल का नुकसान होगा।

अंग्रेज अफसर नैनीताल के प्रति अतिरिक्त रुप से सावधान थे। उस दौर में पहाड़ खोदना, पक्के मकान बनाना, माल रोड पर भारी वाहन चलाना मना था। ऐसा करने पर जुर्माने व सजा का प्रावधान था, पर आज हालात यह हैं कि नगर मे ऊपर पहाड़ी क्षेत्र जहां छोटे बड़े भवनों, होटलों से कैद है तो नीचे माल रोड व फ्लैट में वाहनों का भारी सैलाब है। नतीजन लोअर मालरोड कई जगहों पर दरकने धंसने लगी है।

अंग्रेजों ने नैनीताल को भूस्खलन से बचाने के लिए 70 से अधिक छोटे बड़े नाले बनाए थे ताकि बरसात का पानी पहाड़ में जमा न हो, पर आज अधिकांश नालों को पाटकर उनके ऊपर मकान या होटल बना दिए गए हैं। जो बचे है उनका भी रखरखाव नहीं किया जा रहा है। झील भी प्रदूषित है। मलबा और कई जगहों पर सीवर लाइनों का रिसाव बेरोकटोक झील के गर्भ में समा रहा है।

नैनीताल को उजाड़ने की संभावना अब नहीं बची है। नैनीताल की पहाडियों में अब पेड़ नहीं बल्कि जहां देखो वहां मकान ही मकान नजर आते हैं। लेकिन इसे बचाने और संवारने के प्रयास तो किए जाने ही चाहिए। प्रशासन से तो कभी ऐसी उम्मीद रही नहीं क्योंकि हर अफसर को नैनीताल में ही आफिस चाहिए और जो यहां आता है वो फिर यहां से जाना नहीं चाहता। स्थानीय लोग कभी कभार आवाज़ उठाते भी हैं तो उनकी आवाज दबा दी जाती है। वैसे भी ऐसे प्रयास कम ही नजर आते है और थोड़ा बहुत कुछ होता भी है तो वह महज प्रतीकात्मक और उसमें प्रचार पाने की चाह अधिक होती है।

चुनाव में डीपफेक से मुकाबले को आयोग की तैयारी

'डीपफेक' की उन्मादी करतूतों से आगामी लोकसभा चुनाव में व्यापक प्रभाव डालने की संभावनाओं ने भारतीय चुनाव आयोग को खासा चिंतित किया हुआ है। अति संवेदनशील मसले पर चुनाव आयोग ने गंभीरता से विचार-विमर्श के बाद एक नई तरकीब खोजी है। तरीका ये है कि आयोग लोकसभा-2024 चुनावों को स्वतंत्र और निष्पक्ष संचालन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई तकनीक का उपयोग करेगा। इसके लिए एक अलग से विभाग स्थापित किया है। जो सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भ्रामक और गलत सूचनाओं को चिन्हित कर उन्हें ऑटोमेटिक हटाएगा।

आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने एआई तकनीक विशेषज्ञों से इसके लिए प्रशिक्षण लेकर राज्य के चुनाव आयोग के साथ अपने अनुभव शेयर किए हैं। तसल्ली करके और अच्छे से जांच-परखने के बाद मुख्य चुनाव आयोग ने इस तकनीक को आगामी चुनाव में उपयोग करने का मन बनाया। चुनाव में एआई कैसे काम करेगा, इसके संबंध में बताया जाता है कि ऑथेंटिकेटर ऐप ईसीआई ऑथेंटिकेटर ऐप विभिन्न एल्गोरिथम का उपयोग करके निर्वाध और सुरक्षित टू-वे ऑथेंटिकेशन का प्रबंधन करेगा, जो प्रयोक्ताओं को एसएमएस आधारित ओटीपी या ई-मेल ओटीपी की आवश्यकता के बिना सुरक्षित रूप से लॉग इन करने में मदद करेगा। कहावत है कि 'लोहा ही लोहे को काटता है'। ठीक उसी तर्ज पर एआई का उपयोगी वर्जन ही एआई के डीपफेक तकनीक से इस बार मुकाबला करेगा। चुनाव में एआई तकनीक चुनावों की निगरानी, एनालिसिस और भ्रामक सामग्रियों को ट्रैक करेगा। नकली-बनावटी वीडियो, झूठी खबरें,

डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

> आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने एआई तकनीक विशेषज्ञों से इसके लिए प्रशिक्षण लेकर राज्य के चुनाव आयोग के साथ अपने अनुभव शेयर किए हैं।

फेक चेहरों की पहचान करेगा। समय से पहले ही गलत सूचनाओं को जंगल में आग लगने से पूर्व बुझाता रहेगा। एआई की ये तकनीक जल्द नकली सामग्री का मिलान वास्तविक वस्तु से कर लेगी।

2019-लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों ने ईवीएम में वोट की गड़बड़ी का एक बड़ा आरोप लगाया था। जांच हुई तो उनके कुछ आरोप सही भी साबित हुए। तब, 8 वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के मिलान में आयोग ने खुद अंतर पाया था, यानी .0004 फीसदी वोटों का मिलान नहीं हो सका। संभावनाएं है, ऐसी हरकतों पर अंकुश लगाने में एआई तकनीक कारगर साबित हो सकती है। सोशल मीडिया का युग है, जहां, बात निकलती है, तो दूर तक जा पहुंचती है। पूर्व में संपन्न हुए तमाम इलेक्शनों में अनगिनत ऐसी अप्रिय घटनाएं घटित हुईं, जिसके बाद वोटरों का शक चुनावी प्रक्रियाओं पर भी गहराया? आयोग के काम करने के तरीकों और ईवीएम मशीनों का प्रयोग अब सवालों के घेरे में है ही?

दरअसल, इन आरापों के पीछे डीपफेक की हरकतें ही ज्यादा थी, जो बाद में पकड़ में आईं? आयोग की निष्पक्षता पर तो विपक्षी दल सवाल उठाते ही थे, अब सत्तारूढ़ दल से मिलीभगत के भी आरोप लगने लगे हैं। डीपफेक की गिरफ्त में नामी हस्तियां ज्यादा फंस रही हैं। खुद प्रधानमंत्री तक इसकी चपेट में आ चुके हैं। बड़े टीवी एंकरों की गलत आवाजें इस वक्त सोशल मीडिया में फैली ही हुई हैं। निश्चित रूप से समस्या विकराल हो गई है। इसलिए आगामी चुनाव साफ-सुथरे निपटे जिसको लेकर मुख्य चुनाव आयोग बेहद गंभीर है।

केंद्र सरकार भी इस बात को मानती है कि गलत सूचनाओं को रोकना बड़ी चुनौती है? खासकर चुनावों के समय कुछ ज्यादा ही? इनका तीन व्यापक क्षेत्रों में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हेरफेर अधिक होता है। अव्वल, मतदाता के पक्ष में, दूसरा उम्मीदवार के पक्ष में, और तीसरा मतगणना प्रक्रिया में। लोकसभा-2024 में डीपफेक के जरिए खुराफाती तत्व नेताओं द्वारा झूठे चुनावी वादे और घोषणापत्र में पार्टी के एजेंडे के विपरीत बातों को ज्यादा फैलाने की संभावना है। इसलिए चुनाव आयोग ने अलग विभाग बनाकर एआई के माध्यम से ही इनकी कमर तोड़ने का प्लान बनाया है। इस अपराध के लिए सख्त कानून की जरूरत है क्योंकि मौजूदा भारत दंड संहिता-1860, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम-2000 व सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम-2021 से काम नहीं चलेगा। इस क्षेत्र में नापाक हरकतें जिस तेजी से बढ़ी हैं, उसे देखते हुए अलहदा कठोर कानून बनाए जाने की दरकार है। फिलहाल, देखते हैं लोकसभा चुनाव में डीपफेक की करतूतों पर अंकुश लगाने में चुनाव आयोग की 'एआई' तकनीक कितनी कारगर साबित होती है।

सोशल फोरम

पर अंधेरा तो अंधेरा है

तमसो मा ज्योतिर्गमय। बृहदारण्यकोपनिषद् का श्लोक है ये। इसका अर्थ है मुझे मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। असत्य से सत्य की ओर ले चलने की प्रार्थना है ये। प्रार्थनाएं आवश्यक हैं ये ढांढस बंधाती है हमें और अच्छे दिनों के आश्वासन सी प्रतीत होती हैं।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

प्रार्थना तो कर लें आप, पर तनिक रूक कर यह भी सोचें, किसी को अंधकार से प्रकाश की तरफ ले जाना आसान काम है? सबके बस की बात है नहीं ये। कभी एक बेहद कठिन, उबड़ खाबड़ रास्ता बुद्ध ने सुझाया था इस बाबत। अप्प दीपो भवः। अपना दीपक खुद बनो। अपना दीपक बनना आसान नहीं। खुद को तपाना पड़ता है इस राह में। कौन इस झंझट में पड़े? अपने आप को कष्ट देना कौन सी अक़्लमंदी है? ऐसे में बुद्ध से सहमत होने वाले अब ढूंढें से भी नहीं मिलते और उनका बताया रास्ता वीरान पड़ा रहता है।

पर अंधेरा तो अंधेरा है। लगातार और गहरा भी होता जा रहा है। इस अंधेरे से कौन बचा है अब? ये अंधेरा बेचैन भी करता है और डराता भी है। ऐसे में जो दिलासा दे देता है जनता को कि उसे प्रकाश की तरफ ले जाने के लिए भगवान की तरफ से नियुक्त किया गया है, जनता उसका दामन पकड़ लेती है। उसकी हर बात मानती है और वो चाहे तो तन मन धन से भी समर्पित होने से इनकार नहीं करती। कुल मिलाकर आज की तारीख में इससे चोखा काम कोई दूसरा नहीं है।

मुमकिन है आपकी अब तक ऐसे किसी विशेषज्ञ से मुलाक़ात न हुई हो अब तक। ऐसे में आपकी जानकारी के लिए विनम्रतापूर्वक बताना चाहता हूं मैं आपको। प्रकाश की तरफ ले जाने के मामले में महारत हासिल है मुझे। और मैं यह चाहता हूं सारा संसार लाभान्वित हो मेरी प्रतिभा से। ऐसा महात्मा हूं मैं जो लैंप पोस्ट की तरह जगमग है। आप किंकर्तव्यविमूढ़ हों। जूझ रहें हों मन में उमड़ते घुमड़ते प्रश्नों से। तमस से घबरा रहे हों और अपनी जेब ढीली करने के लिए प्रस्तुत हों तो मेरी शरण में आ सकते हैं।

-फेसबुक वॉल से

निवृत्ति का अनुशासन और संयम ही सही मार्ग

कभी-कभी काम इतना ज्यादा होता है और काम करने की प्रवृत्ति इतनी ज्यादा होती है कि ऐसा लगता है कि हमें अतुलित बल और बुद्धि मिल जाए और हम सब जो चाहते हैं वो कर सकें। ऐसी ही इच्छा से आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स इस दुनिया में आगे बढ़ रहे हैं और ये अनुमान है कि कुछ ही वर्षों में ये किसी भी मनुष्य की बौद्धिक एवं शारीरिक क्षमताओं को पीछे छोड़ देंगे। अगर जानकारों की मानें तो शायद दस पंद्रह वर्षों में ही एक सामान्य कंप्यूटर समस्त मनुष्य की क्षमताओं से आगे हो। ये बात कितनी सही है और वास्तव में कैसे होगी यह तो भविष्य के गर्भ में है। किंतु ऐसी इच्छाएं तो सदैव से ही हैं किसी ना किसी रूप में। जैसे महाभारत का उदाहरण लें तो रथी, अतिरथी, महारथी, महातिरथी आदि संज्ञाएं यौद्धिक क्षमताओं को बताने के लिये प्रयुक्त होती हैं।

डॉ. अजय शुक्ल
वरिष्ठ चिकित्सक, लखनऊ

अतिरथी का मतलब है, रथ में बैठकर युद्ध करने वाला महारथी योद्धा जो अजेय के रूप में प्रसिद्ध हो। अतिरथी एक ऐसा योद्धा होता है जो दिव्यास्त्रों का ज्ञान रखता हो और 12 रथियों, यानी 60,000 योद्धाओं से मुकाबला करने में सक्षम हो। वह सभी प्रकार के हथियारों और युद्ध कौशल में निपुण हो। अतिमहारथी उसे कहा जाता है जो 12 महारथी श्रेणी के योद्धाओं, यानी 86,40,000 सशस्त्र योद्धाओं से युद्ध लड़ने की क्षमता रखता हो। जिसके पास तीनों महास्त्र-ब्रह्मास्त्र, नारायणास्त्र और पाशुपतास्त्र होते थे उसे अतिमहारथी माना जाता था। अगर हम रामायण के योद्धाओं की बात करें, तो भगवान श्रीराम अतिमहारथी थे। महारथी को 12 अतिरथियों के बराबर माना जाता है। अति-महारथी को 12 महारथियों के बराबर माना जाता है। महामहारथी को 24 अति-महारथियों के बराबर माना जाता है ऐसे ही असीमित क्षमताओं की इच्छा से ही हिरणाक्ष ने संपूर्ण पृथ्वी को तो, रावण ने कैलाश को उठाया था। रावण के दस सर भी इसी असीमित राग का परिणाम है। कौन्तेय अर्जुन के अलावा, एक और कार्तवीर्य अर्जुन को भी हमें जानना चाहिए। पौराणिक कथाओं में सहस्त्रबाहु के नाम से प्रख्यात, सब कुछ करने की इक्छा से तप से हज़ारों भुजाओं को प्राप्त कर, जिसने रावण को हराया था कामधेनु को प्राप्त करने की दुर्चेष्टा से परशुराम जी से युद्ध किया। ना केवल यह दुःसाहस ने उसे नष्ट किया बल्कि क्षत्रिय वंशों को भी उसका दंड भोगना पड़ा।

चाहे राम से रावण का वध हो या परशुराम का अर्जुन के सहस्र बाहुओं को काटना यह बतलाता है कि विश्व के अनंत शक्ति के स्वामी प्रभु की क्षमताओं को मनुष्य को धारण करने की लिए ईश्वर का अनुराग,बहुत संयम और धर्म के आचरण की आवश्यकता होती है। नहीं तो अपनी शक्ति ही अपने विनाश का कारण बनती हैं। शक्ति के धारण के लिए या तो स्वयं ईश्वर राम, कृष्ण, परशुराम आदि आए या उनके अनुशासन में रहने वाले कुंती के अर्जुन। रावण को हराया तो बाली ने भी था, और सहस्त्रबाहु ने भी परंतु, पूजा राम की होती है क्योंकि वो उत्तम पुरुष हैं एवं मर्यादा स्वरूप में हैं अधम पुरुष और अमर्यादित शक्ति विनाश का ही बीज हैं यह हमें जानना चाहिए। इसलिए प्रवृति से प्रवृति ना पैदा हो नहीं तो कैंसर बन जाएगा। प्रवृत्ति से कार्य सिद्धि के बाद, निवृत्ति का अनुशासन और संयम ही सही मार्ग हैं सनातन काल से आज भी कल भी कभी भी। (यः पश्यति स पश्यति)

राम और रमा दोनों को लाए हैं

पिछले दिनों भाजपा प्रवर्तित एक नारा खूब गूंजा, 'हम राम को लाए हैं'। भक्तों ने इसमें यह जोड़कर चार चांद जड़ दिए कि 'अब राम जी इन्हें लाएंगे' यानी लोकसभा चुनाव में सत्ता में फिर से बिठाएंगे। इधर मालूम हुआ कि वे राम के साथ-साथ रमा (लक्ष्मी)को भी लाएं हैं। राम को तो आम आदमी के लिए लाए किंतु रमा(पैसा)को सिर्फ अपने लिए। बात स्टेट बैंक के चुनावी बाण्डों की कर रहा हूं। यह एक चालाकी भरी धन उगाही की योजना थी। इसके तहत केवल सरकारी बैंक(स्टेट बैंक)को अधिकृत किया गया था कि वह राजनीतिक दलों को चंदा देने वाले लोगों और कंपनियों आदि से धन जमा करवाकर बांड दे दे। दाताओं का नाम उजागर नहीं होगा। प्राप्तकर्ता उसे बैंक से भुना लेगा। पैसा आ जाएगा। किसी को कुछ पता नहीं चलेगा। गांव गिरांव की भाषा में इसे कहते हैं, 'ऊट की चोरी निहुरे निहुरे'। लेकिन ऊंट पर सुप्रीम कोर्ट की नजर पड़ गई और सब गुड़ गोबर हो गया। इस सबसे बड़ी अदालत ने पूरी योजना अवैध घोषित कर दी। यही नहीं अदालत ने गोपनीयता यानी चोरी का पर्दाफाश करने का भी आदेश दे दिया। तब सरकारी बैंक ने सरकार चाटुकारिता करते हुए एक कोशिश की उसे सब कुछ प्रकाशित करने के लिए जून तक समय दिया जाए। सुप्रीमकोर्ट ने 15 मार्च तक की तिथि- रेखा सब कुछ प्रकाशित करने के लिए निर्धारित कर दी। स्टेट बैंक और चुनाव आयोग ने विवरण प्रकाशित कर दिया, जिसके अनुसार भाजपा साढ़े छह हजार करोड़ से ऊपर की सबसे बड़ी रकम की दान ग्रहीता निकली। दानियों में ऐसे भी हैं,जिन पर प्रवर्तन निदेशालय की तलवार लटकी थी और दान के बाद हट गई। यही नहीं, ऐसे दानदाता भी प्रकाश में आ गए, जिन्हें दानोपरांत अगले ही दिन हजारों करोड़ रुपये की सरकारी परियोजना का ठेका मिल गया। यह उदाहरण महाराष्ट्र का है, जहां तोड़-फोड़कर करके बनी शिवसेना-भाजपा की सरकार है। गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है, 'रमा विलास राम अनुरागी। तजत वमन जिमि जन बड़ भागी'।। यानी उनके अनुसार राम के सच्चे भक्त रमा का त्याग करते हैं। धर्म मार्ग में 'अपरिग्रह' को सभी ने महत्व दिया है। पतंजलि ने भी 'योग दर्शन' में विभूतियों की उपेक्षा करने की ही सलाह दी है। लगता है धर्म धुरीण भाजपाइयों के दांतों के अलग-अलग दो सेट हैं। दिखाते राम वाले हैं और खाते रमा वालों से हैं। इस लाने और लिवाने के नारों के बीच हमें 2014 से पहले का समय याद आ रहा है,जब हम कांग्रेस के घोटालों से त्रस्त होकर भाजपा को लाए थे, किंतु अब!

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

पांचवा रोजा

शिया
सहरी : 04.40 बजे
इफ्तार : 06.25 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.50 बजे
इफ्तार : 06.17 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

एक नजर

पुरानी रंजिश में महिला को पीटा, केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली के गौराबीबीपुर गांव में मीना पत्नी रामबहोर की विपक्षी से रंजिश चली आ रही थी। आरोप है कि शुक्रवार को सुबह विपक्षी ने गाली गलौज देते हुए मीना की लात घुसो से पिटाई कर दी। जिससे उन्हें काफी चोट आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही अनिल वर्मा के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

40 ग्राम स्मैक के साथ महिला गिरफ्तार, केस दर्ज

सुलतानपुर, अमृत विचार : नगर कोतवाली पुलिस को क्षेत्र भ्रमण के दौरान बहादुरपुर रोड पर आईटीआई के समीप एक महिला संदिग्ध हालात में दिखी। पुलिस को आता देख महिला ने भागना चाहा तो पुलिस ने उसे पकड़ लिया। भागने का कारण पूछा गया तो उसने बताया कि उसके पास स्मैक है। तलाशी के दौरान उसके पास से 40 ग्राम स्मैक बरामद हुआ साथ ही बेचे गए स्मैक के 2720 रूपए बरामद हुए। आरोपी महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट भेजा गया।

डा. विनोद बने शिक्षा सेवा चयन आयोग के सदस्य

सुलतानपुर, अमृत विचार : डॉ. विनोद कुमार सिंह को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज का सदस्य बनाया गया है। डॉ. सिंह साकेत महाविद्यालय अयोध्या में भौतिक विज्ञान विषय में प्रोफ़ेसर के पद पर सेवारत हैं। सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षा और व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अध्यापन हेतु शिक्षक और उक्त शिक्षण संस्थानो के संचालन हेतु प्रधानाचार्य और प्राचार्यों के चयन के लिए नया आयोग गठित किया गया, जो उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज में हैं। डॉ विनोद कुमार सिंह जिले के मूल निवासी है।

गुस्साए वकीलों ने ठप किया कामकाज

मुकदमे ट्रांसफर होने के विरोध में मुख्य गेट बंदकर बाहर सड़क पर बैठे, किया प्रदर्शन

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: कादीपुर की कोर्ट में अखंडनगर और कादीपुर थानों से संबंधित चालानी और परिवाद के मुकदमों को ट्रांसफर किए जाने को लेकर आंदोलित वकीलों की हड़ताल शुक्रवार को भी जारी रही। शुक्रवार को वकीलों के हड़ताल कर दीवानी न्यायालय में प्रवेश पर पांबदी लगा दी। साथ ही कंप्यूटर विभाग में प्रार्थनापत्र देने पर पाबंदी लगाई गई।

काम करने वाले वकीलों पर एक हजार रुपए अर्थदंड लगाकर उनकी सदस्यता रद्द करने का फरमान बार अध्यक्ष अरविंद पांडेय ने दिया था, जिसके कारण न्यायिक कामकाज ठप रहा। अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने कहा कि लंबित मुकदमों का ट्रांसफर उनकी एक जनहित याचिका में पारित हाईकोर्ट के आदेश की अवमानना है। साथ ही कादीपुर की अदालत में जमानत खारिज होने के बाद वादकारियों को काफी परेशानी होगी। सुबह से ही दीवानी गेट बंद कर अधिवक्ता सड़क पर ही धरने पर बैठे रहे। इस दौरान कलेक्ट्रेट की तरफ जाने वाले रास्ते को बाइक खड़ी कर बंद कर दिया गया। इधर से गुजरने वालों लोगों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मुख्य गेट के सामने सड़क से आवाजाही भी बंद हो गई। नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय समेत अन्य पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद रहे तथा सुरक्षा का जायज़ा लेते रहे। अधिवक्ताओं ने कहा जब तक ज्यूडिशरी ट्रांसफर रद नहीं होता आंदोलन जारी रहेगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विद्याभूषण पांडेय ने बताया शनिवार को भी 11 बजे वकीलों की बैठक होगी तथा अधिवक्ता हड़ताल पर रहेंगे।

दीवानी न्यायालय का मुख्य गेट बंद कर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

छुट्टी पर आए फौजी की हादसे में मौत

- बाइक में अनियंत्रित कार की टक्कर बनी हादसे की वजह

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: काम से जिला मुख्यालय आया फौजी काम निपटा कर बाइक से घर लौट रहा था, तभी तेज व अनियंत्रित कार ने ठोकर मार दी। जिसमें फौजी गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उन्हें घायल अवस्था में मेडिकल कालेज लाए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फौजी की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

बंधुआ कला थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव निवासी संगम लाल गुप्ता के 30 वर्षीय पुत्र धीरेन्द्र कुमार गुप्ता शुक्रवार की सुबह मोटरसाइकिल से जिला मुख्यालय किसी काम से आए थे। काम निपटा कर वह दोपहर मोटर साइकिल से घर लौट रहे थे। अभी वह लखनऊ वाराणसी राजमार्ग के हसनपुर गुमटी के पास पहुंचे ही थे कि एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उन्हें ठोकर मार दी। जिसमें धीरेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन धीरेन्द्र कुमार को मेडिकल कालेज लाए। जहां मौजूद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। धीरेन्द्र के मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

मृतक का पूरा परिवार फौज में



मृतक धीरेंद्र कुमार के पिता संगम लाल रिटायर्ड फौजी हैं। वहीं उनके तीनों बेटे धीरेंद्र कुमार 30 वर्ष, रविन्द्र कुमार 26 वर्ष, राहुल कुमार 23 वर्ष भी फौज में है। मृतक धीरेन्द्र कुमार गुप्ता राजस्थान के बीकानेर में तैनात थे। चचेरी बहन की शादी 2 मार्च को थी उसी में सम्मलित होने तीनों भाई घर आए थे। दोनों छोटे भाई ड्यूटी पर लौट गए थे। धीरेन्द्र कुमार घर पर ही रुके थे। मृतक के एक तीन वर्षीय पुत्री शाम्भवी है, वहीं पत्नी बबीता शिक्षिका है। धीरेंद्र कुमार की मौत से माता पिता व पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। बंधुआ कला थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपित वाहन कब्जे में है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

डिवाइडर से टकराई बाइक युवक की मौत व दो घायल

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार: पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से लखनऊ से आजमगढ़ की तरफ जा रहे बाइक सवारों को मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां एक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मर्च्युरी में रखवा दिया।

शुक्रवार की सुबह अंबेडकरनगर के जहगीरगंज थाना क्षेत्र के मखदूमपुर निवासी भानू पुत्र पूर्णमासी आजमगढ़ जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र के रतवापार गांव निवासी सूरज पुत्र नन्हें व चंद्रदेव पुत्र हौसिला के साथ लखनऊ से आजमगढ़ की तरफ जा रहे थे। जैसे ही वह लोग जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के 144 किमी पर पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गए। जिसमें तीनों को गंभीर चोट आई। सूचना पर पहुंचे यूपीडा के कर्मियों ने गंभीर रूप से घायल नन्हें पुत्र पूर्णमासी को मेडिकल कालेज सुलतानपुर भेजा। वहीं, सूरज पुत्र नन्हें व चंद्रदेव पुत्र हौसिला को बिरसिंहपुर अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल नन्हें पुत्र पूर्णमासी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं घायलों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया है।

घर का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के अहिरौला गांव में गुरुवार की रात चोर ताला तोड़कर घर के अंदर दाखिल हुए। अलमारी का लॉक तोड़ा और सोने चांदी के 50 हजार से अधिक मूल्य के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। अहिरौला गांव के सुरेश निषाद की पत्नी गायत्री निषाद अपने बेटे सत्यम के साथ गुरुवार देर शाम एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सुलतानपुर मुख्यालय गई थी। रात में चोरों ने दरवाजे पर लगे ताले को तोड़ कर घर के अन्दर दाखिल हुए। गायत्री ने बताया कि चोर सोने की एक चैन, एक जोड़ा सब्जा, दो जोड़ी फोफी और चांदी की पायजेब उठा ले गए। जिसकी कीमत तकरीबन 50 हजार से अधिक थी।

यौन उत्पीड़न के दोषी को 5 साल जेल की सजा

- अदालत ने दोषी पर पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन साल पूर्व नौ साल की बालिका से दुष्कर्म का प्रयास और हत्या की धमकी देने के दोषी जगदंबा सिंह को पॉक्सो कोर्ट के जज पवन शर्मा ने शुक्रवार को पांच साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया है। अदालत ने दोषी पर पांच हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया गया है।

एडीजीसी रवींद्र सिंह ने बताया कि खेत में बकरी चराने गई नाबालिग किशोरी से 13 मई 2021 को 50 वर्षीय आरोपी ने दुराचार का प्रयास किया था। किसी से बताने पर हत्या की धमकी दिया था। कोर्ट ने मामले में पेश गवाहों के साक्ष्य के आधार पर आरोपी जगदंबा सिंह को दोषी मानते हुए पांच साल की सजा सुना कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।

पूर्व विधायक गरिमा सिंह के मामले में सुनवाई 21 को

सुलतानपुर : भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में शुक्रवार को सुनवाई टल गई। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 21 मार्च की तारीख नियत की है। केस चार्ज के बाद अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है। अमेठी जिले के थाना क्षेत्र गौरीगंज में छह वर्ष पूर्व आचार संहिता की उल्लंघन के मामले में छह फरवरी 2017 को तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने बिना अनुमति जुलूस निकालने पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था।

मुकदमा दर्ज करने की याचिका कोर्ट ने की ख़ारिज

सुलतानपुर: संपत्ति के लिए चाचा को हत्या की धमकी देने तथा अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज कराने की याचिका मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बटेश्वर कुमार ने खारिज कर दी है। कोर्ट ने पुलिस रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोप बलहीन मानते हुए मुकदमे की याचिका निरस्त कर कर दी। अधिवक्ता अब्बास अहमद खान ने बताया कि कोतवाली नगर थाना के घरहां खुर्द निवासी चांद बाबू ने चाचा यूनुस अली के खिलाफ पिता से युसुफ से फर्जी वसीतयनामा लिखाने व फर्जी हस्ताक्षर बनाकर हिस्सा हड़पने के आरोप में दो मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद आरोपी यूनुस अली ने चांद बाबू पर गलत आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराने की याचिका दाखिल की थी जिसे कोर्ट ने बलहीन पाते हुए खारिज कर दिया है। युनुस अली ने आरोप लगाया कि चांद बाबू फर्जी मुकदमे गलत पता देकर दर्ज करा रहा है और धमकी दे रहा है। इससे पूर्व भी यूनुस अली ने मुकदमा दर्ज कराने के लिए अलग-अलग आरोपों में दो याचिकाएं दाखिल की थी। जिन्हे कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

पुलिस मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार

कादीपुर, सुलतानपुर

- दूसरा बदमाश अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में रहा सफल

अमृत विचार: पुलिस से मुठभेड़ में एक कुख्यात बदमाश को गोली लगी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को गिरफ्तार कर सीएचसी कादीपुर लाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

शुक्रवार की सुबह लगभग 3:30 बजे कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि दो बदमाश बिना नंबर की बाइक से किसी घटना को अंजाम देने जा रहे हैं। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह एवं चौकी प्रभारी सूरापुर अभिषेक सिंह पुलिस बल के साथ मालपुर नहर की पुलिया के पास पहुंचे। तभी बिना नंबर की बाइक से मालपुर से बुढ़ाना डबल नहर की तरफ बदमाश जा रहे थे। पुलिस के रुकने के इशारे पर बाइक मोड़कर भागने लगे। पुलिस टीम के पीछा करने पर बदमाश बाइक से उतरकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से अवैध असलहे से फायर कर दिया। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए आत्मरक्षार्थ गोली चलाई। गोली एक बदमाश के दाहिने पैर में लगी। जिससे वह घायल हो गया। घायल अवस्था में पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाश को कादीपुर सीएचसी लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। गिरफ्तार किए गए बदमाश की पहचान गोसाईगंज थाने के सरवन मजरा मौघाड़ा के कृष्ण कुमार निषाद उर्फ टाइगर (35) के रूप में हुई। जबकि दूसरा बदमाश अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए बदमाश के पास से एक अवैध तमंचा 12 बोर, एक खोखा कारतूस 12 बोर एवं एक जिंदा कारतूस 12 बोर तथा एक मोटरसाइकिल बजाज डिस्कवर बरामद किया है। पुलिस के अनुसार बरामद की गई बाइक भी चोरी की है। बदमाश किसी घटना को अंजाम देने के लिए निकले थे। सूचना मिलने पर सीओ विनय गौतम ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह की तहरीर पर पुलिस ने कृष्ण कुमार निषाद एवं एक अज्ञात के विरुद्ध पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाने एवं आर्म्स एक्ट की धारा 25 के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश। अमृत विचार

गिरफ्तार बदमाश का आपराधिक इतिहास

गिरफ्तार किए गए बदमाश कृष्ण कुमार निषाद उर्फ टाइगर के विरुद्ध सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर एवं अयोध्या जनपद के विभिन्न थानों में मारपीट, एनडीपीएस, चोरी, आर्म्स एक्ट, लूट, डकैती, एवं गैंगस्टर सहित कल तेरह मुकदमे दर्ज हैं।

सार-संक्षेप

ज्ञानेंद्र विक्रम को मिला महाकवि तुलसी सम्मान

सुलतानपुर, अमृत विचार : राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रो. ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह रवि को राम साहित्य समीक्षा के लिए महाकवि तुलसी सम्मान प्राप्त हुआ है। यह सम्मान गाजियाबाद की चर्चित संस्था हिन्दी समर्थक मंच ने आनलाइन प्रदान किया है। पिछले दिनों मंच ने सोशल मीडिया के माध्यम से श्रीराम के आदर्शों पर काव्य रचनाएं आमंत्रित की थीं। उनमें उत्कृष्ट काव्य रचनाओं के चयन और समीक्षा हेतु शुक्रवार को युवा समीक्षक ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि को महाकवि तुलसी सम्मान आनलाइन प्रदान किया गया।

कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

मंगल गीत के साथ निकाली गई कलश यात्रा

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के प्रारंभ होने से पूर्व पंडित श्रवण पांडेय की देख रेख में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। ग्राम कोटिया के राजेश कुमार तिवारी एडवोकेट के आवास से शुक्रवार को निकली कलश यात्रा लक्ष्मणपुर गांव के हनुमान मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान डीजे एवं बैंड बाजे की धुन पर श्रद्धालु थिरकते रहे। इस दौरान धार्मिक गीतों की एवम जय श्री राम के नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष कलश यात्रा में शामिल रहे। मौके पर जगदीश प्रसाद तिवारी, राहुल कुमार तिवारी, हरिराम तिवारी, अशोक तिवारी, राजेश कुमार तिवारी, अर्पित तिवारी, बीनू पांडे, गुड्डू पांडे, अनिल पांडे, कृष्ण पांडे, रामजी पांडे, शुभ तिवारी सहित भारी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

चिकित्सक ने मां की याद में बनवाया मंदिर

मंदिर स्थापना कर मां व पिता को दी श्रद्धांजलि।

सुलतानपुर, अमृत विचार : गोरखपुर जनपद के डॉक्टर विजय कुमार श्रीवास्तव ने अपनी मां और पिता के स्मृति में सुलतानपुर जनपद के ब्लॉक धनपतगंज स्थित ग्राम पूरे पंडित आचार्य (बड़नपुर) में मंदिर निर्माण करवाकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है। डा. श्रीवास्तव और उनकी पत्नी अंजनी श्रीवास्तव गोरखपुर जनपद के ग्राम गोपलापुर पोस्ट खजूरगांव के निवासी हैं। कई वर्ष पूर्व इनके माता पिता की मृत्यु हो गई थी। इन दोनों की स्मृति में डॉक्टर श्रीवास्तव ने अपने गुरु घराने में मंदिर बनवाने का निर्णय लिया और मंदिर बनवा कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मां काली धाम पर सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। यहां पंडित जगदेव प्रसाद पांडेय शास्त्री, द्वारिका प्रसाद पांडेय, श्रवण कुमार पांडेय, रामायणी, गंगा प्रसाद, जयप्रकाश, दुर्गा प्रसाद, संतोष पांडेय आदि रहे।

निर्माण में मिली पीली ईंट, ईओ ने ढहवाया

- कल्याण मंडपम का निर्माण एक बार फिर आया सुर्खियों में, कार्य में खामी की हुई शिकायत

लंभुआ, सुलतानपुर

अमृत विचार: लंभुआ नगर पंचायत में निर्माणाधीन कल्याण मंडपम का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया। पुनः मानक के विपरीत हो रहे निर्माण कार्य की शिकायत पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने ईओ से जांच कराई। जांच में कुछ हिस्सों में पीली ईट का प्रयोग होने पर उसे ढहवा दिया गया और नगर पंचायत ने निर्माण कार्य की देखरेख के लिए अपने जेई को भी लगा दिया है।

लंभुआ नगर पंचायत के वार्ड विवेक नगर में कल्याण मंडपम का निर्माण हो रहा है। निर्माण कार्य में पीली ईंट लगाए जाने का आरोप लगाते हुए पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य शिव शंकर उपाध्याय उर्फ साधू ने अधिशाषी अधिकारी से शिकायत की। उन्होंने तत्काल शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई। दीवार में कुछ ईट के प्रयोग में गड़बड़ी होने पर उसे ढहवा दिया गया। ईओ अमित सिंह ने बताया कि शिकायत पर जांच की गई है और निर्माण कर रही कार्यदायी संस्था को हिदायत दी गई है कि अगर मानक के अनुरूप कार्य नहीं किया गया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निर्माण के दौरान नगर पंचायत में तैनात जेई को भी देखरेख के लिए लगा दिया गया है। कल्याण मंडपम के निर्माण की जब शुरुआत हुई थी तब भी मानक के विपरीत हो रहे निर्माण की शिकायत हुई थी। उस समय नगर पंचायत अध्यक्ष ने तत्काल डीएम के समक्ष मामला उठाया था। डीएम के निर्देश पर निर्माण ढहाया गया था और निर्माण कंपनी को हिदायत दी गई थी।

दोयम दर्जे के ईंट से हो रहे निर्माण को रुकवाया।

पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का समापन

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार: समेकित शिक्षा का पांच दिवसीय नोडल टीचर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह संपन्न हुआ। शुक्रवार को बीआरसी में आयोजित समापन समारोह को संबोधित करती हुई खंड शिक्षा अधिकारी पूजा पाठक ने नोडल शिक्षकों से अपने-अपने विद्यालयों में पहुंचकर दिव्यांग बच्चों को प्रशिक्षण से प्राप्त तकनीकियों के माध्यम से शिक्षित करने का आवाहन किया। पांच दिवसीय प्रशिक्षण में दृष्टि दिव्यांग, श्रवण दिव्यांग एवं सभी प्रकार के दिव्यांग बच्चों के कक्ष प्रबंधन, समर्थ मोबाइल एप्प, संप्रेषण तकनीकी, होम वेस्ट एजुकेशन, बुनियादी शिक्षा के सपोर्ट की गतिविधियों पर चर्चा की गई।

पेट्रोल पंप लूटकांड के दो बदमाश मुठभेड़ में अरेस्ट

- दोनों बदमाश व एक कांस्टेबल गोली लगने से हुए घायल

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार: लंभुआ पुलिस टीम ने गुरुवार की देर रात चेकिंग के दौरान दो लुटेरों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने में सफलता पाई।

लंभुआ थानाध्यक्ष रात्रि चेकिंग कर रहे थे तभी बाइक पर सवार दो लोग पुलिस चेकिंग को देखकर भागने लगे। भागने की सूचना पर जयसिंहपुर और मोतिगरपुर पुलिस टीम ने मियागंज पुलिया पर घेराबंदी की। पुलिस टीम से घिरता देख बदमाश नहर के रास्ते पर भागने लगे तथा पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश घायल हो गये। पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम धीरज उपाध्याय व दूसरे ने शेर अली उर्फ शेरू बताया। कोतवाली राघवपुर स्थित रायल पेट्रोल पंप से दो लाख 25 हजार रुपये की लूट की वारदात करने की बात कबूल की। बदमाशों की फायरिंग व पुलिस फायरिंग में कांस्टेबल अवनीश व दोनों बदमाश घायल हो गये। जिन्हें चिकित्सालय में पुलिस ने भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक बदमाश आधा दर्जन वारदात में लिप्त रहे है। जिन्हें विधिक कारवाई करने के बाद जेल भेजा जायेगा।

शैक्षिक भ्रमण के लिए छात्रों का दल रवाना

सुलतानपुर, अमृत विचार: राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत शिक्षा क्षेत्र जयसिंहपुर के छात्र छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण पर जाना था। शुक्रवार को उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण के लिए बीईओ शिव शंकर मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। बीईओ के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने बस से किसान सहकारी चीनी मिल पहुंचे। चीनी मिल में छात्र छात्राओं ने गन्ना तौल से लेकर चीनी मिल में गन्ना डालने से चीनी बनने तक की प्रक्रिया को जाना। हरी झंडी दिखाने के दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा, दीपेंद्र सिंह, राम मगन, रितेश त्रिपाठी, डॉ संजीव द्विवेदी व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

लिया जायजा पोस्टमास्टर जनरल ने किया डाकघर का निरीक्षण, भारत सरकार की योजनाओं के बारे में दी जानकारी

बदलते परिवेश में अहम भूमिका निभा रहा डाक विभाग

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: डिजिटल इंडिया, वित्तीय समावेशन व बदलते परिवेश में डाक विभाग अहम भूमिका निभा रहा है। पत्र पार्सल के साथ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को दरवाजे तक डाक विभाग पहुंचाने का कार्य कर रहा। उक्त बातें वाराणसी प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने शुक्रवार को कूरेभार डाकघर शाखा के निरीक्षण के दौरान कही।

उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से लोगों के प्रति अच्छे व्यवहार और विभिन्न सेवाओं में आवंटित लक्ष्यों की प्राप्ति पर जोर दिया। डाक अधीक्षक एमएम हुसैन ने पोस्टमास्टर जनरल का स्वागत करते हुए सुल्तानपुर में डाक सेवाओं की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि भारत सरकार की तमाम योजनाओं को डाकघरों के माध्यम से प्रमुखता से लागू किया गया है। डाक विभाग पत्र-पार्सल के साथ-साथ बचत बैंक, डाक जीवन बीमा, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र, आधार नामांकन एवं अद्यतनीकरण, कॉमन सर्विस सेंटर, डाक निर्यात केंद्र जैसे तमाम जनोन्मुखी कार्य कर रहा है। आईपीपीबी के माध्यम से डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक आज एक चलते फिरते बैंक के रूप में कार्य कर रहे हैं। सीईएलसी के तहत घर बैठे बच्चों का आधार बनाने, मोबाइल अपडेट करने, डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट, डीबीटी, बिल पेमेंट, एईपीएस द्वारा बैंक खाते से भुगतान, वाहनों का बीमा, स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जैसी तमाम सेवाएं आईपीपीबी द्वारा डाकिया के माध्यम से घर बैठे मुहैया कराई जा रही हैं। डाकिया चलते फिरते बैंक के रूप में कार्य कर रहा है।

डाकघरों के माध्यम से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए पंजीयन किया जा रहा है। पोस्टमैन घर-घर जाकर अपने मोबाइल पर एप्लीकेशन क्यूआरटी पीएम सूर्य घर के द्वारा जानकारी जुटा रहे हैं तथा निशुल्क पंजीयन कर रहे हैं। इस मौके पर डाकघर अधीक्षक एम एम हुसैन, शाखा प्रबंधक इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक अमित कुमार सिंह, पंकज तिवारी, सहायक अधीक्षक ज्ञानेंद्र, पवन मिश्रा, डाक निरीक्षक दीपक मौर्या, शैलेश शर्मा, सरोज शास्त्री, पोस्टमास्टर कूरेभार अमित कुमार सिंह व विकास वर्मा आदि रहे।

डाकघर का निरीक्षण करते पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव। अमृत विचार

कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सुलतानपुर

पत्रांकः समग्र शिक्षा (गुण0वि0) / 14933–37/2023–24 दिनांक 13 मार्च, 2024

जेम–बिड – विज्ञप्ति

जिलाधिकारी महोदया, सुलतानपुर के आदेश दिनांक 24.02.2024 द्वारा राज्य परियोजना कार्यालय, उ0प्र0, लखनऊ के कार्यालय पत्रांकः प्री–प्राइमरी/आउटडोर प्ले मेटेरियल/6714/2023–24 दिनांक 29.08.2023 के माध्यम से जनपद के परिषदीय प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में अवस्थित 67 को–लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं राज्य परियोजना कार्यालय, उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांकः प्री–प्राइमरी /आउटडोर प्ले मैटेरियल / 8149/2023–24 दिनांक 29.09.2023 के माध्यम से पी0एम0श्री0 के अन्तर्गत आउट डोर प्ले मैटेरियल के क्रय हेतु 10 अतिरिक्त को – लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों को शामिल करते हुए कुल 77 को लोकेटेड आंगनबाडी केन्द्रों के उपयोगार्थ फर्नीचर के क्रय हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से बिड संख्या–GEM/2024/B/4774951 को अपलोड कराते हुए निविदा आमंत्रित की गयी है। इच्छुक फर्मो के द्वारा बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि 25.03.2024 प्रातः 10: 00 बजे तक है जो दिनांक 25.03.2024 को प्रातः 10: 30 बजे बिड़ को समिति के समक्ष खोली जा सकती है। बिडर्स को बिना कारण बताये बिड को निरस्त करने का अधिकार समिति को सुरक्षित होगा ।

(दीपिका चतुर्वेदी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
सुलतानपुर ।

पांचवां रोजा

शिया
सहरी : 05 .15 बजे
इफ्तार : 06 .22 बजे

सुन्नी
सहरी : 04 .54 बजे
इफ्तार : 06 .07 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

पैगाम ए रमज़ान

बनें नेक रब की इबादत करें हम,
नफ़रतें मिटाएं, मोहब्बत करें हम।
यही सीख देता है रमज़ान हमको!
कि इंसानियत की हिफ़ाज़त करें हम।। **नियाज़ कपिलवस्तुवी, जनपद सिद्धार्थनगर**

एक नजर

बढ़नी बॉर्डर पर चरस तस्करी जोरों पर

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। भारत नेपाल सीमा के बढ़नी बॉर्डर पर लगातार चरस की तस्करी पकड़ी जा रही है। बढ़नी बॉर्डर पर पिछले एक हफ्ते से मादक पदार्थ बरामद किया जा रहा है। तस्कर चरस की खेप नेपाल से भारत भेज रहे हैं। 68 किलोमीटर खुले बॉर्डर होने के कारण पगडंडी रास्ते आए दिन रात नशीली वस्तुओं की तस्करी जोरों पर होने का खुलासा हुआ है। सूत्र बताते हैं कि पगडंडी के रास्ते भारतीय और नेपाली नशीली वस्तुओं की खेप भारत में ले जाकर इकट्ठा करते हैं और अपने कैरियरों के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। विगत चार दिनों से लगातार नेपाली चरस पकड़ा जा रहा है, जो इस बात का गवाह है कि यहां पर नशीली चीजों की तस्करी काफी जोरों पर है। नेपाल में बैठा हुआ सरगना अपने करियरों के माध्यम से लगभग प्रत्येक दिन खुले बॉर्डर के विभिन्न स्थानों से चरस, अफीम, हीरोइन, गाजा एवं अन्य नशीली वस्तुओं की खेप भारत भेज रहा है। खुली सीमा होने के कारण तस्करों के लिए वह जनपद काफी अच्छा साबित हो रहा है। इस धंधे में दोनों ओर से पकड़े जाने वाले लोगों में काफी संख्या नाबालिकों की भी होती है।

मोदी को तीसरा मौका दीजिए, तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1895 करोड़ की 551 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करते हुए जनता से की अपील

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो भारत दुनिया के 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था के रूप में जाना जाता था, आज वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुका है। पीएम मोदी को तीसरा कार्यकाल दीजिए, भारत अगले तीन वर्षों में तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। तीसरी अर्थव्यवस्था का मतलब है कि प्रति व्यक्ति आय में काफी बढ़ोत्तरी होगी। देश की जीडीपी बढ़ेगी तो प्रदेश व जिलों की भी आय बढ़ जाएगी। घर-घर खुशहाली आएगी। मुख्यमंत्री यहां बटन दबाकर 1895 करोड़ की 551 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया।

इस मौके पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि आज भारत प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने आजादी दिवस पर अमृत महोत्सव के अवसर पर विकसित भारत के लिए कहा था। हम सबको विकसित भारत का संकल्प होना चाहिए। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना अंतर्गत साक्षी, मो. आरिफ शाह, रेखा को स्मार्टफोन और सचिन अग्रहरि, बीसी सखी रूकसार बानो को टेबलेट, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की लाभार्थी निर्मला, राम भवन, संजना को आवास की सांकेतिक चाभी दी। साथ ही दीक्षा व पंखुड़ी का अन्न प्रासन कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हर घर को स्वच्छ जल मिल रहा है। सभी गांवों को अच्छी सड़कों से जोड़ा जा रहा है। आज भारत बदल रहा है।

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हैलीकॉप्टर बीएसए ग्राउंड में बने हेलीपैड पर उतरा। मंच पर सांसद जगदंबिका पाल, विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, विधायक शहर पश्चिमी प्रयागराज सिद्धार्थनाथ सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत शीतल सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, नगर पालिका सिद्धार्थनगर अध्यक्ष गोविंद माधव, आयुक्त बस्ती मंडल अखिलेश कुमार सिंह, आईजी आरके भारद्वाज, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

जनसभा के दौरान लाभार्थी को आवास की प्रतीकात्मक चाबी देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और लोकार्पण व शिलान्यास वाली परियोजनाओं के शिलापट्ट। अमृत विचार

सांसद जगदंबिका पाल की तारीफ की

मुख्यमंत्री ने डुमरियागंज सांसद की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसा सांसद मिलना मुश्किल है। सिद्धार्थनगर आंकाक्षात्मक जनपद से निकलकर अग्रणी जनपद बन रहा है। आज शासकीय योजनाओं का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों को मिल रहा है। स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में भी विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। पहले माफिया गरीबों का हक निगल जाते थे। आज सिद्धार्थनगर इंसेफ्लाटिस से मुक्त है। हमने मच्छर और माफिया दोनों को समाप्त करने का काम किया है। जनपद पिछड़े जनपद की श्रेणी से निकलकर अग्रणी जनपद की श्रेणी में खड़ा हो रहा है। सिद्धार्थनगर में अच्छे-अच्छे विद्यालय बन गए हैं। जनपद में माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल बनकर तैयार है जो लोगो को अपनी सेवाएं दे रहा है। एएनएम, जीएनएम की पढ़ाई के लिए नर्सिंग कॉलेज का शिलान्यास आज हो गया।

मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश में बहाई विकास की गंगा : पाल

सांसद डुमरियागंज ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि आज पूरा सिद्धार्थनगर आपका स्वागत कर रहा है। मुख्यमंत्री ने सिद्धार्थनगर को पिछड़े जनपद से अग्रणी जनपद में करने का काम किया है। पहले हम कभी कल्पना नहीं करते थे कि जनपद में मेडिकल कॉलेज होगा। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहला मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर को मिला है। जनपद में किसी को गंभीर बीमारी होने पर मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर रेफर किया जाता था लेकिन मुख्यमंत्री ने जनपद को मेडिकल कॉलेज की सौगात देने के बाद अब यहीं इलाज हो रहा है। पहले जापानी इंसेफ्लाटिस से पूर्वांचल में बच्चों की मृत्यु हो जाती थी। काला नमक चावल को ओडीओपी में चयनित किया गया है। आज काला नमक चावल की खेती 15 हजार हेक्टेयर में हो रही है। बुद्धभूमि पर विपाशना केंद्र की सौगात मिली है। प्रत्येक विकास खंड में आईटीआई का निर्माण कराया जा रहा है।

मतदान केन्द्रों पर हों जरूरी सभी सुविधाएं

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आईजी आरके भारद्वाज, जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी उमाशंकर भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

आयुक्त बस्ती मण्डल ने निर्देश दिया कि जिन मतदान केन्द्रो पर मूलभूत सुविधाएं पूर्ण नहीं है, वहां पर उप जिलाधिकारी निरीक्षण कर उन्हें समय से पूर्ण करा लें। आदर्श आचार संहिता लगते ही होर्डिंग हटवा लें। आदर्श आचार संहिता का पालन किया जाये। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि जनपद में 2178 बूथ बनाये गये हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। संवेदनशील एवं अतिसंवेदशील बूथो को चिन्हित कर लिया गया है। सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट के सथ बैठक कर ली गयी है। वाहन अधिग्रहण के लिए प्रक्रिया पूर्ण कर लिया गया है। सुरक्षा बलों के ठहरने के लिए विद्यालयों को अधिग्रहित कर लिया गया है। मतदान कार्मिको को प्रशिक्षण देने के लिए रोस्टर तैयार करा लिया गया है। समय से प्रशिक्षण करा दिया जायेगा।

आईजी ने समस्त पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को भयमुक्त, शान्तिपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए पूरी तत्परता से कार्य करें। निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशो का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। बैठक में सभी उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थानाध्यक्ष, तथा अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित थे।

निर्वाचन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते आयुक्त बस्ती मण्डल अखिलेश कुमार सिंह। अमृत विचार

वोट देकर निभाएं अपनी जिम्मेदारी

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। बुद्ध विद्यापीठ इंटर कालेज बर्डपुर में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान मौजूद रहे। उन्होंने छात्रों, शिक्षकों तथा अभिभावकों को संबोधित करते हुए मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान के महत्व को समझाया। कहा कि देश के प्रथम व्यक्ति से लेकर अंतिम व्यक्ति तक का मत एक बराबर होता है। जिसका भी उम्र 18 वर्ष हो गया है वह फार्म-6 भरकर या ऐप के माध्यम से आनलाइन फार्म भरकर मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज करवा लें। छात्रों को जिम्मेदारी दी कि अपने गांव तथा पास पड़ोस में लोगों को जागरूक करके शत-प्रतिशत मतदान कराने का प्रयास करें। कार्यक्रम के नोडल शिवकरन ने कहा कि फार्म 6 उपलब्ध न होने तथा आफलाइन या आनलाइन फार्म भरने में किसी भी तरह की समस्या आने पर संपर्क करें, समाधान किया जायेगा।

अंत में प्रधानाचार्य मनोज कुमार मिश्र ने सभी से प्रलोभन रहित होकर मजबूत लोकतंत्र बनाने में अपनी भागीदार सुनिश्चित करने की अपील की। इस अवसर पर अवसर पर रवीन्द्र कुमार, रामपुकार यादव, रामबचन राम, विजय बहादुर वर्मा, डा.यशवंत कुमार, रणवीर सिंह, वशिष्ट नारायण मिश्र, नीरज सिंह, वीरेन्द्र कुमार, नरेंद्र कुमार, शिल्पी, राजेश कुमार शुक्ल, मोती कुमार, जीतेन्द्र कुमार वर्मा, रूपेश कुमार, अनिल कुमार मिश्र, हरिश्चंद्र, लालचंद मोदनवाल, सुभाष चौरसिया, विशाल जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम में बोलते जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान।

अस्पताल प्रबंधक और डॉक्टर पर गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। प्रसूता की मौत के मामले में लोटन कोतवाली की पुलिस ने अस्पताल के प्रबंधक और डॉक्टर पर गैर इरादतन हत्या व मेडिकल अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है। सीएचसी अधीक्षक लोटन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू की है। घटना होने के बाद से अस्पताल बंद है और स्टाफ नदारद है।

कोतवाली क्षेत्र के मैनहिया निवासी अर्जुन की पत्नी अंजनी का प्रसव के बाद लोटन कस्बे के स्टार हास्पिटल में 29 फरवरी को मौत हो गई थी। प्रसूता की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और अस्पताल की जांच पड़ताल शुरू कर दिया। जांच के दौरान पाया गया कि अस्पताल पंजीकृत नहीं है। सीएमओ ने अस्पताल के खिलाफ तहरीर देकर केस दर्ज कराने के लिए अधीक्षक लोटन को आदेश दिया था। सीएमओ के आदेश पर अधीक्षक डॉ. अमित चौधरी ने पुलिस को तहरीर देकर अस्पताल पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग किया। मिले तहरीर के आधार पर शुक्रवार को पुलिस हास्पिटल प्रबंधक और डॉक्टर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, मेडिकल अधिनियम के तहत केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष लोटन विजय शंकर सिंह का कहना है कि अधीक्षक की तहरीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच में दोषी पाए जाने वाले के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

नगर पालिका बांसी को नई पहचान दिला रहीं अध्यक्ष

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। आदर्श नगर पालिका बांसी की दूसरी बार अध्यक्ष बनीं चमन आरा ने नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों की नई इबारत लिख रही हैं। बांसी नगर पालिका के हर वार्ड की नाली और सड़कें पूरी तरह से दुरुस्त हैं। नियमित साफ-सफाई होने से गंदगी कहीं नहीं दिखती।

एक मुलाकात में अध्यक्ष नगर पालिका ने कहा कि हमारा प्रयास है कि नगर पालिका समुचित विकास हो। नागरिकों को किसी तरह की असुविधा न हो। जिसका परिणाम यह है कि वर्तमान समय में नगर पालिका बांसी जनपद ही नहीं आसपास के जनपदों के लिए एक मिसाल बन गई है। देखने में लगता है कि नगर पालिका बांसी निश्चित तौर पर आदर्श नगर पालिका बना हुआ है। यहां लगने वाले माघ मेला में स्वच्छता और सफाई का पूरा ख्याल रखा जाता है। कहा कि हमारी मंशा है कि नगर पालिका बांसी उत्तर प्रदेश में विकास का नया आयाम बनकर उभरे।

चमन आरा, अध्यक्ष आदर्श न.पा. बांसी।

नदी में डूबकर तीन दोस्तों की मौत

गोरखपुर, अमृत विचार। चिलुआताल थाना अंतर्गत नदी मे नहाने गए तीन दोस्तों की डूबने से मौत हो गई। शवों को गोताखोरों ने नदी से बाहर निकाला है। जानकारी के अनुसार दो लड़के सहजनवा थाना क्षेत्र के निवासी हैं जबकि एक युवक गीड़ा क्षेत्र का रहने वाला है। जिनकी पहचान दिव्याभान पटेल (15), आकाश पासवान (17) और आर्य भट्ट (17) के रूप में हुई है। घटना शुक्रवार दोपहर लगभग 2 बजे के आसपास हुई। थाना चिलुआताल प्रभारी ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया, जिसके बाद शवों को उन्हें सुपुर्द कर दिया गया है।

सार-संक्षेप

सड़क खोदकर बनवाना भूल गए ठेकेदार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। पांच हजार की आबादी वाली दो ग्राम पंचायतों में ठेकेदार ने सड़क खोदकर छोड़ दिया है। नौगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत साहा एवं मनोहरी में पाइप लाइन बिछाने के लिए पिछले साल जून से खुदाई का कार्य शुरू किया गया था। पेयजल पाइप बिछाने का जो कार्य दो माह में पूरा होना चाहिए था वह 10 माह में भी पूरा नहीं हो सका है। वहीं खोदे गए गड्ढों से लोगों को चलने में परेशानी उठानी पड़ रही है। हर घर नल योजना के तहत गांवों के रास्तों को पाइप लाइन बिछाने के लिए खुदवा दिया गया है। इसके बाद कार्यदाई संस्था कार्य को छोड़ दे रही है। इसे लेकर ग्रामीणों में संस्था के प्रति नाराजगी है। ग्राम सभा में इन दिनों हर घर नल योजना के तहत ओवरहेड टैंक और पाइप लाइन बिछाने का काम जल निगम ठेकेदारों के जरिए करा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पाइप लाइन बिछाने के बाद ठेकेदार उसे थोड़ी मिट्टी डालकर पाटते हुए आगे बढ़ जा रहे हैं। नालीनुमा गड्ढा होने से लोगों को अपने वाहन गांव के बाहर खड़ा करना पड़ रहा है तो बड़े बुजुर्गों व बच्चों को घर से निकलने में कठिनाई हो रही है। मनोहरी निवासी दुर्गेश यादव कहते हैं कि शुद्ध पानी तो बाद की बात है, पहले तो सड़क के खोदे गए गड्ढे से आने-जाने में परेशानी हो रही है। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्ग लोगों को होती है। ये लोग गिर जाते हैं। उनका कहना है कि जिम्मेदारों की लापरवाही से हर घर नल योजना अधर में लटकी है। विभाग को शीघ्र ही सड़कों की मरम्मत करवा देना चाहिए। इस बारे में पूछने पर अधिशासी अभियंता जल निगम मदन पाल ने कहा कि समस्या संज्ञान में नहीं थी। आज ही संबंधित ठेकेदार को निर्देश देकर सड़क सही करवा दी जाएगी। ताकि लोगों को कोई समस्या न हो। इसके अलावा पेयजल आपूर्ति के काम को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए जाएंगे।

हिंगणघाट स्टेशन पर ट्रेनों का प्रायोगिक ठहराव

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा के लिए 16093/16094 चेन्नई सेन्ट्रल-लखनऊ जं.-चेन्नई सेन्ट्रल एक्सप्रेस का हिंगणघाट स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 16093 चेन्नई सेन्ट्रल-लखनऊ जं. एक्सप्रेस और 16094 लखनऊ जं.-चेन्नई सेन्ट्रल एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव हिंगणघाट स्टेशन पर किया जाएगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी। वहीं विभिन्न गाड़ियों का प्रायोगिक आधार पर 02 मिनट का ठहराव चकिया स्टेशन पर प्रदान किया जायेगा। 09451 गांधीधाम-भागलपुर विशेष गाड़ी, 09452 भागलपुर-गांधीधाम विशेष गाड़ी, 15529 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस, 15530 आनन्द विहार टर्मिनल-सहरसा एक्सप्रेस, 15267 रक्सौल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, और 15268 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस को चकिया स्टेशन पर ठहराव दिया जाएगा।

होटल का उद्घाटन करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

मुख्यमंत्री ने होटल का किया उद्घाटन

गोरखपुर, अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखपुर-सोनौली मार्ग पर बने रमाडा होटल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने होटल परिसर, कमरों और वहां उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। शुक्रवार दोपहर बाद सीएम योगी ने फीता काटकर तथा लोकार्पण पट्टिका का अनावरण कर रमाडा होटल का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए रमाडा होटल गोरखपुर के प्रबंध निदेशक राजेंद्र प्रसाद जायसवाल एवं कुनाल जायसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार की पर्यटन नीति से उन्हें मात्र दो साल में यह होटल बनाने में बड़ी सहूलियत मिली। निर्माण में 75 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। रमाडा होटल गोरखनाथ मंदिर से सोनौली रोड पर स्थित होने से पर्यटकों के लिए अत्यंत सुविधाजनक होगा। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल समेत कई गणमान्य जन उपस्थित रहे।

ग्रामीण डाक सेवकों के लिए लांच की योजना

गोरखपुर

अमृत विचार। केन्द्रीय संचार, रेल और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार डाक विभाग में कार्यरत 2.56 लाख से अधिक ग्रामीण डाक सेवकों (जीडीएस) की सेवा शर्तों में सुधार और सेवा में ठहराव को दूर करने के लिए एक वित्तीय उन्नयन योजना का शुभारंभ किया।

ग्रामीण डाक सेवक ग्रामीण क्षेत्रों में डाक विभाग की रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य करते हैं और देश के दूरवर्ती भाग तक डाक और वित्तीय सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह जानकारी रेल मंत्री ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कही। ग्रामीण डाक सेवक (वित्तीय उन्नयन अनुदान) योजना की मुख्य विशेषताओं में प्रत्येक ग्रामीण डाक सेवक को 12, 24 और 36 वर्ष की सेवा पूरी करने पर तीन वित्तीय उन्नयन प्राप्त होंगे जिनमें क्रमशः 4,320 रुपये, 5,520 रुपये और 7,200 रुपये प्रति वर्ष की राशि होगी। यह ग्रामीण डाक सेवकों को समय से संबंधित निरंतरता भत्ता (टीआरसीए) के रूप में प्रदान किए जाने वाले पारिश्रमिक के अतिरिक्त है। ग्रामीण डाक सेवकों की सेवा शर्तों में सुधार के महत्वपूर्ण कदम के रूप में इस योजना से 2.56 लाख से अधिक ग्रामीण डाक सेवकों के लाभान्वित होने और उनकी सेवा में ठहराव दूर होने की आशा है।

योजना के बारे में जानकारी देते रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव।

डीएम से की दुकानदारों से वसूली की शिकायत

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। नगर पंचायत बढ़नी कार्यालय के सामने पटरी पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों से अवैध वसूली के मामले में सभासदों ने डीएम को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। सभासद कन्हैया मित्तल, निजाम अहमद, दीपमाला, मो.अकबर, निसार अहमद, मनोज यादव, आसमा खातून, रजाउद्दीन ने नगर पंचायत अध्यक्ष के करीबियों पर आरोप लगाया है। सभासदों का आरोप है कि नगर पंचायत कार्यालय के सामने दुकानदारों द्वारा दुकान लगाकर अवैध तरह से अतिक्रमण कर लिया गया है, जिसके कारण नगर पंचायत कर्मचारियों को पार्क में बने गोदाम में समान रखने व आम नागरिकों को आवागमन में दिक्कत होती है। पटरी पर दुकान नगर पंचायत अध्यक्ष के करीबियों द्वारा लगवाई जाती है। उसी दुकानदारों से अवैध वसूली की जाती है। आपात परिस्थितियों में नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा उक्त भूमि पर संसाधन खड़ा करके सेवाएं देते हैं। सड़क पर अतिक्रमण से भविष्य में जानमाल की नुकसान हो सकती है। इस मामले में ईओ बढ़नी अजय कुमार ने बताया कि अवैध वसूली मामले में संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सड़क के पटरी पर दुकान लगाकर अतिक्रमणवालों के खिलाफ कार्रवाई करने लिए उप जिलाधिकारी को पत्र लिखा गया, आदेश मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री से न्याय मांगने आई महिला को पुलिस ने पीटा

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। जनपद में एक चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से एक महिला न्याय की गुहार लेकर मिलने पहुंच गई। बांसी क्षेत्र निवासी महिला ने जमीन विवाद को लेकर मुख्यमंत्री से शिकायत करने पहुंची थी। लेकिन कार्यक्रम में तैनात पुलिस कर्मी पहले तो उसे मंच के पास से दूसर ले जाने का प्रयास करने लगे। लेकिन जब वह नहीं मानी तो पुलिस वालों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। महिला जब चिल्लाने लगी तो शोर सुनकर मीडियाकर्मी भी मौके पर पहुंच गए और घटना को कैमरों में कैद कर लिया। घटना की जानकारी होते ही जिले में यह चर्चा का विषय बन गया।

पीड़ित महिला का कहना था कि उसे जब स्थानीय थाने और जनपद के अधिकारियों से न्याय नहीं मिला तो मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी पीड़ा को बताना चाहती थी। लेकिन पुलिस वालों ने न केवल मेरे साथ दुर्व्यवहार किया बल्कि लाठी मारकर चोट भी पहुंचा दी।

सहूलियत त्योहार पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने लिया निर्णय

होली के मौके पर चलाई जाएंगी विशेष गाड़ियां

गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 04022/04021 आनन्द विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनल होली विशेष गाड़ी का संचालन आनन्द विहार टर्मिनस से 21 मार्च को तथा मुजफ्फरपुर से 22 मार्च को एक फेरे के लिए किया जायेगा। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय सह द्वितीय श्रेणी का 01, शयनयान श्रेणी का 15, साधारण द्वितीय श्रेणी का 03 तथा सीजीएसएलआरडी के 01 कोच सहित कुल 21 कोच लगाये जाएंगे।

इसके अलावा रेल प्रशासन द्वारा आगामी होली त्यौहार पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 01431/01432 पुणे-गोरखपुर-पुणे होली विशेष गाड़ी का संचलन 22 मार्च को पुणे से एवं 23 मार्च को गोरखपुर से 01-01 फेरे के लिये निम्नवत किया जायेगा। जबकि 01083/01084 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर- छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस होली विशेष गाड़ी का संचलन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 22 मार्च को तथा गोरखपुर से 24 मार्च को 01-01 फेरे के लिए किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

वंदे भारत एक्सप्रेस का नियमित संचालन 26 से

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की अतिरिक्त सुविधा के लिये 22545/22546 लखनऊ जं.-देहरादून-लखनऊ जं. वंदे भारत एक्सप्रेस का नियमित संचालन 26 मार्च से सप्ताह में छह दिन (सोमवार को छोड़कर) किया जायेगा। 22545 लखनऊ जं.-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस लखनऊ जं. से 05.15 बजे प्रस्थान कर बरेली, मुरादाबाद होते हुए हरिद्वार और देहरादून पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, 22546 देहरादून-लखनऊ जं. वंदे भारत एक्सप्रेस देहरादून से 14.25 बजे प्रस्थान कर लखनऊ जं. 22.40 बजे पहुंचेगी।

एक नजर

प्रतियोगिता में 10 मेधावियों को मिला सम्मान

बलरामपुर। शिक्षा क्षेत्र शिवपुरा के ब्लॉक संसाधन केंद्र में राष्ट्रीय आविष्कार योजना के तहत गणित व विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ब्लॉक के 82 उच्च प्राथमिक व कंपोजिट स्कूल के 300 छात्रों ने प्रतिभा किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डायट प्रवक्ता गोविंदराम रहे। प्रतियोगिता में टॉप 10 मेधावी को प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इसमें श्यामू पाठक, आशिक अली, सुभाष, सीमा, फूलचंद, नव्या, अर्चना शर्मा, मोहिनी पांडे, अर्चना पांडे व उत्कर्ष शामिल है।

लैवेंडर हाउस ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

बलरामपुर। शुक्रवार को सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वर्षान्त पाठ्य सहगामी गतिविधियों में विद्यालय के चारों हाउस के प्रदर्शन के आधार पर चैंपियंस ट्रॉफी 2024 की घोषणा की गई। इस अवसर पर ट्यूलिप हाउस की कैप्टन अक्षरा द्विवेदी, लैवेंडर हाउस की कैप्टन शगुन पांडे, लिली हाउस की कैप्टन मान्या सिंह व ऑर्किड हाउस की वाइस कैप्टन यशी सिंह अपने अपने हाउस ध्वज के साथ अपने सदन का प्रतिनिधित्व किया। विद्यालय के बच्चे अपनी अपनी हाउस ड्रेस में हाउस कैप्टन व हाउस इंचार्ज टीचर्स के साथ के साथ उपस्थित रहे। सत्र 2023-24 में लैवेंडर हाउस ने चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

सीएम ने बलरामपुर-श्रावस्ती के लिए खोला खजाना

दो हजार करोड़ की परियोजनाओं की रखी आधारशिला, लाभार्थियों को दी चेक व आवास की चाबी

सौगात

- सीएम बोले - अब श्रावस्ती और बलरामपुर बने विकसित जनपद
- सपा, बसपा व कांग्रेस पर जमकर निशाना साधे

466 विकास परियोजनाओं का बलरामपुर में लोकार्पण व शिलान्यास

31 विकास परियोजनाओं का श्रावस्ती में लोकार्पण

जिला संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार। शुक्रवार सुबह तुलसीपुर शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में शक्ति की आराधना कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बलरामपुर समीप कोइलरा गांव में मां पाटेश्वरी राजकीय विश्वविद्यालय का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस दौरान सीएम योगी ने बलरामपुर व श्रावस्ती के लिए 1488.89 करोड़ लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया। सीएम योगी ने कहा कि अब बलरामपुर व श्रावस्ती आकांक्षात्मक जनपद से आगे बढ़कर विकसित जनपद की श्रेणी में आ गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार सुबह दस बजे हेलकॉप्टर से कोयलरा गांव पहुंचे। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक व आवास की चाबी सौंपी। इसके बाद सीएम योगी ने बलरामपुर में 466 व श्रावस्ती की 31 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। सीएम योगी ने कहा कि बलरामपुर व श्रावस्ती पुरुषार्थ की धरती रही है। माफिया प्रवृत्ति के लोगों ने इसे कुंद करने का काम किया था। कहा कि राजनीति का अपराधीकरण नहीं होने दिया जाएगा। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होगा।

सीएम योगी ने कई योजनाओं का बखान करते हुए सपा, बसपा व कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कहा कि पूर्व की सरकारों में सरकारी योजनाओं पर डाका डालने का काम किया जाता था। लेकिन भाजपा सरकार में आज लोगों को मुफ्त राशन, आयुष्मान कार्ड व पक्के आवास की सुविधाएं मिल रही हैं। सीएम योगी ने अटल बिहारी वाजपेयी केजीएमयू लखनऊ के सैटेलाइट सेंटर 300 बेड के अटल बिहारी चिकित्सा महाविद्यालय फेज-1 का लोकार्पण किया। उन्होंने कई मार्गों व फुलवरिया बाईपास पर बने नवनिर्मित ओवरब्रिज का भी लोकार्पण किया।

इसी तरह से श्रावस्ती में जनपद कारागार, भंगहा में 50 बेड का अस्पताल, जमुनहा में राजकीय महाविद्यालय व श्रावस्ती में राजकीय इंटर कॉलेज सहित कई मार्गों का लोकार्पण किया। इसी तरह से कई प्रमुख सम्पर्क मार्गों, छात्रावास व अन्य योजनाओं का सीएम ने शिलान्यास किया।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षामंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल, राज्यमंत्री रजनी तिवारी, भाजपा अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला के राम प्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, विधान परिषद सदस्य साकेत मिश्र, डा. प्रज्ञा त्रिपाठी, अवधेश कुमार सिंह मंजू, नपाप चेयरमैन डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, श्याम मनोहर तिवारी सर्वेश सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कोयलरा गांव में मां पाटेश्वरी राजकीय विश्वविद्यालय का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

सार-संक्षेप

कोई भी संगठन बिना कार्यकर्ताओं के नहीं चल सकता : धर्मपाल

अटल भवन कार्यालय पर आयोजित बैठक में शामिल पदाधिकारी। अमृत विचार

बलरामपुर। कोई भी संगठन बिना कार्यकर्ताओं के नहीं चल सकता। भारतीय जनता पार्टी में आज करोड़ों कार्यकर्ता शामिल हैं। यह बातें तुलसीपार्क स्थित अटल भवन कार्यालय पर आयोजित लोकसभा चुनाव संचालन समिति बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कही। लोक सभा प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश की 80 में 80 सीटें भाजपा ही जीतेगी। जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार निरंतर कार्य कर रही है। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पाण्डेय, श्रावस्ती प्रभारी, शिव नायक वर्मा, श्रावस्ती जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी व अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रुद्रामहायज्ञ कथा सुनने से दूर होते हैं कष्ट : पं. सुरेंद्रनाथ

सादुल्लानगर, बलरामपुर। सादुल्लाहनगर बाजार में चल रहे नौ दिवसीय रुद्रामहायज्ञ के दूसरे दिन कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए यज्ञाचार्य पंडित सुरेंद्रनाथ शास्त्री ने कहा कि भगवान भाव से मिलते हैं। भगवान साधना, उपासना, आराधना आदि के साथ प्रभु से आपके भक्ति भाव जुड़ जाए तो सदैव भगवान भाव से मिलते हैं। कथा व्यास मध्य प्रदेश उज्जैन धाम से पधारी किशोरी प्रज्ञा विष्णु प्रिया कथा में कहा कि एक बार पार्वती जी के जिद पर भगवान शंकर जी ने अमर कथा सुनाने के लिए राजी हुए। माता पार्वती को अमर कथा सुनाने लगे। भगवान शंकर ने इधर-उधर देखा कि कोई आसपास है। पर देखा तो एक सुख बैठा था। शंकर जी ने त्रिशूल उठाया सुख भागने लगा शंकर जी पीछे-पीछे भागने लगे सुखदेव आगे आगे। सुखदेव जी भी सोचने लगे, जब दैत्य पीछे पड़ता था तो हम देवता के पास जाते थे अब हम किसके पास जाएं जब देवता पीछे पड़े हैं तो ब्राह्मण देवता के पास जाना चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने कथा वाचक का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दीप चंद्र जायसवाल, राधेश्याम गुप्ता, संतराम मिश्र, बहरैची गुप्ता प्रदीप गुप्ता, पंकज गुप्ता, राम लोटन गुप्ता सहित अन्य लोगों ने कथा श्रवण किया।

ट्रेन की चपेट में आकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

मगहर, संतकबीरनगर अमृत विचार। राजकीय रेलवे पुलिस खलीलाबाद के उपनिरीक्षक राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि खलीलाबाद से मगहर स्टेशन के बीच सूती मिल गेट के पश्चिम आउटर सिंग्नल के अंदर डाउन ट्रैक पर किसी ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की जामा तलाशी लेने पर उसके पास से शिनाख्त कराने का कोई साक्ष्य नहीं मिल सका।आसपास के लोगों से भी पहचान कराने की कोशिश की गई। लेकिन उसकी पहचान नहीं की जा सकी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी हाउस भेज दिया गया है।

बिना अनुमति मंदिर परिसर में लगा दी मूर्ति, तनाव

मगहर, अमृत विचार। ग्राम रसूलाबाद में दलित बस्ती के निकट खलिहान की भूमि में प्राचीन काली मंदिर स्थापित है। उसी परिसर में बीते दिनों गांव की दलित बस्ती के लोगों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दिया गया था। इस मामले को लेकर लोगों में भारी आक्रोश पैदा हो गया था। मामले को प्रशासन ने गम्भीरता से लेते हुए एसडीएम सदर शैलेश दूबे मौके पर पहुंचे और स्थलीय निरीक्षण किया। एसडीएम शैलेश दूबे ने कहा कि किसी भी दशा में बिना अनुमति के सार्वजनिक स्थानों पर मूर्ति नहीं लगनी चाहिए। यदि मूर्ति लगाई गई है तो तत्काल उसे हटा लें।

महिला उत्पीड़न नहीं रुका तो होगा आंदोलन : शीला यादव

धनघटा, संतकबीरनगर, अमृत विचार। जनपद में लगातार महिलाओं के साथ अप्रिय घटनाएं घट रही हैं और पुलिस निरंकुश हो गई है। अपराधी ताबड़तोड़ बिना डर भय के घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। अगर महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगा तो संगठन व्यापक रूप से आंदोलन छेड़ेगा। उक्त बातें इंडस्ट्रियल एरिया खलीलाबाद में भारतीय महिला महासभा की बैठक को सम्बोधित करतीं प्रदेश अध्यक्ष शीला यादव ने कहीं। उन्होंने संगठन में फेरबदल करते हुए जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी माधुरी गौतम को सौंपी।

जिम्मेदारों के वेतन व पेंशन से होगी वसूली : डीएम

संतकबीरनगर, अमृत विचार। जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर ने वर्ष 2012 के एक प्रकरण की सुनवाई का हवाला देते हुए बताया कि 8 मई 2012 को जिला सहायक निबन्धक, सहकारी समिति अनिल सिंह द्वारा भ्रमण के दौरान ग्राम भिटिया में मकान स्वामी बेचन पुत्र रामहरक के मकान में 220 बोरी सरकारी गेंहू और 27 बोरा उर्वरक खाद पकड़ी गयी थी। जिसे एसडीएम और थानाध्यक्ष दुधारा को सूचित करते हुए उनकी उपस्थित में खाद्यान्न व खाद को इस मकान में सील करा दिया गया और भवन स्वामी को इस निर्देश के साथ सुपुर्द किया गया कि कोई अधिकारी सैंपल के लिए आएगा तभी दुकान खुलेगी।

आरोपी बबलू पुत्र बेचन के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। 9 मई 2012 को इसकी सैंपलिंग हुई और 220 बोरे सरकारी खाद्यान्न को तत्कालीन एसएमआई राम भवन को दे दिया गया और 27 बोरी खाद थाने पर जब्त कराई गई। पुलिस ने 9 मई 2012 को तत्कालीन जिलाधिकारी को मामले से अवगत कराया गया। तत्कालीन डीएम ने 19 जुलाई 2013 को खाद्यान्न और उर्वरक को जब्त कर लिया। तत्कालीन जिला पूर्ति अधिकारी व जिला कृषि अधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई।

जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने दोनों पक्षों को सुनने के उपरांत तत्कालीन जिला पूर्ति अधिकारी और जिला कृषि अधिकारी को दोषी पाते हुए सेवा में हैं तो उनके वेतन से और सेवानिवृत्त हो चुके हैं तो उनकी पेंशन से उर्वरक और खाद्यान्न का तत्कालीन समय के मूल्य के हिसाब से वसूल कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए वर्तमान जिला पूर्ति अधिकारी और जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया है।

अल्ट्रावायलेट रेज और माड्यूल देगा फ्रिज के खाने को संजीवनी

जीशान कदीर, लखनऊ

प्रमाण पत्रों के साथ शोधार्थी और विवि की रजिस्ट्रार डॉ. भावना मिश्रा। अमृत विचार

- कोल्ड स्टोरेज और बड़े संस्थानों में खाद्य सामग्री लंबे समय तक रखी जा सकेगी सुरक्षित
- भाषा विश्वविद्यालय के छात्रों को मिली देश का पहला पेटेंट बनाने में सफलता

अमृत विचार : फ्रिज में रखा खाना खराब होने का डर अगर आपको सता रहा है तो निश्चिंत हो जाइये। भाषा विश्वविद्यालय ने एक इनोवेशन तैयार किया है, जिसके सहारे फ्रिज में खाद्य सामग्री को लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकेगा। इसे पेटेंट भी करा लिया गया है। यह देश का पहला और सबसे सस्ता आधुनिक इनेवेशन होगा।

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह ने बताया कि विवि के बीटेक के छात्र दीपक मौर्या और सूर्यांश मिश्रा को इनोवेशन के तैयार करने में छह माह का समय लगा। इनोवेशन को खरा उतरने पर भारत सरकार ने इसे पेटेंट कर बाजार में ले जाने की अनुमति दे दी है। शोधार्थी दीपक कहते हैं कि फ्रिज, रेफ्रिजरेटर, कोल्ड स्टोरेज और बड़े संस्थानों में इस इनोवेशन को इस्तेमाल कर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और पौष्टिकता लंबे समय तक बनाए रखी जा सकेगी।

एआई चिप के सहारे होगा नियंत्रण: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) व्यवस्था को शोधार्थियों द्वारा इस्तेमाल में लाया गया है। इसमें लगे सेंसर्स, अल्ट्रावायलेट रेज और कूलिंग माड्यूलर को एआई चिप से नियंत्रित रखेंगे। एआई के निर्देशों के आधार पर ही अल्ट्रावायलेट रेज खाद्य सामग्रियों पर अपना प्रभाव छोड़ेगी।

इस तरह से इनोवेशन करेगा अपना कार्य: नए इनोवेशन को शोधार्थियों ने स्मार्ट रेफ्रिजरेशन डिवाइस विद स्पॉइलेज प्रेवेंशन सिस्टम का नाम दिया है। नार्मल रेफ्रिजरेटर और कूलिंग सिस्टम खाद्य सामग्री को लंबे समय तक ठंडा रख सकते हैं, लेकिन उनकी पौष्टिकता को सुरक्षित नहीं कर सकते। नया शोध अल्ट्रावायलेट रेज और माड्यूलर के सहारे खाने को लंबे समय तक सुरक्षित रखने का कार्य करेगा।

उपकरणों के कार्य

- इन्फ्रारेड सेंसर (आईआर सेंसर)- एक संवेदनशील ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक घटक है। इससे निकलने वाली इन्फ्रारेड तरंग खाद्य सामग्री की निगरानी का कार्य करेगी।
- गैस सेंसर्स - अलग अलग तरीके से खाद्य सामग्री में निकलने वाली गैस और दूषित कारकों का पता लगाएगी।
- एआई चिप- ये सभी उपकरणों को नियंत्रित और निर्देशित करने का कार्य करेगी।

सस्ती और सुलभ है व्यवस्था

जहां लोग सेहत के लिए हजारों-लाखों रुपया खर्च कर देते हैं। शोधार्थियों का दावा है कि नए शोध की कीमत फ्रिज में रखे सामान के बराबर है। जो आमजन के लिए सस्ता, सुलभ और लाभकारी रहेगा।

अल्ट्रावायलेट रेज से नहीं होगा नुकसान

इनोवेशनकर्ता दीपक मौर्या और सूर्यांश मिश्रा का दावा है कि अमूमन, अल्ट्रावायलेट रेज कुछ हद तक आमजन व खाद्य सामग्री को नुकसान पहुंचाती है। नई तकनीकी इससे इतर है। अल्ट्रावायलेट रेज खाने की पौष्टिकता को नुकसान न पहुंचाकर लाभकारी रहेगा।

लोधेश्वर महादेवा मंदिर के विकास के लिए 48.70 करोड़ रुपये स्वीकृत

तैयारी

- पहली किस्त में मिले 6.70 करोड़, मंदिर के आसपास की भूमि की होगी खरीद, पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की है योजना

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

लोधेश्वर महादेवा मंदिर का मुख्य द्वार।

अमृत विचार : लोधेश्वर महादेव मंदिर के आसपास की भूमि को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर भूमि क्रय के लिए शासन से प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है। पहली किस्त के रूप में 6 करोड़ 71 लाख 71 हजार 95 रुपये की धनराशि मिल गई है। कुल 48 करोड़ 70 लाख 19 हजार रुपये की लागत से इस एतिहासिक स्थल को पर्यटन के रूप में विकसित किया जाएगा। पहली किस्त मिलने के बाद अब आगे की कार्रवाई शुरू होगी।

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि उनके प्रस्ताव पर शासन ने लोधेश्वर महादेवा मंदिर के आसपास की भूमि को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने के लिए भूमि के क्रय को 51 करोड़ 11 लाख 29 हजार 456 रुपये में से स्टाम्प शुल्क की धनराशि 2 करोड़ 41 लाख 9 हजार 880 रुपये कम करते हुए 48 करोड़ 70 लाख 19 हजार 576 रुपये भूमि क्रय किए जाने का प्रस्ताव उपलब्ध कराते हुए चालू विलीय वर्ष 2023-24 में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ 6 करोड़ 71 लाख 71 हजार 95 रुपये की धनराशि जारी कर दी है। उप सचिव राजेंद्र प्रसाद द्वारा महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पर्यटन को भेजे गए स्वीकृति पत्र में कहा गया है कि लोधेश्वर महादेवा मंदिर के आसपास की भूमि को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने के लिए भूमि क्रय किये जाने को लेकर पहली किस्त दी गई है। चुनाव की घोषणा से पहले जारी की गई इस धनराशि से अब जल्द ही भूमि की खरीद की प्रक्रिया शुरू होगी। धनराशि मिलने के बाद लोगों में खुशी का माहौल दिख रहा है। रामनगर से महादेवा के गेट तक तीन किमी 200 मीटर लंबी सड़क को सात से 10 मीटर बनाया जाएगा।

यीडा के आठ भूखंडों पर होगा 86 करोड़ का निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

योजना

- 600 लोगों को मिलेगा रोजगार प्राधिकरण से भूखंडों के लिए ई-ऑक्शन पूरा

अमृत विचार: यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) ने अपने आठ संस्थागत भूखंडों के ई ऑक्शन के जरिए 37 करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि प्राप्त की है। इन भूखंडों पर आवंटी द्वारा लगभग 86 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जिससे लगभग 600 लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

प्राधिकरण की संस्थागत भूखंडों के आवंटन की योजना के तहत गुरुवार को ई ऑक्शन की प्रक्रिया पूर्ण हुई है। 8 भूखंडों के सापेक्ष कुल बिड प्राइज लगभग 31.48 करोड़ रुपये की थी। इस बिड प्राइज के सापेक्ष प्राधिकरण को 37.12 करोड़ की धनराशि प्राप्त होगी जो कि बिड प्राइज से 5.65 करोड़ रुपए अधिक है। इस योजना में नर्सिंग होम के 6 भूखंडों के सापेक्ष कुल 14, कारपोरेट ऑफिस के एक भूखंड के सापेक्ष 14 एवं सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 1 भूखंड के सापेक्ष 1 आवेदन प्राप्त हुए थे। भूखंडों में सबसे अधिक भूखंड (सीनियर सेकेंडरी स्कूल) का क्षेत्रफल 10115 वर्ग मीटर है जोकि 2.5 एकड़ से भी अधिक है। यह भूखंड मेसर्स सुभाष इंफ्राइंजीनियर्स प्रा. लि. को प्राप्त हुआ है। इसके अलावा कॉर्पोरेट ऑफिस का एक भूखंड जो मेसर्स फ्लक्स कैपिटल प्रा. लि. को प्राप्त हुआ। इसकी बिड प्राइज से लगभग दो गुना रेट पर बिड लगी है। नर्सिंग होम के लिए भूखंड मेट्रो इंडिया लि., जेपीएस रीयल एस्टेट, आर आर मेडिकल सर्विसेज प्रा. लि., नवीन मेडिकेयर प्रा. लि.(2 बिड) और रामराज वेलनेस प्रा. लि. को प्राप्त हुआ है।

सत्ता के लिए जी जान से जुट जाएं : मायावती

- सत्ता की चाबी प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने के लिए देनी होगी तन, मन व धन की कुर्बानी
- बसपा संस्थापक कांशीराम की 90 वीं जयंती पर बसपा प्रमुख ने किया आह्वान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

कांशीराम स्मारक पर जयंती के अवसर पर एकत्रित बसपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

अमृत विचार: बसपा के संस्थापक कांशीराम की 90वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सुप्रीमो मायावती ने कहा कि गुलाम मानसिकता वालों से अलग, अपनी एक जुटता दिखाये और केन्द्र व राज्यों की सत्ता अपने हाथ में लेने के लिए जी जान से जुट जाये। सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति आन्दोलन की सफलता के लिए तन, मन व धन की कुर्बानी देनी होगी।

बसपा प्रमुख ने शुक्रवार को, लखनऊ स्थित अपने आवास पर कांशीराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद लोकसभा चुनाव को लेकर पदाधिकारियों को संबोधित भी किया। सोशल मीडिया पर अपने संदेश में उन्होंने कहा कि दलित, शोषित समाज को आत्मनिर्भर बनना है, इसके लिए सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करनी होगी।

प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया: पुरानी जेल रोड आलमबाग स्थित कांशीराम स्मारक पर बसपा की जिला यूनिट द्वारा बुद्ध पूजा चिवरदान व पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कांशीराम की जयंती मनाई गयी। एमएलसी भीमराव आंबेडकर, रामनाथ रावत, अखिलेश आंबेडकर, जिला प्रभारी ब्रजेश चौधरी व जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार गौतम आदि संगठन के तमाम पदाधिकारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये और मायावती को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

मायावती उसी से मिल रही हैं जिसका टिकट तय : भीमराव

लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को लेकर बसपा द्वारा अधिकारिक घोषणा तो नहीं की गई है। मगर बसपा प्रमुख से आशीर्वाद मिलने के बाद लगभग तय माना जा रहा है। लखनऊ मंडल के प्रभारी व विधान परिषद सदस्य भीमराव आंबेडकर का कहना है, संभावित प्रत्याशियों के नाम की सिफारिश मंडल प्रभारियों द्वारा की जा रहीं हैं। लखनऊ मंडल में उन्नाव सीट के लिए अशोक पाण्डेय और दोहरारा सीट पर श्याम किशोर अवस्थी को मायावती की सहमति मिल चुकी है, औपचारिक घोषणा समय आने पर पार्टी द्वारा की जायेगी।

उड़ान के लिए नियमित बुकिंग नहीं , 19 को चित्रकूट की उड़ान

अमृत विचार, लखनऊ : 5 शहरों के लिए शुरू हुई उड़ान सेवा के लिए अभी पूरी तरह से बुकिंग नहीं हो पा रही है। बुकिंग विमान की उपलब्धता के अनुसार खोली जा रही है। अब 19 मार्च को चित्रकूट के लिए विमान उड़ान भरेगा। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मुरादाबाद, आजमगढ़, अलीगढ़, श्रावस्ती और चित्रकूट के लिए फ्लाई बिग एयरलाइंस ने अपनी सेवाएं 11 मार्च से शुरू की थी। मुरादाबाद के लिए अभी तक विमान का संचालन नहीं हो सका है और न ही बुकिंग हो रही है। अन्य 4 जिलों के लिए भी नियमित तौर पर बुकिंग नहीं हो रही है। विमान की उपलब्धता के अनुसार बुकिंग हो रही है। चित्रकूट के लिए 19 मार्च को विमान उड़ान भरेगा और उसके लिए बुकिंग हो रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शेड्यूल में बदलाव संभव है इसलिए बुकिंग नियमित तौर पर नहीं हो रही है। अगले सप्ताह तक शेड्यूल जारी होने की संभावना है। साथ ही समय सारिणी में बदलाव हो सकता है। इसके बाद ही नियमित तौर पर बुकिंग होगी। अगले सप्ताह से ही मुरादाबाद के लिए विमान सेवा शुरू हो सकती है।

कानपुर में इमरजेंसी सेवाओं का विस्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कानपुर में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में गंभीर मरीजों को और बेहतर इलाज मिल सकेगा। उपमुख्यमंत्री ने शुक्रवार को एनेक्सी सभागार में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की नई सीटी स्कैन मशीन व 16 शैय्या युक्त अत्याधुनिक वार्ड (रेड जोन) आदि सुविधाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **19.04.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	निविदा सूचना संख्या	**02302024 दिनांक 15.03.2024**
2	निविदा संख्या	05/Sr.DEN-V/LKO/2024-25, 06/Sr.DEN-V/LKO/2024-25, 07/Sr.DEN-V/LKO/2024-25, 08/Sr.DEN-V/LKO/2024-25
3	कार्य का नाम : **1.** लखनऊ मंडल में सोनिक गुड्स शेड का सुधार। **2.** लखनऊ मंडल के रौजागांव गुड्स शेड का सुधार। **3.** लखनऊ मंडल पर बिलहरघाट गुड्स शेड का विकास। **4.** लखनऊ मंडल में बाराबंकी गुड्स शेड का विकास।	
4	अनुमानित लागत	**1.** Rs. 89208245.93 **2.** Rs. 84968617.66 **3.** Rs. 50732515.53 **4.** Rs. 58715451.97
5	धरोहर राशि	**1.** Rs. 596100.00 **2.** Rs. 574900.00 **3.** Rs. 403700.00 **4.** Rs. 443600.00
6	कार्य की समापन अवधि	**क्र0 सं0 1 से 4 तक के लिये** : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह।
7	निविदा डालने का प्रारंभ	05.04.2024
8	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	19.04.2024 15:00 बजे
9	वेबसाईट	**www.ireps.gov.in**

नोट :- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **851/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा नोटिस सं0 01802024
दिनाँक 11.03.2024 का प्रथम संशोधन

खुली ई-निविदा नोटिस संख्या 01802024 जो दिनाँक 14.03.2024 के प्रमुख हिन्दी व अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुयी है तथा निविदा बंद होने की अंतिम तिथि 15.04.2024 समय 15:00 बजे है, के उल्लिखित कार्य हेतु (क्र.सं. 01 से 05) निविदा में संशोधन नीचे दिए विवरण के अनुसार किया गया है:-

नविदा सं0		वर्तमान तिथि	संशोधित तिथि
01-SrDEN-IV-	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	15.04.2024 15:00	12.04.2024 15:00
LKO/2024-25	निविदा डालने का प्रारंभ	01.04.2024	29.03.2024
02-SrDEN-IV-	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	15.04.2024 15:00	02.04.2024 15:00
LKO/2024-25	निविदा डालने का प्रारंभ	01.04.2024	19.03.2024
03-SrDEN-IV-	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	15.04.2024 15:00	02.04.2024 15:00
LKO/2024-25	निविदा डालने का प्रारंभ	01.04.2024	19.03.2024
04-SrDEN-IV-	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	15.04.2024 15:00	02.04.2024 15:00
LKO/2024-25	निविदा डालने का प्रारंभ	01.04.2024	19.03.2024
05-SrDEN-IV-	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	15.04.2024 15:00	02.04.2024 15:00
LKO/2024-25	निविदा डालने का प्रारंभ	01.04.2024	19.03.2024

नोटिस सं0 01802024 (प्रथम संशोधन) दिनाँक 14.03.2024 819/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एक नजर

छह आईएएस अधिकारियों के तबादले

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले शुक्रवार को छह आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। आईएएस विपिन कुमार मिश्रा को शाहजहांपुर का नया नगर आयुक्त बनाया गया है, जबकि इसपर कार्यरत कामता प्रसाद सिंह का एडिशनल कमिश्नर फूड और सचिव सतर्कता आयोग के पद पर तबादला हुआ। अपूर्वा दुबे उपाध्यक्ष अलीगढ़ विकास प्राधिकरण बनाई गईं। नितिन गिरि को कानपुर, मदन गर्बयाल को पीलखुआ और अतुल वत्स को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

होली से पहले एनएचएम कर्मियों को मिलेगा वेतन

अमृत विचार, लखनऊ : होली से पूर्व 20 मार्च तक एनएचएम कर्मचारियों का वेतन निरागत जायेगा। इस सम्बन्ध में मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र. डॉ. पिंकी जोवल की और से शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया गया है। 24 व 25 मार्च को होली पर्व होने एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 के समाप्ति के दृष्टिगत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र के कर्मचारियों के लिए माह मार्च, 2024 के वेतन का भुगतान दिनांक 18 मार्च तक की उपस्थिति के आधार पर दिनांक 20 मार्च तक प्रत्येक दशा में निर्गत करने का निर्देश जारी किए गए है।

महंगाई राहत की घोषणा का स्वागत

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश सचिवालय पेंशनर्स एसोसिएशन के सचिव व संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक एनपी त्रिपाठी व सह संयोजक ओंकार नाथ तिवारी ने प्रदेश के पेंशनर्स के लिए मंहगाई राहत में चार प्रतिशत बढ़ोत्तरी के आदेश का स्वागत किया है। नेताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए पेंशनरों को बधाई दी।

सड़कों के निर्माण में उपयोग हो एफडीआर तकनीक

अमृत विचार,, लखनऊ : उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सड़कों के निर्माण में ज्यादा से ज्यादा एफडीआर तकनीक का उपयोग करने का निर्देश दिया है। निर्देश में उन्होंने कहा कि इससे सड़कें मजबूत व टिकाऊ बन सकेंगीं। शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई जा रही सड़कों में एफडीआर तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है।

व्यक्ति का शिक्षित होना बहुत जरूरी

संवाददाता, अमेठी

सरस्वती के चित्र पर पूजा करते शिक्षक।

अमृत विचार। कलम की ताकत दुनिया की हर ताकत से बड़ी होती है। इसलिये आप सब लोग अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें क्योंकि व्यक्ति का शिक्षित होना बहुत आवश्यक है। आज परिषदीय विद्यालयों में पठन-पाठन के चलते कान्वेंट स्कूल काफी पीछे छूट गये है। यह बात ब्लॉक संसाधन केन्द्र सिंहपुर में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता व प्रधान प्रतिनिधि आशीष मिश्रा ने कही।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों, प्रधानाध्यापकों के साथ ही विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्षों को सम्बोधित करते हुये कहा कि गांव के विकास के साथ ही साथ आप सब लोग स्कूलों का भी कायाकल्प करवायें और बच्चों को शिक्षा के साथ खेलकूद में भी आगे बढ़ाये खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने कहा कि कायाकल्प के तहत यहां के विद्यालय चमक रहे हैं और 17 पैरामीटर पूर्ण कर चुके हैं। बीईओ ने कहा कि 104 प्राथमिक विद्यालयों में 66 विद्यालय निपुण हो चुके हैं। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने प्रधानाध्यापकों को ग्राम प्रधान और प्रबंध समिति के अध्यक्ष और अभिवावकों से तालमेल बैठाकर कार्य करने के लिये प्रेरित किया। एआरपी ओंकार पाण्डेय और घनश्याम आनंद ने सरकार की नीतियों के बारे में अवगत कराया। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी और प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया और आगंतुकों के प्रति आभार जताया। कम्पोजिट विद्यालय सिंहपुर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

किसानों ने की विद्युत कर्मचारियों की शिकायत

भेटुआ, अमेठी] अमृत विचार% बिजली विभाग की ओर से चलाए गए चेकिंग अभियान में बिजली कर्मचारियों के मनमाने तरीके से तंग आकर लोगों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पटल पर की है। महिलाओं से अभद्र टिप्पणी का भी आरोप लोगों ने लगाया है। बीते दिनों से बिजली विभाग की ओर से चलाए जा रहे चेकिंग अभियान में बिजली कर्मचारियों की लगातार शिकायत ग्रामीणों द्वारा की जा रही है। वहीं उनके साथ लगे संविदा कर्मी भी कुछ विभागीय कर्मचारियों से मिली भगत करके चेकिंग और भार बढ़ाने घटाने के नाम को लेकर जमकर वसूली कर जेब गरम कर रहे हैं। नाम न छापने की शर्त पर अपने घर पर ही छोटी-छोटी परचून आदि की दूकान से बच्चों का पेट पाल रहे हैं। बिजली उपभोक्ताओं ने बताया कि संविदाकर्मी आकर कनेक्शन को घरेलू से व्यावसायिक करने को लेकर जमकर पैसा वसूलते हैं।

खड़े डंपर में घुसी बस चालक की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी से दर्शन करके लौट रही श्रद्धालुओं से भरी प्राइवेट बस ड्राइवर को झपकी आने के कारण शुक्रवार सुबह नौबस्ता हाईवे किनारे खराब खड़े डंपर में पीछे से जा घुसी। हादसे में बस चालक की मौत हो गई। वहीं 12 सवारियां घायल हो गईं। पुलिस ने घायलों को कांशीराम ट्रामा सेंटर भेजा।

रायबरेली के लालगंज निवासी विमलेश ने बताया कि उनके भाई अवधेश कुमार (52) प्राइवेट बस चालक थे। परिवार में पत्नी साधना समेत तीन बेटी और एक बेटा है। बताया कि 10 मार्च को भाई रायबरेली से सवारियों से भरी बस लेकर राजस्थान के बालाजी मंदिर गए थे। वहां दर्शन करने के गुरुवार रात को वह बस लेकर रायबरेली के लिए लौट रहे थे। रास्ते में शुक्रवार सुबह करीब छह बजे नौबस्ता हाईवे पर प्रताप होटल के पास बस हाईवे किनारे खड़े खराब डंपर में पीछे से जा घुसी। हादसे में बस का केबिन क्षतिग्रस्त होने से अवधेश गंभीर रूप से घायल हो गए। बस में मौजूद 55 सवारियों में से 12 सवारियां घायल हो गईं। मौके पर पहुंची नौबस्ता पुलिस ने घायलों को कांशीराम ट्रामा सेंटर भेजा। जहां डाक्टरों ने बस चालक अवधेश कुमार को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद हाईवे पर करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने क्रेन से क्षतिग्रस्त बस और डंपर को हटवा कर यातायात सुचारू कराया। डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया कि घायलों का इलाज जारी है।

कार्यालय ग्राम पंचायत सहिनवा वि0ख0 दोस्तपुर, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-15.03.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

ग्राम पंचायत सहिनवा वि0ख0 दोस्तपुर में एस. एल. डब्लू.एम. /मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त/ योजना अर्न्तगत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें दिनांक 23.03.2024 के अपरान्हः 02:00 बजें तक आमंत्रित की जाती है।उसी दिन अपरान्हः 03:00 बजें निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली व निरस्त की जायेगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्रम सं0	कार्य का नाम	सामग्री	अनुमानित लागत
1.	पिच रोड से संतोष सिंह के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य	प्रथम श्रेणी ईट, इन्टरलॉकिंग ईट, सीमेंट, बालू मौरंग इत्यादि	4 लाख

सभाजीत ग्राम प्रधान — देवव्रत पाल सचिव

जुमे पर मस्जिदों में उमड़ा नमाजियों का सैलाब

जायस, अमेठी

ओदारी चौराहे पर स्थित मस्जिद पर नमाज पढ़ते नमाजी। अमृत विचार

अमृत विचार। रोजे के पहले जुमा होने की वजह से हर तरफ चहल पहल नजर आ रही थी। ज्यादातर लोग गुसल करके मस्जिदों की तरफ चल पड़े। जुमे की नमाज के वक्त ज्यादातर मस्जिद नमाजियों से गुलजार रही। कस्बा सहित अन्य जगहों पर नमाज अदा करने के लिए काफी तादात में लोग एकत्रित हुए।

रमजान में अजान से पहले ही लोग मस्जिदों की तरफ चल पड़े और अजान के बाद खुतबा सुनकर दो रकात नमाज इमाम साहब के पीछे पढ़ी। बाद में मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी। शाम के वक्त दिन भर के रोजे के बाद लोग अफ्तारी भरी प्लेटें लेकर मस्जिदों की ओर चल पड़े और अजान सुनने के बाद सभी ने मिलकर रोजा खोला। दिन भर के रोजे से फारिग होकर लोग अपनी-अपनी जरूरत के मुताबिक खान-पान की दुकानों पर भी पहुंचे। रमजान की वजह से कस्बा सहित ग्रामीण इलाकों में रौनक देर रात तक बनी रहती है। अफ्तार से लेकर सहरी तक शहर से लेकर गांव कस्बों में ज्यादातर इबादत गुजार लोग अपने अल्लाह के राजी करने में लगे हुए हैं। रमजान के मौके पर महिलाएं भी इबादतों में मशरूफ हैं। इबादत के बाद घर के काम काज भी उन्हीं के जिम्मे है। सहरी से लेकर रोजा अफ्तार तक सारे कामों को निपटाने के बाद यह इबादत में लग जाती हैं और तरह-तरह के लजीज पकवान बनाकर पूरे घर का ख्याल रखना इनका रोज का काम है। अफ्तार के वक्त दस्तर खान पर तरह-तरह के लजीज पकवान नजर आते हैं। इनमें बेसन की रोटी, पकौड़ी, शाही टुकड़े, चने, फल, बिरयानी का भी इंतजाम रहता है।

शिक्षा का अधिकार — सर्व शिक्षा अभियान सब पढ़ें सब बढ़ें

कार्यालयः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुलतानपुर।

पत्रांकः एस0एस0ए0/के0जी0बी0वी0/14125-30/2023-24 दिनांक 15 मार्च, 2024

जेम-बिड - विज्ञप्ति

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, समग्र शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांकः के0जी0बी0वी0/ फर्नीचर एवं इक्यूपमेन्ट/11771/2023-24 दिनांक 21/12/2023, पत्रांकः के0जी0बी0वी0/ फर्नीचर/11772/2023-24 दिनांक 21/12/2023, पत्रांकः के0जी0बी0वी0/ फर्नीचर /11773/2023-24 दिनांक 21/12/2023, पत्रांकः के0जी0बी0वी0/ बेडिंग/11774/2023-24 दिनांक 21/12/2023 तथा पत्रांकः के0जी0बी0वी0/ फर्नीचर एवं इक्यूपमेन्ट/11775/2023-24 दिनांक 21/12/2023 के कम में उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के बालिका छात्रावास में नवीन फर्नीचर एवं इक्यूपमेन्ट तथा बेडिंग जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय किये जाने हेतु भारत सरकार द्वारा विकसित ई-मार्केट प्लेस, जेम पोर्टल पर BID NO: GEM/2024/B/4786191, BID NO: GEM/2024/B/4785948, BID NO: GEM/2024/B/4786536, BID NO: GEM/2024/B/4786749 and BID NO: GEM/2024/B/4786916 अपलोड की गयी है। इच्छुक फर्मो द्वारा बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि 05.04.2024 निर्धारित है। बिडर्स को बिना कारण बताये बिड को निरस्त करने का अधिकार समिति को सुरक्षित होगा।

(दीपिका चतुर्वेदी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
सुलतानपुर।

केसी पंत, एनडी तिवारी को जीत के साथ शिकस्त भी मिली, पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री हरीश रावत व केंद्रीय राज्यमंत्री बची सिंह रावत भी हारे

दिग्गजों को भी धूल चटा चुकी है नैनीताल सीट

1977 में हुए चुनाव में भारतीय लोक दल के भारत भूषण ने जीत हासिल कर पंत परिवार के विजय रथ को रोका

2014 में कांग्रेस के केसी सिंह बाबा को हराकर भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी को मिली जीत



● अरविंद मलिक, हल्द्वानी

भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की कर्मस्थली होने से नैनीताल लोकसभा सीट की पहचान आजादी के बाद से ही मुख्य सीटों में रही है। शुरुआती तीन दशक तक यह सीट भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत के परिवार के पास ही रही। अलग-अलग वक्त पर देश भर में चली लहर का असर इस सीट पर भी रहा है। इमरजेंसी, रामलहर और मंडल कमीशन को लेकर चली बयार में यहां की जनता देश के साथ खड़ी दिखाई दी। कई बार इस सीट ने जहां नए प्रत्याशियों को मौका दिया, वहीं दिग्गजों को हराकर मैदान से बाहर कर दिया।

आजादी के बाद हुए पहले 1951 एवं दूसरे चुनाव 1957 में लगातार दो बार गोविंद बल्लभ पंत के दामाद सीडी पंत नैनीताल सीट से विजयी हुए थे। इसके बाद 1962, 67 एवं 71 में श्री पंत के पुत्र केसी पंत ने इस सीट पर हैट्रिक बनाते हुए कांग्रेस का वर्चस्व बरकरार रखा। इमरजेंसी के बाद 1977 में हुए चुनाव में भारतीय लोक दल के भारत भूषण ने जीत हासिल कर पंत परिवार के विजय रथ को रोक दिया। इसके बाद कांग्रेस का झंडा लेकर मैदान में आए पूर्व मुख्यमंत्री एनडी तिवारी ने 1980 में भालोद के भारत भूषण को पराजित कर दिया। 1984 में तिवारी के करीबी सत्येंद्र चंद्र गुड़िया ने जीत दर्ज की।

1989 में देश भर में मंडल कमीशन को लेकर उठी बयार के साथ यहां की जनता ने कांग्रेस को हराकर जनता दल के डा.महेंद्र पाल को विजयी बनाया। वर्ष 1991 में राम लहर के चलते एक बार फिर कांग्रेस को इस सीट से हार का मुंह देखना पड़ा। भाजपा के बलराज पासी ने नारायण दत्त तिवारी को हराया था। 1996 में नारायण दत्त तिवारी (तिवारी कांग्रेस) से मैदान में उतरे और विजयी हुए। वहीं 1998 में गोविंद बल्लभ पंत की पुत्रवधु इला पंत को भाजपा ने चुनाव में उतारा। इला पंत ने एनडी तिवारी को शिकस्त देकर अपनी पारिवारिक सीट पर फिर से कब्जा कर लिया। 1999 में एनडी तिवारी कांग्रेस से चुनाव लडे.और जीत हासिल की। तिवारी के उत्तराखंड का मुख्यमंत्री बन जाने पर वर्ष 2002 में इस सीट पर उपचुनाव हुआ। जिसमें कांग्रेस के डा.महेंद्र पाल विजयी रहे। 2004 व 2009 में लगातार दो बार कांग्रेस से करन चंद सिंह बाबा सांसद निर्वाचित हुए। 2009 में भाजपा ने केंद्रीय राज्यमंत्री बची सिंह रावत को मैदान में उतारा था। जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 2014 में कांग्रेस के केसी सिंह बाबा को हराकर भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने जीत हासिल की। 2019 में भाजपा के अजय भट्ट विजयी हुए। उन्होंने कांग्रेस के दिग्गज हरीश रावत को हराया।

केसी पंत

एनडी तिवारी

बची सिंह रावत

हरीश रावत

12 बार कांग्रेस और 4 बार भाजपा का कब्जा

नैनीताल सीट पर आजादी के बाद से अब तक 18 बार चुनाव हुए हैं। इसमें 12 बार कांग्रेस ने और 4 बार भाजपा ने जीत हासिल की है। जनता दल व जनता पार्टी को भी एक-एक बार सफलता मिली है। एक बार यह सीट पर तिवारी कांग्रेस ने जीती। कांग्रेस छोड़ने के बाद एनडी तिवारी ने तब तिवारी कांग्रेस का गठन किया था।

कब कौन रहा विजयी

चुनाव	सदस्य	पार्टी
1951-52 व 1957	चंद्र दत्त पांडे	इंडियन नेशनल कांग्रेस
1962 व 1967	कृष्ण चंद्र पंत	इंडियन नेशनल कांग्रेस
1971	कृष्ण चंद्र पंत	इंडियन नेशनल कांग्रेस (आर)
1977	भारत भूषण	जनता पार्टी
1980	नारायण दत्त तिवारी	इंडियन नेशनल कांग्रेस (आई)
1984	सत्येंद्र चंद्र गुडिया	इंडियन नेशनल कांग्रेस (आई)
1989	महेंद्र सिंह पाल	जनता दल
1991	बलराज पासी	भारतीय जनता पार्टी
1996	नारायण दत्त तिवारी	ऑल इंडिया इंदिरा कांग्रेस (तिवारी)
1998	इला पंत	भारतीय जनता पार्टी
1999	नारायण दत्त तिवारी	इंडियन नेशनल कांग्रेस
2002	महेंद्र सिंह पाल	इंडियन नेशनल कांग्रेस
2004 व 2009	करन चंद सिंह बाबा	इंडियन नेशनल कांग्रेस
2014	भगत सिंह कोश्यारी	भारतीय जनता पार्टी
2019	अजय भट्ट	भारतीय जनता पार्टी

जीतते एनडी तो बनते प्रधानमंत्री

नैनीताल जिला नारायण दत्त तिवारी की जन्म स्थली के साथ ही कर्मभूमि भी रहा। कई बार उन्होंने विधानसभा और लोकसभा में यहां का प्रतिनिधित्व किया। अविभाजित उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री समेत केंद्र में विभिन्न भूमिकाओं में रहे तिवारी की विकास पुरुष के रूप में पहचान थी। रामलहर में बही नैनीताल लोकसभा सीट की जनता ने उन्हें भी नहीं बख्शा। वर्ष 1991 में उन्हें भाजपा के नौजवान प्रत्याशी बलराज पासी के सामने मुंह की खानी पड़ी। तिवारी कांग्रेस के शीर्ष नेताओं में थे। राजीव गांधी की हत्या के बाद तिवारी प्रधानमंत्री के लिए प्रबल दावेदारों में थे। लेकिन सांसद न बन पाना आड़े आ गया। हर चुनाव में तिवारी की 91 वाली हार चर्चा का विषय रहती है।

बहेड़ी भी हिस्सा था इस सीट का

नैनीताल लोकसभा सीट में पहले बरेली जिले की बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र भी शामिल था। वर्ष 2000 में उत्तराखंड राज्य बन जाने के बाद हुए परिसीमन में बहेड़ी को इससे अलग कर दिया गया। अब इस सीट के अंतर्गत नैनीताल के 5 व ऊधमसिंह नगर जिले के 9 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। नैनीताल जिले के रामनगर विधानसभा क्षेत्र को पौड़ी-गढ़वाल सीट में मिला दिया गया है।

चुनाव कमाल का...

● 1982 में पहली बार केरल के एर्नाकुलम के परवूर विधानसभा क्षेत्र के 50 बूथों पर ईवीएम का उपयोग किया गया था। 1992 में, संसद ने ईवीएम के उपयोग को वैध बनाने और चुनावों में उनके उपयोग का मार्ग प्रशस्त करने के लिए अधिनियम और नियमों में धारा 61ए शामिल की। चुनाव आयोग ने 1998 से ईवीएम का व्यापक रूप से उपयोग करना शुरू कर दिया।

53 दलों ने लड़ा था पहला आम चुनाव

464 पार्टियां 2014 में उतरी थीं मैदान में

6 राष्ट्रीय दल 2014 में लड़े थे

39 राज्य स्तरीय दलों ने आजमाई थी किस्मत

419 रजिस्टर्ड पार्टियों ने आजमाया भाग्य

चुनावी तीर

अगर जजपा भाजपा से अलग हो गई होती, तो वह अपने विधायकों को विधानसभा में विश्वास मत के दौरान अनुपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी नहीं करती। जजपा के व्हिप से साफ पता चलता है कि वे भाजपा की मदद करना चाहते थे और वे अब भी मिले हुए हैं।

अभय सिंह चौटाला, इनेलो नेता

देश की जनता इंडिया समूह के साथ है। गुजरात के लोग भी इस बार भाजपा के खिलाफ वोट करने के लिए तैयार हैं। भाजपा को 156 सीटें मिली हैं, इसके बाद भी दूसरी पार्टियों के विधायकों को तोड़कर अपनी पार्टी में ला रहे हैं।

केजरीवाल, मुख्यमंत्री दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी को चुनावी बॉण्ड के रूप में 6,000 करोड़ से अधिक मिले, जो किसी भी अन्य पार्टी की तुलना में सबसे बड़ा हिस्सा है। भाजपा यह क्यों नहीं बता रही कि उन्हें कितना पैसा मिला है।

- सौरभ भारद्वाज, मंत्री, दिल्ली सरकार

मुस्लिम मतदाताओं का मन टटोल रहे नेता दल

22,18,224 कुल मतदाता हैं शाहजहांपुर जिले में

179 थर्ड जेंडर वोटर

12,04,551 पुरुष वोटर

10,13,494 महिला मतदाता

● जिले में हैं लगभग साढे चार लाख मुस्लिम मतदाता

● कांग्रेस, सपा, बसपा और आप की है अल्पसंख्यकों पर नजर

● श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

अमृत विचार: लोक सभा के लिए राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। हर चुनाव की तरह इस बार भी मुस्लिम मतदाताओं को लेकर कयासबाजी चल रही है। कांग्रेस, सपा, बसपा और आम आदमी पार्टी सहित कई पार्टियों की नजर मुस्लिम मतदाताओं पर है। जिले में लगभग साढ़े चार लाख मुस्लिम मतदाता हैं। मुस्लिम मन टटोलने में दलों के नेता लगे हुए हैं।

2024 के चुनावी मैदान में सपा-कांग्रेस गठबंधन से राजेश कश्यप और भाजपा से मौजूदा सांसद अरुण सागर मैदान में हैं। हाल ही में बसपा सुप्रीमो मायावती ने गठबंधन से अलग चुनाव लड़ने संबंधी बयान दिया था। जिसके बाद से कई दावेदार बसपा से टिकट पाने को जोर आजमाइश कर रहे हैं। भाजपा और गठबंधन के प्रत्याशी के साथ ही दो अन्य संभावित प्रत्याशियों ने भी बैनर, पोस्टर और फ्लेक्स लगाकर चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है।

शाहजहांपुर लोकसभा सीट कभी बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती थी। कांग्रेस के दिग्गज नेता और वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद के पिता जितेंद्र प्रसाद कई बार शाहजहांपुर के सांसद रहे हैं। उनके बाद कांग्रेस की जड़ें यहां कमजोर होती चली गईं।

शाहजहांपुर

जिले में अनुमानित जनसंख्या

धर्म	जनसंख्या	प्रतिशत
हिंदू	2,412,595	80.24
मुसलमान	527,581	17.55
ईसाई	4,630	0.15
सिख	51,090	1.70
बौद्ध	2,312	0.08
जैन	301	0.01
अन्य	84	--

तीसरी बार जीत की तैयारी में भाजपा

शाहजहांपुर में दो बार कमल खिला चुकी भाजपा तीसरी बार भी कारेई कोर कसर नहीं छोड़ रही। 2014 में कृष्णा राज सांसद चुनी गई थीं। 2019 में अरुण सागर चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। अरुण सागर को 58.53 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि बसपा के अमर चंद्र जौहर को 35.73 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे। तीसरे नंबर पर रही कांग्रेस को महज तीन प्रतिशत वोटों पर ही संतोष करना पड़ा था।

ईवीएम से संबंधित कितनी याचिकाओं पर हम करेंगे विचार

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की कार्य प्रणाली में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली एक याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और कहा कि हर तरीके के सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष होते हैं।

शीर्ष अदालत ने एक अन्य याचिका भी खारिज कर दी जिसमें दावा किया गया था कि 2016-19 के दौरान चुनाव आयोग की अभिरक्षा से 'गायब' 19 लाख ईवीएम का इस्तेमाल आगामी लोकसभा चुनाव के परिणामों में हेरफेर करने के लिए किया जा सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की एक पीठ ने कहा कि यह अदालत कई याचिकाओं की पहले ही कई मौकों पर पड़ताल कर चुकी है और ईवीएम के कामकाज से संबंधित विभिन्न मुद्दों से निपट चुकी है। पीठ ने याचिकाकर्ता नंदिनी शर्मा से कहा, हम कितनी याचिकाओं पर विचार करेंगे? हाल में हमने वीवीपीएटी से संबंधित एक याचिका पर विचार किया था।

संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति से बाहर किए गए गडकरी को आखिर मिल ही गया टिकट

संघ का चला ब्रह्मास्त्र हैट्रिक की तैयारी में गडकरी

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

भाजपा हाई कमान के अंदरूनी विरोध के बावजूद एक बार फिर केंद्रीय मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गडकरी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय, नागपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में है। पहले उम्मीद थी कि जैसे कई दिग्गजों के टिकट पार्टी ने काटे हैं, इसी तरह गडकरी का नाम भी होगा लेकिन संघ के दबाव के चलते भाजपा हाई कमान को झुकना पड़ा। संगठन से सरकार तक अपनी शर्तों में काम करने के लिए विख्यात गडकरी तब सुर्खियों में आए जब कांग्रेस बाहुल्य नागपुर संसदीय क्षेत्र में उन्होंने ढाई लाख से ज्यादा मतों से जीत दर्ज कराई और इस बार वे हैट्रिक की तैयारी में है।

नागपुर संसदीय क्षेत्र में 6 विधानसभा सीटें हैं जिसमें दो कांग्रेस और चार बीजेपी के कब्जे में हैं। करीब 22 लाख मतदाताओं वाले इस क्षेत्र में दलित मतदाता निर्णायक स्थिति में रहते हैं। वैसे दो लाख मुस्लिम मतदाता भी हैं। यह भी एक तथ्य है कि ब्राह्मण वोट सबसे कम यानी एक लाख होने के बावजूद ब्राह्मण बिरादरी से आने वाले गडकरी ने 2014 एवं 2019 का चुनाव दो लाख से ज्यादा मतों से जीता है। उसकी वजह यहां के 3.5 लाख मराठी मतदाता है। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद भाजपा हाईकमान के निशाने पर गडकरी तब आए जब 2019 में उनके कामकाज की सराहना यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने की थी। इतना ही नहीं राजद नेता तेजस्वी यादव ने तो उन्हें अपना अभिभावक तक कह दिया था। विपक्ष द्वारा गडकरी की उक्त तारीफ ने कथित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से दूरियां पैदा कर दी। हालांकि इसकी कोई औपचारिक पुष्टि नहीं हुई लेकिन जब उन्हें संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति से अलग कर दिया गया तो भाजपा और संघ में गडकरी सर्वाधिक चर्चा में आ गए थे। तभी से माना जा रहा था कि कई दिग्गजों की तरह गडकरी का भी टिकट कटेगा। लेकिन संघ का ब्रह्मास्त्र चला और दूसरी सूची में गडकरी उम्मीदवार घोषित हो गए। अब उनके समक्ष बहुत बड़ी चुनौती है कि क्या गडकरी नागपुर से हैट्रिक लगा पाएंगे? फिलहाल यह दायित्व संघ के स्वयं सेवकों ने संभाल लिया है और वे शानदार जीत के लिए व्यापक चुनाव अभियान में जुट गए हैं। गडकरी का राजनीति में प्रवेश अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से हुआ और युवा मोर्चा होते हुए भाजपा की सक्रिय राजनीति में आए। लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उनका नाता छात्र जीवन से ही था और उसी का नतीजा है कि उन्हें संघ का संरक्षण अभी तक मिला हुआ है।

1995-99 तक कराए 8 हजार करोड़ के निर्माण कार्य

गडकरी 1989 से महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य रहे और 1999 से 2005 तक विधान परिषद में विपक्ष के नेता थे। वे महाराष्ट्र भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे और 2010 से 2013 तक भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। 1995 से 99 तक महाराष्ट्र में पीडब्ल्यूडी मंत्री थे जिसमें उन्होंने 8 हजार करोड से ज्यादा के निर्माण कार्य करवा कर एक इतिहास रचा था। उन्होंने मुंबई से पुणे तक पहला एक्सप्रेस वे का निर्माण कराया जिससे तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई इतना प्रभावित हुए कि उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की परिकल्पना को जन्म दिया। वाजपेई ने गडकरी को राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास समिति का अध्यक्ष भी बनाया था। नागपुर संसदीय क्षेत्र में हमेशा कांग्रेस का कब्जा रहा है 1996 में बनवारी लाल पुरोहित ने भाजपा का पहली बार खाता खोला था। तीसरी बार टिकट मिलने के बाद अब भाजपा खेमे में यह सवाल उठ रहा है कि यदि गडकरी ने नागपुर में हैट्रिक लगाई और केंद्र में भाजपा की सरकार बनती है तो क्या सरकार में उन्हें पहले से ज्यादा महत्व दिया जाएगा?

1996 और 1998 के चुनाव में जीते थे पर 1999 में नहीं लगा पाए थे हैट्रिक, अब 2014 और 19 में कमल खिलाने के बाद फिर हैट्रिक का मौका

केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप की हैट्रिक बनेगी जीत का सिक्सर

● मनोज त्रिपाठी, कानपुर

जालौन-गरौठा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यह इलाका एक तरफ पचनद यानी पांच नदियों (यमुना, चंबल, सिंधु, कुंवारी और पहज) के संगम तो दूसरी तरफ बेतवा नदी से घिरा है, इसके बावजूद सूखा ही यहां की प्रमुख समस्या है। करीब 20 लाख मतदाताओं वाली इस लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र भोगनीपुर, माधोगढ़, कालपी, उरई, गरौठा आते हैं। भाजपा ने केंद्रीय राज्य मंत्री भानुप्रताप वर्मा को फिर से भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा है। यह उनका आठवां चुनाव है। पिछले सात चुनावों में भानुप्रताप को केवल दो बार ही हार मिली है। भानु प्रताप वर्मा के सामने इस मर्तबा हैट्रिक बनाने के साथ ही जीत का सिक्सर लगाने का मौका है।

जालौन लोकसभा सीट पर सपा और बसपा ने अभी अपने प्रत्याशी नहीं घोषित किए हैं। कांग्रेस इस बार सपा से गठबंधन के कारण यहां मैदान से बाहर है। जालौन सीट पर वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पहली बार अपना खाता खोला था, इससे पहले हुए सभी चुनावों में एक-एक बार लोकदल तथा जनता दल को छोड़कर हमेशा कांग्रेस ही विजय पताका लहराती रही थी। 1991 में यहां से भाजपा के गया प्रसाद कोरी जीते। इसके बाद 1996 और 1998 में हुए चुनावों में भी भाजपा ने जीत दर्ज कराई और भानु प्रताप वर्मा सांसद बने। लेकिन 1999 में बसपा के ब्रजलाल खाबरी ने भानु प्रताप वर्मा को हैट्रिक लगाने से रोक दिया। साल 2004 के चुनाव में भाजपा ने दोबारा मतदाताओं का विश्वास जीता और भानु प्रताप सिंह फिर से सांसद चुने गए।

इसके बाद 2009 के चुनाव में इस सीट पर पहली बार सपा ने जीत दर्ज की। उसके प्रत्याशी घनश्याम अनुरागी विजयी रहे। लेकिन 2014 में यह सीट मोदी मैजिक के चलते पुनः भाजपा के पाले में चली गई और एक बार फिर भानु प्रताप ही सांसद चुने गए। इस चुनाव में भानु प्रताप ने बसपा के प्रत्याशी ब्रजलाल खाबरी को दो लाख 87 हजार वोटों से हराया। 2019 के पिछले चुनाव में भानु प्रताप ने फिर जीत हासिल की और पांचवीं बार संसद में पहुंचे। उन्होंने बसपा प्रत्याशी अजय सिंह पंकज को 1 लाख 57 हजार वोटों से मात दी। तीसरे नंबर पर कांग्रेस के टिकट पर मैदान में उतरे बृजलाल खाबरी रहे।

जालौन-गरौठा लोकसभा

● पिछले चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन मिलकर भी नहीं रोक पाए थे संसद का रास्ता

एससी और ओबीसी मतदाता भाग्य विधाता

जालौन लोकसभा सीट पर अनुसूचित जाति के मतदाता सबसे ज्यादा लगभग 43 फीसदी हैं। इसके बाद ओबीसी मतदाताओं की संख्या लगभग 32 फीसदी और सामान्य श्रेणी के मतदाता करीब 18 फीसदी हैं। मुस्लिम मतदाताओं का आंकड़ा सवा लाख से कुछ ज्यादा गिना जाता है।

2019 लोकसभा चुनाव का विधानसभा वार परिणाम

विधानसभा	भाजपा भानुप्रताप सिंह वर्मा	बसपा अजय सिंह पंकज	कांग्रेस बृजलाल खाबरी
भोगनीपुर	93,580	95,707	8,114
माधौगढ़	1,31,505	81,174	23,073
कालपी	1,08,024	91,502	23,073
उरई	1,30,028	85,811	22,895
गरौठा	1,16,586	68,282	20,644
वोट प्रतिशत	52.0	37.9	8.1

पिछले चार चुनाव में राजनीतिक दलों का मतदान प्रतिशत

चुनाव	भाजपा	सपा	बसपा	कांग्रेस
2022 विधानसभा	35.8	31.2	20.6	2.3
2019 लोकसभा	52.0	---	37.9	8.1
2017 विधानसभा	43.8	15.8	23.2	8.7
2014 लोकसभा	12.1	16.3	23.6	7.5

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	72,643.43	22,023.35
नुकसान	453.85	123.30
प्रतिशत में	0.62	0.56

अमृत विचार
www.amritvichar.com
अयोध्या, शनिवार, 16 मार्च 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

भारतीय बाजार ने समझदारी बनाए रखी है

कॉन्क्लेव में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा-मैं बाजार पर बहुत भरोसा करती हूं

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय शेयर बाजार ने "एक निश्चित स्तर की समझदारी" बनाए रखी है और बाजार को अपने हिसाब से खेलने की अनुमति दी जानी चाहिए। वित्त मंत्री सीतारमण का यह बयान सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच के उस बयान के कुछ दिनों बाद आया है कि स्मालकैप और मिडकैप शेयरों में 'झाग' की गुंजाइश है और नियामक एक संभावित परामर्श पत्र लाने के लिए इस पर विचार कर रहा है।

राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक कॉन्क्लेव में सीतारमण ने कहा-मैं बाजारों को अपने हिसाब से खेलने देती हूं... हमें इसे बाजार के विवेक पर छोड़ देना चाहिए क्योंकि हम सभी ने देखा है कि वैश्विक स्तर पर भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय बाजार ने समझदारी का एक निश्चित स्तर बनाए रखा है। यह वास्तव में इस तरह या उस तरह से बहुत हिंसक नहीं हुआ है। इसलिए, मैं बाजार पर बहुत भरोसा करती हूं। इस सप्ताह की शुरुआत में पूंजी बाजार नियामक ने स्मालकैप और मिडकैप शेयरों के अधिक मूल्यांकन के बारे में चिंता जताई थी। स्मालकैप और मिडकैप संभावित बाजार में हेरफेर और बाजार में बुलबुले के जोखिम का संकेत दे रहे थे। बुच ने कहा था कि इक्विटी बाजारों में स्मालकैप और मिडकैप क्षेत्र में झाग के कुछ क्षेत्र हैं जिनमें बुलबुला बनने और फूटने की क्षमता है जो निवेशकों को प्रभावित कर सकता है। क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर सीतारमण ने कहा कि वे मुद्राएं नहीं हो सकती हैं और यह भारत सरकार का रुख है।

ताजा जीडीपी आंकड़े रहस्यमयी: सुब्रमण्यन

पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यन ने शुक्रवार को कहा कि भारत के ताजा जीडीपी आंकड़े ''पूरी तरह रहस्यमयी'' हैं और इन्हें समझ पाना मुश्किल है। हाल ही में जारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी। ये आंकड़े उम्मीद से बेहतर हैं और पिछले डेढ़ साल में सबसे अधिक हैं। सुब्रमण्यम ने कॉन्क्लेव में इस पर कहा-मैं आपको ईमानदारी से बताना चाहता हूं कि ताजा जीडीपी आंकड़ों को मैं समझ नहीं पा रहा हूं। उन्होंने कहा, ''मैं पूरे सम्मान के साथ कहना चाहता हूं कि ये बिल्कुल रहस्यमयी हैं। वे मेल नहीं खाते हैं। मुझे नहीं पता कि उनका क्या मतलब है।

इलेक्ट्रिक वाहन नीति को मंजूरी, न्यूनतम 50 करोड़ डॉलर का निवेश तय

नई दिल्ली। सरकार ने भारत को विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति को मंजूरी दे दी जिसमें न्यूनतम 50 करोड़ डॉलर (4,150 करोड़ रुपये) के निवेश के साथ देश में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने वाली कंपनियों को शुल्क में रियायतें दी जाएंगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि ईवी नीति के जरिए भारत को ईवी के विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने और टेस्ला समेत विभिन्न वैश्विक ईवी विनिर्माताओं से निवेश आकर्षित करने का प्रयास किया गया है। इस नीति के तहत ई-वाहनों की विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने वाली कंपनियों को कम सीमा शुल्क पर सीमित संख्या में कारों को आयात करने की अनुमति दी जाएगी।

नरेंद्र मोदी सरकार में 10 हजार से अधिक नए डाक घर खुले: वैष्णव

- प्रौद्योगिकी मंत्री बोले-डाक विभाग का हो रहा है विस्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

मोदी सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2014 से 2024 के दौरान देश में 10480 नए डाक घर खुले हैं जबकि इससे पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में छह डाक घर बंद किए गए थे। केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज यहां डाक विभाग में कार्यरत 2.56 लाख से अधिक ग्रामीण डाक सेवकों (जीडीएस) की सेवा शर्तों में सुधार और सेवा में ठहराव को दूर करने के लिए एक वित्तीय उन्नयन योजना की घोषणा की के दौरान यह बात कही।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से 2024 के दौरान देश में 1.28 लाख डाककर्मियों की भर्ती की गई है और 2.50 लाख को प्रशिक्षित किया गया है। कहा कि वैश्विक स्तर पर डाक सेवाओं में शिथिलता आ गई है लेकिन भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में डाक विभाग का विस्तार हो रहा है और नई सेवाओं को इसके दायरे में लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना के तहत डाक घरों में 53 लाख पंजीकरण हुए हैं। इसके साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 3.17 करोड़ खाते खुले हैं जिनमें 1.50 लाख करोड़ रुपये जमा है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	75,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,200
गिन्नी (प्रति नग)	50,050-50,250
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,600
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	75,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	65,550
सोना जेवरात गिन्नी	64,550
चांदी पक्की	740 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	65,800
चांदी आभूषण	74,700।

सीसीआई ने गूगल की प्ले स्टोर नीति के खिलाफ जांच के आदेश दिए

नई दिल्ली, एजेंसी

निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई ने शुक्रवार को इंटरनेट-आधारित कंपनी गूगल की प्ले स्टोर मूल्य निर्धारण नीति में कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं के संबंध में जांच के आदेश दिए।

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने इस आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता मुख्य रूप से गूगल के स्वामित्व वाले ऐप स्टोर 'गूगल प्ले स्टोर' की भुगतान नीतियों से व्यथित हैं। प्ले स्टोर पर प्रतिस्पर्धा कानून का उल्लंघन करने का आरोप है। यह आदेश भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण गूगल के प्ले स्टोर से कुछ ऐप को हटाने के दो सप्ताह के भीतर आया है। गूगल ने एक मार्च को सेवा शुल्क भुगतान पर विवाद को लेकर भारत में अपने प्ले स्टोर से कुछ ऐप हटा दिए थे। हालांकि, सरकार के हस्तक्षेप के बाद कुछ दिनों के भीतर ही इन ऐप को बहाल कर दिया गया। प्रतिस्पर्धा आयोग में अपील दायर करने वाली कंपनियों में पीपुल इंटरएक्टिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मेबिगो लैब्स प्रा. लिमिटेड, इंडियन ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल फाउंडेशन (आईबीडीएफ) और इंडियन डिजिटल मीडिया इंडस्ट्री फाउंडेशन (आईडीएमआईएफ) शामिल हैं।

चाय की गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर

नई दिल्ली। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने चाय की गुणवत्ता में सुधार और इसके सुरक्षित तथा स्वच्छ उत्पादन के लिए तमिलनाडु, केरल, असम और पश्चिम बंगाल में चाय उत्पादक क्षेत्रों के विभिन्न समूहों में एक व्यापक क्षमता निर्माण की योजना भी तैयार की है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि एफएसएसएआई चाय उद्योग से जुड़े सभी पक्षों के साथ चाय की गुणवत्ता में सुधार करने और उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

निर्यात 11.9% बढ़कर 41.4 अरब अमेरिकी डॉलर रहा

- वाणिज्य मंत्रालय ने फरवरी माह के जारी किए आंकड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का निर्यात फरवरी में 11.9 प्रतिशत बढ़कर 41.4 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो चालू वित्त वर्ष का सर्वाधिक मासिक आंकड़ा है। वाणिज्य मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में मुख्य रूप से इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं और दवा उत्पादों की विदेश में अच्छी मांग रही। हालांकि सोने के आयात में उल्लेखनीय वृद्धि होने से फरवरी में व्यापार घाटा 18.7 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो एक साल पहले इसी महीने में 16.57 अरब डॉलर था।

पिछले महीने 60.1 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य की वस्तुओं का आयात किया गया, जो फरवरी 2023 के 53.58 अरब अमेरिकी डॉलर की तुलना में 12.16 प्रतिशत अधिक है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार फरवरी में सोने का आयात 133.82 प्रतिशत बढ़कर 6.15 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 2.63 अरब अमेरिकी डॉलर था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-फरवरी के दौरान सोने का आयात 44 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 38.76 प्रतिशत अधिक है।

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने इन आंकड़ों पर संवाददाताओं से कहा कि फरवरी के दौरान निर्यात में वृद्धि चालू वित्त वर्ष के किसी भी महीने के मुकाबले अधिक है। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध और कुछ देशों में मंदी जैसी कई कठिनाइयों के बावजूद फरवरी में निर्यात अनुमान से अधिक रहा।

राष्ट्रीय

टूटेगा इंडिया गठबंधन का सारा घमंड : मोदी

प्रधानमंत्री बोले-तमिलनाडु की धरती पर बहुत बड़े परिवर्तन की आहट महसूस हो रही

कन्याकुमारी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दावा किया कि तमिलनाडु की धरती पर उन्हें 'बहुत बड़े परिवर्तन' की आहट महसूस हो रही है और आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का प्रदर्शन विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का 'सारा घमंड' तोड़कर रख देगा। लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक एक दिन पहले भाजपा की एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर तीखा हमला बोला और इसे राज्य के भविष्य का 'दुश्मन' करार दिया तथा साथ ही उस पर देश, इसकी संस्कृति और विरासत से नफरत पैदा करने का आरोप लगाया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कन्याकुमारी में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान समर्थकों का हाथ हिलाकर अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

मोदी ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की पूर्ववर्ती सरकार के दौरान हुए कथित घोटालों का उल्लेख किया और कहा कि दूसरी तरफ केंद्र में आज एक ऐसी सरकार है जो विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों का जीवन आसान बना रही है। उन्होंने कहा-देश के इस दक्षिणी छोर से जो लहर उठी है, यह बहुत दूर तक जाने वाली है। मोदी ने वर्ष 1991 में हुई भाजपा की 'एकता यात्रा' को याद करते हुए कहा कि उस समय उन्होंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा की थी लेकिन इस बार वह कश्मीर से कन्याकुमारी आए हैं।

कांग्रेस और वामपंथी दल ठग हैं : प्रधानमंत्री

पथानामथिट्टा (केरल)। मोदी ने केरल के सत्ताधारी वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को 'ठग' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि राज्य में दोनों एक-दूसरे का विरोधी होने का दिखावा करते हैं जबकि दिल्ली में गले मिलते हैं। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि केरल के लोग इनकी सच्चाई समझ गए हैं।

देश की पहली अंडरवॉटर मेट्रो ट्रेन की सेवाएं शुरू

कोलकाता। देश की पहली 'अंडरवॉटर' मेट्रो ट्रेन की वाणिज्यिक सेवाएं शुक्रवार को कोलकाता में शुरू हुईं। पहले दिन सैकड़ों यात्रियों ने 'अंडरवॉटर' मेट्रो ट्रेन में यात्रा का आनंद उठाया और खुशी का इजहार किया। एक ट्रेन सुबह सात बजे कोलकाता के ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर पर हावड़ा मैदान स्टेशन से चली जबकि दूसरी ट्रेन उसी समय एस्प्लेनेड स्टेशन से शुरू हुई। इस दौरान यात्रियों ने तालियां बजायी। "पहले दिन की पहली अंडरवाटर मेट्रो" का हिस्सा बनने के लिए सैकड़ों यात्री सुबह-सुबह स्टेशनों पर उमड़ पड़े। दोनों स्टेशन पर सुबह टिकट लेने के लिए यात्री लंबी कतारों में खड़े दिखे जबकि अधिकारियों ने गुलाब के फूल देकर यात्रियों का स्वागत किया।

चुनाव घोषणा से पूर्व केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ी

- ईडी के समक्ष पेशी से छूट देने से अदालत का इनकार
- शराब घोटाला मामले में ईडी के ठुकरा चुके हैं 8 समन

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक एक दिन पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अभी तक वे 8 समन ठुकरा चुके थे। अब उन्हें नौवें सम्मन पर पेश होना ही पड़ेगा। शुक्रवार को स्थानीय अदालत ने उन्हें कोई राहत नहीं दी है।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली शराब घोटाले मामले पर तत्कालीन उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पहले से ही तिहाड़ जेल में है और उसी मामले पर मुख्यमंत्री को भी तलब किया था। लेकिन केजरीवाल ने ईडी की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताते हुए आम आदमी पार्टी को समाप्त करने का आरोप लगाया

था। बाद में वे ईडी के सम्मन के खिलाफ अदालत में चले गए थे, जहां से उन्हें राहत मिली थी। मगर दो दिन चली सुनवाई के दौरान अदालत ने शुक्रवार को उन्हें किसी भी तरह का स्थगन आदेश या राहत देने से मना कर दिया है। केजरीवाल को ईडी ने सातवां समन भेज कर 27 फरवरी को बुलाया था। तब केजरीवाल का तर्क था कि यह मामला अदालत में विचाराधीन है। इसलिए ईडी को सम्मन भेजने के बजाय अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। इसी बीच ईडी ने चार मार्च के लिए आठवां समन जारी कर दिया था। ईडी ने पहला समन गत 2 नवंबर को भेजा था। उसके बाद 21 दिसंबर, 3 जनवरी, 18 जनवरी, 2 फरवरी, 14 फरवरी एवं 22 फरवरी को पूछताछ के लिए केजरीवाल को बुलाया गया था लेकिन अब अदालत से कोई राहत न मिलने के बाद केजरीवाल को ईडी के समक्ष पेश होना ही पड़ेगा।

आप के तमाम नेता लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल को गिरफ्तार करने का आरोप लगा चुके थे और अब इस तरह की अटकलें तेज हो गई है कि क्या पूछताछ के बाद केजरीवाल को ईडी गिरफ्तार करेगी।

एक नजर

छग में पहली बार डीएम की अदालत की सुनवाई का सीधा प्रसारण

अंबिकापुर। छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल सरगुजा जिले में पहली बार जिलाधिकारी की अदालत से मामलों की सुनवाई का सीधा प्रसारण किया गया जिससे दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों तक अदालती कार्यवाही में पारदर्शिता और पहुंच सुनिश्चित की जा सके। राज्य की राजधानी रायपुर से लगभग 300 किलोमीटर दूर स्थित उत्तर छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में नवनियुक्त जिलाधिकारी विलास भोस्कर संदीपन ने यह पहल की है।

झारखंड पुलिस ने ईडी को भेजा समन

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से ईडी के अफसरों के खिलाफ दर्ज कराए गए एससी-एसटी केस में झारखंड पुलिस ने संबंधित अधिकारियों को समन भेजा है। उन्हें 21 मार्च को सुबह 11 बजे थाने में मौजूद रहने को कहा है। सोरेन ने ईडी अफसरों पर प्रताड़ित करने और पूरे समुदाय को अपमानित करने का आरोप लगाया है। पुलिस की ओर से ईडी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज, असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा सहित अनुपम कुमार और अमन पटेल शामिल हैं।

बिहार में नीतीश कुमार मंत्रिमंडल का विस्तार, 21 नए मंत्री किए गए शामिल

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने दो महीने से भी कम पुराने मंत्रिमंडल का शुक्रवार को विस्तार करते हुए उसमें 21 नए मंत्रियों को शामिल किया। यहां राजभवन में एक सादे समारोह में राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी सहित इन नेताओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से शपथ लेने अन्य प्रमुख चेहरों में पार्टी की बिहार इकाई के पूर्व अध्यक्ष मंगल पांडेय, नीरज कुमार सिंह, नीतीश मिश्रा, नितिन नवीन, दिलीप कुमार जयसवाल और जनक राम शामिल हैं। मुख्यमंत्री की पार्टी जदयू से मंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले पुराने प्रमुख चहरों में महेश्वर हजारी, शीला मंडल, पूर्व वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुनील कुमार, जयंत राज, जमा खान, रत्नेश सदा शामिल हैं।

भाजपा के नौ विधायकों को कारण बताओ नोटिस

- हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के बीच गतिरोध जारी

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नौ विधायकों को शिकायत के आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच राजनीतिक गतिरोध जारी है और निकट भविष्य में इसके सुलझने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं।

नाहन के कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी ने सदन के कामकाज पर नियम 79 के तहत स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है कि हाल के बजट सत्र के दौरान सदन के अंदर और अध्यक्ष के चेंबर में कथित तौर पर हिंसा और अनुशासनहीनता में शामिल होने के लिए भाजपा के नौ विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिव ने कहा कि शिकायत के आधार पर नौ भाजपा विधायकों - ऊना से सतपाल सत्ती, नाचन से विनोद कुमार, चुराह से हंसराज, बंजार से सुरेंद्र शौरी, सुलह से विपिन परमार, त्रिलोक जम्वाल, बिलासपुर, बल्ह से इंद्र सिंह गांधी, आनी से लोकेंद्र कुमार और करसोग से दीपराज को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

सरकार के कामकाज में आचार संहिता से कोई फर्क नहीं पड़ेगा

- सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर बोले

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार: लोकसभा एवं कुछ राज्यों की विधानसभा के चुनावों की घोषणा शनिवार को होने जा रही है। इसी के साथ पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। मगर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि इससे सरकार के कामकाज में कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

केंद्रीय मंत्री ने उक्त जानकारी तब दी थी जब उनसे पूछा गया कि क्या दो दिन पूर्व हुई कैबिनेट की बैठक को अंतिम बैठक माना जाए? जवाब में ठाकुर ने कहा की सरकार का कामकाज तो चलता ही रहेगा यदि कोई अहम फैसला लेने की आवश्यकता होगी तो मंत्रिमंडल की बैठक बुलानी ही पड़ेगी और ऐसा प्रावधान चुनाव संहिता में भी है।

उल्लेखनीय है कि निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए निर्वाचन आयोग के पास आदर्श चुनाव संहिता के नाम पर कई संवैधानिक अधिकार सुरक्षित है। लेकिन इन अधिकारों का शक्ति से पालन तत्कालीन मुख्य निर्वाचन आयुक्त टीएन शेषन के समय में हुआ था और तभी से राजनीतिक दलों एवं उम्मीदवारों के ऊपर किसी भी चुनाव के दौरान आचार संहिता की

तलवार लटकी रहती है।

अनुराग ठाकुर के जवाब के बाद माना जा रहा है कि किसी अति आवश्यक कार्य के लिए मंत्रिमंडल की बैठक हो सकती है लेकिन उसमें जनता को प्रभावित करने वाले किसी भी कार्यक्रम की घोषणा नहीं होगी। नामांकन से लेकर मतगणना तक किसी भी तरह के उद्घाटन एवं शिलान्यास जैसे कार्यक्रम नहीं होंगे। इस दायरे में नौकरशाहों को अपना कामकाज करने की छूट रहेगी लेकिन मंत्रियों या राजनीतिक दालों के नेताओं पर आयोग की कड़ी दृष्टि रहेगी। सभी उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार के दौरान खर्च किए गए धन का हिसाब किताब भी देना होगा। आचार संहिता लागू होने के बाद कोई भी मंत्री सरकारी विमान, वाहन या सरकारी मशीनरी का उपयोग प्रचार के दौरान नहीं करेगा।

मुक्त चुनाव चिह्न आवंटन संबंधी नीति की पड़ताल करेगी कोर्ट

- उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल ''नाम तमिलर काची'' (एनटीके) की उस याचिका पर शुक्रवार को निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा, जिसमें गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर 'मुक्त' चुनाव चिह्न के आवंटन को चुनौती दी गई है। साथ न्यायालय ने उपरोक्त नीति की पड़ताल करने की सहमति जताई है।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एक अन्य गैर-

मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को भी नोटिस जारी किया, जिसे वह चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है, जिस पर पूर्व में एनटीके चुनाव लड़ चुकी है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने गत एक मार्च को एनटीके की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को निर्वाचन आयोग द्वारा 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर 'मुक्त' चुनाव चिह्न का आवंटन किए जाने को चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय की एक पीठ ने याचिकाकर्ता 'एनटीके' की इस दलील को खारिज कर दिया था कि इस आशय से संबंधित चुनाव चिह्न आदेश मनमाना और असंवैधानिक था। याचिकाकर्ता आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तमिलनाडु और पुडुचेरी में एक अन्य राजनीतिक दल को 'मुक्त' चुनाव चिह्न 'गन्ना किसान' के आवंटन से व्यथित था। याचिका पर नोटिस जारी करते हुए

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि इस अपील पर होली की छुट्टियों के बाद सुनवाई की जाएगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह चुनाव चिह्न आदेश के पैराग्राफ 10बी(बी) की योजना की पड़ताल करेगी, जो 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर दलों और उम्मीदवारों को 'मुक्त' चिह्न देने से संबंधित है। एनटीके का आरोप है कि निर्वाचन आयोग की नीति "असंवैधानिक" है। याचिकाकर्ता ने कहा है कि 'मुक्त' चुनाव चिह्न के आवंटन के लिए वैध अवधि के भीतर दायर किए गए सभी आवेदनों पर निर्वाचन आयोग द्वारा समान स्तर पर विचार किया जाना चाहिए और इसीलिए 'गन्ना किसान' चुनाव चिह्न उसे (याचिकाकर्ता को) आवंटित किया जाना चाहिए, क्योंकि उसने 2019 से अब तक इसपर छह चुनाव लड़े हैं।

संदेशखाली के हिंसा पीड़ित मुर्मु से मिले लगाई सुरक्षा की गुहार

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हिंसा से पीड़ित लोगों का एक समूह शुक्रवार को राजधानी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिला और उन्हें आपबीती सुनाते हुए वहां राष्ट्रपति को एक ज्ञापन दिया जिसमें उत्पीड़न की शिकार अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदाय की सुरक्षा के लिए हस्तेक्षप की मांग की गयी है। राष्ट्रपति भवन में श्रीमती मुर्मु से मिलने समूह में 11 लोग थे। इनमें पांच महिलाएं थी। राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद इस दल की महिला सदस्यों ने संवाददाताओं से कहा कि मुर्मु ने उनकी शिकायत सहानुभूति के साथ सुनी है।

धोनी से तुलना पर जुरेल ने कहा-एमएसडी एक ही हैं

नई दिल्ली, एजेंसी

विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की तुलना भले ही महेंद्र सिंह धोनी से की जा रही हो लेकिन उन्होंने कहा कि कोई भी पूर्व भारतीय कप्तान की बराबरी नहीं कर सकता और वह अपना ध्यान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में जगह बनाने पर लगाएंगे।

हाल में इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई ही श्रृंखला में टेस्ट पदार्पण करने वाले जुरेल ने विकेट के पीछे चतुराई दिखाई, बल्ले से भी प्रदर्शन किया तथा कप्तान रोहित शर्मा को डीआरएस संबंधित फैसले लेने में मदद की। जुरेल के इस प्रदर्शन को देखकर महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने उनकी तुलना धोनी से कर दी लेकिन इस खिलाड़ी को ऐसा नहीं लगता। उन्होंने कहा कि मेरी तुलना धोनी सर से करने के लिए शुक्रिया गावस्कर सर,

लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि धोनी सर ने जो किया है, वैसा कोई भी नहीं कर सकता। धोनी सिर्फ एक ही है। हमेशा थे और हमेशा रहेंगे। मैं सिर्फ ध्रुव जुरेल ही रहना चाहता हूं। जो भी मैं करूं, मैं सिर्फ ध्रुव जुरेल ही रहना चाहता हूं, लेकिन धोनी सर महान क्रिकेटर हैं और वह हमेशा महान रहेंगे। भारत की टेस्ट कैप मिलने से जुरेल ने कहा कि मुझे अभी तक विश्वास नहीं हो रहा कि मुझे टेस्ट कैप मिली और फिर मैं मैन ऑफ द मैच रहा। टेस्ट खेलना सुखद रहा जो क्रिकेट का सबसे शुद्ध प्रारूप है। इतना पता था कि किसी दिन टेस्ट खेलूंगा इसलिए यह मेरे सपने के साकार होने वाला पल था। उन्होंने कहा कि जब मैं अंडर-19 खेल रहा था, तो मेरा लक्ष्य 200 टेस्ट खेलने का था लेकिन बाद में मुझे महसूस हुआ कि यह संभव नहीं था। जुरेल ने टेस्ट क्रिकेट और आईपीएल के बीच तुलना को खारिज करते कहा कि अपनी बात करूं तो आईपीएल से मेरा टेस्ट के प्रति लगाव कम नहीं हुआ। दोनों में कोई तुलना नहीं हो सकती। टेस्ट क्रिकेट बिलकुल अलग स्तर पर है। जुरेल ने बीसीसीआई के ज्यादा टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ियों को ज्यादा प्रोत्साहन राशि देने के कदम की प्रशंसा की।

सीएसके में वापसी पर शार्दुल ने कहा- माही से सीखने को बेकरार हूं

मुंबई, एजेंसी। आल राउंडर शार्दुल ठाकुर मुंबई के साथ रणजी ट्राफी जीतने के बाद आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में प्रदर्शन की उम्मीद लगाए हैं क्योंकि पिछला चरण उनके लिए इतना अच्छा नहीं था। शार्दुल 2018 से 2021 तक सीएसके का हिस्सा रहे थे, जिसके बाद 2022 में वह दिल्ली और 2023 में कोलकाता के लिए खेले थे। इस सत्र में वह फिर सीएसके में वापसी करेंगे जिसके लिए उन्हें 4 करोड़ में खरीदा गया। शार्दुल ने कहा कि पिछला आईपीएल मेरे लिए अच्छा नहीं रहा। वह 11 मैच में महज 7 विकेट ही झटक सके थे। शार्दुल ने कहा कि मैं माही के नेतृत्व में खेलने को लेकर उत्साहित हूं। जब आप उनके साथ खेलते हो तो आप कुछ न कुछ जरूर सीखते हो। वह स्टंप के पीछे खड़े होकर आपका मार्गदर्शन करते रहते हैं जिससे आपके प्रदर्शन में निखार आता है।

आईपीएल न खेलने से निराश नहीं हूं, टी-20 समझने के लिए मिला एक और सालः मुशीर

मुंबई, एजेंसी

क्रिकेटरों के लिए भले ही आईपीएल अनुबंध पाना प्राथमिकता रखता हो लेकिन मुंबई के रणजी ट्राफी के युवा नायक मुशीर खान खुश हैं कि वह खिलाड़ियों की नीलामी में बिके नहीं क्योंकि इससे उन्हें टी-20 प्रारूप को समझने के लिए कुछ और समय मिल जाएगा।

मुशीर (19 वर्ष) ने रणजी फाइनल में शतक जड़कर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा और मुंबई के लिए फाइनल में सैकड़ा लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उनका मानना है कि वह आने वाले

समय में आईपीएल में नाम कमाएंगे। मुशीर ने अपने पिता और कोच नौशाद के शब्दों को दोहराते हुए कहा कि मेरा नाम आईपीएल में नहीं है, लेकिन मैं निराश नहीं हूं। मेरे पिता ने मुझे कहा कि टेस्ट क्रिकेट और टीम इंडिया के लिए खेलो। आईपीएल बाद में खेल लोगे, आज नहीं तो कल। उन्होंने कहा कि अच्छा है कि मुझे आईपीएल की तैयारी के लिए एक और साल मिल गया। मैं अब टी-20 क्रिकेट को और समझूंगा कि मुझे इस प्रारूप के लिए कैसे तैयारी करनी चाहिए। मुशीर ने हाल में रणजी फाइनल में मुंबई की दूसरी पारी में 136 रन बनाकर विदर्भ को 538 रन का लक्ष्य देने में मदद की। इससे मुंबई 42वां रणजी खिताब जीतने में सफल रहा। मुशीर इस प्रदर्शन के लिए अपने बड़े भाई सरफराज से प्रेरणा लेते हैं जिन्होंने राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में पदार्पण किया था। मुशीर ने कहा कि मैं भाई के समर्पण और उनकी बल्लेबाजी को देखकर प्रेरणा लेता हूं। हमारा बल्लेबाजी का तरीका भी समान ही है।

खेल डायरी

अल्काराज इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में सिनर से होगी भिड़ंत

इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी। कार्लोस अल्काराज ने मधुमक्खियों के कारण दो घंटे के विलंब के बाद एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3 6-1 से हराकर बीएनपी पारिबस ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार को मुकाबले के दौरान मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे अल्काराज खुद को बचाने के लिए छिप गए और मैच शुरू होने के 19 मिनट पर ही यह घटना हुई। तब अल्काराज 1-1 की बराबरी पर थे। दर्जनों मधुमक्खियां स्पाइडर कैमरे पर चिपक गई और उन्हें वैक्यूम से हटाया गया। यानिक सिनर ने जिरी लेचेका को हराकर इस साल 16वें मैच में जीत दर्ज की। अब शनिवार को सिनर का सामना अल्काराज से होगा। टॉमी पॉल ने नौवें वरीय कैस्पर रूड को हराकर दूसरे मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

चोट से एनगिडी की जगह मैकगुर्क दिल्ली की टीम में

नई दिल्ली, एजेंसी। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी चोट के कारण शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से बाहर हो गए, जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने उनकी जगह ऑस्ट्रेलियाई आल राउंडर जेक फ्रेसर मैकगुर्क को टीम में शामिल किया। मेलबर्न के 21 साल के सलामी बल्लेबाज और लेग स्पिनर मैकगुर्क ने पिछले महीने सिडनी में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना वनडे पदार्पण किया था। दिल्ली कैपिटल्स ने मैकगुर्क को 50 लाख की 'रिजर्व' राशि में टीम में लिया है। एनगिडी पिछले एक साल से टखने की चोट से जूझ रहे हैं। उन्होंने आईपीएल में 14 मैच खेलकर 25 विकेट झटके हैं।

प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेंगे वेड

होबार्ट, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने कहा कि वह शेफील्ड शील्ड फाइनल के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे, लेकिन सफेद गेंद के प्रारूप में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। शेफील्ड फाइनल 21 मार्च से तस्मानिया और वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के बीच शुरू होगा जो वेड के 2012 से शुरू हुए करियर का लाल गेंद का अंतिम मैच होगा। इसके बाद बाएं हाथ के बल्लेबाज वेड आईपीएल के लिए गुजरात टाइटन्स से जुड़ जाएंगे। हालांकि वह पहले दो मैच नहीं खेल पाएंगे क्योंकि लीग का कार्यक्रम शील्ड फाइनल की तारीखों के साथ ही है। वेड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 36 टेस्ट में 4 शतक से 29.87 के औसत से 1613 रन बनाए हैं।

बांग्लादेश दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया ने वनडे टीम में ग्रेस हैरिस को किया शामिल

सिडनी, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम में बांग्लादेश दौरे के लिए चोटिल डार्सी ब्राउन की जगह ग्रेस हैरिस को एकदिवसीय श्रृंखला के लिए शामिल किया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ब्राउन को बाएं पैर में लगी चोट से टीम से बाहर किया गया। ब्राउन की वापसी उचित समय पर होगी। हैरिस को पहले केवल टी-20 के लिए चुना गया था, लेकिन अब वह वनडे में खेलती नजर आएंगी। प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहने के बाद यूपी के साथ उनका डब्ल्यूपीएल कार्यकाल पहले ही समाप्त हो चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 टीम में ब्राउन के स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी को जगह नहीं दी है। बीमारी के कारण ऑलराउंडर हीथर ग्राहम अनुपलब्ध रहेगी। जेस जोनसेन को पिछले महीने टीम से बाहर किया गया था और उसकी जगह तायला व्लामिनक को बुलाया गया था। ऑस्ट्रेलिया को 21 मार्च से शुरू बांग्लादेश दौरे में तीन वनडे और तीन टी-20 मैच खेलने है। **टीम :** एलिसा हीली (कप्तान), ऐश गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम और तायला व्लामिनक।

वनडे-टी20 में 'स्टॉप क्लॉक' नियम स्थायी करेगा आईसीसी

नियम दिसंबर 2023 में किया गया था शुरू, टी-20 विश्व कप सेमी और फाइनल के लिए 'रिजर्व डे'

दुबई, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) प्रयोग पर चल रहे 'स्टॉप क्लॉक' नियम को टी-20 विश्व कप 2024 से सभी वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में हमेशा इस्तेमाल करेगा। आईसीसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

आईसीसी ने स्टॉप क्लॉक नियम दिसंबर 2023 में शुरू किया था और इसे एक जून 2024 से स्थायी कर दिया जाएगा। आईसीसी ने सालाना बोर्ड बैठक के बाद कहा कि 'स्टॉप क्लॉक' नियम जून 2024 से वेस्टइंडीज और अमेरिका में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के साथ सभी वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में स्थायी हो जाएगा। ट्रायल तक होना था लेकिन इसके नतीजे साफ दिखाई दे रहे हैं जैसे मैच समय पर खत्म हो रहे हैं जिससे प्रत्येक वनडे मैच में करीबन 20 मिनट बच रहे हैं। नियम के अनुसार क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम को पिछला ओवर खत्म होने के 60 सेकेंड के अंदर नया ओवर शुरू करना होगा। इसके लिए मैदान पर लगी 'इलेक्ट्रॉनिक' घड़ी 60 से लेकर शून्य तक उलटी गिनती करेगी और तीसरा अंपायर घड़ी शुरू करने का समय तय कर सकता है। क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के ऐसा नहीं करने पर उसे दो चेतावनी दी जाएगी और इसके उल्लघंन के लिए प्रत्येक घटना के लिए पांच रन का जुर्माना लगाया जाएगा। आईसीसी ने हालांकि नियम में कुछ अपवाद भी शामिल किए और ऐसी स्थितियों में शुरू हुई घड़ी को रद कर दिया जाएगा, जिसमें नया बल्लेबाज अगर ओवरों के बीच में आता है, आधिकारिक 'ड्रिंक्स ब्रेक' तथा किसी बल्लेबाज या क्षेत्ररक्षक के चोटिल होने पर मैदान पर उपचार किया जाना शामिल है। इस नियम को तब भी लागू नहीं किया जाएगा अगर क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों से समय खराब हुआ हो। आईसीसी की बैठक में टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल (27 जून) और फाइनल (29 जून) के लिए 'रिजर्व' (सुरक्षित) डे को भी मंजूरी दी गई। लीग या सुपर आठ चरण के दौरान पूर्ण मैच के लिए दूसरी पारी में बल्लेबाजी कर रही टीम को कम से कम पांच ओवर डालने जरूरी होंगे। नॉकआउट मैच में पूर्ण मैच के लिए दूसरी पारी में 10 ओवर डालने की जरूरत होगी। वैश्विक संचालन संस्था ने भारत और श्रीलंका की सह मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफिकेशन प्रक्रिया को भी मंजूरी दी। टूर्नामेंट में 20 टीम हिस्सा लेंगी, जिसमें से 12 स्वतः क्वालीफाई करेंगी। 2024 विश्व कप में शीर्ष आठ टीम भारत और श्रीलंका के साथ स्वतः क्वालीफाई करेंगी जबकि बचे हुए दो स्थान 30 जून तक आईसीसी टी-20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में अगली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग टीम को मिलेंगे। बचे आठ स्थान आईसीसी क्षेत्रीय क्वालीफायर के जरिए तय होंगे।

चैंपियंस ट्रॉफीः बीसीसीआई को उसकी सरकार के खिलाफ जाने को नहीं कहेगा आईसीसी

नई दिल्ली, एजेंसी। आईसीसी के कार्यकारी बोर्ड के सूत्र ने बताया कि अगले साल पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी 'हाइब्रिड मॉडल' पर कराना एक विकल्प हो सकता है क्योंकि आईसीसी भारत की भागीदारी पर फैसला नहीं ले सकता अगर सरकारी नीति उसके खिलाफ है। आईसीसी बोर्ड की बैठक दुबई में चल रही है। चैंपियंस ट्रॉफी फरवरी-मार्च 2025 में होनी है जिस पर बातचीत बैठक के एजेंडे में नहीं थी, लेकिन पीसीबी के नव निर्वाचित अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि वह बीसीसीआई सचिव जय शाह और आईसीसी अधिकारियों से बैठक से इतर बात करके आश्वासन लेने की कोशिश करेंगे। आईसीसी बोर्ड के सदस्य ने कहा कि बीसीसीआई टूर्नामेंट की तारीख करीब आने पर ही फैसला लेगा और यूएई में इसके आयोजन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। वरिष्ठ प्रशासक ने कहा कि बोर्ड की बैठकों में हर सदस्य अपना मसला उठा सकता है जिस पर वोटिंग होती है, लेकिन अगर सदस्य देश की सरकार कहती है कि वह वहां नहीं खेल सकते तो आईसीसी को विकल्प तलाशने होते हैं। आईसीसी का रूख साफ है कि वह अपने सदस्यों से उनकी सरकार की नीति के खिलाफ जाने की अपेक्षा नहीं करता।

सात्विक-चिराग की जोड़ी आल इंग्लैंड चैंपियनशिप से बाहर

- तनीषा और अश्विनी भी हुईं स्पर्धा से बाहर
- पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे लक्ष्य
- एन से यंग से हारकर सिंधू का भी अभियान खत्म

बर्मिंघम, एजेंसी

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक जोड़ी गुरुवार रात आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष युगल प्री क्वार्टरफाइनल से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी को प्री क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहिल फिकरी और बागास मौलाना की जोड़ी से 16-21 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। इंडोनेशियाई जोड़ी यहां 2022 में चैंपियन रही थी।

भारतीय जोड़ी ने पिछले हफ्ते फ्रेंच ओपन खिताब जीता था, लेकिन यहां तीसरी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों के दबाव से नहीं निपट सकी और एक घंटे से ज्यादा चले मुकाबले में हारकर बाहर हो गई। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी भी महिला युगल के राउंड 16 से बाहर हो गई। उन्हें चीन की झांग शु जियान और जेंग यु से पराजय झेलनी पड़ी। शुक्रवार को भारत के लक्ष्य सेन का सामना पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में मलेशिया के ली जि जिया से होगा। लक्ष्य ने एंडर्स एंटोनसेन पर जीत से क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का अभियान दक्षिण कोरिया की एन से यंग से हारकर समाप्त हो गया।

अर्जुन-कपिला प्री-क्वार्टर फाइनल में हारे

पेरिस। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की भारतीय पुरुष जोड़ी ऑरलियन्स मास्टर्स 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में चीन की हुआंग डि और लियू यी से हारकर बाहर हो गई। अर्जुन और कपिला ने मैच की शानदार शुरुआत की और 10-7 से आगे चल रहे थे, लेकिन हुआंग डि और लियू यी ने भारतीय खिलाड़ियों पर बाजी पलटते हुए पांच अंकों की बढ़त बना ली। अर्जुन और कपिला ने अंतराल के बाद अंक गंवाए और 36 मिनट में मैच हार गए।

यूटीटी की आठवीं टीम होगी भूपति की अहमदाबाद एसजी पाइपर्स

मुंबई, एजेंसी

टेनिस खिलाड़ी महेश भूपति की एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) प्राइवेट लिमिटेड अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में हिस्सा लेने वाली आठवीं फ्रेंचाइजी बनी है। टीम का नाम अहमदाबाद एसजी पाइपर्स है। टीम जयपुर पैट्रियट्स संग पदार्पण करेगी। जयपुर की टीम पिछले साल अगस्त में यूटीटी में शामिल हुई थी। बेंगलुरु स्मैशर्स,

चेन्नई लायंस, दबंग दिल्ली टीटीसी, गोवा चैलेंजर्स, पुनेरी पल्टन टेबल टेनिस और यू मुम्बा टीटी लीग की अन्य छह टीम हैं। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में लीग की सफलता के बाद नई टीम के शामिल करने की घोषणा की गई।

ओलंपिक : प्रदर्शन में निरंतरता सफलता की कुंजी : श्रीजेश

नई दिल्ली, एजेंसी

बरसों बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम ओलंपिक में पदक विजेता के रूप में उतरेगी और दबाव को ऊर्जा का स्रोत मानने वाले गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने कहा कि टीम का फोकस प्रदर्शन में निरंतरता पर है जो ओलंपिक में कामयाबी की कुंजी होता है।

भुवनेश्वर ने कहा कि पिछली बार तक सभी बोलते थे कि हमारा हॉकी में गौरवशाली इतिहास है और हमें ओलंपिक में पदक जीतना है।

इस बार हमारे पास पदक है और अपेक्षाएं बढ़ गई है और हमने उसके बाद से अच्छा प्रदर्शन किया है। यह सकारात्मक दबाव है और याद दिलाता है कि हम पदक जीतने में सक्षम हैं। भारतीय टीम ने 41 साल का इंतजार खत्म करते हुए तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। जर्मनी के खिलाफ कांस्य के मुकाबले में 3-1 से पिछड़ने के बाद भारत ने अविश्वसनीय वापसी करके 5-4 से मैच जीता और जीत के नायक श्रीजेश थे। हमारी टीम का मंत्र है कि दबाव को बाहर ही रखो, उसे भीतर लेकर मत आओ।

गोलकीपिंग प्रतिभाओं को तलाशेगा हॉकी इंडिया

नई दिल्ली। गोलकीपरों और ड्रैग फ्लिकरों को तलाशने के लिए हॉकी इंडिया ने नई पहल का ऐलान किया है, जिसका लक्ष्य विशेषज्ञ कोचिंग के जरिए खेल के भविष्य में निवेश करना है। गोलकीपिंग और ड्रैग फ्लिकिंग कोचिंग के पहलुओं पर चर्चा के लिए बुलाई बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में भारत के पूर्व गोलकीपर एड्रियन डिसूजा, भरत छेत्री, योगिता बाली, हेलेन मेरी, दीपिका मूर्ति, आकाश चिकते, पीटी राव और पूर्व ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह, जुगराज सिंह, वी आर रघुनाथ और गुरजिंदर सिंह ने भाग लिया। इसमें हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोलानाथ सिंह, कोषाध्यक्ष शेखर मनोहरन और हाई परफार्मेंस निदेशक हर्मन क्रूस भी मौजूद थे।

बॉलीवुड हलचल

अमिताभ बच्चन ने की कल्कि 2898 ई.डी. के बारे में जानकारी साझा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने फिल्म कल्कि 2898 ई.डी. के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी सोशल मीडया पर साझा की है। नाग अश्विन निर्देशित विज्ञान कथा महाकाव्य 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी ने अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को उत्सुक बनाए रखा है। कल्कि 2898 ई.डी. के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए अमिताभ बच्चन ने बताया कि कल्कि 2898 ई.डी. पूरी होने वाली है। वह इस प्रोजेक्ट पर देर रात तक काम कर रहे हैं, क्योंकि सब कुछ खत्म होने वाला है। अमिताभ बच्चन ने सोशल मीडिया पर लिखा, फिर से देर हो गई.. लेकिन कल रात काम से देर हो गई.. क्योंकि कल्कि की समाप्ति करीब है.. और जैसा कि बताया गया है कि यह 9 मई को रिलीज़ होगी.. इसलिए सभी को फिट रखने और सभी को एक ऐसा अनुभव देने के लिए अंतिम प्रयास जो निर्माताओं के विज़न का वादा करता है.. मुझे अब दूसरे कार्यस्थल पर जाना होगा.. जिम.. शरीर को गतिशील बनाने के लिए.. इसे दैनिक दिनचर्या और भविष्य में आने वाली दिनचर्या के अनुसार काम करने के लिए तैयार करना.. भविष्य हमेशा अज्ञात है.. लेकिन इसे कल्पना करने में कोई बुराई नहीं है.. और यह विश्वास करने में कि अगर सोचा जाए तो इसे खोजा जा सकता है.. आह! मस्तिष्क के सर्वश्रेष्ठ आकार में एक नया वाक्यांश अर्जित करना।

पटना शुक्ला से महिलाएं होंगी प्रेरित : रवीना

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन का कहना है कि उनकी फिल्म पटना शुक्ला में उनके किरदार तन्वी शुक्ला से कई महिलाएं प्रेरित होंगी और जुड़ाव महसूस करेंगी। विवेक बुडाकोटी के निर्देशन में फिल्म पटना शुक्ला में रवीना टंडन वकील तन्वी शुक्ला के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म को सलमान खान के छोटे भाई अरबाज खान के प्रोडक्शंस हाउस ने बनाया है। रवीना टंडन ने कहा, तन्वी शुक्ला एक ऐसा किरदार है, जिससे हर कोई जुड़ाव महसूस करेगा। मैं तन्वी जैसे कई लोगों से मिली हूं, इसलिए मुझे यह रोल परिचित लगा, जिससे मैं तुरंत उसकी कहानी से जुड़ गई। तन्वी की जड़ें शहर में हैं, इसलिए मैंने पटना लहजा और लोगों की मानसिकता को समझने में समय बिताया। मुझे उम्मीद है कि तन्वी की कहानी देखने के बाद कई महिलाएं इससे प्रेरित होंगी। फिल्म पटना शुक्ला में रवीना टंडन के अलावा अनुष्का कौशिक, मानव विज, चंदन रॉय सान्याल, जतिन गोस्वामी और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक भी हैं। फिल्म पटना शुक्ला 29 मार्च को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है।

मर्डर मुबारक में ग्लैमरस अवतार में नजर आएंगी सारा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री फिल्म 'मर्डर मुबारक' में ग्लैमरस अवतार में नजर आएंगी। फिल्म में सारा अली खान, डिंपल कपाड़िया, करिश्मा कपूर, संजय कपूर, टिस्का चोपड़ा, सुहेल नायर और पंकज त्रिपाठी जैसे सितारे काम करते नजर आएंगे। फिल्म 'मर्डर मुबारक' में सारा अली खान शहरी, ग्लैमरस गर्ल के किरदार में नजर आने वाली हैं। मर्डर मुबारक में सारा अली खान का किरदार उनके किए सभी किरदारों से बेहद अलग है, जिसमें उन्होंने एक ग्लैमरस परसोना वाली लड़की की भूमिका निभाई है। सारा ने कहा, मुझे एक शहरी और ग्लैमरस गर्ल का किरदार निभाए लंबा समय हो गया है।

श्रीमद् रामायण में शूर्पणखा का किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण : संगीता

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री संगीता ओडवानी कहना है कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'श्रीमद् रामायण' में शूर्पणखा का किरदार निभाना उनके लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की दिव्य गाथा, श्रीमद रामायण भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण के वनवास के दौरान की यात्रा का अनुसरण करती है। शो के महत्वपूर्ण अध्याय की ओर बढ़ते हुए, दर्शक अब लंकापति रावण की बहन, शूर्पणखा को देखेंगे, जो भगवान श्रीराम और रावण के बीच महायुद्ध की जड़ बनेगी। इस किरदार को संगीता ने निभाया है। संगीता ने कहा, शूर्पणखा का किरदार निभाने के लिए गहरे नजरिए की जरूरत होती है जो उसकी सोच में गहराई से उतरता है। यह उसकी दुर्जेय उपस्थिति को गले लगाने के साथ-साथ उसके भयंकर बाहरी स्वरूप के नीचे छिपे दर्द और लालसा को भी उजागर करने के बारे में है। एक कलाकार के रूप में, यह खोज का सफर है, जो इस मुश्किल किरदार की परतों को हटाकर उसके भीतर की इन्सानियत को प्रकट करती है, जिससे दर्शकों को उसे सिर्फ एक खलनायक के रूप में नहीं, बल्कि अपने स्वयं के संघर्षों के साथ बहुमुखी व्यक्ति के रूप में देखने का मौका मिलता है। श्रीमद् रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

कनेक्टिविटी, ऊर्जा क्षेत्रों को मिलेगा बढ़ावा

- भूटान के पीएम ने भारत की तारीफ की, कहा- भूटान का विश्वनीय भागीदार भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मुलाकात के दौरान भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे ने उनके देश की विकास संबंधी प्राथमिकताओं में एक विश्वसनीय और मूल्यवान भागीदार के रूप में भारत की भूमिका की सराहना की।

बता दें, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे पांच दिवसीय यात्रा पर भारत आए हैं। गुरुवार को टोबगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात भी की थी। दोनों नेताओं के बीच बुनियादी ढांचे के विकास, कनेक्टिविटी, ऊर्जा, हाइड्रोपावर, लोगों से लोगों के बीच आदान-प्रदान और विकास सहयोग जैसे कई क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए द्विपक्षीय वार्ता हुई। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया, "मोदी और तोब्गे ने भारत-भूटान की मित्रता को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।

भारत-भूटान को बौद्ध धर्म की विरासत जोड़ती है: मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत-भूटान के साथ अपनी बहुआयामी साझेदारी को बहुत महत्व देता है और बौद्ध धर्म की आध्यात्मिक विरासत दोनों देशों को जोड़ती है। राष्ट्रपति ने कहा कि भूटान एक विश्वसनीय मित्र और भागीदार के रूप में भारत पर भरोसा कर सकता है। बता दें, टोबगे ने भूटान के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना। मुर्मू बोलीं- भारत-भूटान के साथ बहुआयामी साझेदारी को महत्व देता है, जो ऊर्जा सहयोग, विकास साझेदारी, लोगों के बीच आपसी संबंध और व्यापार एवं निवेश संबंधों जैसे क्षेत्रों में फैली है।

आदर्श आचार संहिता में जुड़ी हैं काफी पाबंदियां

नई दिल्ली। देश में जल्द ही 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव होने वाले हैं, जिसके लिए तारीखों का एलान चुनाव आयोग जल्द ही करने जा रहा है। एलान के साथ ही देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी, जिससे कई तरह की पाबंदियां भी लग जाएंगी। बता दें कि देश में बिना किसी रुकावट के पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता के रूप में कुछ नियम और मानक तय किए हैं, जिनका सभी राजनीतिक पार्टियों और उम्मीदवारों को अनिवार्य तौर पर पालन करना होता है। आइए जानते हैं आदर्श आचार संहिता के बारे में...

सत्ता दल के लिए नियम

मंत्रीगण आधिकारिक दौरे के वक्ता चुनाव प्रचार न करें। और सरकारी विमानों और गाड़ियों का उपयोग पार्टी के हित के लिए ना करें। सरकारी कर्मचारियों को इस्तेमाल पार्टी हित में ना करें। हेलीपैड पर सत्ताधारी दल का एकाधिकार न जताए। सरकारी फंड से पार्टी का प्रचार-प्रसार न करें। केंद्र या राज्य सरकार के मंत्री, उम्मीदवार, मतदाता या एजेंट के सिवाय अन्य लोग मतदान केंद्र में न घुसें।

क्या होते हैं प्रावधान

- विभिन्न जातियों एवं समुदायों के बीच मतभेद या घृणा बढ़ाने की गतिविधि में शामिल न हों।
- नीतियों व कार्यों की आलोचना करें, किसी दल, नेता या कार्यकर्ता के निजी जीवन पर टिप्पणी न करें।
- किसी जाति या संप्रदाय की भावनाओं का उपयोग करते हुए वोट डालने की अपील न करें।
- मंदिर, मस्जिद या पूजा के किसी अन्य स्थान का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए न हो।
- मतदाताओं को रिश्वत देना, उन्हें डराना धमकाना, मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी के भीतर प्रचार-प्रसार करना आपराधिक गतिविधि मानी जाएगी।
- मतदान से 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार, सार्वजनिक सभाएं सभी पर प्रतिबंध लागू हो जाता है।
- राजनीतिक दल या किसी उम्मीदवार के घर के सामने विरोध प्रदर्शन व धरना न किया जाए।

- नेता अपने समर्थकों को किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों आदि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने और नारा लिखने की अनुमति नहीं दे सकते।
- राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके समर्थक दूसरे दलों की बैठकों अथवा जुलूसों में बाधा न खड़ी करें, न ही उन्हें भंग करने का प्रयास करें।
- किसी दल की ओर से उन स्थानों के आसपास जुलूस न निकाला जाए, जहां दूसरे दलो की बैठक चल रही हो। एक दल के लगाए गए पोस्टर दूसरे दल के कार्यकर्ताओं की ओर से हटाए न जाएं।

सभा और रैली के लिए क्या हैं नियम:- सभी अथवा रैली के स्थान और जगह की पूर्व सूचना पुलिस अधिकारियों को दी जाए। और राजनीतिक पार्टी व नेता पहले ही सुनिश्चित कर लें कि जिस जगह पर वह सभा करने वाले हैं, वहां पहले से कोई पाबंदी तो लागू नहीं हैं। लाउडस्पीकर के उपयोग की इजाजत भी पहले ही ले लें। आयोजक किसी अप्रत्याशित घटना से बचने के लिए पुलिस की सहायता लें। वहीं जुलूस से पहले उसके शुरू होने का समय, रूट और समाप्त होने के समय व स्थान की अग्रिम सूचना पुलिस को देनी होगी। जिस एरिया से जुलूस निकाल रहे हैं, वहां को पाबंदी तो नहीं है।

एक नजर

जम्मू: आतंकी साजिश को लेकर एसआईए की 7 जगहों पर छापेमारी

जम्मू। राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी साजिश मामले की जांच के लिए शुक्रवार को जम्मू संभाग के विभिन्न जिलों में सात स्थानों पर छापेमारी की। जांच एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू में अदालत से तलाशी वारंट मिलने के बाद एसआईए की टीम ने डोडा जिले में तीन स्थानों, रियासी जिले में दो, रामबन और जम्मू जिलों में एक-एक स्थान पर एक साथ तलाशी ली। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान कई मोबाइल फोन और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। प्रवक्ता ने कहा कि उम्मीद है कि जब्त की गई सामग्री से आतंकवादी नेटवर्क की गहरी साजिश की तह तक पहुंचने के लिए कुछ सुराग मिलेंगे।

समलैंगिक विवाह की अनुमति नहीं देना असंवैधानिक: अदालत

टोक्यो। जापान की एक अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि, समलैंगिक विवाह की अनुमति देने से इनकार करना असंवैधानिक है और इस प्रकार के संबंधों की अनुमति देने वाला कानून लाने के लिए तत्काल सरकारी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। वादी और समलैंगिक समुदाय ने अदालत के इस फैसले की सराहना की और कहा कि यह समानता की दिशा में बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कोर्ट ने कहा- मौजूदा कानून में संशोधन नहीं किया जाता तब तक समलैंगिक जोड़ों के विवाह की अनुमति देने से इनकार कर सकते हैं।

प्रवासियों से भरी नौका तुर्किये तट पर डूबी, 21 लोगों की मौत

अंकारा। प्रवासियों को ले जा रही नौका तुर्किये के उत्तरी एजियन तट के नजदीक डूब गई। हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई। गवर्नर इल्हामी अक्तास ने बताया कि कनाक्कले प्रांत के एसेबाट शहर के पास समुद्र से दो प्रवासियों को बचाया, जबकि दो अन्य स्वयं तट तक पहुंचने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है, कि नौका में कितने लोग सवार थे। अक्तास ने कहा- मृतकों में चार बच्चों भी शामिल हैं। अनाडोलु ने बताया कि दस तट रक्षक नौकाएं और दो हेलीकॉप्टर खोज और बचाव अभियान में शामिल हैं।

गाजा में खाने का इंतजार कर रहे लोगों पर हमला, 29 की मौत

यरुशलम। गाजा में दो स्थानों पर खाद्य सामग्री के लिए एकत्रित लोगों पर हमले की घटनाओं में गुरुवार को कुल 29 लोग मारे गए, जबकि 160 से ज्यादा घायल हुए। राफा में संयुक्त राष्ट्र के राहत वितरण केंद्र पर हुए हवाई हमले में 21 लोग मरे हैं, जबकि अल नुसीरत के शरणार्थी शिविर के निकट हुए हमले में आठ लोग मरे हैं। इजराइल ने दोनों हमलों में अपना हाथ होने से इनकार किया है। गाजा के अन्य इलाकों में इजराइली हमले जारी हैं। पांच महीने से ज्यादा समय से जारी युद्ध में अभी तक कुल 31 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

सीएए नागरिकता देने का कानून ना कि छीनने का, भारत की दो टूक

अमेरिका के बयान को भारत ने किया खारिज, कहा- यह आंतरिक मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका ने भारत में सीएए लागू करने को लेकर आपत्ति जताई और कहा कि वह इस पर कड़ी नजर रख रहा है। भारत ने अमेरिका के बयान को अनुचित बताते हुए इसे खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सीएए राज्यविहीनता के मुद्दे को संबोधित करता है, मानवीय गरिमा प्रदान करता है और मानवाधिकारों का समर्थन करता है।

भारत ने अमेरिका विदेश मंत्रालय को जवाब देते हुए कहा, नागरिकता संशोधन अधिनियम अपनी समावेशी परंपराओं, मानवाधिकारों के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए भारत का आंतरिक मामला है। नागरिकता (संशोधन) कानून नागरिकता देने के लिए है, यह नागरिकता छीनने के लिए नहीं है। सीएए के कार्यान्वयन पर अमेरिकी विदेश विभाग के बयान को विदेश मंत्रालय ने गलत, अनुचित और बेतुका बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारतीय संविधान सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, ऐसे में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार पर चिंता का कोई आधार नहीं है।

प्रशंसनीय पहल को राजनीति से जोड़ना ठीक नहीं

सीएए के खिलाफ आलोचना को खारिज करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि संकट में फंसे लोगों की मदद के लिए किए गए प्रशंसनीय पहल को वोट बैंक की राजनीति से जोड़ना सही नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि जिन लोगों को भारत की बहुलवादी परंपराओं, विभाजन के बाद के इतिहास की समझ नहीं है वह इस मुद्दे पर व्याख्यान और ज्ञान न दें। दरअसल, अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हम 11 मार्च से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम की अधिसूचना के बारे में चिंतित हैं।

सीएए कानून को लेकर अमेरिका ने जताई नाराजगी

वाशिंगटन। संयुक्त राज्य अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि वह भारत में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना को लेकर थोड़ा परेशान है और कहा कि वह अधिनियम के कार्यान्वयन की बारीकी से निगरानी कर रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को मीडिया से कहा, हम 11 मार्च से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम की अधिसूचना के बारे में चिंतित हैं। मिलर ने एक सवाल के जवाब में कहा, "हम बारीकी से निगरानी कर रहे हैं कि इस अधिनियम को कैसे लागू किया जाएगा। धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान और सभी समुदायों के लिए कानून के तहत समान व्यवहार मौलिक लोकतांत्रिक सिद्धांत हैं। बुधवार को, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएए पर आशंकाओं को दूर करने की कोशिश करते हुए कहा था कि नया कानून केवल उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए है, जो अविभाजित भारत का हिस्सा थे और यह किसी के अधिकारों पर आघात नहीं करेगा। गृह मंत्री ने कहा था, मैंने सीएए पर अलग-अलग मंचों पर लगभग 41 बार बात की है और इस पर विस्तार से बात की है कि देश के अल्पसंख्यकों को डरने की जरूरत नहीं है।

एसआईसी के साथ विलय करेगी इमरान खान की पार्टी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के एक नेता ने कहा कि अगर चुनाव आयोग उनकी पार्टी के आंतरिक चुनाव को मान्यता देता है और चुनाव चिह्न क्रिकेट बैट को वापस लौटाता है, तो पार्टी सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के साथ विलय कर लेगी।

मीडिया के अनुसार, पीटीआई नेता असद कैसर ने कहा, अगर पार्टी को हालिया संगठनात्मक चुनाव के बाद अपना क्रिकेट बैट का चुनाव चिह्न वापस मिल जाता है तो दोनों पार्टियों का विलय हो जाएगा और पीटीआई बनी रहेगी।" एसआईसी पाकिस्तान में इस्लामी राजनीतिक और बरेलवी धार्मिक दलों का संगठन है।

आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 90 से ज्यादा सीट पर जीत दर्ज की। बाद में ये निर्दलीय सदस्य एसआईसी में शामिल हो गए। यह पूछे जाने पर कि क्या एसआईसी में विलय के बाद पीटीआई बनी रहेगी, उन्होंने कहा, हां, हम बने रहेंगे लेकिन हम इसके साथ विलय भी करेंगे।

रूस में राष्ट्रपति चुनाव शुरू पुतिन के सामने 3 प्रत्याशी

रूस नियंत्रित डोनेट्स्क क्षेत्र में बूथ पर मतदान करतीं महिलाएं।

मॉस्को, एजेंसी



यूक्रेन के साथ छिड़े युद्ध के बीच व्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति के रूप में एक और छह साल के कार्यकाल के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को रूसी नागरिकों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस बार तीन दिनों तक वोटिंग होगी, जो 15 मार्च से शुरू होकर 17 मार्च तक चलेगी।

सत्ता पर मजबूत पकड़ के साथ ही व्लादिमीर पुतिन की अपेक्षित चुनावी जीत ने सस्पेंस बढ़ा दिया है। हालांकि, विश्व की निगाहें इस ओर टिकी हुई हैं कि चुनावी नतीजे घोषित होने के बाद उनका अगला कदम क्या होगा। मीडिया के अनुसार, पुतिन के सामने तीन प्रत्याशी हैं, जो तीनों समर्थक हैं। माना जा रहा है कि वोटिंग संपन्न होने के बाद चुनाव नतीजे आ सकते हैं। ऐसा नहीं है कि पुतिन ही अकेले चुनाव लड़ रहे हैं, बल्कि उनके प्रतिद्वंद्वियों में कम्युनिस्ट पार्टी के निकोलाई खारितोनोव, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के लियोनिद स्लटस्की और न्यू पीपल पार्टी के व्लादिस्लाव दावानकोव शामिल हैं, जबकि बोरिस नादेजिन और पूर्व टीवी पत्रकार येकातेरिना डंटसोवा को फरवरी में निर्वाचन आयोग ने अयोग्य घोषित कर दिया। इसके अलावा पुतिन के मुखर आलोचकों में से एक विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की चुनाव से माहभर पहले जेल में मौत हो गई।

हसीन वादियों में बहार...

जापान: टोक्यो में वसंत के आगमन के प्रतीक चेरी के फूल खिलने लगे हैं। ओसाका में तो चेरी की बहार भी आ गई है। जापान में 'चेरी ब्लॉसम' को 'सकूरा' के नाम से भी जाना जाता है। यह जापान का राष्ट्रीय फूल है। इस मौसम में मनने वाले त्योहार को 'हनामी त्योहार' कहा जाता है। इस फूल को आशा का प्रतीक भी माना जाता है। ● एजेंसी

श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड रोज 8 घंटे एकांत कोठरी से बाहर रहेगा पूनावाला

नई दिल्ली,एजेंसी। अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा हत्याकांड में जेल में बंद आरोपी आफताब पूनावाला को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने जेल अधिकारियों से कहा कि अन्य कैदियों की तरह आफताब को भी दिन में 8 घंटे के लिए बाहर रख जाए। रात में उसे एकांत कोठरी में रखे।

जस्टिस सुरेश कुमार कैद की अध्यक्षता वाली पीठ ने आफताब पूनावाला की याचिका पर आदेश दिया कि सुरक्षा की आड़ में उसे एकान्त कारावास में नहीं रखा जा सकता है। याचिका में पूनावाला के वकील ने दावा किया कि उसे सुबह और शाम एक-एक घंटे बाहर रखने की अनुमति है। वहीं, अन्य कैदियों को दिन में आठ घंटे तक बाहर रखा जाता है। जस्टिस गिरीश कठपालिया ने आदेश में कहा कि हम जेल अधिकारियों को उसे आठ घंटे के लिए अनलॉक करने का निर्देश देते हैं। जैसा कि अन्य कैदियों के लिए लागू होता है और रात के दौरान उसे एक एकांत कोठरी में रखा जाए।

भारत और अमेरिका के संबंध 21वीं सदी की दिशा तय करेंगे

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतवंशी रिचर्ड ने बाइडन के बयान का किया समर्थन, कहा- गेमचेंजर साबित होगा सुरक्षा सहयोग

भारत और अमेरिका का सुरक्षा सहयोग आने वाले वर्षों में बेहद अहम साबित होगा। शीर्ष अमेरिकी अधिकारी रिचर्ड वर्मा ने दावा करते हुए कहा कि, भारत और अमेरिका के बीच सहयोग की अपार संभावनाओं हैं, दोनों देशों का सहयोग वैश्विक स्तर पर गेमचेंजर साबित हो सकता है।

रिचर्ड वर्मा ने जो बाइडन के उस बयान का समर्थन किया, जिसमें बाइडन ने कहा था कि भारत और अमेरिका के संबंध 21वीं सदी की दिशा तय करेंगे। बता दें, भारतवंशी रिचर्ड वर्मा, अमेरिका के विदेश विभाग में मैनेजमेंट एंड रिसोर्स विभाग के डिप्टी सेक्रेटरी पद पर तैनात हैं और वह भारत में बतौर अमेरिका के राजनयिक भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। रिचर्ड वर्मा ने अपने ब्लॉग में लिखा कि 'जैसा कि जो बाइडन और पीएम मोदी ने कहा है कि भारत और अमेरिका का एक दूसरे पर पड़ने वाला असर बेहद अहम है, लेकिन हम दुनिया के लिए क्या कर सकते हैं, यह ज्यादा अहम है। खाद्य सुरक्षा, महामारी से निपटना और डिजिटल अर्थव्यवस्था ऐसे क्षेत्र हैं, जहां दोनों देश बहुत कुछ कर सकते हैं।' वर्मा के अनुसार, रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्य और तकनीक, ऐसे तीन अहम क्षेत्र हैं, जहां दोनों देशों में सहयोग अहम है और बीते कुछ दशकों में दोनों देशों के संबंधों के विकास में काफी प्रगति भी हुई है।

श्रीलंकाई नौसेना ने 15 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया

कोलंबो। श्रीलंकाई नौसेना ने शुक्रवार को उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में कराईनगर के तट से कम से कम 15 भारतीय मछुआरों को द्वीप राष्ट्र के जल से मछली पकड़ने के आरोप में हिरासत में लिया है। कांकेसंतुराई बंदरगाह पर श्रीलंकाई नौसेना ने मछुआरों के नावों को जब्त कर लिया और जांच के लिए मत्स्य निदेशालय में भेज दिया है।

हाल ही में श्रीलंकाई मछुआरों ने श्रीलंकाई जल इलाके में अपने भारतीय समकक्षों द्वारा अवैध शिकार से अपने अधिकारों की रक्षा के लिए अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बता दें, इस साल श्रीलंकाई नौसेना ने अबतक 16 नाव को जब्त करने के साथ 225 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया है।

मई में नहीं होंगे चुनाव, सुनक ने अटकलों पर लगाया विराम

लंदन, एजेंसी

- स्थानीय और प्रशासकों के चुनाव के साथ ही होंगे आम चुनाव

ब्रिटेन के पहले भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने तय समय से पहले चुनाव कराए जाने की अटकलों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दो मई को देश के आम चुनाव नहीं कराए जाएंगे। सुनक के बयान के बाद लेबर पार्टी की तरफ से शुरू हुई कयासबाजी खत्म होने की उम्मीद है।

लेबर पार्टी ने कहा था कि लंदन में स्थानीय और प्रशासकों के चुनाव के साथ ही आम चुनाव भी कराए जा सकते हैं। खबरों के मुताबिक सुनक ने इस साल की शुरुआत में साल की दूसरी छमाही में चुनाव कराने पर विचार करने की बात कह चुके हैं। हालांकि, हाल के कुछ हफ्तों में मई की शुरुआत में अचानक चुनाव कराए जाने की अटकलें लगाई जाने लगीं। गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान 43 वर्षीय सुनक ने कहा कि लोगों को अनुमान लगाते रहना पसंद है, लेकिन ब्रिटेन में दो मई को आम चुनाव की कोई संभावना नहीं है।

उन्होंने कहा कि कई हफ्तों में ब्रिटेन में पुलिस और अपराध आयुक्तों, स्थानीय परिषदों, महापौरों के लिए चुनाव कराए जाएंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या उसी समय ब्रिटेन का आम चुनाव भी होगा? सुनक ने कहा, उस दिन आम चुनाव नहीं होगा, लेकिन जब भी आम चुनाव होगा, विकल्प मायने रखेगा।

विज्ञान हाल की खोज से पता चला है कि रोजाना हजार टन ऑक्सीजन पैदा करता है यूरोपा

बृहस्पति के चांद पर होगा मानव का अगला ठिकाना

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : भले ही मंगल पर जीवन बसाने की जद्दोजिहद में वैज्ञानिक दशकों से जुटे हुए हैं, लेकिन खबर आ रही है कि बृहस्पति के उपग्रह यूरोपा में सम्भवतः मंगल से कहीं अधिक मानव बस्ती बसाने के अवसर नजर आ रहे हैं।

हाल की खोज से पता चला है कि यूरोपा रोजाना हजार टन ऑक्सीजन पैदा करता है। इसमें दोराय नही कि पृथ्वी पर मौजूदा प्राकृतिक संसाधन वर्तमान जीवन के लिए पर्याप्त है, लेकिन इनका लगातार दोहन भविष्य में जीवित रहने वाला नही है।

जिस कारण भविष्य में मानव अस्तित्व की निर्भरता दूसरे ग्रहों पर जताई जा रही है। इस विचार पर आम जनमानस समझ न रखता हो, लेकिन वैज्ञानिक वर्ग बेहद चिंतित नजर आता है। जिसके चलते करीब तीन दशक से ब्रह्मांड में जीवन की तलाश के साथ मानव बस्ती बसाने को लेकर कवायद की जा रही है। मगर सफलता अभी तक हाथ नही लग पाई है। यह मिशन जल्द पूरा होने की कोई संभावना भी नजर नही आती है। दरअसल यह चुनौतियों से भरा धरतीवासियों का सबसे बड़ा अभियान है और इंकार नही किया जा सकता कि दूर भविष्य में हम कामयाब होंगे। इधर यूरोपा में ऑक्सीजन प्रयाप्त मात्रा में मौजूद होने के कारण उम्मीद की एक नई किरण सामने आई है। नासा के जूनो अंतरिक्ष यान के जरिए यह संभव हो पाया है। जूनो ने 29 सितंबर 2022 को यूरोपा के करीब पहुचकर जांच पड़ताल की थी और लगभग सवा साल की मसक्कत के बाद यह जानकारी सामने आई कि यूरोपा हर 24 घंटे में 1,000 टन ऑक्सीजन उत्पन्न करता है। जिससे 1 मिलियन लोग 1 दिन में सांस ले सकते हैं। यूरोपा बृहस्पति का बर्फ से ढका महासागरीय चंद्रमा है। जिसके नीचे अकूत मात्रा में तरल जल है। नासा ने जूनो मिशन के वैज्ञानिकों की अंतरराष्ट्रीय टीम ने इस खोज का अब खुलासा किया और कहा कि यह उपग्रह संभवतः मानव के रहने योग्य स्थान हो सकता है।

यूरोपा की ताजा तस्वीर।

यूरोपा क्लिपर मिशन खोजेगा यूरोपा की राह

नासा इस वर्ष यूरोपा क्लिपर मिशन लॉन्च करने जा रहा है, जो 2030 में बृहस्पति पर पहुंचेगा। यूरोपा में ऑक्सीजन की मात्रा का पता लगने बाद यूरोपा क्लिपर मिशन की महत्ता और अधिक बड़ चली है। इस मिशन को नौ वैज्ञानिक उपकरणों को साथ भेजा जा रहा है, जो यूरोपा में जीवन बसाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

पाकिस्तान की राह पर मालदीव 36 द्वीप चीन को लीज पर सौंपे

माले, एजेंसी

- मालदीव का सबसे बड़ा आर्थिक साझेदार बनने में जुटा चीन

चीन ने मालदीव में अपनी ताकत बढ़ाने का अभियान तेज कर दिया है। अब राष्ट्रपति मुइज्जू ने मालदीव के 187 आबाद द्वीपों में से 36 द्वीपों के अधिकांश हिस्से को चीनी टूरिज्म कंपनियों को लीज पर दे दिया है। चीनी कंपनियां 12 हजार करोड़ रुपये की लागत से इन द्वीपों को टूरिज्म के लिए डेवलप करेंगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मालदीव ने हाल में कई द्वीपों के विकास के प्रोजेक्ट पाकिस्तान की तरह मालदीव ने भी तुर्किये से निगरानी ड्रोन खरीदे थे, ताकि वह अपने इकोनॉमिक जोन पर नजर रख सके। रिपोर्ट के मुताबिक नवंबर में मुइज्जू की यात्रा के दौरान तुर्किये की बायकर कंपनी से ड्रोन के लिए समझौता किया था। यह डील 307 करोड़ रुपये में हुई थी। बता दें, 3 मार्च को ड्रोन डिलीवर किए जा चुके हैं। इनके लिए सरकार नूनू एटोल में मिलिट्री ड्रोन का बेस बना रही है। अपनी चीन यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुइज्जू ने चीन से ज्यादा से ज्यादा टूरिस्ट मालदीव भेजने की अपील की थी। इस साल के आरंभ के दो माह में चीन के 4 लाख चीनी टूरिस्ट मालदीव पहुंचे हैं। बता दें, मालदीव और चीन के बीच जनवरी 2024 में रासमाले में 30 हजार हाउसिंग यूनिट बनाने का प्रोजेक्ट शुरू हुआ था।